Though the COVID-19 pandemic led India's economy into a contraction of 6.6% in FY 2020-21, a broad range of fiscal, monetary and health related responses to the crisis supported the recovery in FY 2021-22. Besides, the structural and policy reform measures introduced by the Government over the years helped to mitigate a longer-lasting adverse impact of the crisis. After the outbreak of the COVID-19 pandemic, the Government unveiled a special economic and comprehensive package, viz. Atmanirbhar Bharat Abhiyaan, allocating more than ₹ 20 lakh crore (US$270 billion) or equivalent to 10% of India's GDP to support

की गई, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद के 10% के बराबर थी. साथ ही, रिजर्व बैंक ने इस दौरान उदार मौद्रिक नीति बनाए रखी. रिजर्व बैंक द्वारा कई अतिरिक्त कदम भी उठाए गए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऋण मांग पूरी हो तथा आर्थिक पुनरुद्धार करने के लिए पर्याप्त प्रणालीगत तरलता बनी रहे. इसके परिणामस्वरूप महामारी की दूसरी और तीसरी लहर के बावजूद भारत ने वित्त वर्ष 2021-22 में अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों अर्थात् कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्रों में व्यापक सुधार करते हुए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 8.7% की वृद्धि दर्ज की. इसी के साथ भारत ने वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखी.

बैंकिंग क्षेत्र

महामारी के प्रकोप के बाद भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किए गए नीतिगत उपायों ने भी यह सुनिश्चित करने में मदद की कि भारत में बैंकिंग क्षेत्र लचीला बना रहे. यह बात ऋण और जमा उठाव, पूंजी पर्याप्तता, आस्ति गुणवत्ता और लाभप्रदता जैसे प्रमुख संकेतकों में देखी गई प्रवृत्ति से परिलक्षित होती है. कारोबार धारणा में क्रमिक सुधार तथा विभिन्न क्षेत्रों के लिए ऋण व्यवस्थाओं के माध्यम से अतिरिक्त नीतिगत सहयोग के कारण अर्थव्यवस्था के अंतर्गत ऋण उठाव में पुनरुद्धार हुआ. जमाराशियों में भी अपेक्षाकृत बेहतर संवृद्धि दर्ज की गई. बैंकों में पूंजी की स्थिति भी संतोषजनक रही. जहां बैंकों की सकल और निवल गैर-निष्पादित आस्तियों में कमी आई, वहीं उनके प्रावधान कवरेज अनुपातों (पीसीआर) में सुधार हुए तथा अधिकांश बैंकों की लाभप्रदता में सुधार देखा गया.

लाभ एवं संवृद्धि

महामारी के बाद *'न्यू नॉर्मल'* से प्रभावित हुए बिना इस वर्ष के दौरान आपके बैंक ने अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत कर अपनी तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाते हुए अपने रणनीतिक उद्देश्यों के अनुरूप ही अपने पहल कार्य किए. आपका बैंक निरंतर लाभप्रद वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए एक स्थिर और बहुविध कारोबार पोर्टफोलियो प्राप्त कर अपने को एक रिटेल-उन्मुख बैंक के रूप में स्थापित करने के लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध है. मुझे आपको यह बताते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि बैंक ने वित्त वर्ष 2021-22 में न

the country's economic revival in the backdrop of the pandemic. At the same time, the RBI maintained an accommodative monetary policy during the period. A number of additional steps were also taken by the RBI to ensure that there was adequate systemic liquidity in order to support the credit demand and stimulate economic revival. Consequently, despite the second and third waves of the pandemic, India recorded a real Gross Domestic Product (GDP) growth of 8.7% in FY 2021-22 on the back of broad-based improvement in all the sectors, viz. agriculture, industries and services of the economy. With this, India maintained its position as one of the fastest growing economies globally.

Banking Sector

The policy measures taken by the Government of India and the Reserve Bank of India after the outbreak of the pandemic also helped to ensure that the banking sector in India remained resilient. This is reflected by the observed trend in key indicators – credit & deposit off-take, capital adequacy, asset quality and profitability. With a gradual improvement in business sentiment and enhanced policy push through credit lines for various sectors, there was a revival in the credit off-take in the economy. The deposits too continued to register relatively healthy growth. Capital positions of the banks were also comfortable. The gross as well as net non-performing assets of the banks moderated while their Provision Coverage Ratios (PCRs) improved and most of the banks saw improvement in profitability.

Profit and Growth

Undeterred by the *'new normal'* dictated by the pandemic, your Bank's efforts during the year centred around focussed execution of initiatives in line with its strategic objectives through strengthening the organisational structure and scaling up the technological capabilities. Your Bank continued to persevere towards its envisaged business objective of positioning itself as a retail-oriented bank in order to build a stable and granularised business portfolio to ensure profitable growth on a sustained basis. It

केवल लगातार दूसरे वर्ष निवल लाभ दर्ज किया, बल्कि 79% की वार्षिक संवृद्धि के साथ एक वाणिज्यिक बैंक के रूप में अब तक का सबसे अधिक ₹ 2,439 करोड़ का निवल लाभ भी दर्शाया. आपके बैंक ने अपने अग्रिमों में 14% की मजबूत वृद्धि दर्ज करते हुए यथा मार्च 2022 अंत तक इन्हें ₹ 1.46 लाख करोड़ तक पहुंचाया.

बैंक ने कम लागत और गुणवत्ता वाले रिटेल देयता पोर्टफोलियो के निर्माण पर ज़ोर दिया, जिसके कारण चालू खाते और बचत खाते (कासा) की जमा बही में 14% की वृद्धि देखी गई और यह राशि मार्च 2022 के अंत तक ₹ 1.32 लाख करोड़ हो गई. इस प्रकार यथा मार्च 2022 अंत तक कासा अनुपात 633 आधार अंकों के सुधार के साथ वार्षिक आधार पर 56.77% रहा. मार्च 2022 के अंत में जोखिम (भारित) आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात (सीआरएआर) 19.06% (11.50% की न्यूनतम विनियामक अपेक्षा के सापेक्ष) और टियर 1 पूंजी (पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) सहित) अनुपात 16.68% (8.00% की न्यूनतम विनियामक अपेक्षा के सापेक्ष) रहा, इससे बैंक की पूंजी स्थिति सुखद बनी रही.

संगठित वसूली प्रयासों से बैंक को अपनी सकल अनर्जक आस्तियों (जीएनपीए) और निवल अनर्जक आस्तियों (एनएनपीए) में क्रमश: 323 आधार बिन्दु (बीपीएस) और 70 बीपीएस की कमी लाने में सहायता मिली और मार्च 2022 के अंत में ये क्रमश: 19.14% और 1.27% रहीं. बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) मार्च 2022 के अंत में 97.63% रहा जो बैंकिंग उद्योग के उच्चतम स्तरों में से एक है. बैंक का बढ़ता व्यवसाय, सुदृढ़ पूंजी स्थिति और इसकी आस्ति गुणवत्ता में हो रहा सुधार शुभ संकेत हैं जो इस तथ्य को मजबूती प्रदान करते हैं कि बैंक स्वाभाविक रूप से सुदृढ़ बैंक है. चुनौतीपूर्ण कारोबारी तथा परिचालगत परिवेश, विशेष रूप से महामारी की पृष्ठभूमि में, के होते हुए भी बैंक ने जिस तेजी से टर्नअराउंड के लक्ष्य को साकार किया है वह इसकी अंतर्निहित क्षमताओं का स्पष्ट प्रमाण है.

रणनीतिक उपाय

बैंकिंग क्षेत्र में उभरते विकासक्रमों से भलीभाँति परिचित होने के नाते आपका बैंक अपनी कासा जमा बही और रिटेल मीयादी जमाओं में वृद्धि करने के लिए भौतिक और डिजिटल, दोनों स्वरूपों में व्यापक पहुँच के साथ अपने बढ़ते रिटेल फ्रेंचाइस, विस्तारित ग्राहक आधार

gives me great pride to share with you that the Bank not only recorded second consecutive year of net profit in FY 2021-22 but also the highest ever net profit as a commercial bank at ₹ 2,439 crore – up by 79% on an annualised basis. Your Bank recorded robust growth of 14% in its advances to ₹ 1.46 lakh crore as at end-March 2022.

The Bank's focus on building a low-cost and quality retail liability portfolio saw a 14% growth in its Current Account and Savings Account (CASA) deposit book to ₹ 1.32 lakh crore as at end-March 2022, leading to an improvement in the CASA ratio by 633 basis points (bps) on annualised basis to 56.77% as at end-March 2022. The capital position of the Bank remained comfortable with the Capital to Risk (Weighted) Assets Ratio (CRAR) at 19.06% (against the minimum regulatory requirement of 11.50%) and the Tier 1 capital (including Capital Conservation Buffer (CCB)) ratio at 16.68% (against the minimum regulatory requirement of 8.00%) as at end-March 2022.

Concerted recovery efforts helped the Bank to lower its Gross Non-Performing Assets (GNPAs) and Net Non-Performing Assets (NNPA) by 323 bps and 70 bps, respectively, to 19.14% and 1.27%, respectively, as at end-March 2022. The Bank's Provision Coverage Ratio (PCR) stood at 97.63% as at end-March 2022 - one of the highest in the banking industry. The Bank's growing business, healthy capital position and improvement in its asset quality augurs well as it reinforces the fact that the Bank is an inherently strong bank. The expeditious turnaround scripted by the Bank, notwithstanding a challenging business and operating environment, especially in the backdrop of the pandemic, is a testament to its inherent strengths.

Strategic Measures

Being attuned to the emerging developments in the banking space, your Bank will seek to leverage its growing retail franchise with wide-reaching distribution network – both physical and digital, expanding customer base and data analytics capabilities to ramp

और डेटा एनालिटिक्स क्षमताओं का पूरा लाभ उठाएगा. इसके साथ ही बैंक जोखिम रहित और विविधतापूर्ण व्यवसाय सम्मिश्र हासिल करने के अपने प्रयासों के तहत प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र खंडों को दिए जाने वाले ऋणों सहित अपनी रिटेल ऋण बही का आकार बढ़ाएगा. अर्थव्यवस्था में ऋण मांग के पुनः ज़ोर पकड़ने की प्रवृत्ति को देखते हुए आपका बैंक अच्छी रेटिंग वाली कंपनियों को वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए जोखिम सचेत रीति से अपनी कॉरपोरेट ऋण बही को विस्तारित करने के लिए इस अवसर का पूरा लाभ उठाने का प्रयास करेगा.

बैंक पर्याप्त रूप से पूंजीकृत होने के नाते अर्थव्यवस्था में बढ़ती ऋण मांग को पूरा करने के लिए अच्छी स्थिति में है. अपनी लाभप्रदता में सुधार लाने के प्रयासों की कड़ी में बैंक रिटेल, कृषि, एमएसएमई और कॉरपोरेट खंडों के अपने सभी ग्राहकों की वित्तीय एवं बैंकिंग आवश्यकताओं के लिए वन-स्टॉप समाधान प्रदाता के रूप में अपने को स्थापित करने के लक्ष्य के अनुरूप बहुविध गठजोड़ों से लाभ उठाने के लिए अवसर तलाशेगा. लचीलेपन के महत्व को ध्यान में रखते हुए बैंक ग्राहकों की लगातार बदलती पसंद के अनुरूप प्रासंगिक और संवेदनशील बने रहने और इस प्रकार अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए अपने रूपांतरण में निवेश करना जारी रखेगा.

बैंकिंग क्षेत्र में डिजिटलीकरण के बढ़ते प्रभाव से उत्पन्न होने वाले अवसरों और चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए बैंक प्रौद्योगिकीय उन्नयन, प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण और अपनी डेटा एनालिटिक्स क्षमताओं को सुदृढ़ बनाने में निवेश करना जारी रखेगा ताकि अपने ग्राहकों को निर्बाध और सुविधाजनक लेनदेन अनुभव सुनिश्चित करने के साथ-साथ परिचालनगत कार्यनिष्पादन में भी वृद्धि हो. अंत में सबसे महत्वपूर्ण बात यह, कि आपका बैंक सचेत रूप से अपनी आस्ति गुणवत्ता की निगरानी करेगा ताकि जितनी जल्दी हो सके उपचारात्मक उपाय किए जा सकें और आस्ति गुणवत्ता में आनेवाली गिरावट को रोका जा सके. बैंक सभी संभव कारवाई करते हुए अनर्जक आस्तियों में बकाया राशियों की वसूली के लिए विशेष रूप से ध्यान देना जारी रखेगा. सुसंबद्ध और सुविकसित व्यवसाय रणनीति से बैंक को अब तक हासिल वृद्धि दर को आगे और बढ़ाने में सहायता मिलने की आशा है.

up its CASA deposit book and retail term deposits. Furthermore, the Bank will target ramping up its retail loan book, including loans to the priority sector segments, in its endeavour to achieve a de-risked and granular business mix. Given the revival in the credit demand from the economy, your Bank will seek to capitalise on the opportunity to expand its corporate loan book in a risk-calibrated manner by extending financial assistance to well-rated corporates.

Being adequately capitalised, the Bank is well-positioned to meet the growing credit demand in the economy. Striving to improve its profitability, the Bank will explore opportunities to tap cross-functional synergies in sync with its positioning as a one-stop solution for the financial and banking needs of all its customers from the retail, agri, MSME and corporate segments. Taking cognisance of the importance of being adaptable, the Bank will continue to invest in its transformation to remain relevant and reflective of the constantly changing customer preferences and thus, driving growth in its business.

Taking into account the opportunities and challenges stemming from growing influence of digital in the banking space, the Bank will continue to invest in technological upgradation, digitalisation of processes and strengthening its data analytics capabilities to ensure seamless and convenient transactional experience to its customers while also boosting operational performance. Last but not the least, your Bank will diligently monitor its asset quality to be able to take remedial measures at the earliest and avoid slippages. The Bank will continue to have a focussed approach to recover dues from the non-performing assets by taking all possible necessary steps. A cohesive and well-rounded business strategy is expected to help your Bank in accelerating the momentum that has been gained so far.

आभार

अपनी बात समाप्त करूँ इससे पहले मैं आपके बैंक के अध्यक्ष के रूप में भूमिका निभा चुके अपने पूर्ववर्ती श्री एम.आर. कुमार को आपके बैंक को बेहतर भविष्य की ओर आगे बढ़ाने की दिशा में समर्पित किए गए उनके बहुमूल्य समय और ऊर्जा के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूँ. मैं आपके बैंक के निदेशक मंडल के अपने सहयोगियों द्वारा बैंक को सुदृढ़ बनाने हेतु दिए गए अमूल्य योगदान की सराहना करता हूँ. मै आपके बैंक की शीर्ष प्रबंधन टीम और सभी कर्मचारियों का उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिसके चलते बैंक कठिन परिस्थितियों के बावजूद एक लाभदायक पथ पर चलने में समर्थ हो सका. आपके बैंक के निदेशक मंडल की ओर से मैं निवेशकों, ग्राहकों और अन्य हितधारकों को भी उनके सतत संरक्षण एवं सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद देना चाहूँगा. बैंक आपके भरोसे, विश्वास और सहयोग को बहुमूल्य मानता है और आपकी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अथक रूप से कार्य करता रहेगा.

शुभकामनाओं सहित,

टी. एन. मनोहरन
अध्यक्ष

Expression of Gratitude

Before I conclude, it is my pleasure to thank Shri M. R. Kumar, who preceded me in the role of the Chairman of your Bank, for dedicating significant time and energy to steer your Bank towards a brighter future. I would also like to convey my sincere appreciation to my colleagues on your Bank's Board for their invaluable contribution in strengthening the Bank. I would like to express my gratitude to the Top Management team and all employees of your Bank for their hard work and dedication that helped the Bank to continue on a profitable path in spite of the trying circumstances. I, on behalf of your Bank's Board of Directors, would also like to express my sincere thanks to investors, customers and other stakeholders for their unstinted patronage and cooperation. The Bank values your trust, confidence and support and shall continue to work tirelessly to live up to your expectations.

With best wishes,

T. N. Manoharan
Chairman

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का संदेश
Message from the Managing Director & CEO

उभरती परिस्थितियाँ. अनुकूल रणनीति
Evolving Circumstances, Consistent Strategy

"आपका बैंक उत्कृष्ट सेवा और प्रतिस्पर्धी उत्पादों के माध्यम से अपने दक्षता मानकों को मजबूत बनाकर अपने डिजिटल बुनियादी ढांचे को और भी बेहतर बनाते हुए तथा सबसे महत्वपूर्ण, व्यवसाय के प्रति ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाकर सभी हितधारकों के लिए सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा बैंक बनने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है.

Your Bank remains firmly committed to be the most trusted and preferred bank enhancing value for all the stakeholders by strengthening its efficiency parameters through excellent service, competitive products, further improving its digital infrastructure and most importantly, customer-centric approach towards business."

राकेश शर्मा
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

Rakesh Sharma
Managing Director & CEO

प्रिय शेयरधारको,

मैं आपके समक्ष आईडीबीआई बैंक के निदेशक मंडल और प्रबंधन टीम की ओर से वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए आपके बैंक के कार्य-निष्पादन की मुख्य बातें प्रस्तुत कर रहा हूं. आपके बैंक के परिचालन और वित्तीय कार्य-निष्पादन के संदर्भ को स्पष्ट करने के लिए मैं वित्तीय वर्ष 2021-22 की भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति के बारे में संक्षेप में उल्लेख करना चाहूंगा.

वित्त वर्ष 2021-22 में भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति

पिछले वित्तीय वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था में ठहराव देखने के बाद वित्तीय वर्ष 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और योजित सकल मूल्य (जीवीए) में सुधार देखा गया और ये महामारी से प्रभावित वित्तीय वर्ष 2020-21 में क्रमश: 6.6% और 4.8% के संकुचन की तुलना में क्रमश: 8.7% और 8.1% की वृद्धि दर्ज करते हुए सुधार दर्शा सके. विकास की गति में यह जो सुधार आया, वह भारत सरकार द्वारा व्यापक आर्थिक पैकेज के तहत किए गए नीतिगत उपायों और पहलों का ही परिणाम था. इस पहल में *'आत्मनिर्भर भारत'* अभियान के अंतर्गत अर्थव्यवस्था, आधारभूत संरचना, प्रणाली, डेमोग्राफी और मांग जैसे पाँच प्रमुख स्तंभों में सुधार के उपाय किए गए थे. सरकार की राजकोषीय कार्रवाई को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा अपनाए गए मौद्रिक उपायों से बहुत मदद मिली. इन उपायों के अंतर्गत प्रणालीगत दबाव दूर करने और पर्याप्त प्रणालीगत तरलता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न उपाय अपनाने के साथ-साथ उदार मौद्रिक नीति रुख बनाए रखना शामिल था. इसके अलावा कोविड-19 महामारी की दूसरी और तीसरी लहर के दौरान प्रतिबंधों को चरणबद्ध और स्थानीय स्तर पर लागू करने से आर्थिक गतिविधियों में व्यवधान कम हुआ, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय अर्थव्यवस्था की बहाली में तेजी आई.

कारोबार रणनीति

वर्ष 2021-22 में महामारी के कारण लगातार दूसरे वर्ष भी कारोबारी माहौल *'न्यू नॉर्मल'* बना रहा. साथ ही आपके बैंक ने भविष्य के व्यावसायिक विकास का मार्ग प्रशस्त करने के लिए इस वर्ष अपने कार्य-निष्पादन को भी सुदृढ़ किया. इन पहलुओं को ध्यान में रखते हुए, आपके बैंक ने लंबे समय तक के लिए उच्च और निरंतर लाभदायक संवृद्धि की राह हासिल करने के लिए एक बहु-आयामी कारोबार रणनीति अपनाई.

आपके बैंक की समग्र कारोबार रणनीति भारतीय बैंकिंग परिदृश्य में सबसे पसंदीदा और भरोसेमंद बैंक होने की अपनी दृष्टि से निर्देशित थी. आपका बैंक अपने को एक रिटेल-उन्मुख बैंक के रूप में स्थापित करने के अपने रणनीतिक उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध बना रहा. इस दिशा में

Dear Shareholders,

On behalf of the Board of Directors and the Management Team of IDBI Bank, I place before you the highlights of your Bank's performance for the Financial Year (FY) 2021-22. I would like to briefly touch upon the state of the Indian economy in FY 2021-22 to set the context for the operational and financial performance of your Bank.

State of the Indian economy in FY 2021-22

The Indian economy, after witnessing a pause in its economic growth in the previous financial year, exhibited improvement with the Gross Domestic Product (GDP) and Gross Value Added (GVA) registering a growth of 8.7% and 8.1% respectively, in the year 2021-22, as compared to a pandemic-induced contraction of 6.6% and 4.8% respectively, in FY 2020-21. The improvement in the growth momentum was on the back of policy measures and initiatives undertaken by the Government of India under the comprehensive economic package christened as the '*Atmanirbhar Bharat Abhiyaan*' with broad-based reform measures across five pillars of the package, viz., Economy, Infrastructure, Systems, Demography and Demand. The fiscal responses of the Government were supplemented by monetary measures by the Reserve Bank of India (RBI) which included maintaining an accommodative monetary policy stance along with a number of measures to address stress in the system and ensure adequate systemic liquidity. Furthermore, the phased and localised restrictions during the second and third waves of the COVID-19 pandemic aided in minimising disruptions to the economic activities, thereby accelerating the pace of revival in the Indian economy.

Business Strategy

FY 2021-22 marked the second consecutive year of the '*new normal*' business environment brought about by the pandemic. Furthermore, it was also a year in which your Bank consolidated its performance to pave the way for future business growth. Taking these aspects into consideration, your Bank adopted a multi-pronged business strategy to provide a launch-pad for attaining a path of high and sustained profitable growth over the longer term.

आपके बैंक ने आस्ति और देयता दोनों ही क्षेत्रों में रिटेल हिस्से को बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास किए. आरबीआई की त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) रूपरेखा से बाहर निकलने से बैंक को अपनी कॉरपोरेट ऋण बही में, विशेष रूप से मध्यम आकार की इकाइयों के संबंध में जोखिम के पहलू पर भलीभाँति ध्यान देते हुए संवृद्धि के अवसर तलाशने में मदद मिली. आपके बैंक ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी से प्राप्त मूल्य संवर्धन का भी लाभ उठाया. आपके बैंक ने डिजिटल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से लेन-देन करने की दिशा में ग्राहकों की प्राथमिकताओं में आए बदलाव को देखते हुए अपने ग्राहकों के लिए एक सहज, सुविधाजनक और सुरक्षित *'कभी भी, कहीं भी'* बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपने डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करते हुए इसे एक नया रूप दिया.

आपके बैंक ने आस्ति गुणवत्ता के स्तर को बनाए रखने के लिए सम्बद्ध जोखिम मानकों को ध्यान में रखते हुए रिटेल और कॉरपोरेट, दोनों ही स्तरों पर अपने आस्ति पोर्टफोलियो में वृद्धि करते समय सावधानी बरती. आपके बैंक ने विभिन्न कानूनी और नियामक चैनलों के माध्यम से बकाया आस्ति पोर्टफोलियो में वसूली और उन्नयन को अधिकतम करने के अपने प्रयासों को और भी तेज कर दिया. आपके बैंक ने अपने पोर्टफोलियो में वास्तविक और संभावित तनाव की निगरानी करने और आस्ति गुणवत्ता में गिरावट को रोकने के लिए अपने ऋण निगरानी तंत्र को भी मजबूत किया.

आपके बैंक द्वारा अपनी व्यावसायिक रणनीति की व्यापक रूपरेखा के भीतर की गई विभिन्न रणनीतिक पहलों का विवरण वार्षिक रिपोर्ट के 'निदेशकों की रिपोर्ट' और 'प्रबंधन विवेचना एवं विश्लेषण' खंडों में दिया गया है. मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आपके बैंक की नेतृत्व टीम की दूरदर्शिता और मार्गदर्शन, इसके युवा, गतिशील और पेशेवर रूप से योग्य कार्यबल द्वारा प्रदर्शित किए गए अथक प्रयासों और प्रतिबद्धता के फलस्वरूप बैंक के वित्तीय कार्य-निष्पादन में सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं. इनमें से कुछ मापदंडों का उल्लेख मैं आपके समक्ष करना चाहूंगा.

वित्तीय और परिचालनगत विशेषताएँ

बैंक द्वारा अपनाई गई रणनीतिपरक प्राथमिकताओं से उसे परिचालनगत लचीलापन दर्शाने और साथ ही वर्ष के दौरान मजबूत वित्तीय कार्य-निष्पादन हासिल करने में सहायता मिली.

मार्च 2022 की समाप्ति पर आपके बैंक के कुल अग्रिम मार्च 2021 के अंत के ₹ 1.28 लाख करोड़ की तुलना में 14% की वृद्धि के साथ ₹ 1.46 लाख करोड़ रहे. बैंक की ऋण बही में कॉरपोरेट अग्रिमों की तुलना में रिटेल अग्रिमों का अनुपात मार्च 2021 के अंत के 62:38 की तुलना में सुधरकर मार्च 2022 के अंत में 63:37 हो गया. प्राथमिकताप्राप्त

The overall business strategy of your Bank was guided by its vision of being the most preferred and trusted bank in the Indian banking landscape. Your Bank remained committed towards its strategic objective of positioning itself as a retail-oriented bank. Towards this end, your Bank undertook concerted efforts to increase the share of retail, both on the asset and the liability side. The exit from the RBI's Prompt Corrective Action (PCA) framework enabled the Bank to explore avenues to grow its corporate credit book, especially in the mid-size unit, in a risk-calibrated manner. Your Bank also leveraged the value arising out of its strategic partnership with the Life Insurance Corporation of India (LIC). In alignment with the shift in customer preferences towards transacting through digital banking channels, your Bank strengthened and revamped its digital infrastructure to ensure a seamless, convenient, safe and secure *'Anytime, Anywhere'* banking experience for its customers.

Your Bank exercised caution while augmenting its asset portfolio, both at the retail and the corporate level, by taking into account the associated risk parameters in order to maintain asset health. Your Bank further intensified its efforts to maximise recovery and upgradation of delinquent asset portfolio through various legal and regulatory channels. Your Bank also strengthened its credit monitoring mechanism to monitor the actual and potential stress in the Bank's portfolio and to prevent slippages in its asset quality.

The details of the strategic initiatives undertaken by your Bank within the broad contours of its business strategy are enumerated in the Directors' Report and Management Discussion & Analysis sections of the Annual Report. I am pleased to state that the vision and guidance of the leadership team of your Bank, coupled with the untiring effort and commitment exhibited by its young, dynamic and professionally qualified workforce, has yielded positive results for the Bank as evidenced by its financial performance. I would like to highlight some of these parameters for your benefit.

Financial and Operational Highlights

The strategic priorities pursued by the Bank enabled it to exhibit operational resilience and also deliver robust financial performance during the year.

क्षेत्र उधार (पीएसएल) मोर्चे पर बैंक ने समायोजित निवल बैंक ऋण (एएनबीसी) के निर्धारित 40% के विनियामकीय पीएसएल लक्ष्य को पार कर लिया. आपके बैंक की कुल जमाराशियाँ मार्च 2021 के अंत के ₹ 2.31 लाख करोड़ की तुलना में 1% की वृद्धि के साथ मार्च 2022 के अंत में ₹ 2.33 लाख करोड़ रहीं. अपनी समग्र व्यवसाय रणनीति के अनुरूप बैंक ने कम लागत वाली कासा जमा आधार के हिस्से में वृद्धि की और अपने थोक जमा आधार को कम करते हुए उच्च लागत वाली संस्थागत जमाओं पर अपनी निर्भरता में कमी की. आपके बैंक द्वारा किए गए इन रणनीतिपरक प्रयासों से वर्ष के दौरान उसे निधियों की लागत और जमाओं की लागत में कमी लाने में मदद मिली.

न्यूनतर पूंजी और जोखिम सचेत व्यवसाय मॉडल के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने से आपके बैंक को मार्च 2022 के अंत में अपनी पूंजी स्थिति को विनियामकीय अपेक्षा की तुलना में बेहतर बनाए रखने में सहायता मिली. जोखिम-भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात (सीआरएआर) और टियर 1 प्लस पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) अनुपात मार्च 2021 के अंत के क्रमशः 15.59% और 13.06% से सुधरकर मार्च 2022 के अंत में क्रमशः 19.06% और 16.68% हो गए.

सकल अनर्जक आस्तियां (जीएनपीए) और निवल अनर्जक आस्तियां (एनएनपीए) अनुपात मार्च 2021 के अंत के क्रमशः 22.37% और 1.97% से सुधरकर मार्च 2022 के अंत में क्रमशः 19.14% और 1.27% हो गए. तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गए खातों सहित प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) मार्च 2021 के अंत के 96.90% से सुधरकर मार्च 2022 के अंत में 97.63% हो गया.

आपके बैंक ने वार्षिकीकृत आधार पर अपने परिचालन लाभ में 7% की वृद्धि दर्ज की और यह वित्तीय वर्ष 2020-21 के ₹ 7,035 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2021-22 में बढ़कर ₹ 7,495 करोड़ रहा. बैंक ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में दर्ज किए ₹ 1,359 करोड़ के निवल लाभ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2021-22 में 79% की मजबूत वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 2,439 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया. यह न केवल लगातार दूसरे वर्ष निवल लाभ अर्जित करने की उपलब्धि थी बल्कि यह एक वाणिज्यिक बैंक के रूप में इसका अब तक का अर्जित किया गया सर्वाधिक लाभ भी रहा.

आगे की राह

नीति निर्माताओं द्वारा किए गए बहुव्यापी उपायों ने भारतीय अर्थव्यवस्था के टिकाऊ पुनरुद्धार को सुनिश्चित करने के लिए सुदृढ़ नींव रखी है. आपका बैंक समष्टि आर्थिक मोर्चे पर उभरती चुनौतियों के साथ-साथ, तीव्र गति से हो रहे तकनीकी विकास, बैंकिंग क्षेत्र में गैर-पारंपरिक संस्थाओं के प्रवेश, बढ़ती साइबर असुरक्षाओं जैसी क्षेत्र विशेष से जुड़ी चुनौतियों के प्रति भी सतर्क बना रहेगा. इन कारकों को ध्यान

The total advances of your Bank grew by 14% to ₹ 1.46 lakh crore as at end-March 2022 from ₹ 1.28 lakh crore as at end-March 2021. The Bank's loan book composition of retail to corporate advances improved to 63:37 as at end-March 2022 from 62:38 as at end-March 2021. On the Priority Sector Lending (PSL) front, the Bank exceeded the regulatory PSL target of 40% of the Adjusted Net Bank Credit (ANBC). The total deposit of your Bank grew by 1% to ₹ 2.33 lakh crore as at end-March 2022 from ₹ 2.31 lakh crore as at end-March 2021. In alignment with its overall business strategy, the Bank augmented the share of low-cost CASA deposit base and reduced its reliance on high-cost institutional deposits by lowering its bulk deposit base. These strategic endeavours pursued by your Bank enabled it to reduce the Cost of Funds and the Cost of Deposits during the year.

A transition towards a capital-light and risk-calibrated business model enabled your Bank to maintain its capital position comfortably above the regulatory requirement as at end-March 2022. The Capital to Risk (Weighted) Assets Ratio (CRAR) and Tier 1 capital plus Capital Conservation Buffer (CCB) Ratio improved to 19.06% and 16.68%, respectively, as at end-March 2022 from 15.59% and 13.06%, respectively, as at end-March 2021.

The Gross Non-Performing Assets (GNPAs) and Net Non-Performing Assets (NNPA) ratios improved to 19.14% and 1.27%, respectively, as at end-March 2022 from 22.37% and 1.97%, respectively, as at end-March 2021. The Provision Coverage Ratio (PCR), including Technical Write-Offs, improved to 97.63% as at end-March 2022 from 96.90% as at end-March 2021.

Your Bank registered a growth of 7% on an annualised basis in its Operating Profit to ₹ 7,495 crore in FY 2021-22 from ₹ 7,035 crore in FY 2020-21.The Bank registered a healthy growth of 79% in its net profit to ₹ 2,439 crore in FY 2021-22 from ₹ 1,359 crore in FY 2020-21. Not only did this mark second consecutive year of net profit but also the highest ever net profit as a commercial bank.

The Way Forward

The comprehensive measures undertaken by the policymakers have laid the foundation for ensuring a sustained revival of the Indian economy. Your Bank shall remain cognisant of the emerging challenges on the macroeconomic front as well as the sector-specific

में रखते हुए आपका बैंक आनेवाले समय में लाभकारी तथा टिकाऊ व्यवसाय वृद्धि में तेजी लाने के लिए अपनी व्यवसाय अनिवार्यताओं और रणनीतिपरक प्राथमिकताओं को हासिल करने के लिए जोखिम सचेत व्यवसाय रणनीति को अपनाना जारी रखेगा.

बैंक की व्यवसाय रणनीति का मूल आधार इसकी समग्र ऋण बही में रिटेल, कृषि और लघु एवं मध्यम आकारवाले उद्यमों की हिस्सेदारी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए रिटेल-उन्मुखता के अनुरूप बना रहेगा. बैंक अपनी कॉरपोरेट ऋण बही में, विशेष रूप से मध्यम आकार वाले खंड में, विस्तार करने के लिए भी अवसर तलाशेगा. देयता पक्ष से संबंधित रणनीति में कम लागत वाली जमाओं (कासा) और रिटेल जमा आधार को बढ़ाने के लिए ज्यादा ज़ोर देना जारी रहेगा. इसके साथ ही, बैंक मौजूदा ग्राहकों के साथ अपने संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए बैंक के भीतर प्रति-कार्यात्मक गठजोड़ों के जरिए उत्पादों के प्रति-विक्रय पर समुचित रूप से ध्यान देना जारी रखेगा. आपका बैंक अपने समग्र कारोबार को बढ़ाने के लिए उपायों को अपनाने के अलावा परिचालनगत व्ययों को न्यूनतम स्तर पर रखते हुए और उत्पादकता में वृद्धि करते हुए अपने लाभ में बढ़ोतरी के लिए भी कार्य करेगा. आस्ति गुणवत्ता में सुधार लाना आपके बैंक के लिए एक और प्राथमिकता वाला क्षेत्र रहेगा, जो आने वाले समय में टिकाऊ वृद्धि दर हासिल करने के लक्ष्य की प्राप्ति को संभव बनाने हेतु महत्वपूर्ण मानदंड है. आपका बैंक मजबूत आस्ति गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए एनपीए समाधान, वसूली एवं उन्नयन पर विशेष रूप से ध्यान देना और निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ करना जारी रखेगा.

इन कारोबारी उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आपका बैंक आवश्यक इनेबलर तैयार करता रहा है. अपने भौतिक शाखा नेटवर्क को फैलाने के अलावा, आपका बैंक अपनी पहुँच को बढ़ाने के लिए अपने डिजिटल चैनलों को और अधिक उन्नत करता रहा है. आपका बैंक लगातार विकासशील कारोबारी वातावरण में प्रासंगिक बने रहने के लिए अपनी डिजिटल क्षमताओं को अद्यतन करने और प्रौद्योगिकी संबंधी नवोन्मेषन के लिए निवेश करता रहेगा तथा साथ ही अपने ग्राहकों की बढ़ती बैंकिंग और निवेश संबंधी आवश्यकताओं का ध्यान रखेगा ताकि उनकी सुविधाओं में सुधार किया जा सके. जहां इन उपायों से संभावना है कि बैंक को मात्रात्मक रूप से अपने कारोबार को बढ़ाने में मदद मिलेगी, वहीं आपके बैंक के समग्र कारोबार परिचालन को मजबूती प्रदान करने के लिए जोखिम प्रबंधन, कॉर्पोरेट अभिशासन और विनियामकीय अनुपालन ढांचे को सुदृढ़ करते हुए कारोबार के विकास संबंधी मात्रात्मक पहलुओं पर समुचित ज़ोर दिया जाएगा.

challenges such as rapid technological evolution, the entry of non-traditional players in the banking space, increased cyber vulnerabilities, among others. Taking these factors into consideration, your Bank will continue to pursue a risk-calibrated business strategy to achieve its business imperatives and strategic priorities to drive a profitable and sustained business growth going forward.

The crux of your Bank's business strategy will continue to be aligned in favour of retail-centricity with heightened focus on building the share of retail, agri and small & medium-sized enterprises in its overall loan book. The Bank will also explore opportunities to expand its corporate loan book, especially in the mid-size segment. The strategy on the liability side will continue to be dominated by increased thrust on boosting low-cost deposits (CASA) and the retail deposit base. Furthermore, the Bank will continue to place due emphasis on cross-selling of products by tapping cross-functional synergies within the Bank in order to deepen existing customer relationships. Apart from measures to improve its top-line, your Bank will also work towards boosting its bottom-line by minimising operating expenses and increasing productivity. Improving asset quality will be another priority area for your Bank - a crucial parameter for facilitating a sustained growth trajectory going forward. Your Bank will continue to place emphasis on focussed NPA resolution, recovery & upgradation and strengthening the monitoring mechanism, to maintain a healthy asset quality.

To achieve these business objectives, your Bank has been putting in place necessary business enablers. Apart from expanding its physical branch network, your Bank intends to further leverage its digital channels to widen its reach. Your Bank will continue to invest in upgradation of its digital capabilities and embracing technological innovations to remain relevant in a constantly evolving business environment and also to cater to the emerging banking and investment requirements of its customers, thereby improving customer convenience. While these measures are expected to facilitate the Bank to augment its business growth in a quantifiable manner, due emphasis will also be placed on the qualitative aspect of growing business by strengthening risk management, corporate governance and regulatory compliance framework, in order to lend sustainability to your Bank's overall business operation.

आपके बैंक ने महामारी के फैलने के बाद अपने कर्मचारियों, ग्राहकों और समुदाय के कल्याण और उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया है. आपका बैंक उत्कृष्ट सेवा और प्रतिस्पर्धी उत्पादों के माध्यम से अपने दक्षता मानकों को मजबूत बनाकर अपने डिजिटल बुनियादी ढांचे को और भी बेहतर बनाते हुए तथा सबसे महत्वपूर्ण, व्यवसाय के प्रति ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाकर सभी हितधारकों के लिए सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा बैंक बनने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है. आपका बैंक समावेशी और सतत विकास के राष्ट्रीय एजेंडे को और आगे बढ़ाने के लिए नीति निर्माताओं के साथ भी सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है.

आभार

मैं भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और सभी सांविधिक एवं विनियामकीय प्राधिकारियों को उनके बहुमूल्य सहयोग के लिए धन्यवाद देना चाहूँगा. अंत में सबसे महत्वपूर्ण अपने निदेशक मंडल, प्रबंधन टीम और बैंक के सभी कर्मचारियों के प्रति भी उनकी अटूट संकल्प शक्ति और प्रतिबद्धता के लिए मैं आभारी हूँ जिनके कारण बैंक के सफलतापूर्वक रूपान्तरण का मार्ग प्रशस्त हुआ. मैं सभी ग्राहकों और शेयरधारकों का भी तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूँ कि उन्होंने वर्षों से बैंक के प्रति अपना विश्वास बनाए रखा है और हर वक्त हमारे साथ खड़े रहे हैं. मैं बैंक को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए अपने हितधारकों से निरंतर सहयोग की आशा करता हूं.

शुभकामनाओं सहित,

राकेश शर्मा
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

Your Bank, since the outbreak of the pandemic, has demonstrated its commitment to ensure well-being and safety of its employees, customers and the community at large. Your Bank remains firmly committed to be the most trusted and preferred bank enhancing value for all the stakeholders by strengthening its efficiency parameters through excellent service, competitive products, further improving its digital infrastructure and most importantly, customer-centric approach towards business. Your Bank is also committed towards partnering with policymakers to further the national agenda of inclusive and sustainable growth.

Acknowledgement

I express my gratitude to the Government of India, the Reserve Bank of India (RBI), the Life Insurance Corporation of India (LIC) and all statutory & regulatory authorities for their valuable support and co-operation. Last but not the least, I am thankful to the Board of Directors, the Management Team and all the employees of the Bank for their unwavering perseverance and commitment which paved the way for a successful turnaround of the Bank. I am also profoundly thankful to all the customers and shareholders for reposing their trust in the Bank over the years and standing by us at all times. I look forward to the continued support of all the stakeholders to steer the Bank to greater heights.

With best wishes,

Rakesh Sharma
Managing Director & CEO

कुछ प्रमुख गतिविधियां

Some Major Events

विगत वर्ष की झलकियां

Glimpses of the past year

श्री एम.आर. कुमार, अध्यक्ष और श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ द्वारा बैंक और एलआईसी ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एलआईसी सीएसएल को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड *'एक्लैट सिलेक्ट एंड ल्यूमिन प्लैटिनम'* लॉन्च किया गया.

Launch of LIC CSL co-branded Credit Cards *'Eclat Select & Lumine Platinum'* by Shri M. R. Kumar, Chairman and Shri Rakesh Sharma, MD & CEO, along with senior executives of the Bank and the LIC of India.

श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ अम्बेडकर जयंती के अवसर पर डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए.

Shri Rakesh Sharma, MD & CEO, paying homage to Dr. Babasaheb Ambedkar on the occasion of Ambedkar Jayanti.

श्री पी. डेनियल, सचिव, सीवीसी, सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर *'सतर्कता नियमावली (2021 तक अद्यतित)'* की एक प्रति श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ को सौंपते हुए.

Shri P. Daniel, Secretary, CVC, handing over a copy of the '*Vigilance Manual (updated 2021)*', to Shri Rakesh Sharma, MD & CEO, on the occasion of Vigilance Awareness Week.

बैंक की हिंदी पत्रिका *'विकास प्रभा'* को सुप्रसिद्ध साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्था *'आशीर्वाद'* द्वारा *'सर्वश्रेष्ठ गृह पत्रिका'* का पुरस्कार प्राप्त हुआ. यह पुरस्कार महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल श्री भगत सिंह कोश्यारी द्वारा प्रदान किया गया.

The Bank's in-house Hindi Magazine '*Vikas Prabha*' was awarded the '*Best in-house Magazine*' citation from '*Aashirwad*'- a renowned literary and cultural organization. The Award was conferred by the Hon'ble Governor of Maharashtra, Shri Bhagat Singh Koshyari.

बैंक के डीएमडी श्री सैम्युअल जोसेफ और श्री सुरेश खटनहार बैंक के स्थापना दिवस 2021 के अवसर पर चिपलून, महाराष्ट्र के आदर्श केंद्र स्कूल के प्रतिनिधि को कंप्यूटर सौंपते हुए.

Shri Samuel Joseph and Shri Suresh Khatanhar, DMDs of the Bank, handing over computers to representative of Aadarsh Kendra, a school in Chiplun, Maharashtra, on the occasion of the Bank's Foundation Day 2021.

श्री सुरेश खटनहार, उप प्रबंध निदेशक, बैंक के वरिष्ठ कार्यपालकों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में भोपाल, मध्य प्रदेश में बैंक के आंचलिक कार्यालय का उद्घाटन करते हुए.

Shri Suresh Khatanhar, DMD, inaugurating the Bank's Zonal Office at Bhopal, Madhya Pradesh, in the presence of senior executives of the Bank and other dignitaries.

श्री राजीव कुमार, कार्यपालक निदेशक माननीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री नारायण टी. राणे के कर कमलों से चैंबर ऑफ माइक्रो, स्माल एंड मीडियम एंटरप्राइजेस (सीआईएमएसएमई) द्वारा *'सामाजिक योजनाओं को बढ़ावा देने वाले सर्वश्रेष्ठ निजी बैंक', 'सर्वश्रेष्ठ ब्रांडिंग वाले निजी बैंक'* और *'सर्वश्रेष्ठ नवोन्मेषी निजी बैंक'* श्रेणियों में एमएसएमई बैंकिंग उत्कृष्टता पुरस्कार, 2021 प्राप्त करते हुए.

Shri Rajeev Kumar, Executive Director, receiving the MSME Banking Excellence Award, 2021, conferred by the Chamber of Indian Micro Small & Medium Enterprises (CIMSME) in the category of '*Best Private Bank for Promoting Social Schemes*', '*Best Branding Private Bank*' and '*Best Innovative Private Bank*', from the Hon'ble Minister of Micro Small and Medium Enterprises, Shri Narayan T. Rane.

डॉ. सौरव दत्ता, कार्यपालक निदेशक के नेतृत्व में डिजिटल बैंकिंग टीम सुरक्षित ओटीपी जनरेशन सेवा हेतु सॉफ्ट टोकन इन-ऐप के लिए *'फिनोविटी अवार्ड-2022'* प्राप्त करते हुए.

Digital Banking team headed by Dr. Sourav Dutta, Executive Director, receiving the '*FINNOVITI Award – 2022*' for Soft Token, an in-app, secure OTP generation service.

पुरस्कार एवं सम्मान
Awards and Accolades

बैंक की हिंदी पत्रिका *'विकास प्रभा'* को सुप्रसिद्ध साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्था *'आशीर्वाद'* द्वारा *'सर्वश्रेष्ठ गृह पत्रिका'* का पुरस्कार प्रदान किया गया.

The Bank's in-house Hindi Magazine *'Vikas Prabha'* was awarded the *'Best In-House Magazine'* citation from Aashirvad, a renowned literary and cultural organisation.

बैंक को *'निजी क्षेत्र'* के बैंकों की श्रेणी में रीडर्स डाइजेस्ट का *'ट्रस्टेड ब्रांड'* अवार्ड 2021 प्राप्त हुआ.

The Bank was conferred with the Reader's Digest – *'Trusted Brand'* Award 2021 in the *'Private Banks'* category.

बैंक को चैंबर ऑफ इंडियन माइक्रो, स्माल एंड मीडियम एंटरप्राइजेस (सीआईएमएसएमई) द्वारा *'सामाजिक योजनाओं को बढ़ावा देने वाले सर्वश्रेष्ठ निजी बैंक'*, *'सर्वश्रेष्ठ ब्रांडिंग वाले निजी बैंक'* और *'सर्वश्रेष्ठ नवोन्मेषी निजी बैंक'* की श्रेणियों में एमएसएमई बैंकिंग उत्कृष्टता पुरस्कार, 2021 प्राप्त हुआ.

The Bank received the MSME Banking Excellence Award, 2021, from the Chamber of Indian Micro Small & Medium Enterprises (CIMSME) in the categories of *'Best Private Bank for Promoting Social Schemes'*, *'Best Branding Private Bank'* and *'Best Innovative Private Bank'*.

आईडीबीआई बैंक को *'एपीवाई लीडरशिप कैपिटल 4.0'* अभियान में निर्धारित लक्ष्य के मुक़ाबले 250% से अधिक उपलब्धि प्राप्त करने के लिए पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) से *'एपीवाई एक्ज़ेंप्लरी डायमंड अवार्ड'* प्राप्त हुआ.

IDBI Bank received the *'APY Exemplary Diamond Award'* from the Pension Fund Regulatory Development Authority (PFRDA) for achieving more than 250 % of the assigned target in the *'APY Leadership Capital 4.0'* Campaign.

बैंक को सुरक्षित ओटीपी जनरेशन सेवा हेतु सॉफ्ट टोकन एप के लिए *'फिनोविटी अवार्ड - 2022'* से सम्मानित किया गया.

The Bank was conferred with the *'FINNOVITI Award – 2022'* for Soft Token, an in-app, secure OTP generation service.

बैंक को यूएस डॉलर भुगतान के संबंध में स्ट्रेट थ्रू ऑनलाइन भुगतान पर कार्रवाई करने में परिचालन दक्षता और भुगतान संदेशों की गुणवत्ता के लिए जेपी मॉर्गन और बैंक ऑफ न्यूयॉर्क, मेलॉन द्वारा स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग (एसटीपी) श्रेणी के अंतर्गत *'एलीट क्वालिटी रिकग्निशन अवार्ड'* से सम्मानित किया गया.

The Bank was conferred with the *'Elite Quality Recognition Award'* under the Straight Through Processing (STP) category for US Dollar Payments by J. P. Morgan and Bank of New York, Mellon in recognition of its operational efficiency in processing straight through online payments and quality of payment messages.

आईडीबीआई बैंक आर-एसईटीआई को राज्य स्तरीय बैंकर्स कॉन्क्लेव में यूएमईडी: महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एमएसआरएलएम) की ओर से *'एसएचजी बैंक लिंकेज'* और *'प्रशिक्षण एवं निपटान'* के क्षेत्र में अपने कार्य-निष्पादन के लिए क्रमश: *'बेस्ट परफॉर्मेंस'* अवार्ड और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया.

IDBI Bank R-SETI was conferred with the '*Best Performance*' Award and also received a trophy from UMED - Maharashtra State Rural Livelihoods Mission (MSRLM) at the State Level Bankers Conclave, for its performance in '*SHG Bank linkage*' and '*Training and Settlements*' respectively.

निदेशकों की रिपोर्ट

Directors' Report

निदेशकों की रिपोर्ट

आपके बैंक के निदेशक मंडल को 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बैंक के कारोबार तथा परिचालनों पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है.

वित्तीय वर्ष 2021–22 में कोविड-19 महामारी ने दुनिया भर के लोगों के जीवन को प्रभावित करना जारी रखा. कोरोना वायरस के परिवर्तन के कारण भारत में दूसरी और तीसरी लहर आई, जिसमें संक्रमण दर में तेजी से वृद्धि देखी गई. हालांकि, पहली लहर की तुलना में अर्थव्यवस्था पर इन लहरों का सीमित प्रभाव पड़ा, क्योंकि बड़े पैमाने पर प्रतिबंध स्थानीय स्तर पर ही लगाए गए थे, जिनके तहत अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों द्वारा सामान्य संचालन की अनुमति दी गई थी. इसके अलावा, भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा उठाए गए सक्रिय उपायों ने कमजोर वर्ग और व्यवसायों को महामारी के आर्थिक प्रभाव की अधिकता से बचा कर रखा. नीतिगत समर्थन ने अर्थव्यवस्था की बहाली में मदद की, जो कि वास्तविक सकल देशी उत्पाद (जीडीपी) के वित्त वर्ष 2020–21 में 6.6% के संकुचन की तुलना में वित्त वर्ष 2021–22 में 8.7% की वृद्धि से स्पष्ट होता है. महामारी की वापसी की कई लहरों के प्रभाव के बावजूद, बैंकिंग क्षेत्र लचीला बना रहा, क्योंकि इसे हाल के वर्षों में भारत सरकार द्वारा किए गए संरचनात्मक सुधारों के साथ–साथ नीति निर्माताओं द्वारा महामारी के मद्देनजर घोषित उपायों से सहायता प्राप्त हुई. इसके बावजूद, महामारी और उपभोक्ता व व्यावसायिक मनोभावों के कारण निरंतर अनिश्चितता के चलते वर्ष के अधिकांश हिस्से में कुछ हद तक ऋण वृद्धि में कमी ही आई. इन घटनाक्रमों की पृष्ठभूमि में अपने बैंक के वित्तीय प्रदर्शन को सूक्ष्म परिप्रेक्ष्य में देखना आवश्यक है.

वित्तीय विशेषताएं

यथा 31 मार्च 2022 को आपके बैंक की कुल जमाराशियां और अग्रिम क्रमश: ₹2,33,134 करोड़ तथा ₹1,45,772 करोड़ रहे. समीक्षाधीन अवधि के दौरान आपके बैंक के कार्य-निष्पादन की प्रमुख विशेषताएं तालिका 1 में दी गई हैं:

तालिका 1 : प्रमुख वित्तीय विशेषताएं

(₹ करोड़ में)

	यथा 31 मार्च 2021 की स्थिति	यथा 31 मार्च 2022 की स्थिति
पूंजी	10,752	10,752
रिज़र्व एवं अधिशेष	26,059	30,910
जमाराशियां	2,30,852	2,33,134
उधार राशियां	15,908	14,345
अन्य देयताएं एवं प्रावधान	14,193	12,278
कुल देयताएं	**2,97,764**	**3,01,419**
नकदी और रिज़र्व बैंक के पास शेष	13,013	13,593
बैंकों के पास शेष और मांग एवं अल्प सूचना पर देय राशि	22,209	13,117
निवेश	81,023	82,988
अग्रिम	1,28,150	1,45,772
अचल और अन्य आस्तियां	53,369	45,949
कुल आस्तियां	**2,97,764**	**3,01,419**

इस अवधि में	**2020-21**	**2021-22**
कुल आय	24,497	22,985
कुल व्यय (प्रावधान को छोड़कर)	17,462	15,490
प्रावधान (कर छोड़कर)	4,666	3,887
कर पूर्व लाभ/ (हानि)	2,369	3,608
कर के लिए प्रावधान	1,009	1,169
कर पश्चात् लाभ/ (हानि)	1,359	2,439

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक की कुल आय ₹22,985 करोड़ रही जिसमें ₹18,295 करोड़ की ब्याज आय और ₹4,690 करोड़ की अन्य आय शामिल है. ₹15,490 के कुल व्यय (प्रावधानों एवं आकस्मिकताओं को छोड़कर) में ब्याज व्यय ₹9,133 करोड़ और परिचालनगत व्यय ₹6,357 करोड़ रहा.

समीक्षाधीन वर्ष में मानक परिसंपत्तियों के लिए कम प्रावधान के कारण वर्ष के लिए आपके बैंक का कुल प्रावधान कम हो गया, जिसकी पूर्ति पिछले वर्ष की तुलना में प्रावधानों के कम प्रतिवर्तन होने के कारण अनर्जक आस्तियों (एनपीए) में वृद्धि से हो गई. प्रावधानों में एनपीए, बट्टे खाते डाले गए अशोध्य ऋणों तथा निवेशों के लिए प्रावधान के प्रति ₹3,252 करोड़ की राशि शामिल है. निवल ब्याज आय (एनआईआई), अन्य आय में वृद्धि और परिचालन व्यय व प्रावधान में कमी होने के कारण आपके बैंक ने वर्ष 2021-22 के दौरान ₹2,439 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया.

जहां वर्ष के दौरान प्रति शेयर उपार्जन (ईपीएस) ₹2.27 रहा, वहीं मार्च 2022 के अंत में प्रति शेयर बही मूल्य (अमूर्त आस्तियों और आस्थगित कर आस्ति (डीटीए) को छोड़कर) ₹18.35 रहा. आपके बैंक के निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए किसी लाभांश की सिफ़ारिश नहीं की है.

यथा 31 मार्च 2022 को समेकित वित्तीय विवरण में शामिल सहायक संस्थाओं और संयुक्त उद्यम के कार्य-निष्पादन और वित्तीय स्थिति पर रिपोर्ट

संस्था का नाम	निवल आस्तियां अर्थात् कुल आस्तियों में से कुल देयताएं घटाकर		लाभ या हानि में हिस्सा	
	समेकित निवल आस्तियों के % के रूप में	राशि (₹ करोड़ में)	समेकित लाभ या (हानि) के % के रूप में	राशि (₹ करोड़ में)
मूल: आईडीबीआई बैंक लि.	97.57%	41,661.98	96.27%	2,439.27
सहायक संस्थाएं:				
भारतीय:				
1. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज लि.	0.77%	329.51	0.66%	16.75
2. आईडीबीआई इंटेक लि.	0.24%	103.90	0.67%	16.95
3. आईडीबीआई असेट मैनजमेंट लि.	0.29%	121.82	0.33%	8.45
4. आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि.	0.00%	1.69	0.00%	0.08
5. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लि.	0.66%	282.97	2.04%	51.66
विदेशी:	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
सभी सहायक संस्थाओं में अल्पसंख्यक हित	0.30%	128.19	0.92%	23.40
सहायक कंपनियां (इक्विटी पद्धति के अनुसार निवेश)#				
भारतीय:				
1. बायोटेक कंसोर्शियम इंडिया लि.	लागू नहीं	लागू नहीं	-	-
2. नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉज़िटरी लि.	लागू नहीं	लागू नहीं	1.55%	39.33
3. पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लि.	लागू नहीं	लागू नहीं	-	-
4. पॉण्डिचेरी इंडस्ट्रियल प्रमोशन डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लि.	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
विदेशी:	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
संयुक्त उद्यम (आनुपातिक समेकन के अनुसार/ इक्विटी पद्धति के अनुसार निवेश)				
भारतीय:				
1. एजिस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	0.60%	257.24	0.93%	23.58
विदेशी:	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
कुल	**100.44%**	**42,887.30**	**101.54%**	**2,572.68**
विलोपन	-0.44%	-187.41	-1.54%	-39.01
निवल कुल	**100.00%**	**42,699.89**	**100.00%**	**2,533.67**

टिप्पणी: उपर्युक्त किसी भी सहायक कंपनियों की कोई सहायक कंपनी नहीं है.

 # - तीन सहायक कंपनियों यथा पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लि. (25%), बायोटेक कंसोर्शियम इंडिया लि. (27.93%) और पॉण्डिचेरी इंडस्ट्रियल प्रमोशन डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लि. (21.14%) के वित्तीय वर्ष 2021-22 के वित्तीय परिणाम प्राप्त न होने के कारण इनके समेकन पर विचार नहीं किया गया है तथा एक सहायक संस्था नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉज़िटरी लि. (26.10%) के लेखे 31 दिसंबर 2021 तक के समेकित वित्तीय परिणामों में शामिल किए गए हैं; जिनका समेकित वित्तीय परिणामों पर कोई प्रभाव नहीं है. पॉण्डिचेरी इंडस्ट्रियल प्रमोशन डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लि. के संबंध में निवेश को अवलेखित कर 1 रुपया कर दिया गया है.

आईडीबीआई बैंक की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तन और वचनबद्धताएं, यदि कोई हों, जो वित्तीय वर्ष के अंत और बोर्ड की रिपोर्ट की तारीख के दौरान उत्पन्न हुई हों

बैंक के वित्तीय वर्ष के अंत में अर्थात् 31 मार्च 2022 को और निदेशकों की रिपोर्ट की तारीख के बीच आईडीबीआई बैंक की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन और वचनबद्धताएँ नहीं थीं.

वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता से संबंधित विवरण

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(3)(i) के अनुसार सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में यह दर्शाया जाना चाहिए कि वित्तीय विवरणों के संदर्भ में क्या बैंक के पास समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (आईएफसी) प्रणाली उपलब्ध है तथा ऐसे नियंत्रण की परिचालनात्मक प्रभावशीलता कितनी है. कंपनी अधिनियम की धारा 143(3)(i) में संदर्भित आईएफसी से आशय वित्तीय रिपोर्टिंग में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (आईएफसीओ–एफआर) से है. बैंक का प्रबंधन वित्तीय रिपोर्टिंग में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के बारे में बैंक में स्थापित उन मानदंडों के अनुसार आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने व बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है, जो दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी आईएफसीओ–एफआर के लेखापरीक्षण पर वर्णित आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों पर विचार करते हुए बनाए गए हैं. इन जिम्मेदारियों में समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की रूपरेखा, कार्यान्वयन व निर्वहन शामिल है, जो बैंक की नीतियों के अनुपालन, आस्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम व पता लगाने, लेखांकन रिकॉर्ड की शुद्धता और सक्षमता तथा कंपनी अधिनियम, 2013, बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 और आरबीआई द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार विश्वसनीय वित्तीय सूचना की सामयिक तैयारी करने सहित अपने कारोबार के नियमानुसार व प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से प्रचलित थे.आपके बैंक ने मौजूदा आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली के मूल्यांकन के लिए आईएफसीओ–एफआर रूपरेखा तैयार की है और सभी कारोबार वर्टिकलों/ विभागों के नियंत्रण की रिपोर्टिंग प्रक्रिया, प्रमाणन, दस्तावेजीकरण, के अनुपालन के वैधीकरण और वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में सभी महत्वपूर्ण संदर्भों में बैंक में नियंत्रणों की पर्याप्तता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए सलाहकार को नियुक्त किया है. वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, बैंक के आईएफसीओ–एफआर रूपरेखा के अनुसार सभी अंतर्निहित प्रक्रियाओं के परीक्षण और वैधीकरण के पश्चात् सलाहकार ने वित्तीय वर्ष 2021–22 की सभी तिमाहियों के लिए आंतरिक अनुपालन प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर दिया है. सलाहकार ने 31 मार्च 2022 के अनुसार सभी 591 जोखिम नियंत्रण मानकों के अनुपालन की समीक्षा की तथा आगे अनुपालन हेतु चार मामले देखने की रिपोर्ट दी है. संबंधित विभाग विचाराधीन मुद्दों का समाधान करने के लिए ध्यानपूर्वक कार्य कर रहे हैं.

प्रमुख वित्तीय अनुपातों में महत्वपूर्ण परिवर्तनों के विवरण (अर्थात् गत वर्ष की तुलना में 25% या अधिक बदलाव) तथा उन पर विस्तृत स्पष्टीकरण:

विवरण	2020-21	2021-22	टिप्पणियां
आस्तियों पर प्रतिलाभ	0.46%	0.84%	वित्तीय वर्ष 2020–21 में हुए ₹1,359 करोड़ के निवल लाभ के मुक़ाबले वित्तीय वर्ष 2021–22 में ₹2,439 करोड़ का निवल लाभ दर्ज किया गया है.
इक्विटी पर प्रतिलाभ (अमूर्त को छोड़कर)	10.06%	13.60%	वित्तीय वर्ष 2020–21 में हुए ₹1,359 करोड़ के निवल लाभ के मुक़ाबले वित्तीय वर्ष 2021–22 में ₹2,439 करोड़ का निवल लाभ दर्ज किया गया है.
ऋण इक्विटी अनुपात (अमूर्त को छोड़कर)	1.00%	0.73%	भारत और भारत के बाहर उधार राशियों में ₹1,563 करोड़ की उल्लेखनीय कमी आई और नेट वर्थ में ₹3,778 करोड़ का सुधार हुआ.
निवल एनपीए अनुपात	1.97%	1.27%	निवल एनपीए में ₹663 करोड़ की कमी आई.

पूंजी पर्याप्तता

आपका बैंक बासेल–III ढांचे के अंतर्गत पिलर 1 दिशानिर्देशों के अनुसार ऋण, बाजार और परिचालनगत जोखिमों के लिए विनियामक पूंजी आवश्यकता की तिमाही आधार पर गणना करता है. बासेल दिशानिर्देशों के अनुसार भारत में बैंकों के लिए 31 मार्च 2016 से चरणबद्ध तरीके से पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) बनाए रखना अनिवार्य है.

भारतीय रिज़र्व बैंक की दिनांक 5 फरवरी 2021 की अधिसूचना के अनुसार आपके बैंक ने यथा 1 अक्टूबर 2021 से पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) का अंतिम चरण लागू किया है. तदनुसार यथा 31 मार्च 2022 को *'कुल पूंजी +पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी)'* की न्यूनतम विनियामकीय आवश्यकता 11.50% निर्धारित थी. इसकी तुलना में आपके बैंक का *'कुल पूंजी + पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी)'* अनुपात 19.06% रहा. इसी प्रकार 31 मार्च 2022 को आपके बैंक का *'सामान्य इक्विटी टियर 1 (सीईटी1) + सीसीबी'* अनुपात 8.00% की विनियामक अपेक्षा की तुलना में 16.68% रहा. 31 मार्च 2022 को आपके बैंक का *'टियर 1 + सीसीबी'* अनुपात 9.50% की विनियामक अपेक्षा की तुलना में 16.68% रहा. यथा 31 मार्च 2022 को आपके बैंक का लीवरेज अनुपात 3.50% की न्यूनतम विनियामक अपेक्षा की तुलना में 7.42% रहा.

कारोबार रणनीति

भारत में महामारी की दूसरी लहर अप्रैल 2021 और मई 2021 के महीनों के दौरान चरम पर थी और उसके चलते देश के लाखों नागरिक कोरोना वायरस से प्रभावित हुए. वायरस के प्रसार को रोकने के लिए विभिन्न राज्य सरकारों

ने स्थानीय स्तर पर प्रतिबंधों को फिर से लागू किया. जिससे कई आर्थिक गतिविधियों को कोविड-19 प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए सामान्य रूप से, भले ही छोटे/ सीमित स्तर पर, जारी रखने की अनुमति दी गई. नीति निर्माताओं ने व्यक्तियों के जीवन और आजीविका पर महामारी के आर्थिक प्रभाव को कम करने के लिए समाज के कमजोर वर्गों को लक्षित नीति समर्थन देना जारी रखा.

इस पृष्ठभूमि में, आपका बैंक अपने ग्राहकों को उनकी बैंकिंग और वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपने बहुविध उत्पादों और सेवाओं के साथ ग्राहकों की खुशी सुनिश्चित करने के अपने मुख्य उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध बना रहा. महामारी के कारण भौतिक आवाजाही पर प्रतिबंध को ध्यान में रखते हुए बैंक द्वारा अपने ग्राहकों को निर्बाध और सतत् बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न व्यावसायिक साधन जोड़े गए, जिससे इसके परिचालन में लचीलापन बढ़ा. महामारी के प्रारंभिक चरण के दौरान हासिल हुए अनुभव से सीख लेकर बैंक ग्राहकों की उभरती अपेक्षाओं और प्राथमिकताओं के अनुरूप उन्हें सुखद बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित कराने के लिए अपने उत्पाद और सेवाओं को बेहतर करने का लक्षित दृष्टिकोण अपना सका. इस प्रकार, स्पष्ट है कि महामारी के प्रकोप से बाधित वातावरण का असर समाप्त करने के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में बैंक द्वारा शुरू किए गए उपायों को वित्तीय वर्ष 2021–22 में और अधिक बल मिला.

परिचालनगत लचीलेपन को प्रदर्शित करने के अलावा आपके बैंक ने अपने व्यवसाय और वित्तीय कार्य–निष्पादन में भी ठोस सुधार दर्शाए. मार्च 2021 में आरबीआई की त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) रूपरेखा से बैंक के बाहर निकलते ही विभिन्न प्रतिबंध हटने के कारण व्यावसायिक संभावनाओं में सुधार होने के बाद बैंक ने मजबूत बुनियाद के साथ वित्तीय वर्ष 2021–22 की शुरुआत करते हुए अपनी स्थिति को और भी सुदृढ़ किया. अपनी समग्र कारोबार रणनीति के तहत बैंक द्वारा अपनाई गई महत्वपूर्ण रणनीति ने वर्ष के दौरान बैंक के कार्य–निष्पादन में व्यापक रूपान्तरण का मार्ग प्रशस्त किया. रिटेल–उन्मुख बैंक के रूप में खुद को स्थापित करने के अपने व्यापक एजेंडे के अनुरूप बैंक ने अपनी कुल परिसंपत्ति बही में रिटेल और छोटे व मध्यम उद्यमों को ऋण सहायता का हिस्सा बढ़ाया. साथ ही, बैंक ने कॉरपोरेट ऋण बही में, विशेष रूप से मध्यम आकार की इकाइयों में, जोखिम का ध्यान रखते हुए वृद्धि के प्रयत्न किए. इस दिशा में, बैंक ने परिसंपत्ति पोर्टफोलियो (रिटेल और कॉरपोरेट दोनों) को बढ़ाते समय संबद्ध जोखिम मापदंडों को ध्यान में रखते हुए समुचित सावधानी बरती. देयता के मोर्चे पर, जहां आपके बैंक ने अपनी कुल जमाराशियों में कम लागत वाले जमा आधार यानी कासा जमा और खुदरा सावधि जमा के हिस्से को बढ़ाना जारी रखा, वहीं रणनीतिक रूप से थोक सावधि जमा पर निर्भरता को कम किया. परिसंपत्ति और देयता के मोर्चे पर बैंक द्वारा अपनाई गई रणनीतिक पहल से प्रमुख लागत मापदंडों अर्थात् निधि लागत और जमा लागत में कमी लाने में मदद मिली. इसके अलावा, बैंक ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के साथ अपने व्यावसायिक गठजोड़ का पूरी क्षमता के साथ लाभ उठाया, जिसके चलते इसकी आय में और भी वृद्धि हुई. अपनी आय को बढ़ाने के उपायों को लागत युक्तिकरण उपायों की सहायता मिली, जिसके कारण लाभ में संवृद्धि हुई.

लाभकारी और सतत रूपांतरण सुनिश्चित करने के लिए आस्ति गुणवत्ता के महत्व को समझते हुए आपका बैंक अपनी आस्ति बही में व्याप्त मौजूद दबाव को कमतर करने के लिए आक्रामक रूप से वसूली करने तथा कमजोर आस्ति पोर्टफोलियो का विधिक और विनियामकीय माध्यमों से उन्नयन करने का कार्य कर रहा है. कॉरपोरेट और रिटेल पोर्टफोलियो में वसूली अभियान चलाने के लिए समर्पित टीमें भी तैयार की गई हैं. आपके बैंक ने विशेष तत्परता बरतते हुए अपनी ऋण निगरानी प्रणाली को भी सुदृढ़ किया ताकि पोर्टफोलियो में शुरू हुए किसी भी दबाव पर निगरानी रखी जा सके तथा आस्ति गुणवत्ता में किसी भी क्षरण को रोका जा सके. इन उपायों से आपके बैंक को शुरुआती दबाव कम करने, किसी भी गिरावट को रोकने और ऋण गुणवत्ता को सुधारने में मदद मिलेगी.

आपके बैंक ने अपनी जोखिम प्रबंधन एवं कॉरपोरेट अभिशासन संरचना को सुदृढ़ करने के लिए भी कई उपाय किए हैं. आपके बैंक ने प्रमुख क़ानूनों, नियमों, विनियमों व विभिन्न आचार संहिताओं का पालन करते हुए एक सशक्त अनुपालन संस्कृति को बढ़ावा देना जारी रखा ताकि अपनी साख कायम रखते हुए ग्राहकों, निवेशकों और विनियामकों का विश्वास जीता जा सके.

इन रणनीतिक उपायों को कई संरचनात्मक और प्रणालीगत सुधारों से सम्पन्न किया गया, जैसे कि संगठन का पुनर्गठन, तकनीकी उन्नयन में निवेश, डेटा विश्लेषण कौशल में वृद्धि, आंतरिक और साथ ही साथ ग्राहक–संपर्क प्रक्रियाओं का और डिजिटलीकरण, नवीन उत्पादों और सेवाओं की शुरूआत, विभिन्न कर्मचारी–अनुकूल पहल कार्य आदि. आपके बैंक द्वारा किए गए इन एकजुट उपायों ने वित्त वर्ष 2021–22 में बैंक के समग्र रूपांतरण का मार्ग प्रशस्त किया.

मुख्य कारोबारी पहल-कार्य

ग्राहक केंद्रितता आपके बैंक की व्यावसायिक रणनीति का मूल मंत्र है. आपका बैंक 1,886 शाखाओं, 3,403 एटीएम और 58 ई–लाउंज के अपने भौतिक स्पर्श–बिंदुओं के माध्यम से, अपने विविध ग्राहक आधार की उभरती वित्तीय और निवेश आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है. अपने मौजूदा बहुविध उत्पादों और सेवाओं को परिष्कृत करने के अलावा, आपके बैंक ने बदलते कारोबारी परिदृश्य और ग्राहकों की बढ़ती प्राथमिकताओं के अनुरूप कई नवीन बैंकिंग समाधान भी पेश किए. आपके बैंक ने अपनी डिजिटल पेशकशों और संपर्क रहित समाधानों को व्यापक करते हुए ग्राहकों में डिजिटल व्यवहार के प्रति बढ़ते रुझान का लाभ उठाया है. इसके अलावा, आपके बैंक ने निर्बाध बैंकिंग सेवाएं सुनिश्चित करने और बैंकिंग को सुगम बनाने के लिए अपनी प्रक्रियाओं को स्वचालित और डिजिटाइज़ किया, जिससे ग्राहक को सुखद अनुभव प्रदान किया जा सके. बदलते कारोबारी परिदृश्य के अनुरूप आपके बैंक ने अपने ग्राहकों को सुगम, सुविधाजनक और सुरक्षित *'कभी भी, कहीं भी'* बैंकिंग

अनुभव प्रदान करने के लिए अपने डिजिटल बुनियादी ढांचे और क्षमताओं को सक्रिय रूप से मजबूत कर उनमें सुधार किया है. आपके बैंक ने अपने सभी हितधारकों के लिए एक पसंदीदा और विश्वसनीय बैंक होने के अपने दृष्टिकोण को सुदृढ़ करने के लिए साइबर सुरक्षा के प्रति प्रगतिशील नजरिया स्थापित किया है.

आपके बैंक ने आवास ऋण, संपत्ति पर ऋण, व्यक्तिगत ऋण, शिक्षा ऋण, ऑटो ऋण, प्रतिभूतियों पर ऋण, एमएसएमई ऋण, कृषि ऋण, स्वर्ण ऋण जैसे खुदरा–केंद्रित उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करते हुए स्वयं को खुदरा–केंद्रित बैंक के रूप में स्थापित करने की अपनी समग्र व्यावसायिक रणनीति के अनुरूप उत्तरोत्तर बड़े खुदरा व्यापार पोर्टफोलियो पर ध्यान देना जारी रखा. आपका बैंक बेहतर कार्यान्वयन समय सुनिश्चित करने के लिए स्वचालित ऋण प्रसंस्करण प्रणाली के माध्यम से इन ऋणों पर कार्रवाई करता है. इसके अलावा, बैंक ने बेहतर ग्राहक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए कई आईटी पहल कार्य भी शुरू किए.

आपके बैंक ने सूक्ष्म उद्यमों, प्रत्यक्ष कृषि गैर–कॉरपोरेट (डीएएनसी) तथा लघु और सीमांत कृषकों (एसएफएमएफ) को ऋण देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए आरबीआई द्वारा अधिदेशित प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण (पीएसएल) में महत्वपूर्ण योगदान देना जारी रखा. आपके बैंक ने विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध–शहरी क्षेत्रों में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए अपने कारोबार प्रतिनिधि (बीसी)/ कारोबार सुलभकर्ता (बीएफ) नेटवर्क चैनल का भी लाभ उठाया. आपके बैंक ने अपने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र (पीएसएल) पोर्टफोलियो को बढ़ाने के लिए सह–ऋण (को–लेंडिंग) समझौते भी किए. आपका बैंक उचित और पारदर्शी तरीके से समाज के कमजोर और वित्तीय रूप से वंचित वर्गों के लिए उचित वित्तीय उत्पादों और सेवाओं तक सुविधाजनक पहुंच सुनिश्चित करके वित्तीय समावेशन के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास कर रहा है. आपका बैंक समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग कर रहा है और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा दे रहा है. आपका बैंक भारत सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और पहलों के तहत ऋण भी प्रदान करता रहा है.

अपने खुदरा, कृषि और एमएसएमई (रैम) ग्राहकों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के अलावा, आपके बैंक ने मीयादी ऋण, कार्यशील पूंजी ऋण, निर्यातकों को पैकिंग क्रेडिट और पोत लदानोत्तर ऋण, बिल भुनाई, अंतर्दिवस सीमाएं, चैनल वित्तपोषण व वेंडर वित्तपोषण, गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र उधार (पीएसएल) खंड के ग्राहकों को ऑन–लेंडिंग के लिए उधार देना, आदि सुविधाएं प्रदान करते हुए अपने कॉरपोरेट ग्राहकों की वित्तीय आवश्यकताओं को जोखिम पर भलीभाँति विचार करते हुए पूरा करने का प्रयास किया.

आपके बैंक ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के कर्मचारियों, एजेंटों और सहायक कंपनियों को उनकी बैंकिंग व निवेश संबंधी जरूरतें पूरी करने के लिए अपनी कई नवोन्मेषी, विशेष और अनुकूल उत्पाद व सेवाओं की पेशकश करते हुए एलआईसी से समन्वय का लाभ उठाया.

आपके बैंक के पास समर्पित व्यापार वित्त विभाग है, जो अपने बड़े कॉरपोरेट, मध्यम कॉरपोरेट और खुदरा ग्राहकों को प्रतिस्पर्धी मूल्य पर उत्पादों और सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है. लेन–देन निष्पादन को त्रुटि मुक्त और तेज बनाने के लिए बैंक ने कई आईटी पहल कार्य भी किए. व्यापार वित्त के क्षेत्र में डिस्ट्रिब्यूटेड लेजर टेक्नोलॉजी (डीएलटी) के उभरते उपयोग का लाभ उठाने के लिए आपका बैंक 'इंडियन बैंक्स ब्लॉकचैन इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी प्राइवेट लि'. (आईबीबीआईसी) का इक्विटी धारक बन गया. इससे आपके बैंक के अंतर–संगठन व्यापार वित्त परिचालनों को डिजिटाइज और स्वचालित करने के लिए प्रक्रियाओं के निर्माण में बैंक को सुविधा होगी. आपके बैंक ने सीमा पार से भुगतान में साइबर धोखाधड़ी के जोखिम को कम करने के लिए प्रभावी प्रणाली नियंत्रण प्रणाली स्थापित की.

आपका बैंक केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के प्राप्तियों एवं भुगतान संबंधी संव्यवहारों को संभालने के लिए रिज़र्व बैंक के एजेंट के रूप में कार्य करता है. आपका बैंक केंद्र सरकार के करों की वसूली करने, लघु बचत योजनाओं की पेशकश करने और केंद्रीय सिविल, प्रतिरक्षा तथा रेलवे पेंशनों को संवितरित करने के लिए प्राधिकृत है. आपका बैंक 14 राज्यों तथा दो केंद्र शासित प्रदेशों में राज्य प्राप्तियों की वसूली कार्य में भी सक्रिय है. आपका बैंक करों के भुगतान के लिए 24×7 इंटरनेट बैंकिंग सुविधाएं भी उपलब्ध कराता है.

आपका बैंक कॉर्पोरेटों की विभिन्न प्रकार की आवश्यकताओं के अनुरूप वसूलियों, भुगतान एवं संव्यवहार बैंकिंग समाधानों के लिए नकदी प्रबंध सेवा (सीएमएस) की अनुकूलित एवं व्यापक श्रृंखला उपलब्ध कराता है. आपका बैंक विभिन्न प्रकार के समाधान जैसे, राष्ट्रीय स्वचालित समाधान गृह (एनएसीएच), वर्चुअल खाता सुविधा, उपयोगिता भुगतान, प्रत्यक्ष डेबिट सुविधाएं तथा अन्य अनुकूलित ई– समाधान ऑफर करता है जो ग्राहक प्रणालियों के साथ तकनीकी रूप से एकीकृत (होस्ट–टू–होस्ट) हैं. आपके बैंक ने कॉर्पोरेटों और संस्थाओं के लिए दो नए डिजिटल उत्पाद अर्थात् कॉरपोरेट चलनिधि प्रबंध समाधान (सी–एलएमएस) और सरकारी चलनिधि प्रबंध समाधान (जी–एलएमएस) जोड़े हैं ताकि कॉर्पोरेटों/ संस्थाओं की चलनिधि प्रबंध आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके. अन्य सेवाओं में आपका बैंक भारतीय रेलवे की ई–फ्राइट भुगतान प्रणाली में सहभागिता करने और फास्टैग जारी करने तथा फास्टैग व्यवसाय अधिप्राप्ति के लिए प्राधिकृत है. आपका बैंक एलआईसी के शाखा कार्यालयों, मंडल कार्यालयों, पेंशन एवं समूह योजनाओं (पी एंड जीएस) कार्यालयों, व्यक्तिगत पेंशन नीति (आईपीपी) कार्यालयों तथा अन्य कार्यालयों को सीएमएस वसूली तथा भुगतान सेवाएँ भी ऑफर करता है.

आपके बैंक का ट्रेजरी विदेशी मुद्रा, नियत आय तथा डेरिवेटिव उत्पादों की प्रभावी तरीके से मार्केटिंग करते हुए अपने कॉरपोरेट और रिटेल ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करता है और साथ ही उनके एक्सपोजरों का प्रभावी तरीके से प्रबंध करने के लिए उन्हें समाधान भी उपलब्ध कराता है. आपका बैंक अपने ग्राहकों को उनकी सहायक सामान्य खाताबही (सीएसजीएल) खातों के जरिए ऋण लिखतों (सरकारी प्रतिभूतियाँ, गैर–सांविधिक चलनिधि अनुपात (एनएसएलआर) बॉन्डों आदि) में उनके निवेश के बारे में भी सलाह देता है.

आपके बैंक ने देशी और विदेशी वित्तीय संस्थाओं (एफआई) को बैंक के विभिन्न उत्पाद/ सेवाएं पेश करने पर ध्यान देने के लिए एक समर्पित वित्तीय संस्था समूह (एफआईजी) भी स्थापित किया है. यह समूह व्यापार, नकदी प्रबंध सेवाओं, भुगतान, फॉरेक्स, डेरिवेटिव्स, मुद्रा बाजार व तथा खुदरा बैंकिंग से संबंधित विभिन्न उत्पाद/ सेवाएं पेश करने के लिए कवरेज ग्रुप के रूप में कार्य करता है. यह एफआईजी विभिन्न एफआई से कवरेज बढ़ाने और एफआई कारोबार बढ़ाने के लिए भी कार्य करता है.

आपका बैंक ग्राहक जुटाने और उन्हें अपने साथ बनाए रखने, एनालिटिक्स प्रेरित इनपुट आधारित अनुकूलित अभियानों को शुरू करने; जटिल कारोबारी समस्याओं एवं मुद्दों को हल करने के लिए व्यवसाय समाधानों की सिफारिश करने; ऋण जोखिम तथा व्यवसाय संभावनाओं का आकलन करने; और लक्ष्य आधारित दृष्टिकोण के साथ वास्तविक समय आधार पर ऋण खातों के संबंध में सुधारात्मक कार्रवाई करने आदि के लिए अपनी क्षमताओं में सुधार लाने के लिए डेटा एनालिटिक्स एंड मशीन लर्निंग (एमएल) का प्रयोग लगातार बढ़ा रहा है. डेटा एनालिटिक्स से न केवल बैंक के व्यवसाय को बढ़ाने, एनपीए पूर्वानुमान, ऋण वसूली और कमी के विश्लेषण में मदद मिली है बल्कि कई प्रक्रिया रि–इंजीनियरिंग में भी सहायता मिली है.

वर्ष के दौरान बैंक द्वारा किए गए पहल कार्यों के विस्तृत ब्योरे वार्षिक रिपोर्ट के प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण खंड में दिए गए हैं.

बैंक के कारोबार पर कोविड –19 महामारी का प्रभाव

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान कोविड–19 महामारी के परिणामस्वरूप अप्रैल –मई 2020 की अवधि के दौरान राष्ट्र–व्यापी लॉकडाउन लगाया गया था जिसका देश में आर्थिक कार्यकलापों पर व्यापक स्तर पर प्रभाव पड़ा. इस अवधि के बाद लॉकडाउन उपायों में ढील दिए जाने से आर्थिक कार्यकलापों की गति में धीरे–धीरे सुधार आए और इसके फलस्वरूप वित्तीय वर्ष 2020–21 की दूसरी छमाही में स्थिति सामान्य स्तर की ओर उन्मुख हुई. वित्तीय वर्ष 2021–22 में भारत को महामारी की दो और लहरें झेलनी पड़ीं और देश के कुछ हिस्सों में फिर से स्थानीय स्तर पर / क्षेत्रीय लॉकडाउन उपाय लगाने पड़े. वर्तमान में कोविड–19 मामलों में धीरे–धीरे कमी आ रही है और भारत सहित दुनिया के कई देशों की अर्थव्यवस्थाएँ धीरे–धीरे पटरी पर लौटती हुई दिखाई दे रही हैं. बैंक ने महामारी द्वारा खड़ी की गई चुनौतियों का सामना करने के लिए सभी मोर्चों पर अपने को तैयार रखा है. बैंक की पूंजी और चलनिधि स्थिति मजबूत है और आपके बैंक के लिए यह आगे भी विशेष रूप से ध्यान दिए जाने वाला क्षेत्र बना रहेगा.

निदेशक मंडल

आपके बैंक के निदेशक मंडल का आधार व्यापक है और इसका गठन बैंककारी विनियमन अधिनियम,1949, कंपनी अधिनियम, 2013, बैंक के संस्था अंतर्नियम के प्रावधानों और सेबी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं. विनियम, 2015 (एलओडीआर विनियम) में उल्लिखित कॉरपोरेट अभिशासन की अपेक्षाओं द्वारा अभिशासित है. बोर्ड, बैंक के महत्वपूर्ण कार्यात्मक क्षेत्रों में संकेंद्रित अभिशासन प्रदान करने के लिए प्रत्यक्ष रूप से और साथ ही बोर्ड की विभिन्न गठित समितियों के माध्यम से कार्य करता है. संस्था अंतर्नियम के अनुसार निदेशक मंडल में तीन से कम और पंद्रह से अधिक सदस्य नहीं होने चाहिए, जिनमें बोर्ड द्वारा नियुक्त अध्यक्ष, बोर्ड द्वारा नियुक्त किए जाने वाले एक पूर्णकालिक एमडी एवं सीईओ और दो डीएमडी, एलआईसी के दो नामिती निदेशक, भारत सरकार के दो नामिती निदेशक और आठ गैर–आवर्तनीय स्वतंत्र निदेशक (अध्यक्ष तथा एक महिला स्वतंत्र निदेशक सहित) शामिल हैं.

31 मार्च 2022 को बोर्ड में चौदह निदेशक यथा, गैर–कार्यपालक अध्यक्ष के रूप में श्री एम.आर. कुमार; पूर्णकालिक निदेशक के रूप में श्री राकेश शर्मा, एमडी और सीईओ, श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज और श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी; भारत सरकार के नामिती निदेशक के रूप में श्री अंशुमन शर्मा; गैर–कार्यपालक निदेशक के रूप में एलआईसी के नामिती निदेशक श्री मुकेश कुमार गुप्ता; तथा स्वतंत्र निदेशकों के रूप में श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, श्री भुवनचंद्र बी. जोशी, श्री समरेश परिदा, श्री एन. जम्बुनाथन, श्री दीपक सिंघल, श्री संजय गोकुलदास कल्लापुर, श्रीमती पी.वी. भारती और श्री टी. एन. मनोहरन शामिल थे. यथा 31 मार्च 2022 को बोर्ड में शामिल 14(चौदह) निदेशकों की वर्तमान संख्या संस्था के अंतर्नियम के अनुच्छेद 114 (ए) के अंतर्गत निर्दिष्ट अपेक्षाओं को पूरा करती है.

शीर्ष समितियां

आपके बैंक के कारोबार और परिचालनों के विभिन्न कार्य पहलुओं की देख–रेख करने के लिए बोर्ड की कुल तेरह समितियां हैं. बोर्ड की समितियों में बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति, कार्यपालक समिति, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति, हितधारक संबंध समिति, मानव संसाधन संचालन समिति, धोखाधड़ी निगरानी समिति, वसूली समीक्षा समिति, जोखिम प्रबंध समिति, कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति, असहयोगी उधारकर्ता समीक्षा समिति, ग्राहक सेवा समिति, इरादतन चूककर्ता समीक्षा समिति तथा सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति शामिल हैं.

कॉरपोरेट अभिशासन

आपका बैंक कॉरपोरेट अभिशासन की सर्वोत्तम पद्धतियां अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है. बैंक की मान्यता है कि प्रभावी कॉरपोरेट अभिशासन सिर्फ विनियामक अनुपालन की आवश्यकता मात्र नहीं है बल्कि हितधारकों के मूल्य में वृद्धि सहित उत्कृष्ट अभिशासन के लिए एक सुसाध्यकारक भी है. आपके बैंक की कॉरपोरेट अभिशासन पद्धतियों का विस्तृत विवरण इस वार्षिक रिपोर्ट में कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट के अंतर्गत अलग खंड के रूप में दिया गया है.

कारोबार दायित्व रिपोर्ट

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 34 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए बैंक की कारोबार दायित्व रिपोर्ट बैंक की वेबसाइट (https://www.idbibank.in/business-responsibility-report.asp) पर प्रदर्शित की गई है. बीआर रिपोर्ट पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन परिप्रेक्ष्य में बैंक द्वारा किए गए पहल कार्यों को वर्णित करती है.

कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के अंतर्गत कथन

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान आपके बैंक की सेवा में ऐसा कोई कार्मिक नहीं था जिसे ₹1.02 करोड़ से अधिक का वार्षिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ हो. इसके अतिरिक्त, बैंक की सेवा में वर्ष के किसी हिस्से के लिए ऐसा कोई कार्मिक नहीं था जिसे प्रतिमाह ₹8.50 लाख से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ हो. इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष अथवा उसके किसी हिस्से के दौरान ऐसा कोई कार्मिक नियोजित नहीं किया गया जिसे बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अथवा उप प्रबंध निदेशकों द्वारा आहरित कुल पारिश्रमिक की दर से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ हो और जिसके पास स्वयं अथवा जिसके पति/ पत्नी और आश्रित बच्चों के साथ मिलाकर बैंक के 2% इक्विटी शेयर से अधिक शेयर धारित हों.

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5(2) के अंतर्गत विवरण– शीर्ष दस कर्मचारियों का ब्योरा

क्र. सं.	नाम	पदनाम	प्राप्त वार्षिक पारिश्रमिक (₹)	नियोजन की प्रकृति, यह संविदागत है अथवा अन्य प्रकार का है.	कर्मचारी की अर्हता और अनुभव	नियोजन शुरू करने की तारीख	ऐसे कर्मचारी की आयु	कंपनी में आने से पूर्व ऐसे कर्मचारी द्वारा धारित पिछला नियोजन
1	श्री राकेश शर्मा	प्रबंध निदेशक एवं सीईओ	8721245.16	संविदागत	अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर और सीएआईआईबी आईडीबीआई बैंक में अनुभव : 3 वर्ष	10 अक्तूबर 18	63 वर्ष	केनरा बैंक
2	श्री सुरेश खटनहार*	उप प्रबंध निदेशक	7158124.98	संविदागत	एम. कॉम, सीएआईआईबी एवं आईसीडब्ल्यूए आईडीबीआई बैंक में अनुभव : 24 वर्ष	23 जून 97	58 वर्ष	देना बैंक
3	श्री अशोक कुमार गौतम#	प्रमुख - ट्रेजरी	6571671.68	संविदागत	बीएससी, एमबीए एवं एफआरएम आईडीबीआई बैंक में अनुभव : 2 वर्ष	24 जून 19	59 वर्ष	एक्सिस बैंक
4	श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज	उप प्रबंध निदेशक	6494752.38	संविदागत	बीई (ऑनर्स) एवं एमबीए आईडीबीआई बैंक में अनुभव : 2 वर्ष	20 सितंबर 19	53 वर्ष	एग्जिम बैंक
5	श्री नागराज गारला	कार्यपालक निदेशक	5431515.92	पूर्णकालिक	बी.कॉम, एमबीए, एम.कॉम, आईसीडब्ल्यूए (इंटर), सर्टिफिकेशन प्रोग्राम इन आईटी एंड साइबर सिक्युरिटी फॉर सीनियर मैनेजमेंट, सीएआईआईबी, सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन इन ट्रेड फाइनेंस एंड सर्टिफिकेट इग्जामिनेशन इन एसएमई फाइनेंस एंड सीआईएमए, मैनेजमेंट अकाउंटिंग में एडवांस डिप्लोमा (यूके) आईडीबीआई बैंक में अनुभव : 22 वर्ष	17 फरवरी 00	52 वर्ष	आईएनजी वैश्य बैंक
6	श्री अजय नाथ झा	कार्यपालक निदेशक	5398230.61	पूर्णकालिक	एम.ए. (अर्थशास्त्र), एम.फिल, सीएफए, सर्टिफाइड इन्फॉर्मेशन सिक्युरिटी प्रोफेशनल, सीएआईआईबी और एफआरएम आईडीबीआई बैंक में अनुभव : 27 वर्ष	27 दिसंबर 94	59 वर्ष	भारतीय रिज़र्व बैंक

क्र. सं.	नाम	पदनाम	प्राप्त वार्षिक पारिश्रमिक (₹)	नियोजन की प्रकृति, यह संविदागत है अथवा अन्य प्रकार का है.	कर्मचारी की अर्हता और अनुभव	नियोजन शुरू करने की तारीख	ऐसे कर्मचारी की आयु	कंपनी में आने से पूर्व ऐसे कर्मचारी द्वारा धारित पिछला नियोजन
7	श्री माधव वसंत फड़के^	कार्यपालक निदेशक/ सलाहकार	5360444.29	पूर्णकालिक	बी.ए., एलएलएम, एमएलएल एंड एलडब्ल्यू – बैंकिंग में डिप्लोमा आईडीबीआई बैंक में अनुभव : 30 वर्ष	16 मई 91	60 वर्ष	महाराष्ट्र स्टेट फाइनेंसियल कॉर्पोरेशन
8	श्री अनिल कुमार आर. जैसवारा	मुख्य महाप्रबंधक	5238289.88	पूर्णकालिक	बी.कॉम. एवं सीएआईआईबी आईडीबीआई बैंक में अनुभव : 33 वर्ष	25 अगस्त 88	56 वर्ष	मै. मलहोत्रा ग्राफिक्स
9	श्री प्रदीप कुमार दास	कार्यपालक निदेशक	5223140.50	पूर्णकालिक	बीएससी एवं एमबीए (वित्त) आईडीबीआई बैंक में अनुभव : 21 वर्ष	23 जनवरी 01	60 वर्ष	सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया
10	श्री अजय शर्मा	कार्यपालक निदेशक	5213701.79	पूर्णकालिक	एमबीए, एम.कॉम., आईसीडब्ल्यूए (इंटर) और सीएआईआईबी आईडीबीआई बैंक में अनुभव: 34 वर्ष	02 नवंबर 87	59 वर्ष	पंजाब नेशनल बैंक

* - *बैंक में श्री सुरेश खटनहार के लिए उप प्रबंध निदेशक के रूप में वर्तमान पदनाम के प्रारंभ होने की तारीख 15 जनवरी 2020 है.*

\# - *श्री अशोक कुमार गौतम वित्तीय वर्ष 2021-22 के भाग के दौरान नियोजन में थे.*

^ - *श्री एम. वी. फडके वित्तीय वर्ष 2021–22 के भाग के लिए पूर्णकालिक रोजगार में थे और उसके बाद सलाहकार के रूप में सेवारत रहे.*

पारिश्रमिक में वेतन, भत्ते, आयकर नियमानुसार परिलब्धियां शामिल हैं, लेकिन पीएफ में नियोजक का अंशदान/ पेंशन, गैर-मौद्रिक परिलब्धि कर तथा उपचित सेवानिवृत्ति लाभ इसमें शामिल नहीं हैं.

उपर्युक्त सूची में प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए कर्मचारी शामिल नहीं हैं जिनके वेतन की प्रतिपूर्ति अन्य कंपनियों द्वारा की जाती है.

ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेशन, विदेशी मुद्रा का अर्जन तथा व्यय

(क) ऊर्जा संरक्षण

आपके बैंक ने ऊर्जा संरक्षण के लिए कई उपाय किए. उदाहरण के लिए बैंक ने मुंबई स्थित बैंक के प्रधान कार्यालय भवन सहित बैंक के अन्य कार्यालयों और बैंक आवासीय भवनों में ऊर्जा की खपत कम करने के लिए पारंपरिक बिजली के फिक्सचर के स्थान पर ऊर्जा दक्ष एलईडी लाइट फिक्सचर/ लैम्प/ ट्यूब लगाए. बैंक अपनी शाखाओं में नए साइनेज को पारंपरिक ऊर्जा की खपत वाले लाइट फिक्सचर के स्थान पर नई एलईडी रोशनी वाली लाइटों से सुसज्जित कर रहा है. आपका बैंक सभी नई अथवा नवीकृत शाखाओं के लिए पारंपरिक लाइटों के स्थान पर एलईडी रोशनी का प्रयोग कर रहा है. बैंक ने जवाहरलाल नेहरू बैंकिंग एवं वित्त संस्थान (जेएनआईबीएफ), हैदराबाद में निर्मित नए आवासीय भवनों में जल संचयन की सुविधा स्थापित की.

ख) प्रौद्योगिकी समावेशन

आपका बैंक उन प्रौद्योगिकी आधारित नवाचरों का अग्रसक्रिय रूप से मूल्यांकन और समावेशन करता रहा है जिनमें उसके व्यवसाय कार्यों को सशक्त बनाने, उसके ग्राहकों के अनुभव को समृद्ध करने और भविष्य के अवसरों और चुनौतियों के प्रति उसकी तैयारी को इष्टतम बनाने की क्षमता हो.

आपके बैंक द्वारा अपनाए गए कुछ उल्लेखनीय प्रौद्योगिकी संचालित सुधारों में बचत खाते खोलने के लिए ग्राहकों को डिजिटल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वीडियो केवाईसी खाता खोलने संबंधी प्रक्रिया (वीएओ) की क्षमताओं में वृद्धि और विभिन्न सेवाएँ प्रदान करने वाले वेंडरों के साथ साझा किए गए ग्राहक डेटा की सुरक्षा के लिए डिजिटल अधिकार प्रबंध (डीआरएम) समाधान कार्यान्वित करना शामिल है. आपके बैंक ने इसके अलावा उद्योग मानक प्रौद्योगिकियों के अनुरूप अपने आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ बनाया जिसमें सॉफ्टवेयर परिभाषित वाइड एरिया नेटवर्क (एसडी–डब्ल्यूएएन) शामिल है जो कार्यान्वयन के

उच्च चरण में है और डेटा सेंटर (डीसी) एवं डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट दोनों स्थानों पर नेक्स्ट जेनरेशन सिक्योरिटी ओपरेशंस सेंटर (एसओसी) स्थापित करने के लिए आधुनिक सुरक्षा प्रौद्योगिकी यथा–सिक्योरिटी ओर्केस्ट्रेशन, ऑटोमेशन एंड रेस्पोंस (एसओएआर), नेटवर्क बिहेवियर एनामली डिटेक्शन (एनबीएडी), पैकेट कैप्चर (पीसीएपी), यूजर एंड एंटिटी बिहेवियर एनालिटिक्स (यूईबीए) एवं थ्रेट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (टीआईपी) को भी कार्यान्वित कर रहा है. इसके अतिरिक्त आपका बैंक आईटी परिचालन प्रबंध के लिए उद्यम समाधान भी प्राप्त कर रहा है और एकीकृत संग्रहण एवं वसूली मॉड्यूल के कार्यान्वयन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है.

आपके बैंक ने नवीनतम हार्डवेयर के अनुरूप कोर बैंकिंग सर्वरों को समुन्नत किया जिससे कार्य निष्पादन और लचीलेपन में सुधार लाने में सहूलियत हुई है. आपके बैंक ने आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर संसाधनों के समयबद्ध प्रावधान के लिए व्यवसाय की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने हेतु समूचे प्राइवेट क्लाउड हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर को समुन्नत किया है. आपका बैंक अब नवीनतम एनालिटिक्स समाधान संचालित कर रहा है और नवीनतम स्टोरेज और सर्वर हार्डवेयर का प्रयोग करते हुए इसे स्थापित किया है और अत्याधुनिक एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस प्रबंध (एपीआईएम) माइक्रो–सर्विसेस प्लेटफॉर्म स्थापित करने के लिए आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रहा है. आपके बैंक ने महत्वपूर्ण आईटी प्रणालियों के लिए आवधिक रूप से आपदा रिकवरी (डीआर) ड्रिल संचालित किए जिससे कोविड–19 महामारी के दौरान भी बाधारहित उपलब्धता सुनिश्चित हुई है और आईटी सेवाओं के बाधित होने के जोखिम में कमी आई है.

डेटा की परिशुद्धता और संवर्धन के मोर्चे पर आपके बैंक ने सफलतापूर्वक ऑटोमेटेड डेटा फ्लो (एडीएफ़) एप्लिकेशन को कार्यान्वित किया और मानवीय हस्तक्षेपों को खत्म करते हुए आरबीआई विवरणियों के सृजन की प्रक्रिया को लगातार परिशुद्ध कर रहा है. आरबीआई ने विनियामक प्रस्तुतियों के लिए प्रणाली–से–प्रणाली दृष्टिकोण के जरिए बैंकों के डेटा को मिलाने हेतु एकल भंडार बनाने के उद्देश्य से एक परियोजना अर्थात् केंद्रीकृत सूचना प्रबंध प्रणाली (सीआईएमएस) प्रारंभ की है. आपके बैंक ने में आरबीआई द्वारा जारी की गई विवरणियों के लिए एडीएफ़ आउटपुट को एक्स्टेंसिबल बिजनेस रिपोर्टिंग लैंगुएज (एक्सबीआरएल) में रूपांतरित कर दिया. इसके साथ ही, आपके बैंक ने सुधारित ग्राहक वैलेट प्राप्त करने के उद्देश्य से डेटा एनालिटिक्स के लिए उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) भी स्थापित किया.

आपका बैंक उन्नत एनालिटिक्स इकोसिस्टम में मात्रात्मक और अभियोज्य इनपुटों को उपलब्ध कराने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों एवं प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करता रहा है और सांख्यिकीय / भविष्यसूचक मॉडलों एवं मशीन लर्निंग एल्गोरिदम को तैयार और कार्यान्वित करता रहा है. बैंक व्यापक विश्लेषण, ग्राहक प्रोफ़ाइल तैयार करने, भविष्य सूचक मॉडलिंग, पूर्वानुमान, प्रवृत्ति विश्लेषण, मार्केटिंग विश्लेषण एवं जोखिम एनालिटिक्स के लिए डेटा के विविध स्रोतों का इस्तेमाल कर रहा है और जटिल व्यावसायिक समस्याओं तथा मुद्दों सुलझाने के लिए व्यवसाय समाधानों की सिफ़ारिश कर रहा है.

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किए गए अन्य पहल कार्यों का ब्योरा वार्षिक रिपोर्ट के प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण खंड में दिया गया है.

ग) विदेशी मुद्रा विनिमय अर्जन एवं व्यय

वर्ष के दौरान, बैंक द्वारा अर्जित कुल विदेशी मुद्रा ₹96.53 करोड़ (डेरिवेटिव और विदेशी मुद्रा विनिमय लेनदेन में विदेशी मुद्रा नकदी प्रवाह को छोड़कर) थी और परिचालन और पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं के लिए कुल विदेशी मुद्रा व्यय ₹26.19 करोड़ था.

निदेशकों की जिम्मेदारी के संबंध में कथन

निदेशक मंडल एतदद्वारा घोषणा और पुष्टि करता है कि:

क. वार्षिक लेखों को तैयार करने में लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है. साथ ही तात्विक रूप से अनुसरण न किये गये मामलों में उचित स्पष्टीकरण दिया गया है;

ख. निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया है और उनका निरंतर प्रयोग किया है तथा ऐसे निर्णय लिए हैं एवं अनुमान लगाए हैं जो वित्तीय वर्ष के अंत में आपके बैंक की स्थिति और इसी अवधि में आपके बैंक के लाभ अथवा हानि की सही एवं उचित तस्वीर प्रस्तुत करने के लिए यथोचित तथा विवेकपूर्ण हैं;

ग. निदेशकों ने आपके बैंक की आस्तियों की सुरक्षा के लिए तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए इस कंपनी के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकार्डों के रख–रखाव के लिए उचित और पर्याप्त सावधानी बरती है;

घ. निदेशकों ने चालू समुत्थान के आधार पर वार्षिक लेखे तैयार किए हैं;

ङ. निदेशक मंडल ने बैंक द्वारा अनुसरण किए जाने के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किए हैं तथा कि ये आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से काम कर रहे हैं; और

च. निदेशक मंडल ने लागू सभी नियमों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियाँ तैयार की हैं तथा यह भी कि ये प्रणालियाँ पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से काम कर रही हैं.

आभार

आपके बैंक का निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), अन्य सभी सांविधिक/ विनियामक प्राधिकरणों तथा भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का उनके बहुमूल्य सहयोग और मार्गदर्शन के लिए हृदय से आभारी है. निदेशक मंडल विभिन्न राज्य सरकारों और अन्य बैंकों / वित्तीय संस्थाओं का भी उनके द्वारा दिये गये सहयोग और सहायता के लिए आभार मानता है. निदेशक मंडल विभिन्न बहुपक्षीय संस्थाओं और अंतर्राष्ट्रीय बैंकों/ संस्थाओं से मिले सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद देता है. निदेशक मंडल अपने सभी निष्ठावान शेयरधारकों और ग्राहकों का वर्ष के दौरान उनके द्वारा दिये गये सहयोग के लिए हृदय से आभार प्रकट करता है और भविष्य में भी उनसे सतत् सहयोग की अपेक्षा करता है. निदेशक मंडल अपने समस्त स्टाफ की निष्ठापूर्ण और समर्पित सेवाओं की सराहना करता है और बैंक के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का अत्यधिक सम्मान करता है.

[सुरेश खटनहार]
उप प्रबंध निदेशक

[सैम्युअल जोसेफ जेबराज]
उप प्रबंध निदेशक

[राकेश शर्मा]
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

स्थान : मुंबई
दिनांक: 02 मई 2022

Directors' Report

Your Bank's Board of Directors is pleased to present the Report on the Bank's business and operations for the financial year ended March 31, 2022.

The COVID-19 pandemic continued to afflict the lives of people across the world in the Financial Year (FY) 2021-22. Mutations of the coronavirus caused second and third waves in India which saw exponential surge in infection rates. However, these waves had a limited impact on the economy as compared to the first wave on account of largely localised restrictions which allowed for a semblance of normal operations by various sectors of the economy. Furthermore, proactive measures taken by the Government of India (GoI) and the Reserve Bank of India (RBI) shielded the vulnerable segments of the populace and businesses against the excesses of the economic impact of the pandemic. The policy support helped in steering the economy towards the path of recovery as is evidenced by a real Gross Domestic Product (GDP) growth of 8.7% in FY 2021-22 as compared to a contraction of 6.6% in FY 2020-21. Notwithstanding the impact of the resurgent waves of the pandemic, the banking sector continued to be resilient, aided by structural reforms taken by the Government of India (GoI) in the recent years as well as measures announced by the policymakers in the wake of the pandemic. Despite this, the continued uncertainty due to the pandemic and dented consumer & business sentiments weighed down the credit growth to some extent for a substantial part of the year. It is essential to view the financial performance of your Bank in the backdrop of these developments for a nuanced perspective.

FINANCIAL HIGHLIGHTS

As on March 31, 2022, your Bank's aggregate deposits and advances touched ₹ 2,33,134 crore and ₹ 1,45,772 crore, respectively. Your Bank's business highlights for the period under review are presented in Table 1.

Table 1: Key Financials

(₹ in crore)

	As on March 31, 2021	As on March 31, 2022
Capital	10,752	10,752
Reserves & Surplus	26,059	30,910
Deposits	2,30,852	2,33,134
Borrowings	15,908	14,345
Other Liabilities & Provisions	14,193	12,278
Total Liabilities	**2,97,764**	**3,01,419**
Cash & Balances with RBI	13,013	13,593
Balances with Banks & Money at Call & Short Notice	22,209	13,117
Investments	81,023	82,988
Advances	1,28,150	1,45,772
Fixed & Other Assets	53,369	45,949
Total Assets	**2,97,764**	**3,01,419**
For the period	**2020-21**	**2021-22**
Total Income	24,497	22,985
Total Expenses (other than provisions)	17,462	15,490
Provisions (other than tax)	4,666	3,887
Profit/ (Loss) Before Tax	2,369	3,608
Provision for Tax	1,009	1,169
Profit/ (Loss) After Tax	1,359	2,439

During the year under review, your Bank's total income amounted to ₹ 22,985 crore, comprising interest income of ₹ 18,295 crore and other income of ₹ 4,690 crore. Interest expenses stood at ₹ 9,133 crore and operational expenses at ₹ 6,357 crore, accounting for total expenditure (excluding provisions and contingencies) of ₹ 15,490 crore.

Total provisioning of your Bank decreased for the year due to lower provisioning towards standard assets in the year under review which was offset by increase in provisioning for Non-Performing Assets (NPAs) due to lower reversal of provisions in comparison with previous year. The provisions include ₹ 3,252 crore towards provision for NPAs, bad debts written-off and investments. The increase in Net Interest Income (NII), other income and reduction in provisions enabled the Bank to earn a net profit of ₹ 2,439 crore during FY 2021-22.

While the Earnings per Share (EPS) during the year were ₹ 2.27, the Book Value per Share (excluding intangible assets and Deferred Tax Asset (DTA)) stood at ₹ 18.35 as at end-March 2022. The Board of your Bank has not recommended any dividend for FY 2021-22.

REPORT ON THE PERFORMANCE AND FINANCIAL POSITION OF SUBSIDIARIES & JOINT VENTURE INCLUDED IN THE CONSOLIDATED FINANCIAL STATEMENT AS ON MARCH 31, 2022

Name of the Entity	Net Assets i.e. total assets minus total liabilities		Share in profit or loss	
	As % of Consolidated Net Assets	Amount (In ₹ crore)	As % of Consolidated Profit or Loss	Amount (In ₹ crore)
Parent : IDBI Bank Ltd.	97.57%	41,661.98	96.27%	2,439.27
Subsidiaries				
Indian :				
1. IDBI Capital Markets & Securities Ltd.	0.77%	329.51	0.66%	16.75
2. IDBI Intech Ltd.	0.24%	103.90	0.67%	16.95
3. IDBI Asset Management Ltd.	0.29%	121.82	0.33%	8.45
4. IDBI MF Trustee Co. Ltd.	0.00%	1.69	0.00%	0.08
5. IDBI Trusteeship Services Ltd.	0.66%	282.97	2.04%	51.66
Foreign :	NA	NA	NA	NA
Minority Interest in all Subsidiaries	0.30%	128.19	0.92%	23.40
Associates (Investment as per the equity method)#				
Indian				
1. Biotech Consortium India Ltd.	NA	NA	-	-
2. National Securities Depository Ltd.	NA	NA	1.55%	39.33
3. North Eastern Development Finance Corporation Ltd.	NA	NA	-	-
4. Pondicherry Industrial Promotion Development & Investment Corporation Ltd. (PIPDICL)	NA	NA	NA	NA
Foreign :	NA	NA	NA	NA
Joint Ventures (as per proportionate consolidation/ investment as per the equity method)				
Indian				
1. Ageas Federal Life Insurance Company Ltd.	0.60%	257.24	0.93%	23.58
Foreign	NA	NA	NA	NA
Total	**100.44%**	**42,887.30**	**101.54%**	**2,572.68**
Elimination	-0.44%	-187.41	-1.54%	-39.01
Net Total	**100.00%**	**42,699.89**	**100.00%**	**2,533.67**

Note: None of the above subsidiaries have any subsidiary.

 # - The financials of three associates, viz. North Eastern Development Finance Corporation Ltd. (25%), Biotech Consortium India Ltd. (27.93%) and Pondicherry Industrial Promotion Development and Investment Corporation Ltd. (21.14%) are not considered for consolidation on account of non-receipt of Financial Statements for FY 2021-22 and in case of one Associate, National Securities Depository Ltd. (26.10%), the financials has been taken up to December 2021, impact of which on Consolidated Financial Statements is not material. In case of the Associate, Pondicherry Industrial Promotion Development and Investment Corporation Ltd., the investment in the said company has been written down to ₹ 1.

MATERIAL CHANGES AND COMMITMENTS, IF ANY, AFFECTING FINANCIAL POSITION OF IDBI BANK WHICH HAVE OCCURRED DURING THE END OF FINANCIAL YEAR AND THE DATE OF BOARD REPORT

There were no material changes and commitments affecting the financial position of the Bank, which occurred between the end of the financial year, i.e. March 31, 2022 and the date of the Directors' Report.

THE DETAILS IN RESPECT OF ADEQUACY OF INTERNAL FINANCIAL CONTROLS WITH REFERENCE TO THE FINANCIAL STATEMENTS

According to Section 143(3)(i) of the Companies Act 2013, the report of the Statutory Auditors should state whether the Bank has adequate Internal Financial Controls (IFCs) system in place and what is the operating effectiveness of such controls in the context of the financial statements. The IFCs, as referred to in Section 143(3) (i) of the Companies Act, relate to Internal Financial Controls Over Financial Reporting (IFCO-FR). The Bank's Management is responsible for establishing and maintaining internal financial controls based on the internal control over financial reporting criteria established by it, considering the essential components of internal control stated in the Guidance Note on Audit of IFCO-FR issued by the Institute of Chartered Accountants of India (ICAI). These responsibilities include the design, implementation and maintenance of adequate internal financial controls that were operating effectively for ensuring the orderly and efficient conduct of its business, including adherence to the Bank's policies, safeguarding of its assets, prevention and detection of frauds and errors, accuracy and completeness of the accounting records, and timely preparation of reliable financial information, as required under the Companies Act, 2013, the Banking Regulation Act, 1949 and the guidelines issued by the RBI. Your Bank has put in place an IFCO-FR Framework for evaluation of the existing internal financial controls system and appointed a Consultant for validating the compliances with respect to the documentation, certification, reporting process of the controls across all business verticals/ departments and ascertaining the adequacy and effectiveness of the controls in the Bank in all material respects with respect to financial reporting. During FY 2021-22, the Consultant has submitted the Internal Compliance Certificate for all the quarters of FY 2021-22 after carrying out the testing and validation of all the underlying processes as per the Bank's IFCO-FR framework. The Consultant reviewed the compliance of all the 591 Risk Control Matrices as on March 31, 2022 and reported four open issues for further compliance. The departments concerned are working closely for addressing these open issues.

DETAILS OF SIGNIFICANT CHANGES (I.E. CHANGE OF 25% OR MORE AS COMPARED TO THE IMMEDIATE PREVIOUS FINANCIAL YEAR) IN KEY FINANCIAL RATIOS, ALONG WITH A DETAILED EXPLANATION THEREOF, INCLUDING:

Particulars	2020-21	2021-22	Comments
Return on Assets	0.46%	0.84%	Net profit for FY 2021-22 is ₹ 2,439 crore as compared to net profit of ₹ 1,359 crore in FY 2020-21
Return on Equity (excluding intangibles)	10.06%	13.60%	Net profit for FY 2021-22 is ₹ 2,439 crore as compared to net profit of ₹ 1,359 crore in FY 2020-21.
Debt Equity Ratio (excluding intangibles)	1.00%	0.73%	Borrowings made in India and outside India have significantly decreased by ₹ 1,563 crore and improvement in net worth by ₹ 3,778 crore
Net NPA ratio	1.97%	1.27%	Net NPA has decreased by ₹ 663 crore.

CAPITAL ADEQUACY

In adherence to the Pillar 1 guidelines of the RBI under Basel III framework, your Bank computes regulatory capital requirement for credit, market and operational risks on a quarterly basis. As per the Basel guidelines, banks in India are mandated to maintain the Capital Conservation Buffer (CCB) in a phased manner commencing from March 31, 2016.

In line with RBI's notification dated February 5, 2021, your Bank has implemented the last tranche of Capital Conservation Buffer (CCB) with effect from October 1, 2021. Accordingly, the minimum regulatory requirement of *'Total Capital + CCB'* was 11.50% as on March 31, 2022. Your Bank's *'Total Capital + CCB'* ratio was 19.06% as on March 31, 2022. Similarly, your Bank's *'Common Equity Tier 1 (CET1) + CCB'* ratio was 16.68% as against the regulatory requirement of 8.00%. Your Bank's *'Tier 1 + CCB'* ratio stood at 16.68% as on March 31, 2022 as against the regulatory requirement of 9.50%. Your Bank's Leverage Ratio as on March 31, 2022 was 7.42% against the minimum regulatory requirement of 3.50%.

BUSINESS STRATEGY

The second wave of the pandemic in India, which peaked during the months of April 2021 and May 2021, saw lakhs of citizens in the country being affected by the coronavirus. In order to curb the spread of the virus, various State Governments re-imposed restrictions at localised levels, which permitted several economic activities to continue as usual, albeit at a smaller/ contained scale, in adherence with

COVID-19 protocols. The policymakers also continued to extend targeted policy support to the vulnerable sections of the society to minimise the economic impact of the pandemic on the lives and livelihoods of individuals.

Against this backdrop, your Bank continued to remain committed towards its core objective of ensuring customer delight by serving its customers with a bouquet of products and services for meeting their banking and financial requirements. Considering the pandemic-led restriction on physical movement, various business enablers were put in place by the Bank to extend uninterrupted and seamless banking services to its customers, thereby enhancing its operational resilience. Equipped with the experience gained during the initial phase of the pandemic, the Bank was able to adopt a more targeted approach by fine-tuning its product and services to align with the emerging expectations and preferences of its customers and to ensure a holistic banking experience. Thus, it is evident that the measures initiated by the Bank in the previous financial year to navigate through an environment disrupted by the outbreak of the pandemic gained further traction in FY 2021-22.

Apart from displaying operational flexibility, the Bank also exhibited tangible improvements in its business and financial performance. The FY 2021-22 started on a strong footing with the Bank further consolidating its position aided by robust fundamentals as also improvement in its business prospects upon the removal of restrictions placed on it with the Bank's exit from the RBI's Prompt Corrective Action (PCA) framework in March 2021. The strategic imperatives pursued by the Bank within the broad contour of the overall business strategy paved the way for a broad-based turnaround in its performance during the year. In consonance with its overarching agenda of positioning itself as a retail-oriented bank, the Bank augmented the share of loans to retail and small & medium-sized enterprises in its total asset book. At the same time, the Bank also pursued growth in the corporate credit book, especially in the mid-size units, in a risk-calibrated manner. Towards this end, the Bank exercised caution while augmenting the asset portfolio (both retail and corporate) by taking into consideration the associated risk parameters. On the liability side, your Bank continued to boost the share of its low-cost deposit base, i.e. CASA deposits and retail term deposits to the total deposits while strategically lowering the reliance on bulk term deposits. The strategic imperatives adopted by the Bank on the asset and liability front aided in reduction in the key cost parameters, viz. cost of funds and cost of deposits. In addition to this, the Bank continued to realise the full potential of the business synergies arising from its association with the Life Insurance Corporation of India (LIC), which aided in further improving its income. The measures to augment its income were aptly supported by cost rationalisation measures to strengthen its bottom-line.

Taking cognisance of the importance of asset quality in ensuring a stable and profitable growth path, your Bank continued to emphasise on improving its asset quality with special focus on maximising recovery and up-gradation efforts of its delinquent asset portfolio through legal and regulatory routes in a bid to resolve the existing stress in its asset book. Dedicated teams set up for both corporate and retail portfolio accelerated the overall recovery process. In order to closely monitor the onset of stress in the portfolio and also prevent further slippages in its asset quality, the Bank also undertook proactive measures to strengthen its credit monitoring mechanism. These measures initiated by the Bank aided in reducing incipient stress, limiting slippages and enhancing its credit quality.

Your Bank also undertook measures to further strengthen its Risk Management and Corporate Governance framework. Furthermore, your Bank also continued to promote a strong compliance culture by promoting and ensuring meticulous adherence to key laws, rules, regulations, internal policies and procedures and various codes of conduct, to maintain its reputation and win the trust of customers, investors and regulators.

These strategic measures were supplemented by a number of structural and systemic improvements, such as organisation restructuring, investment in technological up-gradation, augmenting data analytics prowess, further digitalisation of both internal as also customer-facing processes, introduction of innovative products & services, numerous employee-friendly initiatives, etc. The cohesive measures taken by your Bank paved the way for a holistic turnaround of the Bank in FY 2021-22.

KEY BUSINESS INITIATIVES

Customer centricity is at the core of your Bank's business strategy. Your Bank, through its physical touch-points of 1,886 branches, 3,403 ATMs and 58 e-lounges, offers a wide range of banking products and services to cater to the emerging financial and investment requirements of its diverse customer base. Apart from fine-tuning its existing bouquet of products and services, your Bank also introduced a number of innovative banking solutions in line with the changing business landscape and evolving customer preferences. Your Bank further leveraged the increased digital adoption by the customers by broad-basing its digital offerings and contactless solutions. Furthermore, your Bank also automated and digitised its processes to ensure seamless banking services and enhanced ease of banking, thereby offering a holistic customer experience. In alignment with the changing business landscape, your Bank proactively strengthened and revamped its digital infrastructure and capabilities for smooth, convenient, safe and secure *'Anytime, Anywhere'* banking experience for its customers. Your Bank also established a forward looking approach towards cyber security to reinforce its vision of being the preferred and trusted bank for all its stakeholders.

Your Bank continued to target a progressively larger retail business portfolio in alignment with its overall business strategy of positioning itself as a retail-focussed bank by offering a wide range of retail-centric products such as Housing Loans, Loan against Property, Personal Loans, Education Loans, Auto Loans, Loan against Securities, MSME Loans, Agri Loans, Gold Loans, among others. In order to ensure a faster turn-around time, your Bank processes these loans on an Automated Loan Processing System. Furthermore, the Bank also embarked on several IT initiatives for ensuring better customer experiences.

Your Bank continued to contribute significantly towards Priority Sector Lending (PSL) as mandated by the RBI by focussing on lending to Micro Enterprises, Direct Agri Non-Corporate (DANC) and Small & Marginal Farmers (SFMF). Your Bank also leveraged its Business Correspondent (BC)/ Business Facilitator (BF) channel to expand its reach, especially in the rural and semi-urban areas. Your Bank also entered into co-lending agreements to ramp up its Priority Sector Lending (PSL) portfolio. Your Bank is taking concerted efforts to further the objective of financial inclusion by ensuring convenient access to appropriate financial products & services to the vulnerable and financially excluded sections of the society at affordable cost in a fair and transparent manner. Your Bank has been making extensive use of technology and promoting financial literacy to ensure inclusive growth. Your Bank has been also extending loans under various social security schemes and initiatives of the Government of India.

(बीएफ) (एनआईबीसी) के माध्यम से व्यवसाय की सोर्सिंग को केंद्रीकृत करने सहित कई आंतरिक व्यापार प्रक्रियाओं को नया रूप दिया, पूरी तरह से स्वचालित ऋण प्रसंस्करण प्रणाली (एलपीएस) अर्थात् आई–अमृत को लागू किया, व्यापार प्राप्य छूट प्रणाली (टीआरईडीएस) प्लेटफॉर्म और सह–उधार व्यवस्था के माध्यम से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम उद्यमों (एमएसएमई) से वृद्धिशील व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए बैंक के प्रधान कार्यालय में एक समर्पित सेल बनाया गया और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) खंड के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए सरकार की ई–मार्केटप्लेस (जीईएम) सहाय पोर्टल पर पंजीकृत किया गया. ये उपाय आपके बैंक के टर्न–अराउंड टाइम (टीएटी) को बेहतर बनाने में मदद करेंगे और इसके पीएसएल व्यवसाय को गति प्रदान करेंगे.

कॉरपोरेट बैंकिंग

आपके बैंक के कॉरपोरेट बैंकिंग खंड में मध्यम कॉर्पोरेट समूह (एमसीजी) और बृहत कॉर्पोरेट समूह (एलसीजी) शामिल है. बैंक का मध्यम कॉर्पोरेट समूह (एमसीजी) वर्टिकल, भारत भर में अपनी 20 शाखाओं और पाँच सेवा डेस्क के माध्यम से, मध्यम आकार के कॉरपोरेट्स की आवश्यकताओं को पूरा करता है. आपके बैंक का बृहत कॉर्पोरेट समूह (एलसीजी), सात अलग–अलग स्थानों में स्थित अपने कार्यालयों के माध्यम से अपने बड़े कॉरपोरेट्स/ कॉर्पोरेट ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करता है. वर्ष के दौरान, बैंक ने कॉर्पोरेट बैंकिंग डेटा प्रबंधन (सीबीडीएम) को लागू किया है जो इसकी चुनिंदा कॉर्पोरेट शाखाओं द्वारा विभिन्न विवरणों को स्वचालित रूप से प्रस्तुत करने की सुविधा प्रदान करता है.

आपका बैंक पूरे उद्योग में औषधीय उत्पाद, तेजी से बढ़ रहे उपभोक्ता सामान (एफ़एमसीजी), ऑटो पार्ट और इसके अनुषंगी, ऑटोमोबाइल, खाद्य प्रोसेसिंग, चीनी, सेरामिक्स, रासायनिक द्रव्य, निर्माण-कार्य, टेक्सटाइल, इस्पात, प्लास्टिक, दूर संचार, सीमेंट, चमड़ा उत्पाद, कागज और कागज उत्पाद, रबर, धातु, पर्यटन, आतिथ्य, शिक्षा, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफ़सी), खान एवं खदान, इंजीनीयरिंग, विद्युत संबंधी मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक एवं विद्युत उपकरण, विद्युत शक्ति, तेल और गैस, कृषि एवं उससे संबंधित सेवाएं, परिवहन, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और उससे संबंधित कार्यकलाप, आईटी सेवाएं एवं प्रौद्योगिकी, ऊर्जा उत्पादन एवं वितरण, आदि सहित विनिर्माताओं, व्यापारियों तथा वेंडरों के लिए उत्पाद और सेवाओं की पूरी श्रृंखला प्रदान करता है.

कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए आपके बैंक के उत्पाद श्रृंखला में परियोजनाओं और गैर–परियोजनाओं दोनों के लिए सावधि ऋण, कार्यशील पूंजी (निधि आधारित और गैर–निधि आधारित दोनों), निर्यातकों को पैकिंग तथा पोस्ट–शिपमेंट क्रेडिट, बिल छूट, इंट्रा–डे की सीमा आदि शामिल हैं. वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने अपने कॉर्पोरेट ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादों की श्रृंखला भी पेश की है, जिनमें अल्पकालिक ऋण-गैर–प्रतिबद्ध लाइन, प्राप्य खरीद, बाहरी बेंचमार्क से जुड़ा सावधि ऋण, बाहरी बेंचमार्क से जुड़ा बिल डिस्काउंटिंग आदि शामिल हैं.

कॉर्पोरेट बैंकिंग की सीमा के भीतर चैनल वित्तपोषण और कॉर्पोरेट के डीलर/ वेंडर के लिए वेंडर वित्तपोषण, साथ ही ग्राहकों को आगे उधार देने के लिए गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को प्राथमिकता–प्राप्त क्षेत्र ऋण (पीएसएल) खंड से ऋण देना जैसे उत्पादों को ऑफर कर आपका बैंक प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र पर भी उचित बल देता है. आपके बैंक की कॉर्पोरेट टीम उपयुक्त उत्पादों को विकसित करने और उपयुक्त समाधान प्रस्तुत करने के लिए रिटेल बैंकिंग, लेनदेन बैंकिंग, ट्रेजरी, आदि जैसे अन्य विशेषीकृत टीमों के साथ मिल कर ध्यानपूर्वक कार्य करती है ताकि कॉर्पोरेट ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके.

अपनी समग्र रणनीति के अनुरूप, आपका बैंक अपने कॉर्पोरेट ऋण बही में संवृद्धि के संबंध में चयनशील रहा है ताकि कैपिटल लाइट मॉडेल पर जोर दिया जा सके और साथ ही अपने कारोबार पोर्टफोलियो संमिश्र में जोखिम को कम किया जा सके. इसके लिए आपका बैंक बेहतर मूल्यांकित कॉर्पोरेट खातों के अधिग्रहण पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है. इसी प्रकार बैंक निधि आधारित और गैर-निधि आधारित सीमाओं के उपयोग और प्रति बिक्रय में सुधार पर ध्यान केन्द्रित कर ब्याज और शुल्क आय संवृद्धि पर ध्यान देता है. बैंक दबावग्रस्त और अनर्जक आस्तियों (एनपीए) के मामलों को अपग्रेड करने/ समाधान को समय पर कार्यान्वित करने का प्रयास भी कर रहा है ताकि मानक अग्रिम बही में संवर्धन के साथ–साथ प्रावधान के रिवर्सल, यदि कोई हो, का लाभ उठाया जा सके.

वर्ष के दौरान, बैंकिंग क्षेत्र में अतिरिक्त तरलता की स्थिति और बाजार में कम ब्याज दरों ने अच्छी रेटिंग वाली कंपनियों को बाजार से संबंधित उपकरणों जैसे वाणिज्यिक पत्रों (सीपी) और गैर–परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) की ओर अपने उधार को स्थानांतरित करने के लिए प्रेरित किया है. आपके बैंक ने एनसीडी और सीपी में निवेश करके अपने अच्छी रेटिंग वाले ग्राहकों को वित्तीय सहायता प्रदान की, जिससे वर्ष के दौरान इसकी निवेश बही में वृद्धि हुई.

आस्ति गुणवत्ता

आपके बैंक ने नई अनर्जक आस्तियों (एनपीए) की रोकथाम पर और मौजूदा ह्रासित आस्तियों से अधिकतम वसूली पर ज़ोर देना जारी रखा. मार्च 2022 के अंत में आपके बैंक की सकल आस्तियों में 80.86%अर्जक आस्तियां और 19.14% अनर्जक आस्तियां थीं. बैंक द्वारा किए गए केंद्रित प्रयासों से वित्तीय वर्ष 2020-2021 के 1.97% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2021-2022 में नए एनपीए को कम करने में मदद मिली है और यह केवल 1.27% रहीं.

वर्ष के दौरान ह्रासित आस्तियों से वसूली और अनर्जक आस्तियों के अर्जक आस्तियों के रूप में अपग्रेड ₹5,074 करोड़ की रही जिससे 31 मार्च 2022 तक बैंक को अंतिम स्तर पर एनपीए को ₹34,115 करोड़ तक कम करने में सहूलियत हुई.

मौजूदा विनियामकीय दिशानिर्देशों के अनुसार पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं. इसके अलावा, विवेकपूर्ण दृष्टिकोण के रूप में आपके बैंक ने प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) को 31 मार्च 2021 के 96.90% से बढ़ाकर 31 मार्च 2022 को 97.63% कर दिया है.

आपके बैंक के पास खाता विशेष आधारित समाधान रणनीतियों और कॉरपोरेट एनपीए की गहन निगरानी के लिए संकेंद्रित और आक्रामक दृष्टिकोण अपनाने हेतु समर्पित वर्टिकल अर्थात् एनपीए प्रबंधन समूह (एनएमजी) है.

आपके बैंक ने कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के अधीन आने वाले मामलों के लिए समर्पित केंद्रित डेस्क की स्थापना की है. यह समर्पित टीम विभिन्न टीमों के फील्ड से जुड़े तथा विभिन्न जटिलताओं का सामना करने में आए अनुभवों को अंगीकार करने और उन्हें साझा करने में सक्रिय भूमिका निभाती रही है जिससे बैंक इन सीआईआरपी मामलों को सफलतापूर्वक संभालने में सक्षम हुआ है. यथा 31 मार्च 2022 को कुल मिला कर ₹47,334 करोड़ (अनर्जक आस्तियों/ तकनीकी रूप से बट्टे खाते में डाली गई (टीडब्ल्यूओ) आस्तियों सहित) मूलधन बकायों के साथ कुल 280 मामले दिवाला एवं शोधन अक्षमता कोड (आईबीसी), 2016 के अधीन सीआईआरपी के अंतर्गत थे. आपका बैंक इनमें से अधिकांश मामलों को निपटाने में सफल रहा और वर्ष 2021-22 के दौरान कुल ₹563 करोड़ की वसूली की गई. इसके अतिरिक्त, कुछ अन्य मामलों के 2022-23 में समाधान होने की संभावना है.

आपके बैंक के पास एक *'एकमुश्त निपटान (ओटीएस) प्रबंधन प्रणाली'* उपलब्ध है जो बैंक की वेबसाइट के माध्यम से वसूली की निगरानी करने सहित ओटीएस प्रस्ताव की प्रोसेसिंग को शुरू से अंत तक सक्षम बनाने के साथ ही ओटीएस आवेदनों की प्रस्तुति को सुविधाजनक बनाती है.

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने ₹542 करोड़ की सकल मूल बकाया राशि (जीपीओ) वाले तीन खातों (एक एनपीए खाता और दो तकनीकी रूप से बट्टे खाते) को ₹293 करोड़ के प्रतिफल हेतु वसूली के लिए आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी) को सम्पूर्ण नकदी आधार पर अंतरित किए. इन ₹293 करोड़ की वसूली में से आपके बैंक को ₹25 करोड़ एनपीए खातों में और शेष ₹268 करोड़ तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गए खातों में प्राप्त हुए. वर्ष के दौरान बट्टे खाते से कुल ₹846 करोड़ की वसूली की गई.

आपका बैंक लागू कानूनों के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्रचना एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2022 के अधीन प्रवर्तन कार्रवाई भी करता रहा है. बैंक ऋण वसूली न्यायाधिकरणों (डीआरटी)/ न्यायालयों के साथ भी निरंतर फॉलो-अप करता रहा है और डीआरटी संबंधी कार्य के लिए एनएमजी/ विधि/ रिटेल वसूली टीम से समर्पित नोडल अधिकारियों को चिन्हित किया है ताकि वसूली प्रमाणपत्र/ डिक्री प्राप्त करने और उन्हें निष्पादित करने में होने वाले विलंब को न्यूनतम किया जा सके.

आपके बैंक ने 319 मामलों का वर्गीकरण इरादतन चूककर्ता के रूप में किया है तथा ऐसे उधारकर्ताओं/ प्रवर्तकों/ निदेशकों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई शुरु की है और यथा 31 मार्च 2022 को बैंक ने नौ मामलों को असहयोगी उधारकर्ताओं के रूप में घोषित किया है.

रिटेल वसूली

वित्तीय वर्ष 2020–21 में समर्पित रिटेल वसूली वर्टिकल की स्थापना के बाद, आपके बैंक ने अधिकतम उधारकर्ताओं, विशेष रूप से छोटे मूल्य के अनर्जक खातों (एनपीए) के उधारकर्ताओं तक पहुंचने के लिए संग्रह एवं वसूली एजेंसियों की सेवाओं लेने और अधिकतम वसूली करने पर ज़ोर दिया है. देश में महामारी से संबंधित प्रतिबंधों को वापस लिए जाने के बाद, बैंक आक्रामक तरीके से वाद दाखिल करने सहित सभी प्रकार की रिटेल वसूली कार्रवाइयां शुरु करता रहा है.

आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2020–21 में गैर–पक्षपातपूर्ण और गैर–विवेकपूर्ण एकमुश्त निपटान (ओटीएस) योजना सरल कर्ज भुगतान योजना–II (एसकेबीवाई–II) शुरू की. 1 दिसंबर 2020 को शुरू हुई और 30 सितम्बर 2021 को समाप्त हुई इस योजना के अंतर्गत, आपके बैंक ने ₹264 करोड़ (कॉरपोरेट मामलों सहित ₹330 करोड़) की नकद वसूली की, जिससे समग्र रूप से ₹537 करोड़ (कॉरपोरेट मामलों सहित ₹674 करोड़) तक के रिटेल एनपीए स्तर को कम करने में सहायता मिली है. 1 अक्तूबर 2021 को छोटे मूल्य वाली अनर्जक आस्तियों (एनपीए)/ तकनीकी रूप से बट्टे (टीडब्ल्यूओ) खातों के समाधान के लिए ₹0.20 करोड़ तक के सकल मूल बकाया राशि (जीपीओ) सहित रिटेल और कॉरपोरेट अनर्जक आस्तियों (एनपीए)/ तकनीकी रूप से बट्टे (टीडब्ल्यूओ) खातों के लिए एक अन्य विशेष ओटीएस योजना अर्थात् सरल कर्ज भुगतान योजना–III (एसकेबीवाई–III) शुरू की गई. यह योजना 31 मई 2022 को बंद हो जाएगी. इस योजना के अंतर्गत ₹155 करोड़ के जीपीओ के लिए 14,421 उधारकर्ताओं ने अपनी स्वीकृति दी थी और 31 मार्च 2022 तक ₹89 करोड़ की नगदी वसूली की गई है. एसकेबीवाई के अलावा, आपके बैंक ने तीन ओटीएस अभियान शुरू किए हैं, जिनमें वसूली प्रक्रिया में लगे फील्ड कर्मियों को प्रेरित करने के लिए परफॉर्मर की मान्यता की परिकल्पना की गई है. आपके बैंक ने जुलाई 2021 से मार्च 2022 की अवधि में एक सामान्य तारीख को अखिल भारतीय आधार पर संपत्तियों की बिक्री के लिए तीन महा ई–नीलामी भी आयोजित की. बैंक ने 11 सितम्बर 2021, 11 दिसंबर 2021 और 12 मार्च 2022 को आयोजित पिछली तीन लोक अदालतों में भी सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसमें बैंक द्वारा 30,129 मामलों को संदर्भित किया गया और ₹19.82 करोड़ की राशि का निपटान किया गया.

बैंक ने रिटेल मामलों में वसूली प्रक्रिया का डिजिटलीकरण करने के लिए अर्थात् ऋण वापसी नोटिस निर्गमन, सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2)/13(4) के अंतर्गत नोटिस जारी करने के लिए मॉड्यूल शुरू किया है. इसके अतिरिक्त, मॉड्यूल में वाद दाखिल करने की प्रक्रिया को सक्षम करने के लिए सुधार लाने का कार्य भी कार्यान्वित किया जा रहा है.

वसूली और संग्रहण तंत्र को सुव्यवस्थित और बेहतर बनाने के लिए वसूली प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए, बैंक संपूर्ण समाधान प्रदान करने अर्थात् एकीकृत संग्रह और वसूली मॉड्यूल (आईसीएनआरएम) हेतु वेंडर की सेवाएं लेने की प्रक्रिया में है. यह मॉड्यूल अपने प्रारंभ से ही बैंक को बहुत प्रभावी ढंग से रिटेल पोर्टफोलियो में संग्रहण और वसूली दोनों टीमों को प्रारंभिक तनाव से निपटने, वसूली की ट्रैकिंग, समय पर वसूली और कानूनी कार्रवाईयों की निगरानी, सेवा प्रदाताओं अर्थात् वसूली एजेंसियों, प्रवर्तन एजेंसियों, अधिवक्ताओं आदि के कार्य निष्पादन की समीक्षा करने के लिए महत्वपूर्ण पूरक दृढ़ता और क्षमता का लाभ उठाने में सहायता करेगा. बैंक द्वारा एक वेंडर को सूचीबद्ध किया गया है और पूर्ण प्रणाली को 30 सितम्बर 2022 तक कार्यान्वित करने का प्रस्ताव है.

रिटेल संग्रहण

आपके बैंक ने शुरुआती दबाव और गिरावटों पर नियंत्रण रखने तथा रिटेल ऋण खातों से संग्रह प्रयासों में तेजी लाने के लिए फरवरी 2021 में रिटेल संग्रह वर्टिकल स्थापित किया है. रिटेल संग्रह गतिविधि में पूर्व–विशेष उल्लेख वाले खातों (एसएमए), उच्च जोखिम खातों, विशेष उल्लेख खातों (एसएमए) और संभावित/ चिन्हित पहली बार अनर्जक आस्तियों (एफटीएनपीए) को कम करना शामिल है. उक्त खातों को उत्पाद विशिष्ट लॉट में विभाजित किया जाता है जैसे संरचित रिटेल आस्ति (एसआरए) (आवास ऋण (एचएल)/ संपत्ति पर ऋण (एलएपी)/ ऑटो ऋण (एएल)/ शिक्षा ऋण (ईएल)/ वैयक्तिक ऋण (पीएल) आदि) और गैर–संरचित रिटेल आस्ति (एसआरए) (गोल्ड लोन)/ किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी)/ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई)/ कृषि आदि). संग्रह गतिविधियां रिटेल संग्रह वर्टिकल द्वारा बैंक के विभिन्न अंचल/ क्षेत्रों में तैनात संग्रह अधिकारियों की एक टीम की सहायता से संचालित की जाती हैं और इन्हें कॉल सेंटर, संग्रह एजेंसियों, कारोबार प्रतिनिधियों (बीसी)/ कारोबारी सुलभकर्ताओं (बीएफ) और शाखा केन्द्रित उत्पादों के लिए शाखा/ रिटेल आस्ति केंद्र (आरएसी) द्वारा सहायता प्रदान की जाती है. रिटेल संग्रह वर्टिकल बैंक के कॉल सेंटर और संग्रहण एजेंसियों का व्यापक स्तर पर उपयोग कर रहा है इससे संग्रहण के संबंध में उच्च समाधान दर प्राप्त करने की संभावना है. भविष्यसूचक मॉडलों से प्रकट होने वाले अधिक जोखिम वाले खाते रिटेल आस्ति केन्द्रों (आरएसी)/ शाखाओं द्वारा विशेष उल्लेख खातों (एसएमए) के अंतर्वाहों को कम करने के लिए तथा वर्टिकल द्वारा संक्रेंद्रित संग्रहण के लिए और फील्ड अधिकारियों द्वारा उपचारात्मक उपायों को शुरू करने के लिए उपयोग में लाये जा रहे हैं. बैंक द्वारा पेश किए जाने वाले उत्पादों की संख्या, भौगोलिक प्रसार और विस्तृत शृंखला के लिए रिटेल संग्रहण गतिविधि को सूचीबद्ध संग्रहण एजेंसियों के माध्यम से प्रबंधित करने की आवश्यकता है जो रिटेल क्षेत्र में विशिष्ट उत्पादों को संभालने की जानकारी से लैस होते हैं. आउटसोर्सिंग बैंक को उच्च मात्रा को संभालने और किफायत का लाभ प्राप्त करने के साथ–साथ एजेंसी की विशेषज्ञता का विवेकपूर्ण उपयोग करने की अनुमति देती है.

संग्रहण व्यवस्थाओं से संबंधित अपनी क्षमताओं में वृद्धि करने के प्रयासों में आगे और वृद्धि करने के लिए आपका बैंक संग्रहण से संबंधित गतिविधियों के डिजिटलीकरण की प्रक्रिया में है. एक एकीकृत डिजिटल संग्रहण मॉड्यूल भी विकसित किया जा रहा है जो बैंक को दबाव की पहचान करने में सहायता करेगा तथा संसाधनों (आंतरिक /बाह्य एजेंसियों) को प्रभावी रूप से नियोजित करेगा. अंकीकृत प्रक्रियाओं का उद्देश्य सुविधाजनक ऑनलाइन संग्रहण और चूककर्ता उधारकर्ताओं से बकाया राशियों की सुविधाजनक वसूली के लिए प्लैटफ़ार्म प्रदान करना और बैंक में एक पूर्ण और निर्बाध प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) प्रदान करना भी है.

ऋण निगरानी समूह

आपके बैंक ने मई 2017 में एक ऋण निगरानी समूह (सीएमजी) की स्थापना की थी. सीएमजी का मुख्य उद्देश्य मानक ऋण पोर्टफोलियो अर्थात् दबाव के आरंभ होने की निगरानी, ऋण प्रशासन मानदंडों (सीएपी) की निगरानी और बैंक के मानक आस्ति पोर्टफोलियो की संरचित ऋण समीक्षा के लिए एक मजबूत निगरानी ढांचा तैयार करना है.

आपके बैंक ने दिसंबर 2019 में एक बैंक–व्यापी पूर्ण स्वचालित और व्यापक 'समय–पूर्व चेतावनी प्रणाली एक' सफलतापूर्वक लागू की है जिसमें निकट वास्तविक तत्काल समय आधार पर, देखी गई विसंगतियों के आधार पर अलर्ट को ट्रिगर करने के लिए, बैंक की आंतरिक प्रणालियों और बाह्यफीड से डेटा प्राप्त करने की क्षमता है, जो बैंक को तत्काल रक्षात्मक कार्रवाई और समय पर उपचारात्मक उपाय लागू करने में मदद करता है. सभी कॉरपोरेट और रिटेल खातों के मामले में प्रारंभिक सीमा के साथ उच्च/ मध्यम/ कम जोखिम के अंतर्गत जोखिम समूहन किया जाता है जिससे उच्च जोखिम वाले खातों और एसएमए पूर्व स्थिति में आरंभिक दबाव के लक्षण दर्शाने वाले खातों को पहचानने में बैंक की क्षमता में वृद्धि हुई है. ईडब्ल्यूएस प्रणाली के माध्यम से आपका बैंक नियमित अंतरालों पर रिटेल पोर्टफोलियो के संबंध में अपेक्षित बाजार विश्लेषण और अंतरबैंक तुलना करता है. ईडब्ल्यूएस प्रणाली की आवधिक समीक्षा की जाती है ताकि इसे और अधिक उपयोगकर्ता अनुकूल बनाया जा सके और साथ ही, इसे लगातार विकसित हो रही विनियामक अपेक्षा और सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुसार अद्यतित रखा जा सके.

आस्ति निगरानी टूल *'सजग'* ने शाखाओं को वास्तविक समय आधार पर 'केप' का स्टेटस प्रदान किया. *'सजग'* द्वारा केप अद्यतन को भी कैप्चर किया जाता है जिससे इन खातों की वास्तविक समय आधार पर निगरानी करने में सहूलियत होती है.

पोर्टफोलियो की गुणवत्ता में आरंभिक गिरावट की पहचान करने, आरंभिक चेतावनी सिग्नल का पता लगाने और ऋण प्रशासन मानदंडों के अनुपालन के लिए ऋण मंजूरी की प्रभावकारिता के संबंध में समय पर फीडबैक तथा अनुवर्ती कार्रवाई हेतु संरचित ऋण समीक्षा विधि (एलआरएम) का प्रयोग किया जाता है.

इन पहल कार्यों के कारण वर्ष–दर–वर्ष आधार पर आरंभिक दबावों को कम करने, सीएपी मानदंडों का अनुपालन करने और इसके द्वारा आपके बैंक की ऋण गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिली है.

व्यापार वित्त

आपके बैंक के पास समर्पित व्यापार वित्त (टीएफ) विभाग है, जो अपने बृहत/ मध्यम कॉरपोरेट तथा रिटेल ग्राहकों को प्रतिस्पर्धी मूल्य पर उत्पादों और सेवाओं की व्यापक श्रृंखला प्रदान करता है. उत्पादों की श्रृंखला में सामान्य रूप से सर्वाधिक प्रयुक्त आवक/ जावक विप्रेषण, साख–पत्र (एलसी), बैंकगारंटी (बीजी), जटिल घरेलू और सीमा आर–पार व्यापार उत्पाद के लिए आपाती साख पत्र (एसबीएलसी) जिसमें वस्तुओं और सेवाओं के लिए आयात–निर्यात, लदान पूर्व और लदान पश्चात निर्यात वित्तपोषण, अल्पावधि आयात व्यापार ऋण (क्रेता की साख पर उधार और आपूर्तिकर्ता की साख पर उधार), मर्चेंटिंग व्यापार, पूँजी खाता लेनदेन, अर्थात् विदेश में प्रत्यक्ष निवेश (ओडीआई), बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी), प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ़डीआई), विलयन और अधिग्रहण, विदेश में कार्यालय खोलना आदि शामिल हैं, के लिए आपाती साख–पत्र (एसबीएलसी) का समावेश है.

इन व्यापार वित्त उत्पादों/ सेवाओं को केन्द्रीकृत व्यापार प्रोसेसिंग प्रणाली के जरिए उपलब्ध कराया जाता है जो तीन मुख्य मेट्रो केन्द्रों, अर्थात् मुंबई, चेन्नई और दिल्ली में हब–एंड–स्पोक मॉडेल के रूप में कार्य करता है. केंद्रीकृत व्यापार प्रोसेसिंग प्रणाली बैंक के 14 अंचलों में स्थित सभी शाखाओं की जरूरतों को पूरा करता है तथा इस प्रकार मानकीकृत प्रोसेसिंग, सक्षम संचार और तीव्रतम कार्रवाई समय (टीएटी) की सुविधा प्रदान करता है. आपके बैंक के पास, एडी श्रेणी 1 बैंक के रूप में 45 समर्पित टीएफ़ केंद्र हैं जो सभी प्रकार के विदेशी मुद्रा लेनदेनों के लिए प्राधिकृत हैं. आपके बैंक का कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस) प्रत्येक लेनदेन के लिए मेकर और चेकर के द्विजन सिद्धान्त पर काम करता है.

आपका बैंक अपने ग्राहकों को हमेशा उच्च मानकों वाली ग्राहक सेवा प्रदान करने और समयबद्ध सुपुर्दगी का प्रयास करता है. आपका बैंक अपने कोर बैंकिंग प्लेटफॉर्म को निरंतर विकसित और इसमें सुधार करता रहा है तथा साथ ही ग्राहक संबंधों को बढ़ाने के लिए अंकीकृत व्यापार प्रोसेसिंग भी प्रदान करता है ताकि व्यापार परिचालन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण को बाधारहित और सुविधाजनक बनाया जा सके. बैंक ने लेनदेन संबंधी कार्यनिष्पादन को त्रुटि रहित और तीव्रतर करने के लिए कई आईटी पहल कार्य शुरू किए हैं. उदाहरण के लिए, बैंक के पास एक इंटरनेट आधारित ई–व्यापार वित्त प्लेटफॉर्म अर्थात् आईडीबीआई ई–व्यापार है जो ग्राहकों को 24×7 आधार पर अत्यावश्यक लचीलापन प्रदान करता है. आपके बैंक का स्विफ्ट संचालन केंद्रीकृत स्विफ्ट कक्ष (सीएससी) के माध्यम से किया जाता है, जो एक सुरक्षित आईटी प्लेटफॉर्म के तहत अत्यंत समुचित सावधानी और बहुस्तरीय सत्यापन प्रक्रियाओं सहित सुचारु और निर्बाध संचालन सुनिश्चित करता है.

इसके अतिरिक्त, आपके बैंक ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पद्धति संबंधी दिशानिर्देशों सहित विनियामकीय एवं सांविधिक मानकों और विनियमोंके अनुपालन में नीतियाँ,प्रक्रियाएँ,मानकीकृत परिचालनगत कार्यविधि (एसओपी), परिचालन–संहिताएँ तथा व्यापक निगरानी तंत्र आदि निर्धारित की हैं.

व्यापार वित्त के क्षेत्र में वितरित लेजर प्रौद्योगिकी (डीएलटी) के उभरते प्रयोग से लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से, आपका बैंक इंडियन बैंक्स ब्लॉकचेन इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी प्राइवेट लि. (आईबीबीआईसी) में इक्विटी धारकों में से एक बन गया है. आईबीबीआईसी का उद्देश्य डीएलटी के मूल्य में वृद्धि करते हुए व्यापार इको–प्रणाली का निर्माण करना है. आपका बैंक अंतर–संगठन व्यापार वित्त संचालन को अंकीकृत और स्वचालित करने की प्रक्रियाओं का निर्माण करने के लिए आईबीबीआईसी के साथ सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है. आपके बैंक ने साइबर धोखाधड़ी जोखिम को कम करने और सीमा पार भुगतानों में धन–शोधन निवारण (एएमएल) / आतंकवाद वित्तपोषण का सामना (सीएफटी) करने संबंधी चिंताओं का समाधान निकालने के लिए भुगतान नियंत्रण प्रणाली और मंजूरी जांच प्रक्रियाओं के रूप में प्रभावी प्रणाली नियंत्रण तंत्र गठित किया है. प्रभावशाली सेवा सुपुर्दगी के उपाय के रूप में, आपके बैंक ने एक ऑनलाइन बैंक गारंटी पुष्टीकरण मॉड्यूल विकसित किया है जो इसके द्वारा जारी की गई बैंक गारंटियों के लाभार्थियों को गारंटी निर्गमन की ऑनलाइन पुष्टि प्राप्त करने में सक्षम बनाता है.

आपका बैंक द्विपक्षीय रुपया भुगतान व्यवस्था (आरपीएम) के अंतर्गत इंडो–ईरान व्यापार लेनदेन निपटानों की देखेरेख करनेवाले नामित बैंकों में से एक है. इन लेनदेनों को सुपरिभाषित मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) के दायरे में और विदेशी आस्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) विनियमों, विशेष रूप से नामित नागरिक (एसडीएन) दिशानिर्देश, संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए)/ यूरोपीय संघ (ईयू) प्राधिकारियों द्वारा लागू किए गए मंजूरी कार्यक्रमों आदि के कड़े अनुपालन में निष्पादित किया जाता है. आपका बैंक वर्तमान में आरपीएम के अंतर्गत केवल मानवीय महत्व की वस्तुओं से संबंधित व्यापार लेनदेनों को ही संपन्न करता है.

आपके बैंक ने चौबीस घंटे धोखाधड़ी निगरानी सुविधा के साथ, उपयुक्त परिचालनगत/ अनुपालन अलर्ट लागू किया है. आपका बैंक धन–शोधन निवारक (एएमएल)/अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी)/ आतंकवाद वित्तपोषण का सामना (सीएफ़टी) दिशानिर्देश, सुदृढ़ व्यापार व्यापार आधारित धन शोधन (टीबीएमएल) रेड फ्लैगिंग प्रक्रियाओं और अंतर्राष्ट्रीय भुगतानों के लिए यूएस/ईयू द्वारा प्रतिबंधों की जांच निरंतर अनुपालन करता है.आपका बैंक सिद्धांत के रूप में अंतरराष्ट्रीय मैरीटाइम ब्यूरो (आईएमबी) के जरिए मर्चेन्ट व्यापार में प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय कार्गो संचलन का सत्यापन करता है. बैंक सभी हितधारकों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिष्ठित एजेंसियों द्वारा प्रदान की जाने वाली व्यवसाय सूचना रिपोर्टों के माध्यम से विदेशी पार्टियों की साख, प्रमुख कार्यकलापों, कारोबार स्तर और भुगतान शीघ्रता का सत्यापन करता है.

आपके बैंक की बिल वित्त नीति भारतीय रुपये (आईएनआर) और विदेशी मुद्रा (एफसीवाई) में किए गए व्यापार से उत्पन्न होने वाले सभी वास्तविक बिलों की खरीद/ भुनाई/ मोल–भाव को कवर करती है. आपके बैंक ने निर्यात ऋण की सुविधा प्राप्त करने वाले अपने सभी ग्राहकों को भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम (ईसीजीसी) द्वारा उपलब्ध कराई जा रही बैंकों के लिए समग्र टर्नओवर निर्यात ऋण बीमा (ईसीआईबी) पॉलिसियों के अंतर्गत कवर किया है.

बैंक ने द्विपक्षीय संपर्क प्रबंध एप्लीकेशन (आरएमए) के जरिए विश्व भर में लगभग 800 बैंकों के साथ संपर्की बैंकिंग व्यवस्थाओं का बहुव्यापी नेटवर्क विकसित किया है जिसके फलस्वरूप वह विश्व भर में व्यापारिक और गैर–व्यापारिक सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम है. बैंक ने विश्व भर में 160 से अधिक मुद्राओं में धन प्रेषणों को संभालने के लिए इन प्रतिनिधि बैंकों के साथ व्यवस्था की है.

आपके बैंक को सीधे ऑनलाइन भुगतानों के माध्यम से सीधे प्रसंस्करण में अपनी परिचालनात्मक दक्षता और भुगतान संदेशों की गुणवत्ता की मान्यता के रूप में जे पी मॉर्गन और बैंक ऑफ न्यूयॉर्क, मेलॉन द्वारा यूएस डॉलर भुगतानों के लिए स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग (एसटीपी) श्रेणी के अंतर्गत *"एलिट क्वालिटी रिकग्निशन अवार्ड"* से सम्मानित किया गया.

सरकारी कारोबार

आपका बैंक केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारों की प्राप्तियों और भुगतान संबंधी लेनदेन को संभालने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक) के एजेंट के रूप में कार्य करता है. आपका बैंक केंद्र सरकार के करों जैसे कि प्रत्यक्ष करों, सीमा शुल्क और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की वसूली के लिए प्राधिकृत है. आपका बैंक 14 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में राज्य प्राप्तियों की वसूली के लिए भी सक्रिय है. आपका बैंक कर भुगतानों के लिए अपने ग्राहकों को 24×7 इंटरनेट बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करता है.

आपके बैंक ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) से संबंधित देयों की ऑनलाइन वसूली की व्यवस्था की है. आपका बैंक भारत सरकार द्वारा अपनी शाखाओं के माध्यम से छोटी बचत योजनाओं अर्थात् लोक भविष्य निधि (पीपीएफ), वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) और सुकन्या समृद्धि खाता योजना (एसएसए) ऑफर करने के लिए भी प्राधिकृत है. आपका बैंक केंद्रीय सिविल, डिफेंस और रेलवे पेंशन के संवितरण के लिए भी प्राधिकृत है.

नकदी प्रबंध सेवाएं

आपका बैंक कंपनियों को उनके संग्रहण एवं थोक भुगतानों के प्रभावी प्रबंधन और उनके निधि–प्रवाहों की दक्षतापूर्वक निगरानी करने हेतु अत्याधुनिक नकदी प्रबंधन सेवाएँ (सीएमएस) प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है. आपका बैंक कंपनियों की विभिन्न आवश्यकताओं के अनुरूप सीएमएस संग्रहण, भुगतान एवं संव्यवहार बैंकिंग समाधानों की अनुकूलित और व्यापक श्रृंखला उपलब्ध कराता है. आपका बैंक विविध समाधान जैसे राष्ट्रीय स्वचालित समाशोधन गृह (एनएसीएच), वर्चुअल खाता सुविधा, उपयोगिता भुगतान, सीधी नामे सुविधाएं और अन्य ग्राहकोनुकूल ई-समाधान उपलब्ध कराता है जिन्हें ग्राहक प्रणालियों के साथ तकनीकी रूप से एकीकृत (होस्ट-टू-होस्ट) किया गया है. आपका बैंक भारतीय रेलवे के ई-भाड़ा भुगतान प्रणाली में भाग लेने के लिए अधिकृत है और रेलवे के 12 अंचलों में ई-भाड़े की वसूली कर रहा है. आपका बैंक फास्टैग जारी करने के लिए भी अधिकृत है जोकि एक टोल और पार्किंग शुल्कों के स्वचालित भुगतान के लिए रेडियो–फ्रिक्वेन्सी पहचान (आरएफ़आईडी) आधारित स्टिकर है और राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों के टोल प्लाजा परिचालकों के लिए फास्टैग अधिप्राप्ति व्यवसाय है जो फास्टैग अधिप्राप्ति प्रणाली का इस्तेमाल कर इलेक्ट्रॉनिक रूप से टोल शुल्कों की वसूली की अनुमति देता है.

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने कॉरपोरेट/ संस्थाओं के लिए दो नए डिजिटल उत्पाद अर्थात् कॉरपोरेट चलनिधि प्रबंधन समाधान (सी–एलएमएस) और सरकारी चलनिधि प्रबंधन समाधान (जी–एलएमएस) आरंभ किए हैं जिन्हें बैंक की सहायक कंपनी अर्थात् आईडीबीआई इंटेक लि. द्वारा विकसित किया गया है. ये अद्वितीय और विशिष्ट उत्पाद हैं जो बड़े संस्थानों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करते हैं और बैंक के लिए नया राजस्व स्रोत जोड़ेंगे. इसके अतिरिक्त, बैंक ने अपने मौजूदा उत्पाद पेशकशों को और अधिक उपयोगकर्ता अनुकूल बनाने के लिए कई सुधार किए हैं. इस दिशा में की गई कुछ पहलों में भारत बिल भुगतान समाधान (बीबीपीएस) बिलर मॉड्यूल में साझेदार बैंकों के लिए वाइट लेबल समाधान और बैंक के फास्टैग ग्राहकों के लिए एंड्रॉइड मोबाइल एप्लिकेशन का प्रारंभ किया जाना शामिल है.

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के लिए नकदी प्रबंधन सेवाएं (सीएमएस) सुविधा

समाज के कमजोर वर्गों के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई तीन पेंशन योजनाओं अर्थात् प्रधान मंत्री श्रम योगी मान–धन योजना (पीएम–एसवाईएम), प्रधान मंत्री किसान मान–धन योजना (पीएम–केएमवाई) और प्रधान मंत्री लघु व्यापारी मान–धन योजना (पीएम-वीएमवाई/ एनपीएस–ट्रेडर) के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) वित्त प्रबंधक है और बैंक एकमात्र प्रायोजक बैंक के रूप में सूचीबद्ध है. इन योजनाओं के अंतर्गत, बैंक ने मार्च 2022 तक लगभग 65 लाख अधिदेश पंजीकृत किए हैं. एलआईसी के लिए बैंकाश्योरेंस भागीदार के रूप में, आपके बैंक ने एलआईसी पॉलिसीधारकों को अपने नवीकरण प्रीमियम का भुगतान आपके बैंक की किसी भी रिटेल शाखा में या इसके मोबाइल बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग चैनलों के माध्यम से करने की सुविधा भी प्रदान की है. एलआईसी पॉलिसीधारकों के लिए, जिनका खाता आईडीबीआई बैंक में है, आपका बैंक अपनी सीधे डेबिट सुविधा के माध्यम से नवीकरण प्रीमियम के भुगतान की सुविधा प्रदान करता है. बैंक ने चुनिंदा एलआईसी एजेंटों को एकत्रित प्रीमियम को अपनी रिटेल शाखाओं में जमा करने के लिए भी अनुमति प्रदान की है. आपका बैंक एलआईसी के

शाखा कार्यालयों, मंडल कार्यालयों, पेंशन और समूह योजनाओं (पी एंड जीएस) कार्यालयों, वैयक्तिक पेंशन पॉलिसी (आईपीपी) कार्यालयों और अन्य कार्यालयों को सीएमएस संग्रहण और भुगतान सेवाएं उपलब्ध कराता रहा है.

ट्रेजरी परिचालन

आपके बैंक के ट्रेजरी परिचालनों में मुख्य रूप से मुद्रा बाजार, नियत आय, विदेशी मुद्रा-विनिमय, डेरिवेटिव, प्राथमिक डीलर और इक्विटी से संबंधित कार्य शामिल हैं. बैंक की ट्रेजरी विनियामकीय अपेक्षाओं के पूर्ण अनुपालन जैसे– आरक्षित नकदी अनुपात (सीआरआर), सांविधिक चल निधि अनुपात (एसएलआर), चल निधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) आदि को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है.

सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर)

आपके बैंक द्वारा सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर) रखरखाव विनियामकीय आवश्यकताओं के अनुरूप रही है. रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों को यह विशेष छूट दी गई है कि वे परिपक्वता तक धारित (एचटीएम) सीमा को 31 मार्च 2023 तक अपनी निवल मांग एवं आवधिक देयताओं (एनडीटीएल) के 22% तक बढ़ा सकते हैं बशर्ते यह आधिक्य 1 सितंबर 2020 और 31 मार्च 2022 के बीच अर्जित की गईं एसएलआर प्रतिभूतियों के कारण हुआ हो. आरबीआई ने यह शर्त भी निर्दिष्ट की है कि इस तरह की बढ़ी हुई एचटीएम सीमाओं को बैंकों द्वारा चरणबद्ध तरीके से जून 2023 से दिसम्बर 2023 तक सामान्य किया जाना चाहिए. एसएलआर बही के ब्याज दर जोखिम का सक्रिय रूप से प्रबंधन न केवल जोखिम को रोकने के लिए बल्कि साथ ही पूंजी प्रतिलाभ बुक करने के लिए बाजार में उतार-चढ़ाव से लाभ उठाने के लिए भी किया गया है.

चलनिधि एवं आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) प्रबंध

आपके बैंक के ट्रेजरी ने रिज़र्व बैंक की चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ), सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ), ऑन–टैप लक्ष्यित दीर्घावधि रेपो परिचालन (एलटीआरओ) सहित मीयादी रेपो और खुले बाजार के परिचालन (ओएमओ) जैसे विभिन्न लिखतों और साथ ही, त्रिपक्षीय रेपो डीलिंग प्रणाली (टीआरईपीएस), क्लीयरकॉर्प रेपो ऑर्डर मैचिंग सिस्टम (सीआरओएमएस) तथा मांग एवं सूचना पर देय अन्य बाजार लिखतों का प्रयोग किया है. बैंक की अधिशेष चलनिधि को जमा प्रमाणपत्र (सीडी), चलनिधि म्यूचुअल फंड, ऋण सरकारी प्रतिभूतियों (जी–सेक)/ अपरिवर्तनीय डिबेंचरों (एनसीडी), मांग/ सूचना पर देय/ मीयादी राशि आदि विभिन्न लिखतों में नियोजन किया जाता है. आपके बैंक ने विनियामकीय अपेक्षाओं के अनुरूप आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) को बनाए रखा.

कोविड–19 महामारी के प्रभाव को कम करने और विभिन्न बाज़ार सहभागियों/ उद्योगों के लिए आवश्यक चलनिधि को सुनिश्चित करने के लिए आरबीआई ने दीर्घावधि रेपो परिचालन (एलटीआरओ) तथा लक्ष्यित दीर्घावधि रेपो परिचालन (टीएलटीआरओ) जैसे विभिन्न उपायों की घोषणा की थी. आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान एलटीआरओ विंडो में सहभागिता की थी.

रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, आपके बैंक ने चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) के संबंध में बासेल III ढांचे का अनुपालन किया है तथा उच्च गुणवत्ता वाली चलनिधि आस्तियों (एचक्यूएलए) की पहचान के लिए बिक्री योग्यता परीक्षण किया है.

उच्च लागत वाली थोक जमाराशियों पर निर्भरता को और कम करने के लिए सचेत प्रयास करने के अलावा, बैंक ने वर्ष के दौरान ऐसी जमाराशियों से संबंधित ग्राहक आधार में विविधता और विशाखन को भी सुनिश्चित किया है. आपके बैंक ने कॉरपोरेट बॉन्डों के साथ–साथ भारत सरकार द्वारा जारी पुनर्पूंजीकरण बॉन्डों में गैर–एसएलआर निवेश किया है.

प्राथमिक डीलर (पीडी)

प्राथमिक डीलर (पीडी) कार्यकलापों के एक भाग के रूप में आपका बैंक टी–बिलों सहित सरकारी प्रतिभूतियों के मामले में बाजार तैयार करने संबंधी गतिविधियों में शामिल रहा है. बैंक की ट्रेजरी ने बैंक के पास खाताधारी गिल्ट खाताधारकों को ग्राहकों की सहायक खाता बही (सीएसजीएल) सेवा भी उपलब्ध कराई. ट्रेजरी ने सीएसजीएल एवं गैर-सीएसजीएल ग्राहकों की ओर से भारत सरकार/ राज्य विकास ऋण (एसडीएल) की प्राथमिक नीलामी में सक्रिय रूप से भाग लिया. रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार आपका बैंक द्वितीयक बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों की ऑनलाइन ट्रेडिंग के लिए गिल्ट खाताधारकों को वेब आधारित तयशुदा लेनदेन प्रणाली-ऑर्डर मिलान सेगमेंट (एनडीएस-ओएमएस) मॉड्यूल की सुविधा प्रदान करता है. बैंक के *'आईडीबीआई समृद्धि जी-सेक'* पोर्टल ने रिटेल निवेशकों को सरकारी प्रतिभूतियों को ऑनलाइन और एटीएम के माध्यम से खरीदने की सुविधा प्रदान करना जारी रखा.

'आरबीआई रिटेल डाइरैक्ट' सुविधा के अंतर्गत रिटेल निवेशकों के लिए द्वितीयक बाज़ार में चल निधि प्रदान करने के लिए, आपका बैंक बाज़ार निर्माता के रूप में एनडीएस–ओएम प्लेटफॉर्म (कोट्स सेगमेंट के लिए ऑड–लॉट एंड अनुरोध) पर रिटेल निवेशकों को खरीद/ बिक्री भाव उपलब्ध कराता है.

फॉरेक्स इंटरबैंक और डेरिवेटिव

आपके बैंक के ट्रेजरी के पास सक्रिय फॉरेक्स इंटरबैंक और डेरिवेटिव डेस्क है. फॉरेक्स इंटरबैंक डेस्क ने अपने ग्राहकों को अधिकतम संभव बेहतर फॉ

रेक्स दरें उपलब्ध कराई हैं. डेरिवेटिव डेस्क बैंक के ग्राहकों की हेजिंग संबंधी आवश्यकताएँ पूरी करने के लिए अभिनव समाधान उपलब्ध कराता है.

ट्रेजरी बिक्री

आपके बैंक की ट्रेजरी देशभर के 16 केंद्रों पर विदेशी मुद्रा, निश्चित आय और डेरिवेटिव उत्पादों के प्रभावी विपणन के लिए एक सेल्स टीम द्वारा समर्थित है. बिक्री टीम अपने कॉरपोरेट और खुदरा ग्राहकों की विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए उनके साथ लगातार संपर्क करती है तथा विभिन्न मुद्राओं, ब्याज दरों आदि में उनके एक्सपोजर का प्रभावी ढंग से प्रबंध करने हेतु समाधान प्रदान करती है. बिक्री टीम ग्राहकों को ऋण लिखतों (जी–सेक, गैर–एसएलआर बॉन्ड्स आदि) में उनके निवेश के बारे भी सलाह देती है. बिक्री टीम बैंक के अन्य उत्पादों को बेचने के लिए भी अपनी पहुंच का लाभ उठाती है.

आपके बैंक ने विदेशी मुद्रा व्यापार को बढ़ाने, मौजूदा संबंधों में प्रगाढ़ता लाने और साथ ही, नए ग्राहकों को जोड़ने के लिए कई अंतर–वर्टिकल अभियान चलाए हैं. आपके बैंक ने आंतरिक हितधारकों और ग्राहकों के बीच ट्रेजरी और विदेशी मुद्रा उत्पादों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए आईडीबीआई फॉरेक्स फेस्ट, *'ट्रेजरी की पाठशाला'* शीर्षक आवधिक ई–मेलर पहल जैसी विभिन्न पहलें भी की हैं. ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष रूप से बनाए गए फॉरेक्स एवं ब्याज दर हेजिंग उत्पादों के दायरे और पहुँच को विस्तारित करने हेतु व्यापक स्तर पर वेब कॉल, बैठकें और विजिट आयोजित किए गए. बैंक की अनुकूलता एवं उपयुक्तता नीति के अनुसार और आरबीआई निर्देशों के अनुपालन में ग्राहकों को डेरिवेटिव उत्पादों की पेशकश की जाती है.

वित्तीय संस्था समूह (एफ़आईजी)

आपके बैंक ने एक समर्पित वित्तीय संस्था समूह (एफआईजी) स्थापित किया है ताकि बैंक के विभिन्न उत्पादों/ सेवाओं को उपलब्ध कराने के लिए देशी और विदेशी वित्तीय संस्थाओं (एफआई) पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जा सके. यह समूह व्यापार, नकदी प्रबंध सेवाएँ, भुगतान, फॉरेक्स, डेरिवेटिव, मुद्रा बाजार तथा रिटेल बैंकिंग से संबंधित उत्पादों/सेवाओं को उपलब्ध कराने के लिए कवरेज समूह के रूप में कार्य करता है. एफआईजी कवरेज के विस्तार क्षेत्र को बढ़ाने और वित्तीय संस्था कारोबार की पहुँच को बढ़ाने के लिए भी वित्तीय संस्थाओं के साथ कार्य करता है.

कारोबार निरंतरता योजना

आपका बैंक सीबीडी बेलापुर, मुंबई में ट्रेजरी कारोबार निरंतरता केंद्र का संचालन करता है. केंद्र के पास एकीकृत परिचालन की सुविधा है जिसमें विविध बाजार खंड हैं और सभी महत्वपूर्ण ट्रेजरी कार्यों को संचालित कर सकता है. इससे बैंक की ट्रेजरी को महामारी की अवधि के दौरान कार्य जारी रखने में मदद मिली और निर्बाध ग्राहक सेवा सुनिश्चित की गई.

बेंचमार्क्स का प्रस्तुतीकरण

ट्रेजरी परिचालन में सक्रिय खिलाड़ी होने के नाते, आपका बैंक एफबीआईएल पोल्ड टर्म मिबोर एवं एफबीआईएल पोल्ड एफसी-रुपी ऑप्शन वोलेटिलिटी के लिए फाईनेंशियल बेंचमार्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एफबीआईएल) के प्रस्तुतकर्ताओं में से एक बना रहा.

सीमा पार शाखाएँ

आपके बैंक की एक समुद्रपारीय शाखा दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर (डीआईएफसी), दुबई में है और एक अंतरराष्ट्रीय शाखा आईएफ़एससी बैंकिंग इकाई (आईबीयू), गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट), गांधीनगर, गुजरात में है.

डीआईएफसी, दुबई स्थित आपके बैंक की समुद्रपारीय शाखा ने परिचालन के 12 वर्ष पूरे कर लिए हैं. डीआईएफ़सी शाखा के संचालन को युक्तिसंगत बनाया गया है और यह चुनिंदा सेवाओं तक सीमित है, अर्थात् निवेश में सौदों की व्यवस्था (डिबेंचर), वित्तीय उत्पादों के लिए सलाहकार सेवाएं (डिबेंचर) और ऋण के लिए व्यवस्था एवं सलाहकार सेवाएं. डीआईएफसी शाखा, यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) से बाहर और अन्य गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) देशों से परिचालन करने वाले स्थानीय उद्यमियों को कॉरपोरेट बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के अलावा अपने भारतीय ग्राहकों के साथ–साथ विदेशी उद्यमों के लिए सेवा की जरूरतों को पूरा कर रही है.

आपके बैंक की अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग इकाई (आईबीयू),गिफ्ट ने 6 मई 2016 से अपना परिचालन शुरू किया. आईबीयू, जीआईएफटी के विशेष आर्थिक जोन (एसईज़ेड) के अंतर्गत आता है और इसका कामकाज अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफ़एससीए) द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार अभिशासित होता है. अन्य उत्पादों के अलावा, बैंक का आईबीयू भी बायर्स क्रेडिट (बीसी) के प्रति निधीयन पर केन्द्रित है.

ऋण रेटिंग

आपका बैंक देशी तथा विदेशी मुद्रा उधार दोनों के लिए ऋण की रेटिंग प्राप्त करता है. वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान रेटिंग में कार्रवाई यथा 31 मार्च 2022 को रुपया संसाधनों के लिए वर्तमान रेटिंग के साथ निम्नानुसार हैं:

रुपया उधार के लिए रेटिंग

श्रेणी निर्धारित लिखत	क्रिसिल	इक्रा	इंडिया रेटिंग	केयर
रेटिंग संबंधी कार्रवाई	फरवरी 2022	सितंबर 2021	जुलाई 2021*	दिसंबर 2021
सावधि जमाराशियाँ	एफएए/ स्टेबल	एमएए–/ स्टेबल	इंड टीए/ स्टेबल	---
अल्पावधि उधारराशियाँ (जमा प्रमाणपत्र)	क्रिसिल ए1+	[इक्रा]ए1+	इंड ए1	केयर ए1+
दीर्घावधि रुपया बांड (सीनियर एवं लोअर टियर || बांड))	क्रिसिल ए+/ स्टेबल	[इक्रा]ए+/ स्टेबल^	इंड ए/ स्टेबल#	---

श्रेणी निर्धारित लिखत	क्रिसिल	इक्रा	इंडिया रेटिंग	केयर
रेटिंग संबंधी कार्रवाई	फरवरी 2022	सितंबर 2021	जुलाई 2021*	दिसंबर 2021
हाइब्रिड अपर टियर II बांड	क्रिसिल ए- / स्टेबल	[इक्रा]ए/ स्टेबल$	---	---
हाइब्रिड -आईपीडीआई (बासेल II)	क्रिसिल ए- / स्टेबल	---	---	---
टियर II बांड (बासेल III)	क्रिसिल ए+ / स्टेबल	[इक्रा]ए+/ स्टेबल@	इंड ए/ स्टेबल	केयर ए+/ स्टेबल

टिप्पणी :

** - संभावना को निगेटिव से अपग्रेड कर स्टेबल किया गया*
^ - रेटिंग को अपग्रेड कर A से A+ किया गया
$ – रेटिंग को अपग्रेड कर बीबीबी+ से A किया गया
@ – रेटिंग को अपग्रेड कर A (हाइब्रिड) से A+ किया गया
 # – केवल सीनियर टियर II बांडों की रेटिंग की गई

आपके बैंक की विदेशी मुद्रा उधार राशियों की रेटिंग दो अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों अर्थात् फिच रेटिंग्स (फिच) तथा एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग्स (एस एंड पी) द्वारा की जाती है. वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान दीर्घावधि विदेशी मुद्रा रेटिंग और आधारभूत क्रेडिट मूल्यांकन (बीसीए)/ अर्थक्षमता रेटिंग (वीआर) तथा स्टैंड–अलोन क्रेडिट प्रोफाइल (एसएसीपी) में परिवर्तन और यथा 31 मार्च 2022 को वर्तमान रेटिंग निम्नानुसार रही:

विदेशी मुद्रा उधार राशियों के लिए रेटिंग

श्रेणी निर्धारित लिखत	फिच रेटिंग– रेटिंग संबंधी कार्रवाई		
	जून 2020	दिसंबर 2020	जून 2021
दीर्घावधि निर्गमकर्ता चूक रेटिंग	बीबी+/ निगेटिव	बीबी+/ निगेटिव	बीबी+/ निगेटिव
अर्थक्षमता रेटिंग (वीआर)	सीसीसी	सीसीसी +	सीसीसी +

श्रेणी निर्धारित लिखत	एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग– रेटिंग संबंधी कार्रवाई		
	जून 2020	अक्तूबर 2020	मई 2021
निर्गमकर्ता क्रेडिट रेटिंग (सीआर)	बीबी/ निगेटिव	बीबी/ निगेटिव	बीबी/ निगेटिव
स्टैंड–अलोन क्रेडिट प्रोफाइल (एसएसीपी)	बी-	बी-	बी+&

टिप्पणी : & – रेटिंग को अपग्रेड कर बी– से बी+ किया गया

विदेशी रेटिंग एजेंसियों अर्थात् एसएनपी ग्लोबल रेटिंग (एस एंड पी) और फिच रेटिंग (फिच) द्वारा रेटिंग किए हुए मध्यम अवधि नोट (एमटीएन) बॉन्डों की 30 नवंबर 2020 को पूर्णत: चुकौती कर दी गई थी. इसलिए बैंक ने 21 मई 2021 को मध्यम अवधि नोट (एमटीएन) बॉन्ड कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न निगमों के साथ किए गए रेटिंग अनुबंध/ करार समाप्त कर दिये थे. तदनुसार, विदेशी मुद्रा उधारियों की रेटिंग वापस ले ली गई है.

विदेशी मुद्रा संसाधन / देशी संसाधन

आपके बैंक का ट्रेजरी अल्पावधि मुद्रा बाजार में सक्रिय रूप से भाग लेता है और अल्पावधि आस्तियों के लिए अल्पावधि चलनिधि और निधीयन आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु विदेशी मुद्रा (एफसी) के साथ–साथ भारतीय रुपए, दोनों में अल्पावधि निधियां जुटाता है.

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने नियत तारीखों पर दीर्घावधि विदेशी मुद्रा उधारियों और रुपया उधारियों को सफलतापूर्वक भुगतान कर दिया है.

लंदन अंतर– बैंक प्रस्तावित दर (लाइबोर) परिवर्तन

मार्च 2021 में, यूनाइटेड किंगडम (यूके) में वित्तीय विनियामक निकाय वित्तीय संचालन प्राधिकरण (एफसीए) ने उन पाँच मुद्राओं में, जिनमें लाइबोर प्रकाशित की जाती है, सभी 35 लाइबोर सेटिंग के लिए भावी समापन तारीखों की घोषणा की. लाइबोर से विभिन्न वैकल्पिक संदर्भ दरों (एआरआर) में संक्रमण में अपने ग्राहकों को अबाधित सेवा जारी रखने के लिए, आपके बैंक ने अपनी प्रणालियों और प्रक्रियाओं में विभिन्न संशोधनों को प्रबंधित करने के लिए व्यापक तैयारी की. इस संक्रमण चरण के दौरान, आपका बैंक अपने ग्राहकों के साथ लगातार जुड़ा रहा है ताकि उन्हें लाइबोर से संक्रमण पर बाजार घटनाक्रमों से अवगत कराया जा सके. 1 जनवरी 2022 से सभी नए लेनदेन एआरआर के संदर्भ में किए जा रहे हैं.

जोखिम प्रबंध

आपके बैंक की जोखिम प्रबंध रणनीति तीन बुनियादी बातों अर्थात् पहचान, मापन और निगरानी पर अनिवार्य रूप से ध्यान केंद्रित करती है. पहचान प्रक्रिया जहाँ आगे के विश्लेषण और मूल्यांकन के लिए समर्थ बनाती है वहीं मापन बैंक को प्रभावी रूप से जोखिम का प्रबंध करने में सक्षम बनाता है. इस रणनीतिक दृष्टिकोण ने जोखिम प्रबंधन साधनों के माध्यम से आपके बैंक को बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनाया है तथा उसमें विश्वास पैदा किया है. उचित सीमाओं और प्रक्रियागत पहलुओं को दर्शानेवाली सुपरिभाषित नीति की रूपरेखा बैंक की समग्र रूप से जोखिम वहन करने की क्षमता के अंतर्गत बैंक को जोखिम कम करने और इसका प्रबंधन करने में मदद करती है. कारोबार सक्रियता के मूल तत्वों, बैंकिंग नवोन्मेष और विनियामकीय परिवर्तनों को समझते हुए जोखिम प्रबंधन प्रणालियों में और अधिक सुधार को सुनिश्चित करने के लिए नीति को आवधिक रूप से अद्यतित किया जाता है. आपका बैंक सभी वर्टिकलों में जोखिम के प्रति जागरूकता फैला कर और निर्णय लेने में इसे एक अत्यावश्यक मानदंड बना कर अपनी जोखिम प्रबंध संस्कृति में लगातार सुधार का प्रयास करता है. जहां निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) पर समग्र जोखिम प्रबंधन की जिम्मेदारी है, वहीं दिन–प्रति–दिन की गतिविधियों का संचालन जोखिम अभिशासन संरचना के आधार पर विभिन्न स्तरों पर किया जाता है. जोखिम प्रबंधन प्रणाली और इसकी प्रक्रियाओं को विनियामकीय आवश्यकताओं के अनुसार लगातार अद्यतित किया जाता है. एक सुदृढ़ और तकनीकी रूप से उन्नत जोखिम प्रबंधन प्रणाली के लिए, आपके बैंक ने एकीकृत जोखिम प्रबंधन आर्किटेक्चर (आईआरएमए) लागू किया है जिसमें सॉफ्टवेयर समाधान, अर्थात् जोखिम मूल्यांकन मॉड्यूल (आरएएम), पूंजी मूल्यांकन मॉडल (सीएएम) और व्यापक

परिचालनगत जोखिम मूल्यांकक (सीओआरई) शामिल हैं. आईआरएमए ऋण और परिचालनगत जोखिमों की पहचान और मापन में मदद करता है जिससे उपयुक्त जोखिम प्रबंधन रणनीति तैयार करने में मदद मिलती है. इसके अलावा आपके बैंक में उसके आस्ति एवं देयता प्रबंध (एएलएम), निधि अंतरण मूल्य–निर्धारण (एफटीपी), लाभप्रदता प्रबंध (पीएफटी) और तरलता जोखिम प्रबंध (एलआरएम) आवश्यकताओं के लिए सुस्थापित वित्तीय विश्लेषण एप्लीकेशन भी कार्यान्वित है.

बासेल मानकों का कार्यान्वयन

आपका बैंक बासेल–III ढांचे के अंतर्गत रिजर्व बैंक के पिलर–1 दिशानिर्देशों के अनुपालन में ऋण, बाजार और परिचालनगत जोखिमों के लिए विनियामक पूंजी आवश्यकता की तिमाही आधार पर गणना करता है. इसके अलावा, बैंक मासिक आवधिकता पर जोखिम भारित परिसंपत्ति अनुपात (सीआरएआर) के लिए पूंजी की आवाजाही पर भी कड़ी नजर रखता है.बासेल दिशानिर्देशों के अनुसार भारत में बैंकों के लिए 31 मार्च 2016 से चरणबद्ध तरीके से पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) बनाए रखना अनिवार्य है. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की 5 फरवरी 2021 की अधिसूचना के अनुसार आपके बैंक ने 01 अक्तूबर 2021 से पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) की अंतिम श्रृंखला को लागू किया. 31 मार्च 2022 को आपके बैंक का *'कुल पूंजी+ सीसीबी'* अनुपात 11.50% की विनियामकीय आवश्यताओं के मुकाबले 19.06% रहा. इसी प्रकार आपके बैंक का *'सामान्य इक्विटी टियर 1 (सीईटी 1) + सीसीबी'* अनुपात 8.00% की विनियामकीय अपेक्षा की तुलना में 16.68% रहा. 31 मार्च 2022 को आपके बैंक का *'टियर 1 + सीसीबी'* अनुपात 9.50% की विनियामकीय अपेक्षा की तुलना में 16.68% रहा. यथा 31 मार्च 2022 को आपके बैंक का लीवरेज अनुपात 3.50% की न्यूनतम विनियामकीय अपेक्षा की तुलना में 7.42% रहा.

आपके बैंक के पास बासेल III ढांचे के पिलर 2 मानदंडों के अनुरूप आंतरिक पूंजी पर्याप्तता अभिनिर्धारण प्रक्रिया (आईसीएएपी) के लिए निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीति है. यह नीति बैंक को पिलर–I में शामिल नहीं किए गए जोखिमों का आंतरिक रूप से आकलन करने और उनका परिमाण निर्धारित करने और साथ ही सामान्य तथा दबावग्रस्त स्थितियों में जोखिमों का प्रबंध करने और उन्हें कम करने के लिए उपयुक्त रणनीतियां तैयार करने में समर्थ बनाती है. आपके बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, व्यापक दबाव परीक्षण की रूपरेखा कार्यान्वित की है. यह दबाव परीक्षण रूपरेखा आपके बैंक को असाधारण लेकिन संभाव्य घटनाक्रमों में अपने कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन करने और अप्रत्याशित आकस्मिकताओं का सामना करने के लिए उपयुक्त अग्रसक्रिय रणनीति बनाने में सक्षम बनाती है. इस रूपरेखा में परिस्थिति विश्लेषण और प्रतिवर्ती दबाव परीक्षण को भी शामिल किया गया है. परिदृश्य विश्लेषण में बैंक की पूंजी और लाभप्रदतता के संदर्भ में सकल एनपीए के और अधिक बढ़ने, अनर्जक आस्ति (एनपीए) की गैर निधि आधारित सुविधाओं एवं तकनीकी रूप से बट्टे खाते (टीडबल्यूओ) में डाले गए खातों के क्रिस्टलीकरण और गैर-तरल प्रतिभूतियों का प्रभाव शामिल है. इस रूपरेखा में प्रतिवर्ती दबाव परीक्षण प्रणाली शामिल की गई है ताकि पूंजी पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले दबाव के स्तर का पता लगा कर इसे पूर्व–निर्धारित स्तर पर लाया जा सके. आपके बैंक ने बासेल मानदंडों के अंतर्गत पिलर 3 अपेक्षाओं के अनुसार प्रकटन नीति अपनाई है. तदनुसार प्रत्येक तिमाही की समाप्ति पर प्रकटनों को आपके बैंक की वेबसाइट पर रखा जाता है, जो उच्च स्तरीय पारदर्शिता प्रदर्शित करता है. आपके बैंक ने अपनी प्रतिष्ठा और संबंधित परिणामों के साथ–साथ उन्हें नियंत्रित करने के उपायों के लिए उत्पन्न जोखिमों का सक्रिय रूप से आकलन करने के लिए प्रतिष्ठात्मक जोखिम नीति भी बनाई है. आपका बैंक पूंजी प्रभार की गणना के लिए ऋण जोखिम के अंतर्गत मानकीकृत दृष्टिकोण अपनाता है. आपका बैंक परिचालनगत जोखिम के लिए विनियामक पूंजी प्रभार की गणना हेतु मूलभूत सांकेतिक दृष्टिकोण (बीआईए) अपनाता है. जोखिम संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए और प्रभावी नियंत्रण प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कारोबार खंडों में प्रमुख जोखिम संकेतक (केआरआई) और जोखिम व नियंत्रण स्व–आकलन (आरसीएसए) की व्यापक रूपरेखा लागू की गई है. आपका बैंक बाजार जोखिम के लिए विनियामक पूंजी अपेक्षाओं की गणना हेतु मानकीकृत मापन पद्धति (एसएमएम) अपनाता है.

ऋण जोखिम

आपके बैंक की ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली में ऋण प्रस्तावों की क्रेडिट रेटिंग के लिए जोखिम आकलन मॉडल (आरएएम) और पूंजी पर्याप्तता निर्धारण के स्वचालन के लिए पूंजी निर्धारण मॉडल (सीएएम) शामिल है. ऋण नीति दस्तावेज की बदलते कारोबारी उद्देश्यों तथा आर्थिक परिदृश्य के अनुरूप समीक्षा की जाती है. यह कारोबारी वर्टिकलों के लिए मार्गदर्शक साधन है. बोर्ड द्वारा अनुमोदित संरचना के अनुसार, क्रेडिट जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी) अन्य बातों के साथ–साथ क्रेडिट नीति/ रणनीतियों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करती है और बैंक–व्यापी आधार पर क्रेडिट जोखिम की निगरानी करती है. आरएएम/ अंक आधारित आंतरिक रेटिंग के अतिरिक्त, बैंक ने उच्च मूल्य वाले कॉरपोरेट और मध्यम, लघु और सूक्ष्म उद्यम (एमएसएमई) ऋणों के जोखिम वर्गीकरण के लिए मात्रात्मक जोखिम स्कोरिंग मैट्रिक्स (क्यूएएसएम) भी विकसित किया है.

बाजार जोखिम

कार्य तथा कारोबार स्थितियों के संदर्भ में आपके बैंक में बाजार जोखिम प्रबंधन, बाजार जोखिम एवं डेरिवेटिव नीति तथा निवेश नीति में परिभाषित नीतिगत ढांचे के अनुरूप परिचालित होता है. सामान्यत: ये नीतियां जोखिमों व अपवादों के मापन, रिपोर्टिंग तथा वृद्धि के आकलन के लिए जोखिम वहन क्षमता के उपयुक्त स्तरों तथा कार्यान्वयन प्रणालियों की रूपरेखा प्रस्तुत करती हैं. इंटीग्रेटेड ट्रेजरी मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के कार्यान्वयन के साथ, आपके बैंक की निगरानी और रिपोर्टिंग को कवर करने वाले बाजार जोखिम प्रबंधन प्रभावकारिता को और मजबूत किया गया है. ट्रेजरी के मिड ऑफिस द्वारा सभी निर्धारित सीमाओं तथा सभी प्रक्रियाओं की गहन निगरानी की जाती

है जो ट्रेजरी के फ्रंट ऑफिस और बैक ऑफिस से स्वतंत्र है. ट्रेजरी मिड–ऑफिस ने एक मजबूत गैर–एसएलआर बॉन्ड पोर्टफोलियो (एनएसएलआर) बनाने के लिए इन–हाउस आंतरिक रेटिंग आधारित मॉडल के विकास के माध्यम से गैर–एसएलआर बांडों (एनएसएलआर) की आंतरिक रेटिंग शुरू की है.

चलनिधि प्रबंध

बैंक के पास निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित आस्ति देयता प्रबंध (एएलएम) नीति में किए गए उल्लेख के अनुसार सुसंगठित चलनिधि जोखिम प्रबंध ढाँचा है. बैंक की आस्ति–देयता प्रबंध समिति (आल्को) व्यवसाय रणनीति के अनुरूप चलनिधि और ब्याज दर जोखिम की निगरानी और प्रबंध करती है. चलनिधि विश्लेषण और प्रबंध सहित आस्ति–देयता प्रबंध (एएलएम) कार्यकलाप कार्यात्मक क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले विभिन्न आल्को सहयोग समूहों जैसे तुलन–पत्र प्रबंध, ट्रेजरी फ्रंट कार्यालय, बजट एवं आयोजना आदि के बीच समन्वय के जरिए संपन्न किए जाते हैं. आल्को निर्देश तथा एएलएम कार्रवाइयाँ व्यवसाय समूहों और वर्टिकलों द्वारा कार्यान्वित की जाती हैं. विनियामिकीय दिशानिर्देशों के अनुसार 1 जनवरी 2017 से बैंक के चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) की गणना दैनिक आधार पर की जाती है. 31 मार्च 2022 को समाप्त तिमाही के लिए बैंक का औसत चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) 141.70% रहा. आपके बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के निर्देशों के अनुरूप 1 अक्टूबर 2021 से निवल स्थिर निधि अनुपात (एनएसएफआर) दिशानिर्देशों को लागू किया है. 31 मार्च 2022 को बैंक का निवल स्थिर निधि अनुपात (एनएसएफआर) 133.13% था.

परिचालनगत जोखिम

आपके बैंक के पास एक सुदृढ़ परिचालनगत जोखिम प्रबंधन ढांचा (ओआरएमएफ) है जिसमें एक समर्थकारी संगठनात्मक व्यवस्था के तहत निदेशक मंडल, बोर्ड की जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी), परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी), जोखिम प्रबंधन विभाग में परिचालन जोखिम प्रबंधन (ओआरएम) अनुभाग तथा विभिन्न कार्यों/ विभागों के नोडल अधिकारी शामिल हैं. परिचालनगत जोखिम की परिचालन प्रक्रिया बोर्ड अनुमोदित परिचालनगत जोखिम प्रबंधन नीति द्वारा निर्देशित है जिसका लक्ष्य बैंकिंग कार्यकलापों से जुड़े परिचालनगत जोखिमों की पहचान, निगरानी, आकलन तथा प्रबंधन करना है.

आपके बैंक में विभिन्न व्यावसायिक कार्यकलापों/ परिचालनों में अंतर्निहित जोखिमों को कम करने के लिए प्रभावी आंतरिक प्रणालियाँ और प्रक्रियाएं हैं. यह मुख्य जोखिम संकेतकों (केआरआई) तथा जोखिम नियंत्रण स्व–मूल्यांकन (आरसीएसए) अभ्यासों के जरिए परिचालनगत जोखिमों का प्रबंधन करता है और इस संबंध में हुई प्रगति से निदेशक मंडल की परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) और जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी) को आवधिक रूप से अवगत कराता है. पूरे बैंक से परिचालन जोखिम हानि की घटनाओं को समेकित किया जाता है और मूल कारणों के विश्लेषण के साथ परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) को प्रस्तुत किया जाता है. परिचालगत जोखिम हानि संबंधी आंकड़े डीसीटी 390 एवं 415 के तहत तिमाही आधार पर रिजर्व बैंक को भी प्रस्तुत किए जाते हैं.

आपका बैंक उपार्जन और पूंजी पर दबावग्रस्त परिचालनगत जोखिम संबंधी हानियों के मूल्यांकन के लिए अर्ध-वार्षिक आधार पर दबावग्रस्त परीक्षण कार्रवाई भी करता है. इसके साथ ही परिचालनगत जोखिम के लिए बोर्ड अनुमोदित जोखिम वहन सीमा में किसी उल्लंघन का मापन और रिपोर्टिंग भी की जाती है. वर्तमान में परिचालनगत जोखिम विनियामकीय पूंजी और जोखिम भारित आस्तियों की गणना के लिए बैंक ने मूल संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) को अपनाया है.

आपके बैंक ने सभी आंतरिक नीतियों, उत्पादों, मैनुअल और मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को एक ही स्थान पर डिजिटल रूप से होस्ट करने के लिए केंद्रीकृत प्लेटफॉर्म तैयार किया है ताकि कर्मचारियों के लिए समयबद्ध अद्यतित और सहज पहुंच सुनिश्चित की जा सके.

कारोबार निरंतरता प्रबंधन

आपके बैंक के पास कारोबारी व्यवधानों तथा जीवन संबंधी जोखिमपूर्ण स्थितियों को कम करने के लिए सुदृढ़ कारोबार निरंतरता प्रबंधन (बीसीएम) प्रक्रियाएं हैं. आपके बैंक को कारोबार निरंतरता प्रबंधन के बैंक व्यापी कवरेज के लिए आईएसओ 22301:2012 प्रमाणन से सम्मानित किया गया है.

कारोबार निरंतरता प्रबंधन (बीसीएम) के एक भाग के रूप में मूल तथा सहायता कार्यों के लिए सुपरिभाषित कारोबार निरंतरता योजना (बीसीपी) कार्यान्वित की गई है. इस योजना का उद्देश्य कारोबार व्यवधान/ आपदा के बावजूद ग्राहकों को निर्बाध सेवाएं प्रदान करना है. इसके अलावा आपदा के दौरान मानव जीवन की रक्षा करने और मूल्यवान आस्तियों के नुकसान को कम करने के लिए अपनी प्रमुख स्थापनाओं के लिए व्यापक आपदा प्रबंधन योजना (डीएमपी) भी लागू की गई है. इन कारोबार निरंतरता योजना (बीसीपी) तथा आपदा प्रबंधन योजना (डीएमपी) की आघात सहनशीलता का बीसीपी परीक्षण अभ्यास, संपूर्ण ड्रिल और मॉक इवैक्यूएशन ड्रिलों सहित आपदा बहाली के माध्यम से आवधिक परीक्षण किया जाता है. बैंक की कारोबार निरंतरता प्रबंधन प्रणाली एक स्वचालित घटना रिपोर्टिंग टूल अर्थात् एकीकृत आपदा और कारोबार निरंतरता प्रबंधन प्रणाली (आई–डीएबी) से सुसज्जित है.

ग्राहकों को महत्वपूर्ण सेवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए, बैंक ने *आयन* बीसीपी नामक एक मोबाइल आधारित एप्लिकेशन विकसित किया है, ताकि बाधित शाखाओं में तत्काल कार्य बहाल कर व्यवसाय निरंतरता योजना (बीसीपी) लागू की जा सके.

सूचना प्रौद्योगिकी जोखिम

आपके बैंक ने अपने सूचना प्रौद्यागिकी आईटी जोखिम प्रबंधन तथा नियंत्रण को सुधारने के लिए कई कदम उठाए हैं. आपके बैंक ने उच्च उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नवी मुंबई स्थित अपने डेटा केंद्र और चेन्नई स्थित

आपदा रिकवरी (डीआर) साइट पर एक अत्याधुनिक सुरक्षा परिचालन केंद्र (एसओसी) की स्थापना की है. यह 24×7 कार्यरत रहने वाला सुरक्षा परिचालन केंद्र (एसओसी), बैंक के सम्मानित ग्राहकों को सुरक्षित बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के बैंक के उद्देश्य को पूरा करने के अलावा साइबर अपराधों से निपटने के लिए और बैंक की सूचना सुरक्षा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कमान केंद्र के रूप में कार्य करता है. इसके अलावा, एसओसी के माध्यम से आपका बैंक केंद्रीकृत रूप से सुरक्षा साधनों जैसे फायरवाल्स, राऊटर्स, इंट्रूज़न डिटेक्शन सिस्टम (आईडीएस) डिवाइस/ इंट्रूज़न प्रिवेंशन सिस्टम (आईपीएस) डिवाइस, विशेषाधिकारकृत पहचान प्रबंध (पीआईएम), एंटीवायरस, फिशिंग/ मालवेयर प्रयासों आदि की निगरानी करता है और सुधारात्मक उपाय करता है. आपका बैंक बाह्योन्मुख एप्लीकेशनों अर्थात् फिनेकल ई-बैंकिंग एप्लीकेशन (एफईबीए), मोबाइल बैंकिंग, मेल मैसेजिंग आदि के लिए नियमित रूप से भेद्यता मूल्यांकन एवं प्रवेश परीक्षण (वीएपीटी) करता है.

आपके बैंक ने सूचना सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग, तकनीकी जोखिम प्रबंधन तथा साइबर धोखाधड़ियों के संबंध में रिजर्व बैंक की सिफारिशों और बैंकों के लिए रिजर्व बैंक के साइबर सुरक्षा ढांचे को कार्यान्वित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है. आपके बैंक ने दिशानिर्देशों में अनुशंसित रूप में उपयुक्त संगठनात्मक ढांचा स्थापित किया है जिसमें मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीआईएसओ), जो बैंक के मुख्य जोखिम अधिकारी (सीआरओ) को रिपोर्ट करते हैं, के नेतृत्व में एक विशेष सूचना सुरक्षा समूह का गठन शामिल है.

ग्राहक डेटा की सुरक्षा करने, बाह्य आक्रमणों को रोकने तथा आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत बनाने के लिए कई सूचना सुरक्षा समाधान जैसे विशेषाधिकार प्राप्त पहचान एक्सेस प्रबंधन, नैक्स्ट-जेनरेशन-फायरवाल समाधान, मोबाइल युक्ति प्रबंधन, हनीपॉट समाधान, पैच प्रबंधन समाधान, सक्रिय डायरेक्टरी, वेब/ मेल गेटवे, इंड पॉइंट एवं यूएसबी एनक्रिप्शन, डेटा लीकेज प्रिवेंशन (डीएलपी) सॉल्यूशन, एडवांस्ड परसिस्टेंट थ्रेट (एपीटी), नेटवर्क एक्सेस कंट्रोल (एनएस), वेब-एप्लिकेशन फायरवाल (डब्ल्यूएएफ) आदि कार्यान्वित किए गए हैं.

आपके बैंक ने सुस्पष्ट साइबर सुरक्षा नीति और साइबर संकट प्रबंधन योजना लागू की है जो साइबर सुरक्षा से जुड़े जोखिमों का समाधान करने के लिए प्रबंधन के इरादे तथा दिशा को स्पष्ट करती है. बैंक ने साइबर सुरक्षा जोखिम निगरानी समिति (सीएसआरएमसी) का गठन किया है जो वीएपीटी/ एपसेक प्रक्रिया के माध्यम से पहचानी गई किसी भी सुभेद्यता को जारी रखने के संबंध में दिशानिर्देश जारी करती है. इसके साथ ही, आपका बैंक अपने सूचना सुरक्षा ढाँचे की जाँच करने और उसे प्रभावी बनाए रखने के लिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा संचालित की जाने वाली साइबर ड्रिलों, टेबल-टॉप अभ्यासों, फ़िशिंग सिमुलेशन अभ्यासों और इसकी सूचना सुरक्षा सेट-अप के स्वास्थ्य की जांच करने और ब्रीच रेडिनेस अभ्यासों में भी सहभागिता करता है और साथ ही ऐसे अभ्यासों को आयोजित भी करता है. सूचना सुरक्षा जागरूकता को बैंक में कार्यग्रहण करने वाले सभी कर्मचारियों के लिए प्रवेश कार्यक्रम में अनिवार्य सत्र के रूप में शामिल किया गया है. बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन के सदस्यों ने इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन बैंकिंग टेक्नोलॉजी (आईडीआरबीटी) में आयोजित सूचना प्रौद्योगिकी जोखिम कार्यक्रम में भाग लिया. कर्मचारियों के लिए नियमित सूचना सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के साथ–साथ, ग्राहकों को सुरक्षा भंग करने के प्रयासों को कम करने/ विफल करने के लिए मेल, एसएमएस, एटीएम और पोस्टरों के जरिए विभिन्न सूचना सुरक्षा सावधानियों को भी सूचित किया जाता है. आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रणाली को पेरिमीटर और एंड–पॉइंट समाधान सहित एक गतिशील सूचना प्रौद्योगिकी ढांचे के तहत लागू किया गया है. आपके बैंक का डेटा सेंटर (डीसी), आपदा रिकवरी केंद्र (डीआर) तथा नजदीकी डीआर केंद्र (एनडीआर) नवीनतम आईएसओ 27001 : 2013 सूचना सुरक्षा मानकों के साथ प्रमाणित हैं. आपके बैंक का नजदीकी डीआर केंद्र महत्वपूर्ण संव्यवहार प्रणालियों के लिए शून्य डेटा हानि सुनिश्चित करता है. बैंक की सूचना सुरक्षा संचालन समिति (आईएसएससी) सूचना प्रणालियों में आईटी जोखिम को कम करने के लिए निर्देश और मार्गदर्शन प्रदान करती है. साइबर सुरक्षा की दशा, विभिन्न सुरक्षा घटनाएं और नीतियां आवश्यक निर्देशों के लिए बोर्ड की आईटी रणनीति समिति (आईटीएससीबी) के समक्ष प्रस्तुत की जाती हैं. नीतियों को आईटीएससीबी द्वारा अनुमोदन के लिए बोर्ड को अनुशंसित किया जाता है.

प्रबंधन, नियंत्रण और प्रणालियां

मानव संसाधन

ज्ञानार्जन एवं विकास

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान कोविड–19 से प्रेरित प्रतिबंधों के बावजूद आपके बैंक के शीर्ष प्रशिक्षण संस्थान अर्थात् जवाहरलाल नेहरू बैंकिंग एवं वित्त संस्थान (जेएनआईबीएफ), हैदराबाद और इसके 10 अंचल प्रशिक्षण केन्द्रों ने 946 वर्चुअल इन–हाउस एवं बाह्य स्वनिर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम और साथ ही ई–लर्निंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से 16,218 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया. विभिन्न वर्टिकलों के कर्मचारियों को विभिन्न विषयों यथा रिटेल बैंकिंग, मध्यम, लघु और सूक्ष्म उद्यम और कृषि ऋण, ग्रामीण ऋण वितरण एवं निगरानी, एनपीए प्रबंधन, संरचित रिटेल आस्तियां (ऋण/ बिक्री/ संग्रहण/ परिचालन), लेखा परीक्षा, साइबर सुरक्षा, दस्तावेजीकरण, भूमिका आधारित रिफ्रेशर पाठ्यक्रम, रिटेल संग्रहण, व्यापार वित्त, ट्रेजरी, जोखिम, वित्त एवं लेखा, नेतृत्व/ व्यवहारिक प्रशिक्षण और अनिवार्य प्रशिक्षण प्रदान किए गए. बैंक ने यौन उत्पीड़न (पीओएसएच) रोकथाम, अपने ग्राहक को जानिए/ धन–शोधन निवारण, डिजिटल बैंकिंग, सतर्कता निवारक, साइबर सुरक्षा, फिनेकल आदि के मॉड्यूलों में मिश्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम अर्थात आभासी प्रशिक्षण और ई–लर्निंग, भी संचालित किए. भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार ग्राहक सेवा कार्यक्रम, महिला अधिकारियों, राजभाषा, अपने ग्राहक को जानिए/ धन–शोधन निवारण (एएमएल) एवं साइबर सुरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए. बैंक ने हाइब्रिड प्रशिक्षण कार्यक्रम (भौतिक कक्षा प्रशिक्षण के साथ आभासी प्रशिक्षण) भी शुरू किया.

आपके बैंक के आठ स्वतंत्र निदेशकों को क्रेडिट जोखिम मूल्यांकन और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों (आईएफआरएस) पर भारतीय लेखा मानकों (इंड एएस) के प्रभाव को समझने के लिए आयोजित कार्यशाला, वाणिज्यिक बैंकों के लिए कॉर्पोरेट प्रशासन, बैंकों के बोर्ड में निदेशकों के लिए कॉर्पोरेट आभिशासन, बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बोर्ड में निदेशकों के लिए आभिशासन और आश्वासन पर वर्चुअल लर्निंग प्रोग्राम तथा आईटी और साइबर सुरक्षा में कार्यक्रम नामक पांच कार्यकर्मो में नामित किया गया. इन्हें क्रिसिल, कृषि बैंकिंग कॉलेज (सीएबी), बैंकिंग प्रौद्योगिकी विकास एवं अनुसंधान संस्थान (आईडीआरबीटी), उन्नत वित्तीय अनुसंधान एवं अध्ययन शिक्षा केंद्र (सीएएफआरएल) आदि आयोजित किया गया था.

आपके बैंक ने अपने संबंधित कार्यक्षेत्रों में अपेक्षित एक्सपोजर प्रदान करने के लिए 1,075 अधिकारियों को 114 बाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामित किया है. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण, क्रेडिट प्रबंधन, जोखिम प्रबंधन, व्यापार वित्त, ट्रेजरी, फोरेक्स, निर्यात वित्त, डिजिटल बैंकिंग, कॉरपोरेट अभिशासन एवं अनुपालन, लेखा परीक्षा, फोरेंसिक ऑडिट, आरक्षण नीति पर एचआर कार्यक्रम, डेटा एनालिटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, धोखाधड़ी प्रबंधन एवं एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा, साइबर फोरेंसिक, प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण आदि विषयों पर प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान (एनआईबीएम), कृषि बैंकिंग महाविद्यालय (सीएबी)- पुणे, फॉरेन एक्सचेंज डीलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफईडीएआई), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (आईआईबीएफ), इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया (आईबीबीआई), इंडियन बैंक एसोसिएशन (आईबीए), बैंकिंग प्रौद्योगिकी विकास एवं अनुसंधान संस्थान (आईडीआरबीटी), क्रिसिल, नेशनल एकेडमी ऑफ ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट (एनएएचआरडी), उन्नत वित्तीय अनुसंधान एवं अध्ययन केंद्र (कैफरल), इंटरटेक (इं) प्रा. लि., डेक्सलैब सोल्युशंस प्रा.लि., एएलएमयूएस रिस्क कंसल्टिंग एलएलपी, एशियन कॉलेज ऑफ टीचर्स, आदि जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाया गया.

ज्ञानार्जन संस्कृति के भाग के तौर पर बैंक अपनी शिक्षण प्रबंधन प्रणाली यथा ओजस के माध्यम से ई–लर्निंग को बढ़ावा दे रहा है ताकि कर्मचारियों को शिक्षण के लिए लागत प्रभावी ढंग से अतिरिक्त चैनल उपलब्ध कराए जा सकें. ओजस में विभिन्न प्रकार के बैंकिंग संबंधी विषयों को शामिल करते हुए 300 से अधिक अद्यतित ई–लर्निंग मॉड्यूल रखे गए हैं जिसमें व्यवहार–कौशल संबंधी विषय और हिंदी में कार्यात्मक मॉड्यूल भी शामिल हैं. सभी अनिवार्य ई–लर्निंग प्रमाण–पत्र कार्यक्रमों को ग्रेड एफ (मुख्य महाप्रबंधक) तक के अधिकारियों के लिए आई–पेस प्रणाली में पांच अंकों का प्रावधान रखते हुए वार्षिक मूल्यांकन से भी जोड़ा गया है. समग्र रूप से वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान 13,706 अधिकारियों ने ई–लर्निंग प्रमाण–पत्र कार्यक्रमों को पूरा किया है. जेएनआईबीएफ ने बैंक में अनुपालन जागरूकता और सशक्त संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ग्रेड ए से एफ तक के अधिकारियों के लिए अनुपालन मॉड्यूल भी शामिल किया है.

कस्टमाइज्ड प्रशिक्षण कार्यक्रमों और विभिन्न स्टैंडअलोन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अलावा, जेएनआईबीएफ ने नेपाल के बैंकों के लिए विपणन और बिक्री कौशल पर पहला ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किया. जेएनआईबीएफ और जेडटीसी ने प्रतिष्ठित संगठनों के लिए 763 प्रतिभागियों के साथ 29 बाह्य कार्यक्रम आयोजित किए. इन कार्यक्रमों ने भारत और दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (सार्क) देशों में जेएनआईबीएफ की एक मजबूत छवि बनाई है क्योंकि इसे भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, पंजाब एंड सिंध बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी), एक्ज़िम बैंक, मशरेक बैंक, बैंक ऑफ चाइना, चैतन्य गोदावरी ग्रामीण बैंक, सीएसबी बैंक लिमिटेड, आंध्र प्रगति ग्रामीण बैंक, रेलटेल, लोकमंगल को–ऑप बैंक लिमिटेड, निचिनो इंडिया प्रा. लिमिटेड, ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक जैसे कई संस्थानों से नामांकन प्राप्त हुए थे.

आपके बैंक ने प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) करते हुए सहयोगात्मक पद्धति से सीखने की पहल की है. जेएनआईबीएफ ने विभिन्न संयुक्त प्रशिक्षण और संकाय विनिमय कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भारतीय प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज (एएससीआई) और गांधी प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान (गीतम) हैदराबाद बिजनेस स्कूल (जीएचबीएस) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं.

कर्मचारियों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति

आपके बैंक ने वित्त वर्ष 2021–22 के लिए अनुसूचित जाति (अजा)/ अनुसूचित जनजाति (अजजा) श्रेणी के अंतर्गत आने वाले तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के बच्चों के लिए डॉ. बी.आर. अम्बेडकर छात्रवृत्ति संवितरित की.

अधिकारियों की तैनाती और नियोजन

कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए आपके बैंक के पास संगठनात्मक और विनियामकीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सुदृढ़ स्थानांतरण व्यवस्था है. स्थानांतरण का उद्देश्य कारोबार और सहयोगी क्षेत्रों के कार्यात्मक पहलुओं से अच्छी तरह परिचित कराने के साथ–साथ अधिकारियों के लिए स्थानीय एक्सपोजर प्रदान करना है. कर्मचारियों के नियोजन का उद्देश्य व्यापक और विशाखीकृत परिचालन क्षेत्रों के एक्सपोजर के माध्यम से अधिकारियों की दक्षता और कौशल को विकसित करना है. यह कार्य क्षमता निर्माण ढांचे के माध्यम से भी किया जाता है जिसमें ज्ञान उन्नयन और मौजूदा कौशल सेटों में वृद्धि के जरिए विशेष हस्तक्षेप के द्वारा व्यक्तिगत कौशलों में इष्टतम वृद्धि की परिकल्पना की गई है. इसके अतिरिक्त, संवेदनशील पदों पर तैनात अधिकारियों सहित अधिकारियों का स्थानांतरण सामान्यत: अधिकारियों की तैनाती और नियोजन नीति (ओपीटीपी) के अनुसार किया जाता है.

औद्योगिक संबंध

आपके बैंक में वर्ष के दौरान औद्योगिक संबंध का वातावरण सामान्यत: मैत्रीपूर्ण रहा है तथा अधिकांश समस्याओं का समाधान सौहार्दपूर्ण रूप से कर लिया गया है. अधिकारियों/ कर्मचारियों की शिकायतों को समझने और उनका समाधान निकालने हेतु रचनात्मक संवाद स्थापित करने के अपने प्रयासों के तौर पर बैंक ने संघों और यूनियनों के साथ बैठकें की हैं. यूनियन और संघ भी विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए सक्रिय और तत्पर रहे हैं.

आई-पेस -नई कार्य निष्पादन प्रबंध प्रणाली

आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2019-20 से पुन: संरचित कार्य–निष्पादन प्रबंध प्रणाली (पीएमएस) लागू की है तथा इसे और अधिक विशिष्ट, मापनीय, हासिल करने योग्य, सुसंगत एवं समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से इसे आई–पेस (आईडीबीआई बैंक– कार्य निष्पादन निर्धारण एवं सतत मूल्यांकन) जैसा सटीक नाम दिया गया है. आई–पेस में एक समान भूमिकाओं के लिए मानकीकृत मुख्य परिणाम क्षेत्र (केआरए), मानकीकृत केआरए के लिए समान महत्व देना तथा अधिकांश मापनीय केआरए के लिए सिस्टम/ डैशबोर्ड से सीधी सहबद्धता शामिल है. इसे लागू किए जाने के बाद से आपका बैंक आई–पेस तुलनात्मसक रैंकिंग प्रणाली के अंतर्गत अपने अधिकारियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर रहा है, जिसका उद्देश्य संगठनात्मक लक्ष्यों के साथ अधिकारियों के प्रदर्शन को संरेखित करना और बैंक के रणनीतिक व्यावसायिक उद्देश्यों पर ध्यान–केंद्रण, दिशा–निर्धारण और सामान्य समझ के साथ सभी स्तरों पर कार्य निष्पादन आधारित संस्कृति को बढ़ावा देना है. सभी अधिकारियों को हैंडहेल्ड उपकरणों पर आई–पेस मॉड्यूल तक पहुंच उपलब्ध कराई गई है.

आरक्षण नीति

आपका बैंक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सेवाओं पर लागू होने वाली भारत सरकार की वर्तमान आरक्षण नीति का पूरी तरह से पालन करता है. यथा 31 मार्च 2022 को बैंक की कुल श्रमशक्ति संख्या में अनुसूचित जाति (अजा)/ अनुसूचित जनजाति (अजजा)/ अन्य पिछड़े वर्ग (अपिव)/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (आरुक) का प्रतिनिधित्व निम्नानुसार है:

श्रेणी	अनुसूचित जाति (अजा)	अनुसूचित जनजाति (अजजा)	अन्य पिछड़े वर्ग (अपिव)	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (आरुक)
अधिकारी	2,170	960	4,000	90
एक्जीक्यूटिव	140	82	387	89
लिपिक	62	24	44	0
अधीनस्थ स्टाफ	128	39	107	0
कुल	**2,500**	**1,105**	**4,538**	**179**

आपके बैंक ने आरक्षण संबंधी दिशानिर्देशों के उचित कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण रजिस्टर/ रोस्टर बनाए हैं. बैंक ने भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार दिव्यांग कर्मचारियों के लिए अलग आरक्षण रोस्टर भी बनाया है.

आपके बैंक ने अजा/ अजजा/ अपिव तथा दिव्यांगों (पीडब्ल्यूडी) के लिए क्रमश: महाप्रबंधक तथा उप महा प्रबंधक स्तर के मुख्य संपर्क अधिकारियों (सीएलओ) तथा अंचल संपर्क अधिकारियों (जेडएलओ) की नियुक्ति की है. सीएलओ और जेडएलओ आरक्षित श्रेणी के कर्मचारियों के संबंध में विभिन्न दिशानिर्देशों का अनुपालन तथा उनकी शिकायतों का प्रभावी निवारण सुनिश्चित करते हैं. आपके बैंक ने अनुसूचित जाति (अजा)/ अनुसूचित जनजाति (अजजा)/ अन्य पिछड़े वर्ग (अपिव)/ दिव्यांगों (पीडब्ल्यूडी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (आरुक) के कर्मचारियों से प्राप्त होने वाली शिकायतों को दर्ज करने के लिए शिकायत रजिस्टर भी बनाया है और इन शिकायतों के समाधान के लिए समुचित कार्रवाई की जाती है.

आपका बैंक अजा/ अजजा /अपिव के कर्मचारियों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने हेतु अजा/ अजजा/ अपिव कल्याण संघ के प्रतिनिधियों के साथ आवधिक बैठकें (तिमाही) आयोजित करता है.

मानव संसाधन संबंधी नए पहल कार्य

आपके बैंक ने मई 2021 में अपने कर्मचारियों के लिए एक परोपकारी योजना की शुरुआत की. योजना का उद्देश्य ऐसे कर्मचारियों के शोक संतप्त परिवार के सदस्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है, जिनकी मृत्यु बैंक सेवा के दौरान हो जाती है. इसमें सभी कर्मचारियों का सामूहिक योगदान होता है. योजना की शुरुआत से पहले कोविड-19 के कारण कर्मचारियों की मृत्यु को भी इस योजना के तहत कवर किया गया.

बैंक में कार्यरत दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के लिए अवसर की समानता सुनिश्चित करने एवं उनकी दिव्यांगता के कारण उनके साथ कोई भेदभाव न हो यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, आपके बैंक ने विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 21 के अनुपालन में बेंचमार्क विकलांग कर्मचारियों के लिए *'समान अवसर नीति–कर्मचारी'* पेश की है. आपके बैंक का यह प्रयास है कि कार्यस्थल पर समान अवसर सृजित करके और विविधता और समावेशन को मान्यता और महत्व देकर अनुकूल और सामंजस्यपूर्ण कार्य का वातावरण बनाए रखा जाए. बैंक अपने सभी कर्मचारियों और सभी योग्य आवेदकों को उनकी नस्ल, जाति, धर्म, रंग, वंश, वैवाहिक स्थिति, लिंग, आयु, राष्ट्रीयता, विकलांगता आदि पर ध्यान दिए बिना रोजगार के समान अवसर प्रदान करने का प्रयास करता है.

आपके बैंक ने कर्मचारियों को अस्पताल में भर्ती होने की सुविधा की प्रतिपूर्ति के लिए समूह चिकित्सा बीमा पॉलिसी (जीएमआईपी) शुरू की है जो पहले इसकी चिकित्सा योजना के तहत कवर की गई थी. यह नीति 01 अप्रैल 2022 को शुरू हुई है और कामगार कर्मचारियों (श्रेणी III और IV), ग्रेड ए

के अधिकारियों, जिन्होंने पांच साल से अधिक की सेवा पूरी कर ली है, ग्रेड बी और उससे ऊपर के अधिकारियों और पूर्णकालिक निदेशकों (डब्ल्यूटीडी) पर लागू होगी. यह एक द्वि–स्तरीय बीमा है, अर्थात आधार राशि बीमाकृत सीमा (ग्रेड–वार व्यक्तिगत बीमा राशि सीमा) और बीमित राशि सीमा से अधिक दावों के लिए एक समिति द्वारा जांच और अनुमोदन के अधीन अलग समग्र कॉर्पोरेट बफर सीमा की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है.

वैश्विक महामारी के कारण, जहां कंपनियों और संस्थानों ने स्थिति के अनुकूल होने के लिए अपनी कार्यशैली में बदलाव किया है, आपके बैंक ने बाहरी विक्रेता (प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) माध्यम से चयनित) के माध्यम से पृष्ठभूमि स्क्रीनिंग की प्रक्रिया शुरू की है जिसके परिणामस्वरूप नए भर्ती कर्मचारियों के लिए सत्यापन प्रक्रियाओं के टर्न–अराउंड टाइम (टीएटी) में कमी आएगी.

उत्तराधिकार योजना नीति (एसपीपी)

आपके बैंक ने कार्यपालक निदेशक, मुख्य महाप्रबन्धकों और महाप्रबंधकों के वरिष्ठ पदों पर उत्तराधिकार योजना आरंभ की है. यह नीति वरिष्ठ पदों के लिए लीडरशिप प्रक्रिया के सृजन के लिए समग्र ढांचा उपलब्ध कराती है ताकि जब चिन्हित महत्वपूर्ण पद खाली हो तो कारोबार निरंतरता सुनिश्चित की जा सके.

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम (पीओएसएच)

आपके बैंक ने अवांछनीय घटना के घटित होने पर पीड़ित महिला को तुरंत सहायता देने और अपेक्षित सहयोग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंक के कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न झेलनेवाली महिला की शिकायत सीधे आंतरिक समितियों के सदस्यों के पास दर्ज कराने के लिए एसएमएस/ ई–मेल आधारित शिकायत प्रणाली कार्यान्वित की है.

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध एवं निदान) अधिनियम, 2013 के तहत प्रकटन

आपके बैंक ने सुरक्षित और मैत्रीपूर्ण कार्य वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के निवारण को सुनिश्चित करने हेतु कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध एवं निदान) अधिनियम, 2013 की अपेक्षाओं के अनुसार महिलाओं के यौन उत्पीड़न के संबंध में मिलने वाली शिकायतों के निपटान के लिए दो आंतरिक शिकायत समितियां बनाई हैं. वर्ष के दौरान आपके बैंक को इस संबंध में 8 (आठ) शिकायतें प्राप्त हुई जबकि पूर्ववर्ती वर्षों में प्राप्त 3 (तीन) शिकायतों पर निष्कर्ष लंबित था. संबंधित आंतरिक समितियों ने शिकायतों का समाधान किया और यथा 31 मार्च 2022 को 1 (एक) शिकायत पर निष्कर्ष लंबित था.

कर्मचारियों को विधिक तथा वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु योजना

बैंक के कामकाज को सद्भावपूर्वक निष्पादित करने से उत्पन्न मामलों पर बाहरी व्यक्तियों/निजी पक्षों द्वारा कर्मचारियों के खिलाफ जानबूझकर की गई झूठी शिकायतों से कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से आपके बैंक ने उक्त योजना लागू की है जो निदेशकों/ अधिकारियों/ कर्मचारियों को वित्तीय और विधिक सहायता उपलब्ध कराती है.

समूह जीवन बीमा योजना (जीएलआईएस)

आपका बैंक समूह जीवन बीमा योजना (जीएलआईएस) के तहत बैंक के सभी कर्मचारियों को जीवन बीमा सुरक्षा प्रदान करता है. योजना के अनुसार, वार्षिक प्रीमियम राशि बैंक और कर्मचारियों द्वारा समान रूप से साझा की जाती है.

निदेशक एवं अधिकारी देयता बीमा पॉलिसी (डी एंड ओ पॉलिसी)

आपके बैंक ने डी एंड ओ पॉलिसी लागू की है जिसका उद्देश्य वास्तविक या तथाकथित गलत कार्य, जो सद्भावपूर्वक कर्तव्य निर्वहन के दौरान निर्णयों और कार्रवाई से हुआ हो, के परिणाम के प्रति निदेशकों और अधिकारियों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है.

भर्ती और स्टाफिंग

यथा 31 मार्च 2022 को आपके बैंक के पास कुल स्टाफ संख्या 17,430 रही. कर्मचारियों का श्रेणीवार अलग–अलग विवरण नीचे दिया गया है:

श्रेणी	कुल
अधिकारी*	15,477
एक्जीक्यूटिव	1,018
लिपिकीय स्टाफ	437
अधीनस्थ स्टाफ	498
कुल	**17,430**

*टिप्पणी : * - अधिकारियों की संख्या के अंतर्गत एमडी व सीईओ, डीएमडी (2), संविदागत कर्मचारी (प्रमुख डेटा विश्लेषिकी, मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी, कार्यपालक निदेशक और आईटी प्रमुख, डीबी और ईपीडी प्रमुख, उप सीटीओ (डिजिटल), मुख्य डेटा अधिकारी, कार्यक्रम प्रबंधन और आईटी (अनुपालन) प्रमुख, प्रधान कानूनी परामर्शदाता, सलाहकार चिकित्सक, मुख्य ग्राहक सेवा अधिकारी, बैंक चिकित्सा अधिकारी (3) शामिल हैं,*

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने विभिन्न श्रेणियों में 1,412 व्यक्तियों की भर्ती की जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

श्रेणी	कुल
अधिकारी ग्रेड ए	627
अधिकारी ग्रेड बी	24
अधिकारी ग्रेड सी	12
अधिकारी ग्रेड डी	2
अधिकारी ग्रेड ई	3
अधिकारी ग्रेड एफ़	2
अधिकारी ग्रेड कार्यपालक निदेशक	1
लिपिकीय	17
अधीनस्थ स्टाफ	6
एक्जीक्यूटिव	718
कुल	**1,412**

टिप्पणी : आंकड़ों में संविदागत कर्मचारी शामिल हैं.

बुनियादी संरचना प्रबंधन

कोविड-19 महामारी ने बैंकिंग क्षेत्र सहित समाज के सभी वर्गों को प्रभावित किया. वायरस के संक्रमण और प्रसार के जोखिम को कम करने में टीकाकरण के महत्व को स्वीकार करते हुए, आपके बैंक ने अपने कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए अपने प्रधान कार्यालय और बेलापुर, नवी मुंबई के साथ अन्य केन्द्रों पर स्थित अपने कार्यालयों में टीकाकरण के लिए भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप कार्य स्थल टीकाकरण शिविर आयोजित किए. इससे बैंक के कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को सुरक्षित वातावरण में सुविधाजनक तरीके से टीका लगवाने में मदद मिली, जिससे कोविड-19 वायरस के जोखिम को कम किया जा सका. बैंक के परिसरों को समय–समय पर सैनिटाइज किया जाता है और इन परिसरों में आने वाले अपने कर्मचारियों और अन्य हितधारकों की सुरक्षा के लिए फ्यूमिगेट कियाजाता है.

बैंक ने भोपाल और पटना में अंचल कार्यालय (अं.का.) स्थापित किए हैं जिनका 1 जून 2021 से परिचालन शुरू कर दिया गया है. भोपाल अंचल कार्यालय, चार क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ, मध्य प्रदेश राज्य में अपनी 103 शाखाओं में आपके बैंक के व्यवसाय को संचालित करेगा तथा पटना अंचल पांच क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ आपके बैंक की बिहार व झारखंड में स्थित 123 शाखाओं का कार्य देखेगा.

आईडीबीआई टॉवर में बैंक के प्रधान कार्यालय के बेसमेंट में एक नया 1,500 किलोवोल्ट–एम्पीयर (केवीए) ट्रांसफार्मर लगाया गया है. वर्ष के दौरान बेलापुर में बैंक के कार्यालय में संरचनात्मक मरम्मत और पुनर्वास के कार्य सम्पन्न किये गए. बेलापुर कार्यालय में स्विचगियर्स सहित पुराने एलटी पैनलों को बदल दिया गया है.

आपके बैंक ने बिजली की खपत को कम करने के लिए विभिन्न कार्यालयों/ शाखाओं में पारंपरिक प्रकाश प्रदान करने वाली युक्तियों को ऊर्जा दक्षता युक्त प्रकाश प्रदाताओं, लैंपों और ट्यूब लाइटों के साथ बदल दिया है.

वर्ष के दौरान, बैंक के विभिन्न क्षेत्रों में कई शाखाओं/ कार्यालयों/ आवासीय परिसरों के स्थानांतरण और नवीनीकरण का कार्य पूरा किया गया.

आंतरिक लेखापरीक्षा

आपके बैंक का एक समर्पित आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग है जो आंतरिक नीतियों, प्रक्रियाओं और विनियामक दिशा–निर्देशों के अनुपालन का मूल्यांकन करता है और साथ ही यह बैंक के भीतर आंतरिक नियंत्रणों, जोखिम प्रबंधन और अभिशासन की प्रभाविकता सुनिश्चित करता है और उक्त में सुधार हेतु सुझाव देता है. लेखापरीक्षा कार्यकलाप के अंतर्गत विभिन्न कारोबार एवं सपोर्ट वर्टिकलों, अंचल कार्यालयों (अंका), क्षेत्रीय कार्यालयों (क्षेका), शाखाओं और गैर–शाखा खंडों द्वारा की गई विभिन्न गतिविधियों की लेखापरीक्षा और जोखिम आधारित लेखापरीक्षा दृष्टिकोण को अपनाया गया. आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग (आईएडी), बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) के दिशानिर्देशों तथा देख–रेख में कार्य करता है.

लेखा परीक्षा के कार्य (i) जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा नीति; (ii) समवर्ती लेखापरीक्षा नीति; और (iii) सूचना प्रणाली (आईएस) लेखापरीक्षा नीति द्वारा अभिशासित हैं. जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा नीति के हिस्से के रूप में लेखापरीक्षा विभाग विभिन्न लेखापरीक्षा अर्थात् शाखा लेखापरीक्षा, ऋण लेखापरीक्षा, सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा, समवर्ती लेखापरीक्षा का आयोजन करता है. शाखाओं की लेखापरीक्षा पर गहराई से ध्यान केंद्रित करने और अनुवर्तन कार्यों को पर्याप्त और प्रभावी रूप से पूरा करना सुनिश्चित करने हेतु आपके बैंक में अपने सभी अंचलों में अंचल लेखापरीक्षा कार्यालय (जेडएओ) बनाए गए हैं. लेखापरीक्षा गतिविधियों को एक वेब आधारित एप्लिकेशन–लेखापरीक्षा प्रबंधन प्रणाली के जरिये संपन्न किया जाता है, जिसे लेखापरीक्षा इकाइयों के संबंधित अधिकारियों द्वारा अनुपालनों की निगरानी हेतु तत्काल आधार पर एक्सेस किया जाता है. आईएडी लेखापरीक्षा के तीन प्रमुख प्रकारों अर्थात् आंतरिक लेखापरीक्षा, समवर्ती लेखापरीक्षा, और सूचना प्रणाली (आईएस) लेखापरीक्षा का संचालन/ पर्यवेक्षण करता है. लेखापरीक्षा विभाग (i) धोखाधड़ी निगरानी समूह; (ii) स्टाफ जवाबदेही समिति सचिवालय के जरिए स्टाफ जवाबदेही (एसए) नीति का कार्यान्वयन; (iii) लॉन्ग फॉर्म लेखापरीक्षा रिपोर्ट (एलएफएआर); और (iv) वित्तीय रिपोर्ट पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (इफको-एफआर) संबंधी कार्य का भी प्रबंध करता है.

लेखापरीक्षा विभाग उपयुक्त रूप से अर्हता प्राप्त और कौशलपूर्ण लेखापरीक्षा के कार्य में जहां कहीं भी आवश्यक हो परिचालनगत प्रक्रियाओं और सेवा गुणवत्ता में सुधार हेतु सिफारिशें भी करता है और प्रबंधन को समय रहते ही फीडबैक उपलब्ध कराता है ताकि सुधारात्मक कारवाई की जा सके.

लॉन्ग फॉर्म लेखापरीक्षा रिपोर्ट (एलएफएआर)

आपका बैंक बैंक की शाखाओं द्वारा सांविधिक केंद्रीय लेखापरीक्षकों (एससीए) को प्रस्तुत की गई जानकारी को लॉन्ग फॉर्म लेखापरीक्षा रिपोर्ट (एलएफएआर) को अंतिम रूप देने के लिए संकलित और साझा करता रहा है. शाखाओं द्वारा

जानकारी/ डाटा इनपुट करने और एससीए द्वारा उपयोग के लिए समेकित रिपोर्ट जेनरेट करने हेतु आईएडी द्वारा एक ऑनलाइन प्रणाली विकसित की गई है. लेखापरीक्षा विभाग एलएफएआर में की गई टिप्पणियों का समय पर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों/ कार्यक्षेत्रों के साथ फॉलोअप करता है.

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (इफको – एफआर)

लेखापरीक्षा विभाग (i) आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणालियों की पर्याप्तता; और (ii) ऐसे नियंत्रणों की परिचालनगत प्रभावशीलता तथा सभी सक्रिय मुद्दों को समय पर और प्रभावी रूप से बंद करने की सुनिश्चितता सत्यापित करने के प्रयोजन से नियुक्त किए गए बाहरी परामर्शदाता द्वारा चिन्हित किए गए जोखिम नियंत्रण मैट्रिक्स के परीक्षण के लिए समन्वय व पर्यवेक्षण भी करता है. संबंधित कारोबार कार्यकलापों को नियमित आधार पर सुग्राही बनाया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी सक्रिय मुद्दों को बंद करने के प्रयास में नियंत्रणों के लिए पर्याप्त उपाय किए गए हैं.

सूचना प्रणाली (आईएस) लेखापरीक्षा

बैंक की सूचना प्रणाली (आईएस) लेखा परीक्षा कार्यकलाप में इसका एप्लिकेशन सिस्टम, आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर, बाहरी विक्रेताओं, नीति और प्रक्रिया समीक्षा, डेटा सेंटर के समवर्ती लेखा परीक्षा और शाखा लेखा परीक्षा शामिल हैं. *'लेखा परीक्षा कार्य के स्वतंत्र आश्वासन'* पर आरबीआई के दिशानिर्देशों के आधार पर और प्रबंधन और नियामकों को आश्वासन प्रदान करने के लिए, आईएस लेखा परीक्षा कार्यकलाप सहित आंतरिक लेखा परीक्षा की गुणवत्ता आश्वासन समीक्षा बैंक द्वारा की जा रही है. समीक्षा प्रक्रिया आंतरिक लेखा परीक्षा कार्य की प्रभावशीलता और दक्षता का आकलन करने के लिए बैंक द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण और प्रथाओं को मान्य करेगी. साइबर घटनाओं के बढ़ते दृष्टांतों को देखते हुए आईएस ऑडिट के दायरे में साइबर सुरक्षा पहलुओं को शामिल करने पर जोर दिया गया है.

आईएस लेखापरीक्षा कार्य की निरंतर प्रासंगिकता सुनिश्चित करने के लिए सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा (आईएसए) नीति की वार्षिक समीक्षा की गई. लंबित टिप्पणियों की बारीकी से निगरानी करने और बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारियों की नियमित बैठकों के आयोजन के कारण आईएस ऑडिट टिप्पणियों के समग्र अनुपालन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है.

ऑफसाइट निगरानी प्रणाली

ऑफ साइट निगरानी प्रणाली (ओएमएस) शाखाओं और नियंत्रणाधीन कार्यालयों को दैनंदिन परिचालनों में वर्तमान नीतियों/ प्रक्रियाओं से विचलन होने पर सावधान करने तथा उनमें तत्काल सुधार/ अनुपालन करने का महत्वपूर्ण साधन है. निगरानी में चल रहे सुधार के भाग के रूप में, बैंक के स्टाफ सदस्यों के खातों में ऋण खातों और लेनदेन से संबंधित नए नियम जोड़े गए हैं. ओएमएस की प्रभावशीलता और दक्षता का आकलन करने के लिए बैंक ने बाहरी वेंडर द्वारा गुणवत्ता आश्वासन की समीक्षा करवाई है.

समवर्ती लेखापरीक्षा

समवर्ती लेखापरीक्षा (सीए) प्रणाली अनियमितताओं/ चूकों का पता लगाने के लिए बैंक की प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली का भाग है जो जोखिमों को नियंत्रित रखने में आंतरिक और विनियामकीय दिशानिर्देशों के उल्लंघनों की रोकथाम करने और धोखाधड़ी वाले लेनदेनों को रोकने में सहायता करती है. समवर्ती लेखापरीक्षा प्रणाली दरअसल एक नियंत्रण प्रक्रिया है जो मजबूत आंतरिक लेखांकन प्रणालियों और प्रभावी नियंत्रणों की स्थापना हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है. भारतीय रिजर्व बैंक के सम्बद्ध दिशानिर्देशों के अनुसार समवर्ती लेखापरीक्षा शाखाओं/ अन्य गैर शाखा इकाइयों जैसे ट्रेजरी, केंद्रीय प्रोसेसिंग इकाई (सीपीयू) और खुदरा आस्ति केन्द्रों (आरएसी) में की जाती है, जिनकी पहचान जोखिम बोध और कारोबार की मात्रा के आधार पर होती है. इसके अलावा, प्रधान कार्यालय के अभिनिर्धारित कार्यपरक प्रभागों की भी समवर्ती लेखापरीक्षा होती है तथा सभी व्यापार वित्त केंद्रों को समवर्ती लेखापरीक्षा के अंतर्गत शामिल किया गया है. बैंक की बोर्ड द्वारा अनुमोदित समवर्ती लेखापरीक्षा नीति के अनुसार समवर्ती लेखापरीक्षा को जमाओं के 70% और अग्रिमों के 70% भाग को कवर करना आवश्यक है. तदनुसार वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए सीए के अंतर्गत लगभग 897 लेखापरीक्षित इकाइयां कवर की गईं और इसके लिए बाहरी सनदी लेखाकार फर्मों की सेवाएं ली गई थीं. रिपोर्ट की गुणवत्ता तथा समय पर प्रस्तुति हेतु समवर्ती लेखा परीक्षकों के कार्यनिष्पादन पर अंचल लेखापरीक्षा कार्यालय (जेडएओ) और बैंक के प्रधान कार्यालय लगातार गहन निगरानी रखते हैं.

ऋण लेखापरीक्षा

आपके बैंक ने वार्षिक आधार पर चुनिंदा खातों की विस्तृत समीक्षा के लिए ऋण लेखापरीक्षा प्रणाली कार्यान्वित की है. निम्नलिखित परिभाषित मानदंडों के आधार पर समीक्षाधीन अवधि के दौरान मंजूर किए गए नए प्रस्तावों में से उधारकर्ता खाते ऋण लेखापरीक्षा के लिए अभिनिर्धारित किए जाते हैं: (i) कार्यकलाप के आकार के आधार पर निर्दिष्ट सीमा के बराबर अथवा उससे अधिक की मंजूरी सीमा वाले सभी नए प्रस्ताव (संवितरण की तारीख से 3–6 महीने के अंदर) और सीमाओं के नवीकरण/ नवीकरण–सह–वृद्धि के प्रस्ताव; (ii) बचे हुए प्रस्तावों में से बिना किसी क्रम से चुने गए (5%) प्रस्ताव; (iii) निवेश ग्रेड से नीचे (यदि वित्तीय वर्ष के दौरान निवेश ग्रेड से परिवर्तित हुए हों); और (iv) कार्यकलाप के आकार के आधार पर निर्दिष्ट सीमा के बराबर अथवा उससे अधिक की मंजूरी सीमा वाले अधिग्रहण संबंधी मामले.

छानबीनपरक लेखापरीक्षा अथवा विशेष छानबीनपरक लेखापरीक्षा (आईए/एसआईए)

वर्ष 2021–22 के दौरान आंतरिक लेखापरीक्षा द्वारा विभिन्न ट्रिगर्स के आधार पर विभिन्न शाखाओं/ खुदरा आस्ति केन्द्रों (आरएसी) में कई छानबीनपरक लेखापरीक्षा/ विशेष छानबीनपरक लेखा परीक्षाएं (आईए/ एसआईए) की गईं. इन एसआईए से प्राप्त महत्वपूर्ण अवलोकनों, आईएडी की परामर्शी सूचनाओं और उन पर किए गए सुधारात्मक उपायों की रिपोर्टिंग कार्यपालकों की लेखापरीक्षा समिति (एसीई) को की जा रही है और साथ ही अब कार्यपालक निदेशक (ईडी) स्तर की समिति एवं बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी) को आवधिक रूप से की जा रही है. लेखापरीक्षा विभाग द्वारा की गई जांच,

नीतियों, उत्पाद संबंधी दिशानिर्देशों, कार्य–प्रणालियों और प्रक्रियाओं में प्रणालीगत सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. साथ ही नियंत्रणों को मजबूत करने तथा शाखाओं की बेहतर समग्र निगरानी सुनिश्चित करने में सहायता करती हैं. आईए/ एसआईए द्वारा उपलब्ध कराये गए प्रारंभिक संकेतकों ने अंचल कार्यालयों को समय पर वसूली/कानूनी कार्रवाई आरंभ करने में तथा खातों को एनपीए बनने से रोकने में सहायता की है.

एसआईए/ आईए से प्राप्त चूक/ कमियों को शाखाओं और साथ ही नियंत्रण इकाइयों के साथ सांझा किया जाता है ताकि ऐसी चूक की पुनरावृत्ति से बचा जा सके और न केवल शाखा स्तर पर, बल्कि पर्यवक्षीय स्तर पर अनुपालन प्रक्रिया को मजबूत करने पर ध्यान केन्द्रित किया जा सके.

धोखाधड़ी निगरानी

आपके बैंक ने आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग (आईएडी) के अंतर्गत समर्पित धोखाधड़ी निगरानी समूह (एफएमजी) के माध्यम से धोखाधड़ी निगरानी व्यवस्था कार्यान्वित की है. धोखाधड़ी निगरानी समूह धोखाधड़ियों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उपराचारात्मक कार्रवाइयों की प्रभावोत्पादकता की भी समीक्षा करता है तथा साथ ही इस संबंध में समय-समय पर आवश्यक एडवाइजरी/ परिपत्र भी जारी करता है. इस प्रकार की कार्रवाई में आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत बनाना और आवश्यकता आधारित उपचारात्मक उपाय लागू करना शामिल है. धोखाधड़ियों का समयपूर्व पता लगाने, उनकी रोकथाम करने, रिपोर्टिंग, निगरानी और उन पर अनुवर्ती कार्रवाई के लिए एक विस्तृत धोखाधड़ियों जोखिम प्रबंधन (एफआरएम) नीति कार्यान्वित की गई है.

एफएमजी धोखाधड़ियों की समय पर रिपोर्टिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए नियमित आधार पर एड़ीआरएम नीति की समीक्षा करता है. अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन (यूईबीटी) धोखाधड़ी के लिए अनुमोदन मैट्रिक्स को महाप्रबंधक स्तर पर मौजूदा अनुमोदन प्राधिकरण से उप महाप्रबंधक (संचालन) में बदल दिया गया है ताकि लागू मामलों में तेजी से कल्पित साख प्रदान किया जा सके. बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति के बदले धोखाधड़ी निगरानी एवं समीक्षा के लिए समिति (सीएफएमआर) को ₹ 1 लाख एवं उससे कम (मुख्यत: तकनीकी धोखाधड़ी) की राशि से संबंधित धोखाधड़ी को बंद करने के लिए अनुमोदनकर्ता प्राधिकारी बनाया गया है ताकि पिछले तीन वर्षों में पर्याप्त वृद्धि दर्शाने वाले धोखाधड़ी के मामलों को बंद करने में तेजी लाई जा सके. इस उपाय से बकाया धोखाधड़ी के मामलों की संख्या में कमी आने की उम्मीद है.

बैंक ने धोखाधड़ी की त्वरित रिपोर्टिंग और धोखाधड़ी के मामलों की समय सीमा के अंतर्गत रिपोर्टिंग हेतु विभिन्न आंतरिक परिपत्र जारी किए हैं. जिनमें रिजर्व बैंक को धोखाधड़ी की समय पर रिपोर्टिंग करने के महत्व को फिर से दोहराया गया है.

बैंक ने ₹ 1 करोड़ और उससे अधिक के धोखाधड़ी वाले मामले की घोषणा को धोखाधड़ी अनुमोदन प्रबंधन प्रणाली (एफएएमएस) के माध्यम से स्वचालित कर दिया है.

धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन

आपके बैंक में धोखाधड़ी प्रबंधन समूह (एफआरएमजी) गठित है जो उद्यमवार जोखिम प्रबंधन समाधान (ईएफआरएमएस) के कार्यान्वयन पर ध्यान केन्द्रित करता है और ईएफआरएमएस प्रणाली के जरिये नियमों को नियोजित कर विभिन्न प्रणालियों द्वारा किए गए संदिग्ध लेन–देनों पर नजर रखता है. वर्ष के दौरान, क्रेडिट कार्ड और आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) लेनदेन को भी कवर करने के लिए ईएफआरएमएस प्रणाली का विस्तार किया गया. इस ऑनलाइन चैनल का उपयोग करने वाले सहकारी उप–सदस्य बैंक ग्राहकों के लेनदेन सहित कॉर्पोरेट नेट बैंकिंग के लिए एडेप्टिव ऑथेंटिकेटेड ऑन प्रिमाइस (एएओपी) समाधान का कार्यान्वयन भी वर्ष के दौरान पूरा किया गया. 24×7 आधारित जोखिम आधारित संदिग्ध लेनदेन निगरानी गतिविधि को डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) और एईपीएस को कवर करने वाले सभी प्रमुख डिजिटल चैनल लेनदेनों तक बढ़ा दिया गया है.

सतर्कता तंत्र

आपके बैंक के प्रधान कार्यालय, मुंबई में पूर्ण रूप से गठित सतर्कता विभाग परिचालनरत है जिसके विभागाध्यक्ष मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) हैं. आपके बैंक ने अंचल कार्यालयों (जेडओ) स्तर पर सतर्कता गतिविधियों की निगरानी सुनिश्चित करने और बेहतर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से सतर्कता टीमों का गठन किया है.

आपके बैंक के सीवीओ द्वारा निष्पादित किये जाने वाले कार्यकलापों का व्यापक कार्यक्षेत्र/ दायरा है तथा इसमें बैंक के कर्मचारियों द्वारा किए गये अथवा संभवत: किए जाने वाले भ्रष्ट कार्यों के संबंध में खुफिया जानकारी एकत्रित करना शामिल है. सीवीओ, बैंक के सतर्कता मामलों से संबंधित सभी कार्यों को करते/ देखते हैं जिनमें (i) सतर्कता मामलों पर कार्यवाही करना, सतर्कता इंगित करने वाली और सत्यापन किए जाने लायक आरोपों से संबद्ध शिकायतों की जांच करना; (ii) छानबीन रिपोर्टों पर कार्यवाही करना जिन्हें आगे अनुशासनात्मक प्राधिकारी के विचारार्थ भेजा जाए; (iii) जहां कहीं भी आवश्यकता हो मामलों को केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीओ) को उनके विचारार्थ/ सूचना हेतु भेजना; (iv) भ्रष्टाचार/ कदाचार रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाना; और (v) विभिन्न विधि प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय और संपर्क करना शामिल हैं.

आपके बैंक के इंट्रानेट पर सतर्कता विभाग का समर्पित वेबपेज है जिस पर विभाग के कार्यों की जानकारी, बैंक की सभी शाखाओं/ कार्यालयों में प्रदर्शित किए जाने वाले सीवीसी के मानक नोटिस के प्रारूप; सीवीसी व सीवीसी के मुख्य तकनीकी निरीक्षक संगठन (सीटीईओ) द्वारा तथा आपके बैंक द्वारा समय - समय पर जारी किए जाने वाले महत्वपूर्ण परिपत्र/ दिशानिर्देशों और निवारक सतर्कता के लिए 'क्या करें और क्या न करें' जैसी जानकारी दी गई है. इससे आपके बैंक को अपने अधिकारियों के बीच सतर्कता जागरूकता के स्तर को बढ़ाने में मदद मिली है.

सतर्कता कार्य में '*निवारक सतर्कता*' और '*दंडात्मक सतर्कता*' दोनों अंश शामिल हैं. निवारक सतर्कता एक सतत प्रक्रिया है जो मौजूदा दिशानिर्देशों की समीक्षा के प्रयास द्वारा यह सुनिश्चित करती है कि सेट प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है, विवेक का कम उपयोग किया जा रहा है, साथ ही यह सतर्कता मामलों पर कर्मचारियों के साथ–साथ बैंक के हितधारकों के बीच जागरूकता लाना सुनिश्चित करती है.

आपके बैंक द्वारा अपनाए गए कुछ सतर्कता निवारक उपायों में विभिन्न शाखाओं में अनाचार, यदि कोई हो, का पता लगाने और स्थापित प्रणालियों और प्रक्रियाओं के अस्पष्ट अनुपालन की जांच हेतु ऑफसाइट/ औचक सतर्कता दौरे (एसवीवी) तथा स्वत: संज्ञान आधार (स्टाफ/ बाह्य तत्वों द्वारा किसी भी संदिग्ध अनुचित कार्यों की जानकारी प्राप्त होने पर) पर निरीक्षण करना शामिल है. इसके अलावा, एक बारीय निपटान/ पहली बार अनर्जक आस्ति (एनपीए) मामलों की जांच, बैंक अधिकारियों के आस्ति व देयताओं की विवरणियों (एआरएएल) की जांच, बैंक की लेखापरीक्षा रिपोर्टों आदि की जांच सतर्कता विभाग द्वारा भी किए जाते हैं.

भ्रष्टाचार से निपटने के प्रयासों के तहत साथ ही साथ सीवीसी के निदेशों द्वारा जन जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए, आपके बैंक ने 26 अक्टूबर 2021 से 01 नवंबर 2021 तक 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) 2021 को 'स्वतंत्र भारत@75 सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता (independent India @75: Self Reliance with integrity)' विषय के रूप में मनाया था. इस अवसर पर, आपके बैंक ने स्टाफ के सदस्यों के लिए एक विशेष ई–पत्रिका जारी की. अखिल भारतीय स्तर पर स्टाफ सदस्यों तथा उनके बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे ऑनलाइन क्विज,निबंध–लेखन, कार्टून और कैरिकेचर, कॉइन–ए–कैप्शन, मेमोरी गेम, क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता आदि का आयोजन भी किया गया. इसके अतिरिक्त, श्री पी. डेनियल, सचिव, सीवीसी ने वीएडब्ल्यू 2021 के दौरान आपके बैंक के शीर्ष प्रबंधन को संबोधित किया.

आपके बैंक के कर्मचारियों ने ई–प्रतिज्ञा ली और भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई का समर्थन करने के लिए बैंक के ग्राहकों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा लेने के लिए एक लिंक के साथ थोक एसएमएस भेजे गए. आपके बैंक के फील्ड अधिकारियों के लिए विभिन्न लोकेशनों पर संगोष्ठियों और कार्यशालाओं का आयोजन किया गया. आम जनता/नागरिकों के बीच जागरूकता के लिए, वीएडब्ल्यू 2021 बैनर/पोस्टर आपके बैंक के अंचल कार्यालयों (जेडओ), क्षेत्रीय कार्यालयों (आरओ), शाखाओं और सार्वजनिक इंटरफेस वाले प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए गए. विभिन्न लोकेशनों पर ग्राम सभाओं का भी आयोजन किया गया.

सीवीसी के निर्देशों के अनुसार, वीएडब्ल्यू 2021 के बारे में जानकारी आपके बैंक की वेबसाइट के साथ–साथ फेसबुक, ट्विटर आदि जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसके प्रोफाइल/ हैंडल के माध्यम से प्रसारित की गई.

विनियामक अनुपालन

आपका बैंक आंतरिक नियंत्रणों की संरचित प्रणाली और विभिन्न स्तरीय समीक्षा के लिए भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) तथा अन्य विनियामक/ सांविधिक निकायों द्वारा निर्दिष्ट विभिन्न सांविधिक एवं विनियामक दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करता है. कार्यपालक निदेशक स्तर के मुख्य अनुपालन अधिकारी (सीसीओ) के रूप में नामित एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा आपके बैंक के प्रधान कार्यालय में स्थित अनुपालन विभाग संचालित होता है जो सभी वैधानिक और विनियामक दिशानिर्देशों के प्रसार और समावेशन का समन्वय करता है. आपके बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप बोर्ड द्वारा अनुमोदित व्यापक अनुपालन नीति लागू की है जिसकी वार्षिक आधार पर समीक्षा की जाती है. आपके बैंक में अनुपालन कार्य के संबंध में प्रत्येक टियर के लिए भूमिका व जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से परिभाषित की गई है. बोर्ड को भारतीय रिजर्व बैंक और अन्य विनियामकों/ एजेंसियों से प्राप्त महत्वपूर्ण सूचनाओं/ दिशानिर्देशों के संबंध में मासिक अंतराल से अवगत कराया जाता है. आपके बैंक ने सर्मो+ (*cermo+*) नामक उन्नत तकनीकी एप्लिकेशन के कार्यान्वयन द्वारा निचले स्तर तक आंतरिक अनुपालन पद्धति को मजबूत बनाया है. आपके बैंक ने रिजर्व बैंक को रिपोर्ट की जाने वाली अनुपालन रिपोर्टिंग प्रणाली को भी स्वचालित कर दिया है जिससे समय पर अनुपालन प्रस्तुति और उपयुक्त डेटा प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके.

सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम

आपके बैंक ने कार्य के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित जानकारी के लिए प्राप्त होने वाले अनुरोधों का त्वरित उत्तर देने के लिए केंद्रीय जन सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) नामित किए हैं. इसके अलावा, सभी शाखा प्रमुखों को आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत आवेदनों को प्राप्त करने और उन्हें नामित सीपीआईओ के पास भेजने के लिए केंद्रीय सहायक जन सूचना अधिकारी (सीएपीआईओ) के रूप में नामित किया गया है. आपके बैंक ने असंतुष्ट आवेदकों की अपीलों पर कार्रवाई करने के लिए मुख्य महा प्रबंधक स्तर के वरिष्ठ अधिकारी (एफएए) को प्रथम अपील प्राधिकारी के रूप में नामित किया है. आरटीआई अधिनियम की धारा 4 के प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए कार्यपालक निदेशक स्तर का एक पारदर्शिता अधिकारी नियुक्त किया गया है. बैंक की वेबसाइट (www.idbibank.in) पर सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के लिए एक अलग लिंक उपलब्ध कराया गया है. आपके बैंक ने भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल (https://rtionline.gov.in) के साथ भी संबद्धता स्थापित की है जिसके जरिए नागरिक आरटीआई अधिनियम के तहत जानकारी मांग सकते हैं और अपील दायर कर सकते हैं.

हिंदी का प्रगामी प्रयोग

समीक्षाधीन अवधि के दौरान आपके बैंक ने भारत सरकार के निदेशों के अनुसार राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने और राजभाषा अधिनियम व नियमों के विभिन्न प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु संगठित

प्रयास किए. भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आपके बैंक के सभी वर्टिकलों, विभागों, अंचल कार्यालयों और शाखाओं द्वारा नियमित रूप से विशेष प्रयास किए गए. आपके बैंक ने अपनी वेबसाइट पर बैंक के उत्पादों एवं योजनाओं के बारे में हिन्दी में विस्तृत सूचना उपलब्ध कराने के अपने प्रयास जारी रखे. बैंक के अभय, पेएप्ट और एमपासबुक जैसे मोबाइल एप्लिकेशन हिंदी सुविधा के साथ उपलब्ध कराए गए. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) तथा डिजिटल बैंकिंग से संबंधित विभिन्न अभियान हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित किए गए. ग्राहकों को सूचना देने के लिए विभिन्न प्रकार के पोस्टर, बैनर तथा अन्य तथ्यपरक सामग्रियों को हिंदी के साथ–साथ अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रदर्शित किया गया. प्रधानमंत्री सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत आने वाली योजनाओं जैसे– अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि से संबंधित प्रचार अभियानों में हिंदी तथा क्षेत्रीय भाषाओं का प्रयोग किया गया.

आपके बैंक ने दैनंदिन कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के लिए अपने इंट्रानेट पर द्विभाषी रूप में टेम्पलेट पत्र, फॉर्म, शब्दकोश, नोटिंग और अन्य प्रासंगिक संदर्भ सामग्री अपलोड की है. विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं लागू करने के अतिरिक्त आपके बैंक ने दिन-प्रतिदिन के कार्यालयीन कार्य में हिंदी का उपयोग करने के लिए अपने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने हेतु कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया. आपके बैंक के विभिन्न कार्यालयों/ शाखाओं में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैंक द्वारा सभी क्षेत्रों में राजभाषा कार्यशालाएं आयोजित की गईं जिनमें राजभाषा कार्यान्वयन की विभिन्न अपेक्षाओं और हिंदी यूनिकोड के प्रयोग से स्टाफ सदस्यों को परिचित कराया गया. कोविड –19 महामारी को देखते हुए आपके बैंक ने अपने राजभाषा संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों, बैठकों, कार्यशालाओं व निरीक्षणों आदि का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया.

वर्ष के दौरान, आपके बैंक द्वारा दैनंदिन कार्यों और अपने कारोबार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों की विभिन्न मंचों पर प्रशंसा हुई और कई पुरस्कार प्राप्त हुए. आपके बैंक की त्रैमासिक हिंदी पत्रिका *'विकास प्रभा'* को सुप्रसिद्ध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था *'आशीर्वाद'* द्वारा श्रेष्ठ गृह पत्रिका का पुरस्कार प्रदान किया गया. भोपाल अंचल को हिंदी भाषा में विशेष अवदान के लिए मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, भोपाल द्वारा सम्मानित किया गया. बैंक के स्टाफ सदस्यों ने विभिन्न बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों (टॉलिक) द्वारा आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं में सहभागिता करते हुए कई पुरस्कार/ अवार्ड प्राप्त किए.

ग्राहक सेवा और शिकायत प्रबंधन

अपने सभी हितधारकों के लिए सर्वाधिक पसंदीदा और विश्वसनीय बैंक बनने के अपने ध्येय को पूरा करने के लिए आपके बैंक ने ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया है जिसमें उत्कृष्ट ग्राहक सेवा और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी संचालित वित्तीय समाधानों के व्यापक समूह पर जोर दिया है.

आपके बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र (सीसीसी) आईएसओ 9001:2015 प्रमाणित है और गुणवत्ता ग्राहक अनुभव को कायम रखते हुए शिकायतों के समय पर समाधान के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है. ग्राहकों की बदलती जरूरतों और पसंदों के प्रति उत्तरदायी होने के लिए, आपका बैंक समय–समय पर अपनी नीतियों की समीक्षा करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ये नीतियां नवीनतम विकास के साथ तालमेल बिठाती हैं और ग्राहकों को परिभाषित प्रणाली के अनुसार अपनी शिकायतों को हल करने के लिए सशक्त बनाती हैं. सभी चैनलों से प्राप्त शिकायतों पर इस नीति के अनुसार ही कार्रवाई की जाती है जिसमें एक समय–आधारित एस्केलेशन मैट्रिक्स भी शामिल है जिसके तहत यदि शिकायत का समाधान एक तय समय सीमा के भीतर नहीं किया जाता है, तो उसे बेहतर शिकायत समाधान प्रबंधन के लिए अगले उच्च अधिकारी के पास प्रेषित कर दिया जाता है. इस उद्देश्य के लिए, बैंक ने अपने 14 अंचल कार्यालयों में से प्रत्येक में शिकायत निवारण अधिकारियों (जीआरओ) और प्रधान कार्यालय में एक प्रधान नोडल अधिकारी (पीएनओ) को पदनामित किया है. इसके अलावा, आंतरिक लोकपाल योजना 2018 के अनुसार, ऐसी शिकायतें, जिन्हें बैंक अस्वीकार करने /आंशिक रूप से समाधान करने का प्रस्ताव करता है, उन्हें ग्राहक को जवाब देने से पहले आंतरिक लोकपाल (आईओ) के पास भेज दिया जाता है. बैंक की अपनी मानकीकृत सार्वजनिक शिकायत निवारण प्रणाली (एसपीजीआरएस) है, जो प्राप्त शिकायतों को दर्ज करने, निगरानी और उनका समय पर समाधान करती है. विभिन्न ग्राहक संपर्क बिन्दुओं और नियामकों से प्राप्त शिकायतों की प्रविष्टि इस सिस्टम में की जाती है और इसे ट्रैक करने के लिए एक लिंक के साथ एसएमएस पावती के माध्यम से ग्राहक को इसकी सूचना भेजी जाती है. ग्राहक बैंक के वेबसाइट/ नजदीकी शाखा/ संपर्क केंद्र के माध्यम से अपनी शिकायत की स्थिति को आसानी से ट्रैक कर सकता है. आपके बैंक ने ग्राहक सेवा स्थायी समिति (एससीसीएस) एवं बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति (सीएससीबी) जैसी वरिष्ठ स्तर की दो समितियां स्थापित की हैं, जो हर तिमाही आधार पर बैठकें आयोजित करती हैं. ये समितियां बैंक के विभिन्न चैनलों द्वारा ग्राहकों को मुहैया कराई जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता के फीडबैक की समीक्षा करती हैं. ये समितियां ग्राहकों से प्राप्त शिकायतों और फीडबैक की भी समीक्षा करती हैं और इनके समाधान में तत्परता के लिए आवश्यक निर्देश भी प्रदान करती हैं और ग्राहक सेवा सुधार की प्रक्रिया में बदलाव भी करती हैं.

आपके बैंक ने 24X7 आधार पर ग्राहकों के प्रश्नों का समाधान करने और विभिन्न चैनलों से प्राप्त ग्राहकों की शिकायतों का त्वरित समाधान करने के लिए सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई और हैदराबाद में दो समर्पित ग्राहक संपर्क केंद्र स्थापित किए हैं. हमारे ग्राहकों की विविधता का सम्मान करते हुए उन्हें स्वीकार कर उनके साथ संवाद को निजीकृत करने का प्रयास के उद्देश्य से हिंदी और अंग्रेजी के अलावा, ग्राहक सेवा केंद्र 10 क्षेत्रीय भाषाओं में सेवाएं प्रदान करता है.

बैंक वार्षिक आधार पर जमाकर्ता संतुष्टि सर्वेक्षण करता है और निष्कर्षों का मूल्यांकन कर इससे प्राप्त जानकारी का उपयोग उत्पाद/ प्रक्रिया/ सिस्टम

में सुधार के लिए करता है. अपने ग्राहकों को दी गयी ग्राहक सेवा की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से आपका बैंक सभी शाखाओं में गुप्त खरीददारी कार्यकलाप भी आयोजित करता है. ग्राहकों और शाखा के बीच संरचित संचार को प्रोत्साहित करने के लिए शाखा स्तर ग्राहक सेवा समिति (बीएलसीएससी) की बैठकें हर महीने आयोजित की जाती हैं, ताकि शाखा में सेवा स्तर में वृद्धि की जा सके.

आपके बैंक ने पिछले वित्तीय वर्ष में ग्राहक सेवा के क्षेत्र में विभिन्न पहल शुरू की हैं. ग्राहक अनुभव को बढ़ाने, खाता और डेबिट कार्ड से संबंधित गतिविधियों जैसे यूपीआई सेवाओं को अवरुद्ध करने / डेबिट कार्ड के विवरण को अवरुद्ध करने, एसएमएस/ ईमेल आदि के माध्यम से पिछले पांच लेनदेन के विवरण के लिए अनुरोध करने के लिए ग्राहक सेवा विभाग ने बैंक के फोन बैंकिंग इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस (आईवीआर) सिस्टम पर कई नई सेवाओं को आरंभ किया है. इसके अतिरिक्त, आपका बैंक लागत में कमी करते हुए प्रक्रिया क्षमताओं में स्वचालन को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म से लाभ उठाता रहा है.

कॉरपोरेट संप्रेषण

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, आपके बैंक के विज्ञापन प्रयासों का उद्देश्य इसकी सकारात्मक और स्थिर छवि को बनाए रखने तथा अपने उत्पादों और सेवाओं के रिकॉल मूल्य को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था. साथ ही, बैंकिंग को सरल बनाने का भी प्रयास था. आपके बैंक के विज्ञापन प्रयासों का जोर इसे मुख्य रूप से खुदरा–केंद्रित बैंक के रूप में स्थापित करने पर था. वर्ष के दौरान, आपके बैंक के विज्ञापन और प्रचार पहल कार्यों का ध्यान प्रमुख खुदरा उत्पादों जैसे गृह ऋण, ऑटो ऋण और उनकी विशिष्ट विशेषताओं के साथ–साथ डिजिटल बैंकिंग पेशकशों को उजागर करने वाले अभियानों पर रहा. आपके बैंक के अभियान लागत प्रभावी माध्यमों जैसे ट्रांजिएंट ओओएच (आउट ऑफ होम) डिस्प्ले, डिजिटल प्लेटफॉर्म, रेडियो आदि के माध्यम से चलाए गए. वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने अपने फ्लैगशिप खुदरा उत्पादों पर लघु प्रारूप वीडियो की श्रृंखला शुरू की.

विज्ञापन क्षेत्र की ही तरह आपके बैंक ने जनसंपर्क (पीआर) क्षेत्र में भी कई पहल कार्य किए. आपके बैंक के जन संपर्क अभियानों का उद्देश्य समाचारों के सकारात्मक पहलू को बनाए रखना और मीडिया में बैंक की छवि को बढ़ाने के साथ ही साथ अंशधारकों की अनुभूति को सुदृढ़ करना भी था. आपके बैंक को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया में अपने पहल कार्यों के लिए सकारात्मक प्रतिसाद मिला.

बैंक ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अपनी गतिविधियों को जारी रखा और फेसबुक, लिंक्डइन, ट्विटर और यूट्यूब पर अपने आधिकारिक ब्रांड पेज / हैंडल के माध्यम से संप्रेषण किया और बैंक के ब्रांड तथा उत्पादों के प्रचार के लिए सोशल मीडिया प्रभावकों और इंस्टाग्राम रील्स (लघु वीडियो) के उपयोग सहित अभिनव तरीकों से जुड़ाव गतिविधियों को जारी रखा.

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने अपनी कॉर्पोरेट वेबसाइट (www.idbibank.in) में सुधार किया और उन्नत एचटीएमएल5 प्लेटफॉर्म पर निर्मित व्यवस्थित नेविगेशन के साथ एक नयी वेबसाइट डिज़ाइन लॉन्च की. आपके बैंक के बारे में सकारात्मक धारणा को मान्यता देते हुये रीडर्स डायजेस्ट ट्रस्टेड ब्रांड, 2021 में आपके बैंक को *'निजी क्षेत्र बैंक श्रेणी'* में *'ट्रस्टेड ब्रांड अवार्ड'* से सम्मानित किया गया.

आंतरिक संप्रेषण

आपके बैंक के आंतरिक संप्रेषण का उद्देश्य बैंकिंग क्षेत्र की महत्वपूर्ण गतिविधियों सहित, लेकिन यहीं तक ही सीमित नहीं, विचारों के प्रभावी आदान–प्रदान पर ध्यान केंद्रित करना था. इससे बैंक के विभागों और शाखाओं के कर्मचारियों के बीच अपनापन की भावना को बढ़ाने में मदद मिली तथा सामूहिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वस्थ वातावरण तैयार हुआ. कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने और उनके साथ जुड़ने के लिए विभिन्न पहल कार्य किए गए. इसमें, अन्य बातों के साथ– साथ, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, बैंक के इंट्रानेट के होम पेज पर शीर्ष प्रबंधन के संदेशों की प्रदर्शित करना और विशेष अवसरों जैसे स्थापना दिवस/ नव वर्ष/ दीपावली आदि पर कर्मचारियों को ई–मेल करने जैसी गतिविधियां शामिल थीं. अन्य पहलों में आपके बैंक के डिजिटल न्यूजलेटर *'अभ्युदय'* का मासिक परिचालन शामिल है, जिसमें कर्मचारियों को बैंक में हुए विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया. बैंक ने कर्मचारियों को शीर्ष प्रबंधन के संदेश/मेलर भी संप्रेषित किए. आपके बैंक ने अपनी त्रैमासिक गृह पत्रिका *'श्री वयम'* भी डिजिटल अवतार में प्रकाशित की जो वर्तमान कर्मचारियों और साथ ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों को विभिन्न विषयों पर उनके अनुभवों और विचारों को साझा करने का अवसर प्रदान करता है.

सूचना प्रौद्योगिकी

वित्तीय वर्ष 2021-22 में, आपके बैंक ने अपनी तकनीकी चुनौतियों को ठीक करना जारी रखा, जो वैश्विक कोविड–19 महामारी संकट के मद्देनजर सामने आई थीं और साथ ही डिजिटलीकरण, तकनीकी, नवाचार, सॉफ्टवेयर / हार्डवेयर के उन्नयन और इसके संवर्धन को भी बनाए रखा. विचाराधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचे को तेजी से जुटाकर नियमित बैंकिंग सेवाओं में महामारी संबंधी बाधाओं का पूर्वानुमान कर उसे कम करने के लिए अपने कर्मचारियों के लिए अपने घर से ही निर्बाध रूप से अपना कार्य निष्पादन करने में सक्षम बनाया. आपके बैंक की समय पर पहल, जैसे कि अपने कर्मचारियों को निजी कंप्यूटरों (पीसी) का शीघ्र आबंटन, कर्मचारियों को आधिकारिक ई–मेल उपलब्ध कराना और उन्हें पर्याप्त सुरक्षा नियंत्रण सहित बैंक के सिस्टम का वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन)/ वर्चुअल डेस्कटॉप इन्फ्रास्ट्रक्चर (वीडीआई) आधारित एक्सेस प्रदान करके यह सुनिश्चित किया गया कि अपने ग्राहकों के पास अत्यावश्यक बैंकिंग सेवाओं और कार्यात्मकताओं की निर्बाध पहुंच हो. आपके बैंक ने ई–टेंडरिंग और वीडियो कॉन्फ्रेंस–आधारित बोली प्रक्रियाओं में स्विच ओवर और इसे अपनाते हुए आईटी से संबंधित खरीद में निरंतरता सुनिश्चित की.

आपका बैंक, पिछले वर्ष में, वीडियो–केवाईसी खाता खोलने (वीएओ) प्रक्रिया की क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ा है ताकि डिजिटल मंच पर तेजी से बढ़ती संख्या में खाते खोले जा सकें और सेवाओं को प्रदान करने वाले विक्रेताओं के साथ साझा किए गए डेटा की सुरक्षा के लिए डिजिटल राइट्स मैनेजमेंट (डीआरएम) समाधान को कार्यान्वित किया. आपके बैंक ने नई प्रौद्योगिकियों के साथ अपने आईटी बुनियादी ढांचे को और मजबूत किया है जिसमें सॉफ्टवेयर परिभाषित वाइड एरिया नेटवर्क (एसडी–डब्ल्यूएएन) शामिल है जो कार्यान्वयन के उन्नत चरण में है और नए युग की सुरक्षा प्रौद्योगिकियों (सुरक्षा ऑर्केस्ट्रेशन, ऑटोमेशन एंड रिस्पांस (एसओएआर), नेटवर्क बिहेवियर एनोमली डिटेक्शन (एनबीएडी), पैकेट कैप्चर (पीसीएपी), यूजर एंड एंटिटी बिहेवियर एनालिटिक्स (यूईबीए) और थ्रेट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (टीआईपी) को दोनों डेटा सेंटर (डीसी) और आपदा राहत (डीआर) साइटों में अगली पीढ़ी के सुरक्षा संचालन केंद्र (एसओसी) के निर्माण के लिए लागू कर रहा है.

आपका बैंक आईटी परिचालन प्रबंधन के लिए उद्यम समाधान प्राप्त करने की प्रक्रिया में है. बैंक ने एकीकृत संग्रहण एवं वसूली मॉड्यूल के कार्यान्वयन और हार्डवेयर तथा भंडारण क्षमता के उन्नयन की प्रक्रिया शुरू की है. आपके बैंक ने एसएमएस–आधारित ओटीपी के विकल्प के रूप में वॉयस वन–टाइम पासवर्ड (ओटीपी) के कार्यान्वयन और सॉफ्टवेयर टोकन–आधारित प्रमाणीकरण जैसे कई नए प्रौद्योगिकी आधारित समाधान/ संवर्द्धन लागू किए हैं. आपके बैंक ने मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग आदि जैसे कारोबार महत्वपूर्ण एप्लीकेशनों के लिए एप्लीकेशन कार्यनिष्पादन निगरानी समाधान लागू किया है. आपके बैंक ने न्यूनतम प्रयास के साथ आवश्यकता के आधार पर और बाजार क्षमताओं में वृद्धि करने के लिए फिनटेक के साथ–साथ स्टार्टअप्स और अन्य प्रणालियों के साथ आसान एकीकरण के लिए अत्याधुनिक एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस मैनेजमेंट (एपीआईएम) समाधान लागू किया है. आपका बैंक अधिक से अधिक क्षेत्रों में स्ट्रेट–थ्रू–प्रोसेसिंग प्राप्त करने के उद्देश्य से ग्राहक और बैक–ऑफ़िस संचालन की सेवा के लिए उपयोग की जाने वाली विभिन्न प्रणालियों को डिजिटाइज़ करने और/या स्वचालित करने के विभिन्न चरणों में है.

डेटा शोधन और संवर्धन के क्षेत्र में, आपके बैंक ने स्वचालित डेटा प्रवाह (एडीएफ) एप्लिकेशन को सफलतापूर्वक लागू किया और भौतिक हस्तक्षेप को हटाते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के रिटर्न सृजन की प्रक्रिया को लगातार परिष्कृत कर रहा है. रिजर्व बैंक ने विनियमाकीय प्रस्तुतियों के लिए सिस्टम–टू–सिस्टम दृष्टिकोण के माध्यम से बैंकों के डेटा को एकत्रित करके एकल रिपोजिटरी बनाने के लिए एक केंद्रीकृत सूचना प्रबंधन प्रणाली (सीआईएमएस) लॉन्च की है. आपके बैंक ने आरबीआई द्वारा जारी लागू रिटर्न के एडीएफ आउटपुट को एक्स्टेंसिबल बिजनेस रिपोर्टिंग लैंग्वेज (एक्सबीआरएल) प्रारूप में परिवर्तित कर दिया है. आपके बैंक ने एक मजबूत और अत्याधुनिक एंटरप्राइज डेटा वेयरहाउस (ईडीडब्ल्यू) सेटअप द्वारा समर्थित डेटा–संचालित निर्णय लेने वाले संगठन होने की दिशा में अपनी यात्रा शुरू की है. ईडीडब्ल्यू के हिस्से के रूप में, आपके बैंक ने पूरे बैंक के विभिन्न विभागों को लगभग 700 रिपोर्टें और डैशबोर्ड उपलब्ध कराए हैं. बैंक ने फील्ड अधिकारियों के लिए ग्राहक 360 डिग्री व्यू के साथ ग्राहक संबंध प्रबंध (सीआरएम) मॉड्यूल भी जारी किया है, जिसे चलते–फिरते ग्राहक की जानकारी तक पहुंचने के लिए डेस्कटॉप और मोबाइल दोनों पर एक्सेस किया जा सकता है.

5. हमने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी कॉरपोरेट अभिशासन के प्रमाणन पर मार्गदर्शी नोट, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (10) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखा परीक्षा के मानक जो कि इस प्रमाणन के उद्देश्य के लिए लागू हैं तथा रिपोर्टों पर मार्गदर्शी नोट अथवा आईसीएआई द्वारा जारी विशेष उद्देश्यों हेतु प्रमाणपत्र जो जिसके द्वारा यह अपेक्षित है कि हम आईसीएआई द्वारा जारी नैतिकता आचार संहिता की नैतिक अपेक्षाओं का अनुपालन करें, के अनुसार संबंधित अभिलेखों की जांच की है.
6. हमने गुणवत्ता नियंत्रण मानक (एसक्यूसी) 1, लेखा परीक्षा करने वाली फार्मों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण तथा महत्वपूर्ण वित्तीय सूचना की समीक्षा और अन्य आश्वासन व सम्बद्ध सेवा वचनबद्धताओं के लिए लागू आवश्यकताओं का अनुपालन किया है.

अभिमत

7. संबंधित अभिलेखों की हमारी जांच के आधार पर और हमें प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरण और प्रबंधन द्वारा प्रदान किए गए अभ्यावेदन के अनुसार, हमारी राय है कि बैंक ने सूचीबद्धता विनियम के विनियम 17 से 27 में और विनियम 46 (2) के खंड (बी) से (i) तथा अनुसूची V के पैराग्राफ सी और डी में निर्दिष्टानुसार 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के दौरान कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन किया है, जैसा कि विनियम 17 से 27 और विनियम 46(2) के खंड (बी) से (i) और सूचीकरण विनियमों की अनुसूची v के पैरा सी और डी में विनिर्दिष्ट किया गया है.
8. यह रिपोर्ट न तो बैंक की भावी अर्थक्षमता के बारे में और न ही बैंक के कार्यों को संचालित करने की प्रबंधन की कार्यकुशलता अथवा प्रभावकारिता के बारे में आश्वासन है.

प्रयोग पर प्रतिबंध

9. यह रिपोर्ट बैंक के सदस्यों को कॉरपोरेट अभिशासन के संबंधित विनियमों के अनुपालन के संदर्भ में सूचीबद्धता विनियमन के तहत अपने दायित्वों के अनुपालन करने के एकमात्र उद्देश्य से बैंक के सदस्यों को संबोधित और उपलब्ध कराई गई है तथा इसका प्रयोग किसी भी अन्य व्यक्ति द्वारा किसी भी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जा सकता है. तदनुसार हम बिना किसी लिखित पूर्वसहमति के किसी अन्य उद्देश्य के लिए अथवा किसी अन्य पक्ष को यह दिखायी जाने पर अथवा किसी अन्य को उपलब्ध हो जाने पर कोई देयता अथवा सावधानी संबंधी कर्तव्य का दायित्व स्वीकार अथवा मान्य नहीं करते हैं. इस रिपोर्ट की तारीख के बाद होने वाली घटनाओं और परिस्थितियों के लिए इस रिपोर्ट को अद्यतित करने की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है.

कृते जी डी आप्टे एंड कं.
सनदी लेखाकार
फर्म पं. सं. 100515 डब्ल्यू
सौरभ पेशवे
साझेदार
सदस्यता . सं. 121546
यूडीआईएन:22121546AIGNQD3957
स्थान : पुणे

कृते वर्मा एंड वर्मा
सनदी लेखाकार
फर्म पं. सं. 004532 एस
पी आर प्रसन्न वर्मा
साझेदार
सदस्यता सं. 25854
यूडीआईएन:22025854AIGNMD2263
दिनांक : 22 जून 2022

कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट

अभिशासन संहिता पर बैंक के दर्शन का संक्षिप्त विवरण

बैंक अपने परिचालनों में कॉरपोरेट अभिशासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है. इसकी नीतियां व पद्धतियां न सिर्फ सांविधिक अपेक्षाओं के अनुरूप हैं, बल्कि अपने अंशधारकों के सर्वोत्तम हित में काम करने की इसकी प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करती हैं. अभिशासन के उच्च मानकों को बनाये रखने का दायित्व आपके बैंक के निदेशक मंडल तथा बोर्ड की विभिन्न समितियों पर है जिन्हें विधिक एवं विनियामकीय प्रावधानों तथा बैंकिंग परंपराओं के ढांचे के भीतर आवश्यक प्रकटीकरण करने सहित उत्कृष्ट कॉरपोरेट अभिशासन पद्धतियों के कार्यान्वयन पर निगरानी रखने के अधिकार प्राप्त हैं.

इस दिशा में बैंक यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इसके निदेशक मंडल का गठन निर्धारित मानदंडों के अनुसार होता रहे, निर्धारित अंतराल पर इसकी नियमित बैठकें हों, यह प्रभावी नेतृत्व प्रदान करे, प्रबंधन पर नियंत्रण रखे, कार्यपालकों के कार्य-निष्पादन पर निगरानी रखे तथा समुचित प्रकटीकरण करे. इसके अतिरिक्त, रणनीतिक नियंत्रण ढांचे की स्थापना और इसकी प्रभावशीलता की निरंतर समीक्षा तथा नीति निर्माण, कार्यान्वयन और समीक्षा के लिए स्पष्ट दस्तावेजीकृत तथा पारदर्शी प्रबंध प्रक्रियाओं की स्थापना और निर्णयन, निगरानी, नियंत्रण तथा रिपोर्टिंग बैंक के अन्य नीतिगत दिशा-निर्देश हैं. बैंक बोर्ड को निर्बाध रूप से सभी संबद्ध सूचनाएं तथा संसाधन उपलब्ध कराता है जिससे वे अपनी भूमिका को प्रभावशाली ढंग से निभा सकें.

निदेशक मंडल

बैंक के निदेशक मंडल का दायरा व्यापक है और इसका गठन बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949, कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और बैंक के संस्था अन्तर्नियमों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम 2015 [एलओडीआर विनियम] में यथावर्णित कॉरपोरेट अभिशासन की अपेक्षाओं से शासित होता है. बोर्ड प्रत्यक्ष रूप से और बैंक के महत्वपूर्ण कार्य क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देने के लिए गठित अपनी विभिन्न समितियों के माध्यम से कार्य करता है.

i. ***विचारार्थ विषय***

- शेयरधारकों से उनके शेयरों पर अप्रदत्त धनराशि के संबंध में मांग करना;
- कंपनी अधिनयम, 2013 की धारा 68 के तहत प्रतिभूतियों की वापसी खरीद को प्राधिकृत करना;
- भारत में या भारत से बाहर डिबेंचरों सहित प्रतिभूतियों को जारी करना;
- धन उधार लेना;
- बैंक की निधियों का निवेश करना;
- वित्तीय विवरण और बोर्ड की रिपोर्ट अनुमोदित करना.
- बैंक के कारोबार में विविधता लाना;
- समामेलन, विलयन या पुनर्निर्माण को अनुमोदित करना;
- किसी कंपनी का अधिग्रहण करना या किसी अन्य कंपनी में नियंत्रक या पर्याप्त हिस्सेदारी हासिल करना;
- मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) को नियुक्त करना या हटाना;
- आंतरिक लेखा–परीक्षकों और सचिवीय लेखा–परीक्षकों को नियुक्त करना;
- राजनीतिक योगदान करना;
- निदेशकों के हित और शेयरधारिता के प्रकटन को नोट करना;
- बैंक द्वारा धारित निवेशों (व्यापार निवेशों के अलावा) का क्रय–विक्रय जिसमें निवेशक कंपनी की चुकता शेयर पूंजी का पांच प्रतिशत या उससे अधिक चुकता शेयर पूंजी और निर्बंध प्रारक्षित निधियां शामिल हैं;
- यथास्थिति तिमाही, छमाही और वार्षिक वित्तीय विवरणों या वित्तीय परिणामों को अनुमोदित करना;

- गैर अनुपालन के मामलों में सुधार करने के लिए बैंक द्वारा की गई कार्रवाई के साथ बैंक पर लागू सभी कानूनों से संबंधित अनुपालन रिपोर्टों की आवधिक समीक्षा करना;
- निदेशक मंडल के सभी सदस्यों और बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन के लिए आचार संहिता तैयार करना;
- बैंक के लिए जोखिम प्रबंधन योजना तैयार करना, कार्यान्वयन करना और निगरानी सुनिश्चित करना;
- स्वतंत्र निदेशकों, सभी अन्य निदेशकों, बोर्ड की समितियों और संपूर्ण बोर्ड के कार्य–निष्पादन का मूल्यांकन करना;
- कॉरपोरेट रणनीति, कार्रवाई की प्रमुख योजनाओं, जोखिम नीति, वार्षिक बजट और कारोबार योजना की समीक्षा और मार्गदर्शन, कार्य–निष्पादन के उद्देश्यों की स्थापना, कार्यान्वयन और कॉरपोरेट कार्य–निष्पादन की निगरानी, और प्रमुख पूंजी व्यय, अधिग्रहण और विनिवेशों का निरीक्षण करना;
- बैंक के अभिशासन वाले कार्यों की प्रभावशीलता की निगरानी और उसमें आवश्यकतानुसार परिवर्तन करना;
- मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों (केएमपी) का चयन, मुआवजा, निगरानी और जब आवश्यक हो, उनका प्रतिस्थापन और उत्तराधिकार योजना का निरीक्षण करना;
- बैंक और उसके शेयरधारकों के दीर्घकालिक हितों के साथ मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों (केएमपी) और निदेशकों के पारिश्रमिक को सुमेलित करना;
- निदेशक मंडल में विचार, अनुभव, ज्ञान, परिप्रेक्ष्य और लिंग की विविधता के साथ निदेशक मंडल के लिए पारदर्शी नामांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करना;
- कॉरपोरेट आस्तियों के दुरुपयोग और संबंधित पक्ष लेनदेनों के गलत उपयोग के साथ–साथ प्रबंधन, निदेशक मंडल के सदस्य और शेयरधारकों के हितों के संभावित टकरावों की निगरानी और प्रबंध करना;
- स्वतंत्र लेखा–परीक्षा सहित बैंक की लेखांकन और वित्तीय रिपोर्टिंग प्रणाली की सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करना और यह देखना कि नियंत्रण की उचित प्रणाली, मुख्य रूप से जोखिम प्रबंधन, वित्तीय और परिचालनगत नियंत्रण प्रणाली सुव्यवस्थित है तथा यह देखना कि कानून और प्रासंगिक मानदंडों के अनुपालन की उपयुक्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है;
- प्रकटन और संचार प्रक्रिया की देखरेख;
- निदेशक मंडल की मूल्यांकन संरचना की निगरानी और समीक्षा;
- बैंक को रणनीतिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना, प्रबंधन की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करना और बैंक और शेयरधारकों के लिए जवाबदेह होना;
- कॉरपोरेट संस्कृति और मूल्य निर्धारित करना जिसके अनुसार समूह के सभी कार्यपालकों को आचरण करना होगा;
- पूर्ण जानकारी के आधार पर, सद्भावना में, समुचित सावधानी और देखभाल के साथ बैंक और शेयरधारकों के सर्वोत्तम हित में कार्य करना;
- निदेशक मंडल के सदस्यों को अद्यतित जानकारी की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निदेशकों के नियमित प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित करना;
- सभी शेयरधारकों के साथ न्यायपूर्वक व्यवहार करना;
- उच्च नैतिक मानकों को बनाए रखना और बैंक के अंशधारकों के हितों का ध्यान रखना;
- बैंक के कॉरपोरेट मामलों के बारे में वस्तुनिष्ठ स्वतंत्र निर्णय का निष्पादन करना;
- जहां हितों के टकराव की संभावना हो, वहां निदेशक मंडल को कार्य करने के लिए स्वतंत्र निर्णय लेने में सक्षम बनाने हेतु पर्याप्त गैर–कार्यपालक सदस्यों को नामित करने पर विचार करना;
- रणनीति, रणनीतिक पहल (जैसे कि अधिग्रहण), जोखिम क्षमता, एक्सपोज़र और बैंक के ध्यान देने योग्य मुख्य क्षेत्रों जैसी अंतर्निहित धारणाओं की चुनौती से कार्यपालक प्रबंधन की सहायता करने के लिए पीछे हटने की क्षमता.

- निदेशक मंडल की समितियों के अधिदेश, संरचना और कार्य प्रणाली को परिभाषित और प्रकट करना;
- निदेशक मंडल के एक सदस्य के रूप में और निदेशक मंडल की समिति के एक सदस्य के रूप में स्वतंत्र निदेशकों को अपनी प्रभावी भूमिका का निर्वहन करने के लिए सुविधा प्रदान करना; और
- विनियामक/ सांविधिक अपेक्षाओं द्वारा समय–समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन करना.

ii. 31 मार्च 2022 को निदेशक मंडल की संरचना (शैक्षणिक योग्यता एवं कौशल/ विशेषज्ञता सहित)

निदेशक का नाम	कार्यपालक/ गैर–कार्यपालक निदेशक	स्वतंत्र/ गैर–स्वतंत्र निदेशक	शैक्षणिक योग्यता	विशेषज्ञता
अध्यक्ष				
श्री एम.आर. कुमार	गैर–कार्यपालक	गैर–स्वतंत्र	बी. एससी.	एचआर, प्रशासन एवं कॉरपोरेट अभिशासन
प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी				
श्री राकेश शर्मा	कार्यपालक	गैर–स्वतंत्र	बी.कॉम, अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर, सीएआईआईबी	लेखाशास्त्र, कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था, बैंकिंग, अर्थशास्त्र, लघु उद्योग, मानव संसाधन, व्यवसाय प्रबंधन, प्रशासन एवं कॉरपोरेट अभिशासन
उप प्रबंध निदेशक				
श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज	कार्यपालक	गैर–स्वतंत्र	बीई (ऑनर्स), एमबीए	लेखाशास्त्र , बैंकिंग, व्यवसाय प्रबंधन, मानव संसाधन, जोखिम, वित्त, सूचना प्रद्योगिकी, बिक्री एवं मार्केटिंग, प्रशासन एवं कॉरपोरेट अभिशासन
श्री सुरेश खटनहार	कार्यपालक	गैर–स्वतंत्र	एम.कॉम, सीएआईआईबी, आईसीडब्ल्यूए	लेखाशास्त्र , बैंकिंग, वित्त, जोखिम, कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था, लघु उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी, व्यवसाय प्रबंधन , प्रशासन एवं कॉरपोरेट अभिशासन
नामिती निदेशक				
श्री मुकेश कुमार गुप्ता (एलआईसी)	गैर–कार्यपालक	गैर–स्वतंत्र	बी.एससी और एमबीए (एचआरएम)	मानव संसाधन, बैंकिंग, बिक्री एवं मार्केटिंग, व्यवसाय प्रबंधन, जोखिम, सूचना प्रद्योगिकी, वित्त, प्रशासन एवं कॉरपोरेट अभिशासन
श्री अंशुमन शर्मा (भारत सरकार)	गैर–कार्यपालक	गैर–स्वतंत्र	स्नातकोत्तर	लेखाशास्त्र एवं वित्त, बैंकिंग, अर्थशास्त्र, मार्केटिंग, विधि, प्रशासन एवं कॉरपोरेट अभिशासन
स्वतंत्र निदेशक				
श्री ज्ञान प्रकाश जोशी	गैर–कार्यपालक	स्वतंत्र	बी. एससी. (ऑनर्स), एम. एससी. (फिजिक्स), विकास परियोजनाओं के प्रबंध एवं कार्यान्वयन (एमआईडीपी) में मास्टर्स प्रोग्राम, एवं वित्तीय प्रबंध में पीजी डिप्लोमा	कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था, वित्त, लघु उद्योग, जोखिम, प्रशासन एवं कॉरपोरेट अभिशासन
श्री भुवनचंद्र बी. जोशी	गैर–कार्यपालक	स्वतंत्र	बी. कॉम एवं सीएआईआईबी	कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था, बैंकिंग, लघु उद्योग, प्रशासन एवं कॉरपोरेट अभिशासन

निदेशक का नाम	कार्यपालक/ गैर–कार्यपालक निदेशक	स्वतंत्र/ गैर–स्वतंत्र निदेशक	शैक्षणिक योग्यता	विशेषज्ञता
श्री समरेश परिदा	गैर–कार्यपालक	स्वतंत्र	सनदी लेखाकार, कॉस्ट अकाउंटेंट और एमबीए	लेखाशास्त्र, कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था, वित्त, सूचना प्रौद्योगिकी, व्यवसाय प्रबंधन , रणनीतिक आयोजना, प्रशासन एवं कॉरपोरेट अभिशासन
श्री एन. जंबुनाथन	गैर–कार्यपालक	स्वतंत्र	सांख्यिकी में स्नातकोत्तर, सीएआईआईबी, प्रबंधन में डिप्लोमा	कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था, बैंकिंग, लघु उद्योग, आईटी , भुगतान एवं निपटान, प्रशासन एवं कॉरपोरेट अभिशासन
श्री दीपक सिंघल	गैर–कार्यपालक	स्वतंत्र	बीए, एमबीए, सीएआईआईबी, पीजीडीआरएम	कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था, बैंकिंग, मानव संसाधन, व्यवसाय प्रबंधन, प्रशासन एवं कॉरपोरेट अभिशासन
श्री संजय जी. कल्लापुर	गैर–कार्यपालक	स्वतंत्र	बीकॉम, एमएमएस, व्यवसाय अर्थशास्त्र में पी एचडी, एसीएमए	लेखाशास्त्र, अर्थशास्त्र, वित्त, जोखिम, प्रशासन एवं कॉरपोरेट अभिशासन
श्रीमती पी. वी. भारती	गैर–कार्यपालक	महिला स्वतंत्र	बी एससी, एमए (अर्थशास्त्र), बीएड, सीएआईआईबी, बैंकिग एवं वित्त में एकीकृत पाठ्यक्रम (एनआईबीएम)	कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था, बैंकिंग, लघु उद्योग, जोखिम, अर्थशास्त्र, प्रशासन एवं कॉरपोरेट अभिशासन
श्री टी. एन. मनोहरन	गैर–कार्यपालक	स्वतंत्र	बी कॉम, एम कॉम, विधि स्नातक, आईसीएआई और आईएएफ आरएस के सदस्य, इंग्लैंड और वेल्स में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान का सर्टिफिकेट लेवल ऑनलाइन प्रशिक्षण और मूल्यांकन कार्यक्रम.	लेखाशास्त्र, अर्थशास्त्र, बैंकिंग विधि, जोखिम, लघु उद्योग, वित्त, मानव संसाधन, व्यवसाय प्रबंधन, प्रशासन एवं कॉरपोरेट अभिशासन

यथा दिनांक 31 मार्च 2022 को बोर्ड में 14 (चौदह) निदेशकों की संख्या बैंक के संस्था अंतर्नियम के अनुच्छेद 114(ए) के अंतर्गत प्रदान की गई अपेक्षाओं को पूरा करती है.

बोर्ड की राय में स्वतंत्र निदेशक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते हैं और प्रबंधन से स्वतंत्र हैं.

iii. ***निदेशकों के बीच परस्पर संबंध***

(i) बैंक के बोर्ड में किसी भी निदेशक का किसी अन्य निदेशक से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से संबंध नहीं है.

(ii) भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा निजी क्षेत्र के बैंकों के लिए विनिर्दिष्ट ऊपरी आयु सीमा के अनुसार बैंक के किसी भी पूर्णकालिक निदेशक और गैर–कार्यपालक निदेशकों (स्वतंत्र निदेशक सहित) की आयु क्रमश: सत्तर वर्ष और पचहत्तर वर्ष नहीं है.

(iii) बैंक के अध्यक्ष एक गैर–कार्यपालक निदेशक हैं और वह अनुच्छेद 116(1)(i) के निबंधनों के अनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत परिभाषित 'रिलेटिव' शब्द की परिभाषा के अनुसार बैंक के एमडी एवं सीईओ से संबंधित नहीं हैं.

तथापि, 9 मई 2022 से बैंक के अध्यक्ष स्वतंत्र निदेशक हैं.

iv. ***बोर्ड की बैठकों के लिए कोरम***

बोर्ड की बैठकों के लिए कोरम कुल संख्या का एक तिहाई अथवा तीन (3) निदेशक, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा बशर्ते कि इनमें कम से कम एक निदेशक भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का नामिती हो और बैठक में उपस्थित निदेशकों में कम से कम आधे निदेशक स्वतंत्र निदेशक हों.

v. ***बोर्ड की बैठकों की बारंबारता***

बोर्ड की बैठक आम तौर पर एक वर्ष में कम से कम छह बार और प्रत्येक तिमाही में कम से कम एक बार आयोजित की जाएगी तथा बोर्ड की लगातार दो बोर्ड बैठकों के बीच एक सौ बीस दिनों से ज्यादा का अंतराल नहीं होना चाहिए.

vi. ***आयोजित बैठकों की संख्या :***

समीक्षाधीन अवधि (01 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022) के दौरान बोर्ड की कुल 16 बैठकें 15 अप्रैल 2021, 03 मई 2021, 15 मई 2021, 15 जून 2021, 29 जून 2021, 14 जुलाई 2021, 28 जुलाई 2021, 27 अगस्त 2021, 29 सितंबर 2021, 21 अक्तूबर 2021, 26 नवंबर 2021, 28 दिसंबर 2021, 21 जनवरी 2022, 24 फरवरी 2022, 29 मार्च 2022 और 30 मार्च 2022 को संपन्न हुई. कोविड–19 को ध्यान में रखते हुए कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा समय–समय पर सूचित किए अनुसार वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठकें आयोजित की गईं. आपके बैंक के प्रत्येक निदेशक की बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति, गत वार्षिक महासभा (एजीएम) में उपस्थिति, अन्य कंपनियों में उनकी निदेशकता और समितियों में सदस्यता का ब्योरा तालिका 1 में दिया गया है.

तालिका 1 : निदेशकों की बोर्ड की बैठकों और वार्षिक महा सभा में उपस्थिति, अन्य कंपनियों में उनकी निदेशकता और समितियों में सदस्यता

निदेशक का नाम	अपने कार्यकाल में आयोजित बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति (आयोजित/ उपस्थित)	10 अगस्त 2021 को संपन्न पिछली वार्षिक महासभा में उपस्थिति	अन्य कंपनियों (अन्य सार्वजनिक कंपनियां) में निदेशकता	अन्य कंपनियों में सदस्यता/ अध्यक्षता (केवल एसीबी एवं एसआरसी)	अन्य सूचीबद्ध संस्थाओं का नाम जहां व्यक्ति निदेशक हैं और निदेशकता की श्रेणी
1	2	3	4	5	6
		गैर–कार्यपालक अध्यक्ष			
श्री एम आर कुमार (डीआईएन-03628755)	(16/12)	उपस्थित	05	शून्य	1. एलआईसीहाउसिंग फाइनेंस लि. नामिती निदेशक एवं अध्यक्ष; 2. एसीसी लि. गैर–कार्यपालक निदेशक
		पूर्णकालिक निदेशक			
श्री राकेश शर्मा (डीआईएन-06846594)	(16/16)	उपस्थित	02	शून्य	शून्य
श्री सैम्युअल जोसेफ जेबराज (डीआईएन-02262530)	(16/16)	उपस्थित	03	01	शून्य
श्री सुरेश खटनहार (डीआईएन- 03022106)	(16/15)	उपस्थित	01	शून्य	शून्य
		गैर–कार्यपालक निदेशक			
श्री राजेश कंडवाल (डीआईएन– 02509203) [02.02.2022 तक]	(13/13)	उपस्थित	शून्य	शून्य	शून्य
श्री मुकेश कुमार गुप्ता (डीआईएन:06638754) [10.02.2022 से प्रभावी]	(03/03)	लागू नहीं	01	शून्य	1. आई टी सी लि. नामिती निदेशक
सुश्री मीरा स्वरूप (डीआईएन- 07459492) [10.03.2022 तक]	(14/10)	अनुपस्थित	02	शून्य	शून्य
श्री अंशुमन शर्मा (डीआईएन-07555065)	(16/10)	अनुपस्थित	शून्य	शून्य	शून्य
		स्वतंत्र निदेशक			
श्री ज्ञान प्रकाश जोशी (डीआईएन - 00603925)	(16/16)	उपस्थित	शून्य	शून्य	शून्य

निदेशक का नाम	अपने कार्यकाल में आयोजित बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति (आयोजित/ उपस्थित)	10 अगस्त 2021 को संपन्न पिछली वार्षिक महासभा में उपस्थिति	अन्य कंपनियों (अन्य सार्वजनिक कंपनियां) में निदेशकता	अन्य कंपनियों में सदस्यता/ अध्यक्षता (केवल एसीबी एवं एसआरसी)	अन्य सूचीबद्ध संस्थाओं का नाम जहां व्यक्ति निदेशक हैं और निदेशकता की श्रेणी
1	2	3	4	5	6
श्री भुवनचंद्र बी. जोशी (डीआईएन - 06713850)	(16/16)	उपस्थित	शून्य	शून्य	शून्य
श्री समरेश परिदा (डीआईएन - 01853823)	(16/16)	उपस्थित	शून्य	शून्य	शून्य
श्री एन. जंबुनाथन (डीआईएन - 05126421)	(16/12)	उपस्थित	शून्य	शून्य	शून्य
श्री दीपक सिंघल (डीआईएन - 08375146)	(16/16)	उपस्थित	02	शून्य	शून्य
श्री संजय जी. कल्लापुर (डीआईएन - 08377808)	(16/16)	उपस्थित	शून्य	शून्य	शून्य
श्रीमती पी.वी. भारती (डीआईएन 06519925)	(16/16)	उपस्थित	01	01	शून्य
श्री टी.एन. मनोहरन (डीआईएन 01186248) [24.02.2022 से प्रभावी]	(02/02)	लागू नहीं	02	02	स्वतंत्र निदेशक: 1. टेक महिंद्रा लि. 2. महिंद्रा एंड महिंद्रा लि.

बैंक के किसी भी गैर–कार्यपालक निदेशक (स्वतंत्र निदेशकों सहित के) पास बैंक द्वारा जारी शेयर या संपरिवर्तनीय लिखत धारित नहीं है.

बोर्ड की समितियां

बोर्ड की कुल 13 समितियां हैं, यथा

- बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति
- अंशधारक संबंध समिति
- जोखिम प्रबंधन समिति
- ग्राहक सेवा समिति
- नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति
- वसूली समीक्षा समिति
- इरादतन चूककर्ता समीक्षा समिति
- कार्यपालक समिति
- धोखाधड़ी निगरानी समिति
- कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति
- सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति
- मानव संसाधन संचालन समिति
- असहयोगी उधारकर्ता समीक्षा समिति

ए. बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी)

i. *विचारार्थ विषय*

- संवेदनशील क्षेत्रों को ऋण सहायता, अर्थात् (क) पूंजी बाजार, और (ख) रियल इस्टेट;
- अपने ग्राहक को जानिए/ धन शोधन निवारक (केवाईसी / एएमएल) दिशा–निर्देश–

  i. कार्यान्वयन की समीक्षा;

  ii. शाखाओं में अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी)/ धनशोधन निवारण (एएमएल) दिशा–निर्देशों के पालन के संबंध में संगामी लेखा परीक्षा रिपोर्टों के अनुपालन की समीक्षा;

- हाउसकीपिंग की समीक्षा – विशेषकर लंबे समय से बकाया प्रविष्टियों उचंत/ विविध/ देय अथवा प्रदत्त ड्राफ्ट/ मार्गस्थ निधियाँ/ समाशोधन/ सहायक सामान्य खाताबही (एसजीएल)/ संघटक सहायक सामान्य खाताबही (सीएसजीएल) खातों का संतुलन और समाधान और नोस्ट्रो खातों की समीक्षा;
- रिज़र्व बैंक द्वारा किए गए वार्षिक वित्तीय निरीक्षण के संबंध में अनुपालन की समीक्षा–जोखिम तथा पूंजी के मूल्यांकन हेतु पर्यवेक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जोखिम मूल्यांकन रिपोर्ट (आरएआर) और जोखिम न्यूनीकरण योजना (आरएमपी);
- लेखा–परीक्षा योजना और इसकी उपलब्धियों की स्थिति की समीक्षा;
- महत्वपूर्ण लेखा–परीक्षा निष्कर्षों/ निम्नलिखित लेखा–परीक्षाओं में पायी गयी आंतरिक नियंत्रण कमियों की उसके अनुपालन सहित समीक्षा करना- (i) लांग फॉर्म लेखा परीक्षा रिपोर्ट (एलएफएआर) (ii) संगामी लेखा–परीक्षा (iii) आंतरिक निरीक्षण (iv) डाटा सेंटर और अन्य विभागों की सूचना प्रणाली लेखा–परीक्षा (v) ट्रेज़री एवं डेरिवेटिव (vi) नियंत्रक कार्यालयों/ प्रधान कार्यालय में प्रबंधन लेखा–परीक्षा (vii) सेवा शाखाओं की लेखा–परीक्षा (viii) करेंसी चेस्ट (ix) विदेशी मुद्रा विनिमय में संव्यवहार करने के लिए प्राधिकृत शाखाओं की विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) लेखा–परीक्षा आदि;
- एसीबी/ बोर्ड/ रिज़र्व बैंक द्वारा जारी निदेशों पर अनुपालन रिपोर्ट की समीक्षा;
- समुद्रपारीय शाखाओं के संबंध में मेजबान देशों में विनियामकों की विनियामकीय अपेक्षाओं पर अनुपालन रिपोर्ट;
- प्रबंधन चर्चा, वित्तीय स्थिति का विश्लेषण, सांविधिक लेखा–परीक्षकों द्वारा आंतरिक नियंत्रण की कमियों के बारे में जारी पत्रों/प्रबंधन पत्रों सहित तिमाही के वित्तीय परिणामों की समीक्षा;
- विवेकाधिकार शक्तियों के प्रयोग में विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा किए गए उल्लंघन संबंधी जानकारी की समीक्षा;
- उधारकर्ता कंपनियों में उनकी प्रदत्त पूंजी के 30% से अधिक की इक्विटी शेयर धारिता के संबंध में जानकारी रिपोर्ट;
- मार्च, जून, सितंबर और दिसंबर को समाप्त तिमाहियों के दौरान रिपोर्ट किए गए धोखाधड़ी के सभी मामलों की समीक्षा;
- संबद्ध पक्षों के साथ लेन–देनों और संबंधित पक्ष लेनदेन के लिए पूर्वानुमोदन और संबद्ध पक्ष लेन–देनों में उत्तरवर्ती संशोधन, यदि कोई हो, की समीक्षा,
- (क) जोखिम आधारित आंतरिक लेखा–परीक्षा नीति, (ख) संगामी लेखा–परीक्षा नीति और (ग) आईएस लेखा–परीक्षा नीति की समीक्षा;
- बैंक के लेखों में अधिक पारदर्शिता लाने और लेखांकन मानकों की पर्याप्तता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैंक की लेखांकन नीतियों/ प्रणालियों की समीक्षा करना और वर्ष के दौरान किसी भी परिवर्तन और उसके परिणाम की समीक्षा तथा इस आशय की पुष्टि कि लेखांकन नीतियां, मानकों और रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुपालन में हैं;
- आंतरिक लेखा-परीक्षा विभाग की संरचना, स्टाफ की संख्या तथा विभाग का नेतृत्व करने वाले अधिकारी की वरिष्ठता, रिपोर्टिंग संरचना, कवरेज और आंतरिक लेखा-परीक्षा की बारंबारता सहित आंतरिक लेखा-परीक्षा कार्य की पर्याप्तता की समीक्षा;
- बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समीक्षा;
- बैंक की जोखिम प्रबंधन प्रणालियों की समीक्षा;
- सांविधिक लेखा–परीक्षकों की नियुक्ति, लेखा परीक्षकों की स्वतंत्रता, कार्य निष्पादन, देशी और समुद्रपारीय परिचालनों दोनों के लिए लेखा–परीक्षा प्रक्रिया की प्रभावशीलता की निगरानी करना और समीक्षा;
- निदेशक मंडल के अनुमोदन हेतु प्रस्तुति से पूर्व एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची II के भाग सी के बिन्दु ए (4) में दर्शाई गयी (क) से (छ) की मदों के विशेष संदर्भ में वार्षिक लेखों/ वित्तीय विवरणों और इन पर लेखा–परीक्षक की रिपोर्ट की समीक्षा;
- सांविधिक लेखा-परीक्षकों द्वारा दी गई अन्य प्रकार की सेवाओं के लिए लेखा-परीक्षकों को किए जाने वाले भुगतान का अनुमोदन;
- लेखा-परीक्षा शुरू होने से पूर्व उसके स्वरूप और कार्य-क्षेत्र के बारे में सांविधिक लेखा-परीक्षकों के साथ तथा साथ ही चिंताजनक विषयों का पता लगाने के लिए लेखा-परीक्षा के उपरांत विचार-विमर्श;

- विभिन्न कानूनों और संविधियों के तहत बैंक पर लगाए गए दंडों/ दंडात्मक कार्रवाई और सुधारात्मक उपायों के लिए की गयी कार्रवाइयों की समीक्षा;
- आंतरिक/ बाह्य लेखा–परीक्षकों द्वारा पता लगाई गई राजस्व हानि की रिपोर्ट और उसकी वसूली की स्थिति की समीक्षा- कमतर राजस्व के कारण और राजस्व हानियों को रोकने के लिए की गई कार्रवाई;
- ऑफर दस्तावेजों और निधियों के सार्वजनिक निर्गम (सांविधिक लेखा–परीक्षकों द्वारा प्रमाणित) के जरिये जुटाई गई निधियों के अंतिम उपयोग पर रिपोर्ट और साथ ही साथ, (i) विनियमावली 32(1) के अनुसार निगरानी एजेंसी रिपोर्ट सहित विचलन(नों) के तिमाही विवरण और (ii) एलओडीआर विनियमावली के विनियम 32(7) के अनुसार ऑफर दस्तावेजों में उल्लिखित उद्देश्यों के अलावा अन्य के लिये उपयोग की गई निधियों का वार्षिक विवरण;
- जमाकर्ताओं, डिबेंचर धारकों, शेयरधारकों (घोषित लाभांश का भुगतान न होने के मामले में) और लेनदारों को भुगतान में बड़ी चूकों के कारणों की समीक्षा;
- असूचीबद्ध सहायक कंपनियों द्वारा किए गए विशेष निवेशों सहित वित्तीय विवरणियों की समीक्षा;
- पहली बार हुए एनपीए (एफटीएनपीए) की समीक्षा;
- ₹1 करोड़ और उससे अधिक के नकारे गए चेकों की समीक्षा;
- संगामी लेखा–परीक्षा प्रणाली की वार्षिक समीक्षा का आयोजन;
- वार्षिक लेखा–परीक्षा योजना का अनुमोदन;
- आउटसोर्स वेंडरों की लेखा–परीक्षा की वार्षिक समीक्षा का आयोजन;
- सतर्कता तंत्र की कार्य प्रणाली (पूर्व में विसिल ब्लोअर तंत्र) की समीक्षा;
- (i) मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) (ii) मुख्य आंतरिक लेखा–परीक्षक और (iii) मुख्य अनुपालन अधिकारी की नियुक्ति का अनुमोदन;
- सूचीबद्ध संस्था के उपक्रमों और आस्तियों का मूल्यांकन देखना, जहां कहीं भी आवश्यक हो;
- बैंक के लेखों को प्रभावित करने वाले रिज़र्व बैंक के परिपत्रों की समीक्षा;
- सेबी (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियमावली, 2015 के प्रावधानों के अनुपालन की वार्षिक समीक्षा;
- बैंक द्वारा सहायक संस्था में ₹100 करोड़ से अधिक या सहायक संस्था के आस्ति भाग के 10% मौजूदा ऋण/ अग्रिम/ निवेश सहित जो भी कम हो, के निवेश की ऋण और/ या अग्रिमों के उपयोग की समीक्षा,
- बैंक और इसके शेयरधारकों के विलय, विलगाव, समामेलन आदि से जुड़ी योजनाओं के औचित्य, लागत–लाभ और प्रभाव पर विचार और टिप्पणी करना.
- स्टाफ जवाबदेही जांच की समीक्षा.
- स्वत्व विलेखों और ऋण/ सुरक्षा दस्तावेजों की समुचित सावधानी कार्रवाई की वास्तविकता को सत्यापित करना.
- परोक्ष निगरानी (ओएमएस) के कार्यनिष्पादन की रिपोर्ट;
- कंपनी अधिनियम, 2013, एलओडीआर विनियमावली, आदि के अंतर्गत वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक द्वारा किए गए अनुपालन पर सचिवीय लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की समीक्षा;
- सेंट्रल डिपॉजटरी सर्विसेस लि. (सीडीएसएल), नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजटिरी लि. (एनएसडीएल) और समवर्ती लेखा परीक्षा रिपोर्टों की निरीक्षण रिपोर्टों में की गई टिप्पणियों का अनुपालन;
- खोजी लेखा परीक्षा (आईएएस)/ विशेष जांच लेखा परीक्षा (एसआईए) के निष्कर्षों की समीक्षा ;

- रेटिंग एजेंसियों के साथ चर्चा;
- प्रबंधन की उपस्थिति के बिना प्रमुख–आंतरिक लेखा परीक्षा और मुख्य अनुपालन अधिकारी (सीसीओ) के साथ चर्चा;
- जोखिम रेटिंग प्रवसन और लेखापरीक्षा प्रणाली की प्रभावकारिता की समीक्षा; और
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय–समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ii. ***एसीबी की संरचना***

यथा दिनांक 31 मार्च 2022 को एसीबी में छह सदस्य शामिल थे, जिनमें से चार सदस्य स्वतंत्र निदेशक हैं, अर्थात् अध्यक्ष श्री समरेश परिदा, स्वतंत्र निदेशक, श्री अंशुमन शर्मा, भारत सरकार के नामिती निदेशक, श्री मुकेश कुमार गुप्ता, एलआईसी के नामिती निदेशक, श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, स्वतंत्र निदेशक, श्री संजय जी. कल्लापुर, स्वतंत्र निदेशक और श्रीमती पी.वी. भारती, स्वतंत्र निदेशक.

iii. ***एसीबी बैठकों के लिए कोरम:***

एसीबी बैठकों के लिए कोरम में एसीबी के तीन सदस्य होंगे, इनमें से कम से कम दो–तिहाई स्वतंत्र निदेशक होंगे. उक्त एसीबी बैठक की अध्यक्षता एक स्वतंत्र निदेशक द्वारा की जाएगी जो बोर्ड की किसी अन्य समिति की अध्यक्षता नहीं करेंगे.

iv. ***एसीबी बैठकों की वारंवारता***

एसीबी की वर्ष में कम से कम चार बैठकें होंगी और एसीबी की लगातार दो बैठकों के बीच एक सौ बीस दिन से अधिक का अंतराल नहीं होगा.

v. ***एसीबी की बैठकें***

समीक्षाधीन अवधि (01 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022) के दौरान एसीबी की 15 बैठकें 03 मई 2021, 14 मई 2021, 15 जून 2021, 23 जून 2021, 28 जून 2021, 28 जुलाई 2020 (दो बैठकें सम्पन्न), 26 अगस्त 2021, 28 सितंबर 2021, 21 अक्तूबर 2021, 25 नवंबर 2021, 27 दिसंबर 2021, 21 जनवरी 2022, 23 फरवरी 2022 और 28 मार्च 2022 को संपन्न हुईं.

बी. कार्यपालक समिति (ईसी)

i. ***विचारार्थ विषय***

- ₹250 करोड़ से अधिक के एक्सपोजर वाले उच्च मूल्य ऋण प्रस्तावों की मंजूरी;
- कार्यपालक समिति (ईसी) द्वारा मंजूरी संबंधी बनाए गए निबंधनों और शर्तों में संशोधन;
- ऋण समितियों के कार्यवृत्त को रेकॉर्ड पर लेना;
- बातचीत से तय/ एकबारीय निपटान (ओटीएस) हेतु प्रस्तावों की मंजूरी;
- निम्नलिखित को ₹5 करोड़ से अधिक के एक्सपोजर वाले प्रस्तावों के संबंध में मंजूरी:
    - अन्य बैंकों के निदेशक (अध्यक्ष/ प्रबंध निदेशक सहित);
    - अन्य कोई फर्म जिसमें अन्य बैंकों के कोई निदेशक साझेदार या गारंटर के रूप में हितबद्ध हों; और
    - कोई कंपनी जिसमें अन्य बैंकों के कोई निदेशक पर्याप्त हित रखते हों या निदेशक या गारंटर के रूप में हितबद्ध हों;
- निम्नलिखित को ₹5 करोड़ से अधिक के एक्सपोजर वाले प्रस्तावों के संबंध में मंजूरी :

- बैंक के अध्यक्ष/ प्रबंध निदेशकों या अन्य बैंकों के निदेशकों के कोई संबंधी,
- अन्य बैंकों के अध्यक्ष/ प्रबंध निदेशक या अन्य निदेशकों के कोई संबंधी,
- कोई फर्म जिसमें ऊपर किए गए उल्लेख के अनुसार उनके कोई संबंधी साझेदार या गारंटर के रूप में हितबद्ध हों, और
- कोई कंपनी जिसमें ऊपर किए गए उल्लेख के अनुसार उनके कोई संबंधी पर्याप्त हित रखते हों या निदेशक या गारंटर के रूप में हितबद्ध हों,

- प्रतिभूतिकरण पोर्टफोलियो की मंजूरियों की रिपोर्टिंग;
- कार्यपालक समिति द्वारा अनुमोदित मामलों के संबंध में प्रतिभूति सृजन की स्थिति की समीक्षा और रिपोर्टिंग;
- देय और प्राप्य राशियों के निवेश लिखत(तों) में परिवर्तन के लिए प्रस्तावों का अनुमोदन; और
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय–समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ii. ईसी की संरचना:

यथा दिनांक 31 मार्च 2022 को ईसी में छह सदस्य शामिल थे, जिनमें से तीन सदस्य स्वतंत्र निदेशक हैं अर्थात् अध्यक्ष श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ हैं, सदस्य श्री सैम्युअल जोसफ जेबराज, डीएमडी, श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी, श्री भुवनचंद्र बी. जोशी, स्वतंत्र निदेशक, श्री एन. जंबुनाथन, स्वतंत्र निदेशक और श्री दीपक सिंघल, स्वतंत्र निदेशक हैं.

iii. ईसी बैठकों के लिए कोरम

ईसी बैठकों के लिए कोरम सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई अथवा ईसी के दो सदस्य, इनमें से जो अधिक हो, होगा.

iv. ईसी बैठकों की बारंबारता

ईसी की बैठक वर्ष में कम से कम चार बैठकों के साथ आवश्यकताओं के अनुसार होगी.

v. ईसी की बैठकें:

समीक्षाधीन अवधि (01 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022) के दौरान कार्यपालक समिति की कुल 25 बैठकें हुईं जो 12 अप्रैल 2021; 26 अप्रैल 2021; 14 मई 2021; 27 मई 2021; 14 जून 2021; 28 जून 2021; 14 जुलाई 2021; 27 जुलाई 2021; 11 अगस्त 2021; 26 अगस्त 2021; 15 सितंबर 2021; 18 सितंबर 2021; 28 सितंबर 2021; 14 अक्तूबर 2021; 28 अक्तूबर 2021; 15 नवम्बर 2021; 25 नवंबर 2021; 14 दिसंबर 2021; 27 दिसंबर 2021; 13 जनवरी 2022; 28 जनवरी 2022; 1 फरवरी 2022; 23 फरवरी 2022; 14 मार्च 2022 और 29 मार्च 2022 को संपन्न हुईं.

सी. हितधारक संबंध समिति (एसआरसी)

i. विचारार्थ विषय

हितधारक संपर्क समिति (एसआरसी) कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 178 तथा एलओडीआर विनियमावली के अनुसूची II के भाग डी के साथ पठित विनियम 20 के अंतर्गत उपबंधित विचारार्थ विषयों के अनुसार कार्य करती है.

एसआरसी की व्यापक भूमिका एवं उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं :

- शेयरों के अंतरण/ हस्तांतरण, वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त न होने, घोषित लाभांश प्राप्त न होने, नए / डुप्लीकेट प्रमाणपत्र जारी करने, महा सभा आदि से संबंधित शिकायतों सहित शेयरधारकों, बांडधारकों और अन्य प्रतिभूतिधारकों की शिकायतों का समाधान;
- उपर्युक्त में दिए गए अधिदेश को पूरा करने के लिए एसआरसी अपनी प्रत्येक बैठक में बैंक की इक्विटी सर्विसिंग और बांड सर्विसिंग रिपोर्टों पर विचार तथा समीक्षा करना और उपर्युक्त अधिदेश को प्राप्त करने के लिए जरूरी होने पर इस संबंध में निम्नानुसार निदेश जारी;
    - इक्विटी सर्विसिंग संबंधित रिपोर्ट की समीक्षा;
    - फ्लेक्सीबॉण्डों की सर्विसिंग संबंधी रिपोर्ट की समीक्षा;
    - शेयर पूँजी लेखा परीक्षा रिपोर्ट के समाधान की रिपोर्टिंग की समीक्षा;

- स्टॉक एक्सचेंज को प्रस्तुत निवेशकों की शिकायतों के विवरणों की रिपोर्टिंग की समीक्षा;
- शेयरधारकों द्वारा वोटिंग अधिकार के प्रभावी प्रयोग के लिए किए गए उपायों की समीक्षा;
- रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट द्वारा दी गई विभिन्न सेवाओं के संदर्भ में बैंक द्वारा अपनाए गए सेवा मानकों के अनुपालन की समीक्षा;
- अदावी लाभांश की मात्रा को कम करने और बैंक के शेयरधारकों को लाभांश वारंट /वार्षिक रिपोर्ट/ सांविधिक नोटिस की समयबद्ध प्राप्ति को सुनिश्चित करने के लिए बैंक द्वारा किए गए विभिन्न उपायों और पहल कार्यों की समीक्षा; और

- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय–समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ii. एसआरसी की संरचना

यथा दिनांक 31 मार्च 2022 को एसआरसी में चार सदस्य शामिल थे, जिनमें से दो सदस्य स्वतंत्र निदेशक हैं. समिति के अध्यक्ष श्री संजय जी. कल्लापुर, स्वतंत्र निदेशक हैं और अन्य सदस्य हैं श्री सैम्युअल जोसफ जेबराज, डीएमडी, श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी और श्री एन. जंबुनाथन, स्वतंत्र निदेशक.

श्रीमती ज्योति बीजू नायर, बैंक की कंपनी सचिव एलओडीआर विनियमावली के अंतर्गत अनुपालन अधिकारी के रूप में भी कार्य करती हैं.

iii. एसआरसी बैठक के लिए कोरम

एसआरसी बैठकों के लिए कोरम सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई अथवा एसआरसी के दो सदस्य, इनमें से जो अधिक हो, होगा.

iv. एसआरसी बैठकों की बारंबारता

एसआरसी की बैठकें तिमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

v. एसआरसी की बैठकें

समीक्षाधीन अवधि (01 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022) के दौरान एसआरसी की चार बैठकें दिनांक 15 मई 2021, 27 अगस्त 2021, 15 नवंबर 2021 और 11 फरवरी 2022 को संपन्न हुईं.

vi. अनुरोध/ शिकायतों की संख्या (इक्विटी एवं बांड)

वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्राप्त शेयरधारकों/ बांडधारकों की शिकायतों की संख्या	16,847
जिन शिकायतों का समाधान शेयरधारकों/ बांडधारकों की संतुष्टि के अनुसार नहीं किया गया उनकी संख्या	शून्य
लंबित शिकायतों की संख्या	03

डी. धोखाधड़ी निगरानी समिति (एफएमसी)

i. विचारार्थ विषय

₹1 करोड़ तथा इससे अधिक की राशि के धोखाधड़ी मामलों की निगरानी तथा उनका अनुवर्तन करने के लिए विशेष समिति के रूप में धोखाधड़ी निगरानी समिति (एफएमसी) का गठन किया गया है. इसका गठन धोखाधड़ी का पता लगाने, उन पर निगरानी रखने और उनसे निपटने के लिए किया गया है.

एफएमसी की व्यापक भूमिका एवं उसके उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं :

- प्रणालीगत कमी, यदि कोई है, जिससे धोखाधड़ी संभव हुई हो, की पहचान करना तथा उसे रोकने के लिए उपाय सुझाना;

- धोखाधड़ी, यदि कोई है, का पता लगाने में विलंब के कारणों की पहचान करना तथा बैंक के शीर्ष प्रबंधन और रिज़र्व बैंक को रिपोर्ट करना;
- केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई)/ पुलिस द्वारा जांच पड़ताल में प्रगति और वसूली स्थिति की निगरानी करना;
- सुनिश्चित करना कि धोखाधड़ी के सभी मामलों में सभी स्तरों पर स्टाफ जवाबदेही की जांच हो तथा बिना समय गँवाए तत्काल कार्रवाई, यदि अपेक्षित हो, पूरी हो;
- धोखाधड़ी की पुनर्रावृत्ति को रोकने के लिए उपचारात्मक कार्रवाई की प्रभावोत्पादकता, जैसे आंतरिक नियंत्रण को मजबूत करना, की समीक्षा करना;
- रेड फ्लैग खातों तथा बकाया रेड फ्लैग खातों के बारे में की गई उपचारात्मक कार्रवाई/ दिए गए जांच आदेश की स्थिति की समीक्षा करना;
- धोखाधड़ी के मामलों में स्टाफ जवाबदेही प्रक्रिया के पूरा होने और उस पर की गई कार्रवाई को नोट करना;
- सीबीआई, पुलिस आदि द्वारा जांच किए जा रहे मामलों से वसूली सहित धोखाधड़ी मामलों में वसूली की स्थिति;
- इलेक्ट्रोनिक धोखाधड़ी के मामले में बैंक द्वारा उठाए गए न्यूनीकरण संबंधी कदमों की प्रगति और धोखाधड़ी की संख्या और मूल्यों कोनियंत्रित करने में इसकी प्रभावशीलता की निगरानी करना.
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय–समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ii. एफएमसी की संरचना

यथा दिनांक 31 मार्च 2022 को एफएमसी में छह सदस्य शामिल थे, जिनमें से तीन सदस्य स्वतंत्र निदेशक हैं अर्थात अध्यक्ष श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ हैं तथा सदस्य श्री सैम्युअल जोसफ जेबराज, डीएमडी, श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी, श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, स्वतंत्र निदेशक, श्री भुवंचन्द्र बी. जोशी, स्वतंत्र निदेशक और श्री टी.एन. मनोहरन स्वतंत्र निदेशक हैं.

iii. एफएमसी बैठकों के लिए कोरम

एफएमसी बैठकों के लिए कोरम सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई अथवा एसआरसी के दो सदस्य, इनमें से जो अधिक हो, होगा.

iv. एफएमसी वैठकों की बारंबारता

₹1 करोड़ और उससे अधिक राशि की धोखाधड़ी के मामले के प्रकाश में आने पर धोखाधड़ी निगरानी समिति की बैठक आयोजित करना और उसमें मामले की समीक्षा करना अपेक्षित होता है.

v. एफएमसी की वैठकें

समीक्षाधीन अवधि (01 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022) के दौरान एफएमसी की पांच बैठकें दिनांक 28 मई 2021, 27 जुलाई 2021; 29 सितंबर 2021; 28 दिसंबर 2021; और 28 मार्च 2022 को संपन्न हुईं.

ई. जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी)

i. विचारार्थ विषय

बैंक के कारोबार से जुड़े विभिन्न जोखिमों का आकलन करने, उनमें कमी लाने का प्रयास करने, आस्ति देयता असंतुलन से जुड़े मुद्दों का भी समाधान करने और साथ ही बैंक की जोखिम प्रबंधन योजना की निगरानी एवं समीक्षा करने के लिए जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी) का गठन किया गया है.

आरएमसी की व्यापक भूमिका एवं उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- चलनिधि जोखिम और अन्य जोखिमों के साथ चलनिधि जोखिम की संभावित बातचीत सहित बैंक के समक्ष आने वाले सभी जोखिमों का मूल्यांकन करना;

- नकदी प्रवाह के अनुमानों की रिपोर्टिंग और चलनिधि जोखिम, प्रयुक्त धारणाओं का मापन;
- बोर्ड को नीतियों यथा ऋण नीति, वसूली नीति, जोखिम प्रबंधन नीति, आस्ति देयता नीति, परिचालनगत जोखिम तथा कारोबार निरंतरता प्रबंधन (ओआर एवं बीसीएम) नीति, डीआईएफसी शाखा एएलएम नीति, आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) नीति, बाजार जोखिम तथा डेरिवेटिव नीति, देशी जोखिम प्रबंधन नीति एवं देशी जोखिम सीमाएं, निवेश नीति, प्रकटन नीति, प्रतिष्ठा जोखिम मूल्यांकन एवं प्रबंधन नीति आदि की सिफारिश करना;
- परिचालनगत जोखिम एवं कारोबार निरंतरता प्रबंधन पर प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा;
- ट्रेडिंग पोर्टफोलियो की बाजार जोखिम रिपोर्ट की समीक्षा;
- दबाव परीक्षण के परिणामों की समीक्षा;
- जोखिम प्रबंधन विभाग, मॉडेल सत्यापन आंतरिक रेटिंग के माइग्रेशन और चूक विश्लेषण के अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा;
- आस्ति देयता प्रबंधन समीक्षा;
- प्रणाली, उत्पाद अनुमोदन एवं समीक्षा समिति (स्पार्क) I एवं II के कार्यवृत्त की समीक्षा;
- प्रतिपक्षकार बैंक सीमाओं एवं घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय बैंकों के लिए सीमाओं के आबंटन पर नीति की समीक्षा;
- ऋण एक्सपोजर पर मानदंडों के अनुपालन की समीक्षा;
- पारिश्रमिक और जोखिम के बीच प्रभावी सुयोजन को प्राप्त करने के उद्देश्य से नामांकन और पारिश्रमिक समिति के साथ समन्वय में कार्य करना;
- विस्तृत जोखिम प्रबंधन नीति तैयार करना जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:
  - सूचीबद्धता संस्था द्वारा वित्तीय, परिचालनगत, क्षेत्र संबंधी धारणीयता (विशेष रूप से ईएसजी संबंधी जोखिम), सूचना, साइबर सुरक्षा जोखिमों अथवा समिति द्वारा निर्दिष्ट किए जाने वाले अन्य जोखिम सहित सामना किए जाने वाले आंतरिक और बाह्य जोखिमों की पहचान के लिए रूपरेखा.
  - पहचान किए गए जोखिमों के आंतरिक नियंत्रण के लिए प्रणालियों और प्रक्रियाओं सहित जोखिम न्यूनीकरण के उपाय; और
  - व्यवसाय निरंतरता योजना.
- यह सुनिश्चित करना कि बैंक के व्यवसाय से जुड़े जोखिमों की निगरानी और मूल्यांकन करने के लिए उपयुक्त कार्यप्रणाली, प्रक्रियाएं और प्रणालियाँ मौजूद हैं.
- जोखिम प्रबंधन प्रणाली की पर्याप्तता के मूल्यांकन सहित जोखिम प्रबंधन नीति के कार्यान्वयन की निगरानी और निरीक्षण करना.
- जोखिम प्रबंधन नीति की आवधिक आधार पर दो वर्ष में कम से कम एक बार समीक्षा करना, जिसमें बदलते उद्योग की गतिशीलता और विकसित जटिलता पर विचार करना शामिल है;
- निदेशक मंडल को उसकी चर्चाओं, सिफारिशों और की जाने वाली कार्रवाइयों की प्रकृति और विषयवस्तु के बारे में सूचित करना;
- मुख्य जोखिम अधिकारी की नियुक्ति, हटाने और पारिश्रमिक की शर्तों यदि कोई हो, की समीक्षा करना;
- समकक्ष बैंक समीक्षा करना;
- आईसीएएपी की मध्यावधि समीक्षा करना;
- प्रतिपक्ष बैंक एक्सपोजर सीमाओं और देशी जोखिम एक्सपोजर सीमाओं की तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा करना;
- आंतरिक और बाह्य रेटिंग के बीच विचलन का विश्लेषण करना;
- बैंक की दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर (डीआईएफसी) शाखा के जोखिम प्रबंधन पर तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा;

- परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति और ऋण जोखिम प्रबंधन समिति के कार्यवृत्त की समीक्षा; और
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय–समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ii. ***आरएमसी की संरचना***

यथा दिनांक 31 मार्च 2022 को आरएमसी में सात सदस्य शामिल थे, जिनमें से छह सदस्य स्वतंत्र निदेशक थे, अर्थात् अध्यक्ष श्रीमती पी.वी. भारती, स्वतंत्र निदेशक, श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, सैम्युअल जोसफ जेबराज, डीएमडी, श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी, श्री संजय जी. कल्लापुर, स्वतंत्र निदेशक और श्री टी.एन. मनोहरन स्वतंत्र निदेशक हैं.

iii. ***आरएमसी बैठकों के लिए कोरम***

आरएमसी बैठकों में भाग लेने वाले सदस्यों में से कम से कम आधे स्वतंत्र निदेशक होंगे, जिनमें से कम से कम एक सदस्य के पास जोखिम प्रबंधन में पेशेवर विशेषज्ञता/ योग्यता होनी चाहिए. आरएमसी की अध्यक्षता स्वतंत्र निदेशक द्वारा की जाएगी जो बोर्ड या किसी अन्य समिति की अध्यक्षता नहीं करेंगे.

iv. ***आरएमसी बैठकों की बारंबारता***

आरएमसी की बैठकें तिमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

v. ***आरएमसी की बैठकें***

समीक्षाधीन अवधि (01 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022) के दौरान आरएमसी की चार बैठकें दिनांक 14 जून 2021; 15 सितंबर 2021; 14 दिसंबर 2021 औए 14 मार्च 2022 को संपन्न हुईं.

एफ. कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति (सीएसआरसी)

i. ***विचारार्थ विषय***

- कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) नीति तैयार करना और बोर्ड को उसकी सिफारिश करना जिसमें कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII में दिये गए क्षेत्रों और विषयों के अनुसार बैंक द्वारा किए जाने वाले कार्यकलापों की जानकारी दी गई हो;
- उपर्युक्त खंड में दिए गए कार्यकलापों पर होने वाले व्यय की राशि की सिफारिश करना;
- बैंक की कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व नीति की समय-समय पर की निगरानी करना; और
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय–समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ii. ***सीएसआरसी की संरचना***

यथा दिनांक 31 मार्च 2022 को सीएसआरसी में पांच सदस्य शामिल थे, जिनमें से दो सदस्य स्वतंत्र निदेशक हैं, अर्थात् अध्यक्ष के रूप में श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं डीएमडी, श्री सैम्युअल जोसफ जेबराज, डीएमडी, श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी, श्री समरेश परिदा, स्वतंत्र निदेशक और श्रीमती पी. वी. भारती, स्वतंत्र निदेशक.

iii. ***सीएसआरसी बैठकों के लिए कोरम***

सीएसआरसी बैठकों के लिए कोरम सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई अथवा सीएसआरसी के दो सदस्य, इनमें से जो अधिक हो, होगा.

iv. ***सीएसआरसी बैठकों की बारंबारता***

सीएसआरसी की बैठकें छमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

v. ***सीएसआरसी की बैठकें***

समीक्षा के अंतर्गत वर्ष के दौरान (01 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022) सीएसआरसी की तीन बैठकें दिनांक 15 मई 2021 और 26 नवंबर 2021 और 28 मार्च 2022 को संपन्न हुईं.

जी. ग्राहक सेवा समिति (सीएससी)

i. ***विचारार्थ विषय***

बैंक ने ग्राहक संरक्षण तथा सेवाओं के लिए अभिशासन संरचना को मजबूत बनाने और साथ ही बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने के उद्देश्य से नीतियां बनाने और उनके आंतरिक अनुपालन का आकलन करने के लिए ग्राहक सेवा समिति (सीएससी) का गठन किया है.

सीएससी की व्यापक भूमिका तथा उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- रिटेल बैंकिंग खंड में ग्राहक की शिकायतों पर ध्यान देना तथा ग्राहकों को प्रभावी ढंग से सेवा प्रदान करना;
- व्यापक जमा नीति तैयार करना;
- जमाकर्ता की मृत्यु होने पर उनके खाते के परिचालन जैसे मुद्दों का समाधान;
- जमाकर्ता संतुष्टि का वार्षिक सर्वेक्षण के संचालन की जांच करना;
- ग्राहक सेवाओं की त्रैवार्षिक लेखा परीक्षा आयोजित करना;
- भारत के विभिन्न राज्यों के बैंकिंग लोकपाल द्वारा समाधान की जा चुकी शिकायतों के संबंध में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाना;
- बैंकिंग लोकपाल द्वारा दिए गए सभी निर्णयों पर ध्यान देना;
- तीन माह से अधिक समय तक कार्यान्वित नहीं किए गए सभी निर्णयों की कारणों सहित सभी अवार्डों की समीक्षा करना;
- बैंक में ग्राहक सुरक्षा एवं सेवा के लिए किए गए उपायों की समीक्षा;
- शिकायत निवारण नीति की समीक्षा;
- प्रदान की गई ग्राहक सेवा की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले किन्हीं अन्य मुद्दों की जांच करना.
- आंतरिक लोकपाल के कार्यकलापों की समीक्षा; और
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय–समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ii. ***सीएससी की संरचना***

यथा दिनांक 31 मार्च 2022 को सीएससी में पांच सदस्य शामिल थे, जिनमें से दो सदस्य स्वतंत्र निदेशक थे, अर्थात् अध्यक्ष के रूप में श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, श्री सैम्युअल जोसफ जेबराज, डीएमडी, श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी, श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, स्वतंत्र निदेशक और श्री भुवनचंद्र बी. जोशी, सदस्य के रूप में स्वतंत्र निदेशक.

iii. ***सीएससी बैठकों के लिए कोरम***

सीएससी बैठकों के लिए कोरम सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई अथवा सीएससी के दो सदस्य, इनमें से जो अधिक हों.

iv. ***सीएससी बैठकों की बारंबारता***

सीएससी की बैठकें तिमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

v. ***सीएससी की बैठकें***

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022) के दौरान सीएससी की चार बैठकें दिनांक 29 जून 2021, 29 सितंबर 2021, 28 दिसंबर 2021 और 28 मार्च 2022 को संपन्न हुई.

एच. सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति (आईटीएससी)

i. विचारार्थ विषय

बैंक में प्रभावी प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति (आईटीएससी) का गठन किया गया है. इसका उद्देश्य ग्राहकों को विभिन्न आईटी समर्थकारी सेवाएं प्रदान करना, दृष्टिकोण को सुसंगत बनाने में मदद करना तथा नए आईटी उत्पाद लांच करने में सहायता देना और तत्संबंधी सेवाएं प्रदान करना और साइबर सुरक्षा प्रबंधन योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी करना और साइबर सुरक्षा नीतियों की निगरानी करना है. समिति की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां सूचना सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग, प्रौद्योगिकी जोखिम प्रबंधन और साइबर धोखाधड़ी पर आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुरूप हैं और इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- आईटी रणनीति और नीति दस्तावेजों को मंजूरी देना;
- यह सुनिश्चित करना कि प्रबंधन ने एक प्रभावी रणनीतिक योजना प्रक्रिया लागू की है;
- यह पुष्टि करना कि व्यवसाय रणनीति वास्तव में आईटी रणनीति के साथ सुसंगत है;
- यह सुनिश्चित करना कि आईटी संगठनात्मक ढांचा व्यवसाय मॉडल और उसकी दिशा का पूरक है;
- यह विनिश्चित करना कि प्रबंधन ने ऐसी प्रक्रियाएं और प्रथाएं स्थापित की हैं जो सुनिश्चित करेंगी कि बैंक में स्थापित आईटी प्रणाली बैंकिंग व्यवसाय को सुदृड़ता प्रदान कर रहें हैं;
- यह सुनिश्चित करना कि आईटी निवेश जोखिम और लाभों के मध्य संतुलन स्थापित किए हुए है और बजट स्वीकार्य है;
- रणनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक आईटी संसाधनों को निर्धारित करने के लिए प्रबंधन द्वारा उपयोग की जाने वाली विधि की निगरानी करना और आईटी संसाधनों के सोर्सिंग और उपयोग के लिए उच्च–स्तरीय दिशा प्रदान करना;
- यह सुनिश्चित करना कि बैंक के सतत उन्नति के लिए आईटी निवेश का उचित संतुलन है;
- आईटी जोखिमों और नियंत्रणों के प्रति जोखिम के बारे में जागरूक होना और आईटी जोखिमों के प्रबंधन की निगरानी की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना;
- आईटी रणनीतियों को लागू करने में वरिष्ठ प्रबंधन के कार्य–निष्पादन का आकलन करना;
- उच्च स्तरीय नीति मार्गदर्शन जारी करना (उदाहरण के लिए जोखिम, वित्त पोषण, या सोर्सिंग कार्यों से संबंधित);
- यह सुनिश्चित करना कि आईटी या व्यावसायिक ढांचे को किस तरह से व्यवस्थित किया जाए ताकि आईटी से अधिकतम व्यावसायिक लाभ प्राप्त किया जा सके;
- बैंक–स्तर पर आईटी के कुल वित्त पोषण की निगरानी करना, और यह सुनिश्चित करना कि क्या प्रबंधन के पास आईटी जोखिमों के उचित प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए संसाधन हैं; तथा
- आईटी निष्पादन मूल्यांकन और कारोबार में आईटी के योगदान की समीक्षा करना (अर्थात् वचनानुसार लाभ की उपलब्धता)

आईटीएससी की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- बोर्ड को प्रस्तावित आईटी बजट की संस्तुति;
- आईटी बजट के उपयोग की समीक्षा;

- बैंक के ग्राहकों के लिए विभिन्न उत्पादों तथा आईटी आधारित सेवाओं के प्रारंभ की समीक्षा
- आंतरिक अथवा बाहर से खरीदे गए विभिन्न प्रकार के सॉफ्टवेयर/ हार्डवेयर के विकास, अधिप्राप्ति और परिचालनों की समीक्षा करना और प्रौद्योगिकी के चयन के लिए निविदाएँ आमंत्रित करने अथवा अन्य क्रियाविधि के लिए प्रक्रियाएँ तैयार करना;
- सिस्टम और प्रक्रियाओं के निष्पादन, कार्यान्वयन और परिचालन की देखरेख करना.
- प्रौद्योगिकी के जरिए शाखाओं के एकीकरण और बैंक के लिए एमआईएस के विकास का निरीक्षण करना;
- प्रौद्योगिकी आर्किटेक्चर की अद्यतन स्थिति और की गईं प्रमुख आईटी पहलों की समीक्षा करना;
- सूचना सुरक्षा संबंधी घटनाओं की समीक्षा;
- सूचना सुरक्षा नीति की समीक्षा;
- आईटी नीति की समीक्षा;
- साइबर सुरक्षा संबंधी तैयारी का मूल्यांकन;
- साइबर सुरक्षा प्रबंधन योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी;
- साइबर सुरक्षा नीतियों की निगरानी; और
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय–समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ii. आईटीएससी की संरचना

यथा दिनांक 31 मार्च 2022 को आईटीएससी में सात सदस्य शामिल थे, जिनमें से तीन सदस्य स्वतंत्र निदेशक हैं, अर्थात् अध्यक्ष के रूप में श्री एन. जंबुनाथन, स्वतंत्र निदेशक, श्री राकेश शर्मा, एमडी एवं सीईओ, श्री सैम्युअल जोसफ जेबराज, डीएमडी, श्री सुरेश खटनहार, डीएमडी, श्री अंशुमन शर्मा, सरकार के नामिती निदेशक, श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, स्वतंत्र निदेशक और श्री टी. एन. मनोहरन, स्वतंत्र निदेशक.

iii. आईटीएससी बैठकों के लिए कोरम

आईटीएससी बैठकों के लिए कोरम सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई अथवा आईटीएससी के दो सदस्य, इनमें से जो अधिक हों.

iv. आईटीएससी बैठकों की बारंबारता

आईटीएससी की बैठकें तिमाही आधार पर आयोजित की जाती है और दो बैठकों के बीच चार महीने से अधिक का अंतराल नहीं होता है.

v. आईटीएससी की बैठकें

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022) के दौरान, आईटीएससी की चार बैठकें 28 मई 2021; 11 अगस्त 2021; 15 नवंबर 2021 और 11 फरवरी 2022 को आयोजित की गईं.

आई. नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एनआरसी)

i. विचारार्थ विषय

नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- निदेशक के लिए अर्हताओं, सकारात्मक गुणों और स्वतंत्रता के निर्धारण के लिए मानदंड तैयार करना और निदेशक मंडल को निदेशकों की नियुक्ति तथा मूल्यांकन से संबंधित नीति की सिफारिश करना;

- बोर्ड, उसकी समितियों और वैयक्तिक निदेशकों के कार्यनिष्पादन के प्रभावी मूल्यांकन के लिए, या तो बोर्ड द्वारा, एनआरसी द्वारा अथवा स्वतंत्र बाह्य एजेंसी द्वारा निष्पादन की रीति को निर्दिष्ट करना और उनके कार्यान्वयन और अनुपालन की समीक्षा करना;
- स्वतंत्र निदेशक की प्रत्येक नियुक्ति के लिए बोर्ड में कौशल, ज्ञान और अनुभव के संतुलन का मूल्यांकन करना और इस तरह के मूल्यांकन के आधार पर, एक स्वतंत्र निदेशक की आवश्यक भूमिका और क्षमताओं का विवरण तैयार करना. स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए बोर्ड को अनुशंसित व्यक्ति के पास इस तरह के विवरण में पहचानी गई क्षमताएं होंगी. उपयुक्त उम्मीदवारों की पहचान करने के उद्देश्य से, एनआरसी निम्नलिखित तरीके अपना सकता है:
  - यदि आवश्यक हो तो बाहरी एजेंसियों की सेवाओं का उपयोग करना;
  - विविधता को ध्यान में रखते हुए, विभिन्न कार्यक्षेत्रों में भूमिका निभाने वाले उम्मीदवारों पर विचार करना; तथा
  - उम्मीदवारों की समय प्रतिबद्धताओं पर विचार करना.
- स्वतंत्र निदेशकों तथा निदेशक मंडल के कार्य–निष्पादन के मूल्यांकन के लिए मानदंड तैयार करना;
- निदेशक मंडल की विविधता पर नीति तैयार करना;
- ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना जो निदेशक बनने के योग्य हैं और जिन्हें निर्धारित मानदंडों के अनुसार वरिष्ठ प्रबंधन में नियुक्त किया जा सकता है, और निदेशक मंडल को उनकी नियुक्ति और हटाने की सिफारिश करना;
- अर्हता, विशेषज्ञता, ट्रैक रिकॉर्ड, सत्यनिष्ठा, *'उपयुक्त और उचित'* मानदंड, सकारात्मक गुणों और स्वतंत्र (यदि लागू हो) तथा स्वतंत्र निदेशक सहित निदेशकों के कार्य–निष्पादन मूल्यांकन की रिपोर्ट के आधार पर बोर्ड में निदेशक के रूप में किसी व्यक्ति की नियुक्ति/ नियुक्ति को जारी रखने की योग्यता को निर्धारित करने के लिए समुचित सावधानी की प्रक्रिया पर कार्य करना तथा उससे संबंधित मानदंड को तैयार करना;
- निदेशकों, मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों, आदि के लिए पारिश्रमिक/ क्षतिपूर्ति नीति बनाना;
- बोर्ड को वरिष्ठ प्रबंधन को भुगतान किए जाने वाले सभी पारिश्रमिकों, चाहे वे किसी भी रूप में हों, की सिफारिश करना, आदि;
- पारिश्रमिक और जोखिम के बीच प्रभावी सुयोजन प्राप्त करने के संबंध में जोखिम प्रबंधन समिति के साथ समन्वय कार्य; और
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय–समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ii. एनआरसी की संरचना

यथा दिनांक 31 मार्च 2022 को एनआरसी में सात सदस्य शामिल थे. सभी सदस्य गैर–कार्यपालक निदेशक हैं, जिसमें पांच स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं, अर्थात् श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, अध्यक्ष के रूप में स्वतंत्र निदेशक, श्री अंशुमन शर्मा, सरकार के नामिती निदेशक, श्री मुकेश कुमार गुप्ता, एलआईसी के नामिती निदेशक, श्री भुवनचंद्र बी. जोशी, स्वतंत्र निदेशक, श्री एन. जंबुनाथन, स्वतंत्र निदेशक, श्री दीपक सिंघल, स्वतंत्र निदेशक तथा श्री टी एन मनोहरन, स्वतंत्र निदेशक.

iii. एनआरसी बैठकों के लिए कोरम

एनआरसी बैठकों के लिए कोरम तीन सदस्यों का होगा जिनमें से एनआरसी की बैठकों में भाग लेने वाले कम से कम आधे सदस्य स्वतंत्र निदेशक होंगे और एक आरएमसी का सदस्य होगा. एनआरसी के अध्यक्ष एक स्वतंत्र निदेशक होंगे जो बोर्ड की अध्यक्षता नहीं करेंगे.

iv. एनआरसी बैठकों की बारंबारता

वर्ष में कम से कम एक बार एनआरसी की बैठक आयोजित की जाएगी.

v. एनआरसी की बैठकें

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022) के दौरान समिति की नौ बैठकें 15 अप्रैल 2021; 14 मई 2021; 28 जून 2021; 27 जुलाई 2021; 26 अगस्त 2021; 29 सितंबर 2021; 14 दिसंबर 2021; 24 फरवरी 2022 और 29 मार्च 2022 को की गईं.

vi. स्वतंत्र निदेशकों के लिए कार्य–निष्पादन मूल्यांकन मानदंड

स्वतंत्र निदेशकों सहित सभी निदेशकों का कार्य–निष्पादन मूल्यांकन एक तैयार की गई प्रश्नावली के आधार पर किया जाता है जिसमें बोर्ड में उपस्थिति, बैठक के दौरान भागीदारी, निदेशकों के योगदान का स्तर, ज्ञान की गुणवत्ता और विषय की समझ, पारदर्शिता का स्तर आदि कॉर्पोरेट अभिशासन मानदंड शामिल हैं. इसकी प्रश्नावली पहले ही निदेशकों को विचार करने और मूल्यांकन के बारे में अपनी राय बनाने के लिए परिचालित कर दी जाती है. स्वतंत्र निदेशकों का मूल्यांकन जिस निदेशक का मूल्यांकन किया जा रहा है, उन्हें छोड़कर पूरे निदेशक मंडल द्वारा किया जा रहा है. मूल्यांकन में उपर्युक्त मानदंडों पर निदेशकों का कार्य–निष्पादन और स्वतंत्र मानदंडों को पूरा करना शामिल है. इसके अलावा मूल्यांकन के परिणामों के आधार पर स्वतंत्र निदेशक का कार्यकाल बढ़ाने का निर्णय लिया जाता है.

जे. मानव संसाधन संचालन समिति (एचआरएससी)

i. विचारार्थ विषय

मानव संसाधन संबंधी मामलों को देखने और मानव संसाधन संबंधी महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार–विमर्श करने हेतु एचआरएससी का गठन किया गया है.

एचआरएससी की व्यापक भूमिका और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- भर्ती, प्रशिक्षण से संबंधित नीतियां बनाना;
- कार्य–निष्पादन प्रबंधन, क्षतिपूर्ति और कैरियर विकास पहलों की समीक्षा;
- प्रबंधन विकास और उत्तराधिकार नियोजन पर विचार करना;
- एचआर रणनीति को कारोबार रणनीति व योजना के अनुकूल बनाना;
- कार्मिक की नियुक्ति, मानवशक्ति मूल्यांकन, पदोन्नति आदि सहित विभिन्न एचआर मामलों पर विचार और अनुमोदन प्रदान करना; और
- विनियामक/ सांविधिक दिशानिर्देशों के तहत समय–समय पर अधिदेशित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ii. एचआरएससी की संरचना

(₹ करोड़ में) / (₹ in Crores)

क्र. सं. Sr. No.	विवरण Particulars	घटनाओं की संख्या Number of Instances	31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए For the year ended March 31, 2022	31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए For the year ended March 31, 2021
1.	अन्य देशी विनियामकों द्वारा लगाए गए दंड की कुल राशि Total amount of penalties levied by other domestic regulators	6	0.3904	0.0945

(ख) भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007: शून्य
(b) Payment and Settlement System Acts, 2007: Nil

(ग) सरकारी प्रतिभूति अधिनियम, 2006 (एसजीएल के बाउंसिंग के लिए) : शून्य
(c) Government Securities Act, 2006 (for bouncing of SGL): Nil

(घ) नीचे दिया गया दंड वित्तीय वर्ष 2021–22 से संबंधित नहीं है, तथापि इसका प्रकटन किया जा रहा है.
(d) The below penalty does not pertain to FY 2021-22, however is being disclosed

आरबीआई ने धोखाधड़ी वर्गीकरण और वाणिज्यिक बैंकों एवं चुनिंदा वित्तीय संस्थाओं द्वारा रिपोर्टिंग, प्रायोजक बैंकों और कॉरपोरेट ग्राहक के रूप में एससीबी/यूसीबी के बीच भुगतान इकोसिस्टम संबंधी नियंत्रण को मजबूत करने और बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे पर अपने निर्देश के गैर–अनुपालन के लिए बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4)(i) के साथ पठित धारा 47 ए(1)(सी) के प्रावधानों के अधीन अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 08 अप्रैल 2022 के अपने आदेश द्वारा बैंक पर कुल ₹0.90 करोड़ का दंड लगाया है.

The RBI by an Order dated April 08, 2022 has imposed an aggregate penalty of ₹0.90 crore on the Bank, in exercise of powers vested in it under the provisions of Section 47A(1)(c) read with Section 46(4)(i) of the Banking Regulation Act, 1949 for non-compliance with the directions issued by it on Frauds-classification and reporting by commercial banks and select FIs; Strengthening the Controls of Payment Ecosystem between Sponsor Banks and SCBs/UCBs as a Corporate Customer and Cyber Security Framework in Banks.

वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Financial Statements

13. पारिश्रमिक का प्रकटन
Disclosures on Remuneration
गुणात्मक प्रकटन / Qualitative disclosures

(a) पारिश्रमिक समिति की संरचना और अधिदेश से संबंधित जानकारी:
Information relating to the composition and mandate of the Nomination and Remuneration Committee:

पारिश्रमिक का ध्यान रखनेवाली मुख्य समिति का नाम, उसकी बनावट और उससे संबंधित अधिदेश:
Name, composition and mandate of the main body overseeing remuneration:

नामांकन और पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) में सात सदस्य अर्थात् इसके अध्यक्ष के रूप में एक स्वतंत्र निदेशक तथा एक सरकारी नामिती निदेशक, एक एलआईसी के नामिती निदेशक और अन्य सदस्य के रूप में तीन स्वतंत्र निदेशकगण शामिल हैं. समिति, निदेशकों के उपयुक्त और माकूल स्थिति के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178, एलओडीआर विनियमावली के विनियम 19 और अनुसूची II के भाग डी, सेबी (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ और उद्यम इक्विटी) विनियमन, 2021 तथा आरबीआई के दिशानिर्देशों में प्रदत अधिदेशों/ विचारार्थ विषयों को पूरा करती है जो निम्नानुसार हैं :

Nomination and Remuneration Committee (NRC) comprises of seven members with an Independent Director as its Chairman, and one Government Nominee Director, one LIC Nominee Director and three other Independent Directors as other members and one Additional Director in Independent category. The Committee fulfils the mandate / terms of reference provided under Section 178 of the Companies Act, 2013, Regulation 19 and Part D of Schedule II of the LODR Regulations, SEBI (Share Based Employee Benefits and Sweat Equity) Regulations, 2021 and RBI guidelines in respect of fit and proper status of Directors as under :

- निदेशक की योग्यता, सकारात्मक गुणों और स्वतन्त्रता के निर्धारण के लिए मानदंड तैयार करना और निदेशकों, प्रमुख कार्मिकों और कर्मचारियों के पारिश्रमिक से संबंधित एक नीति के लिए बोर्ड से सिफारिश करना

  Formulation of the criteria for determining qualifications, positive attributes and independence of a director and recommend to the Board of Directors a policy relating to remuneration of the directors, key managerial personnel and other employees;

- बोर्ड, इसकी समितियों और वैयक्तिक निदेशकों के कार्यनिष्पादन के प्रभावी मूल्यांकन के लिए प्रभावी पद्धति विनिर्दिष्ट करना, बोर्ड द्वारा अथवा एनआरसी द्वारा अथवा स्वतंत्र बाह्य एजेंसी द्वारा कार्यान्वित किया जाना और इसके कार्यान्वयन और अनुपालन की समीक्षा करना;

  To specify the manner for effective evaluation of performance of the Board, its Committees and individual directors, to be carried out either by the Board, by the NRC or by an independent external agency and review its implementation and compliance;

- स्वतंत्र निदेशकों और निदेशक मण्डल के कार्यनिष्पादन के मूल्यांकन के लिए मानदंड तैयार करना

  Formulation of criteria for evaluation of performance of Independent Directors and the Board of Directors;

- निदेशक मण्डल में विविधता के लिए नीति तैयार करना;

  Devising a policy on diversity of Board of Directors;

- निदेशक नियुक्ति और मूल्यांकन नीति के अनुसार स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र व्यक्तियों की पहचान करना तथा बोर्ड से उनकी नियुक्ति और उन्हें हटाने की सिफारिश करना;

- To identify persons who are qualified to become directors and who may be appointed in senior management with the criteria laid down, and recommend to the Board of Directors their appointment and removal;

- निदेशकों की नियुक्ति और मूल्यांकन नीति में निर्धारित मानदंडों के अनुसार निदेशकों की नियुक्ति और उन्हें हटाने के लिए बोर्ड को सिफारिश करना;

  To recommend to the Board the appointment and removal of Directors in accordance with the criteria laid down in the Directors' Appointment and Evaluation Policy;

- स्वतंत्र निदेशक की प्रत्येक नियुक्ति के लिए, नामांकन और पारिश्रमिक समिति बोर्ड पर कौशल, ज्ञान और अनुभव के संतुलन का मूल्यांकन करेगी और इस तरह के मूल्यांकन के आधार पर, स्वतंत्र निदेशक की आवश्यक भूमिका और क्षमताओं का विवरण तैयार करेगी. स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए बोर्ड को अनुशंसित व्यक्ति के पास इस तरह के विवरण में तय की गई क्षमताएं होनी चाहिए. उपयुक्त उम्मीदवारों की पहचान करने के उद्देश्य से, समिति निम्न कार्य कर सकती है:
- For every appointment of an independent director, the Nomination and Remuneration Committee shall evaluate the balance of skills, knowledge and experience on the Board and on the basis of such evaluation, prepare a description of the role and capabilities required of an independent director. The person recommended to the Board for appointment as an independent director shall have the capabilities identified in such description. For the purpose of identifying suitable candidates, the Committee may:

क. यदि आवश्यक हो तो बाहरी एजेंसियों की सेवाओं का उपयोग;

a. Use the services of external agencies, if required;

ख. विविधता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न पृष्ठभूमियों के उम्मीदवारों पर विचार करना; और

b. Consider candidates from a wide range of backgrounds, having due regard to diversity; and

ग. उम्मीदवारों की समय प्रतिबद्धताओं पर विचार.

c. Consider the time commitments of the candidates.

- योग्यता, विशेषज्ञता, पिछले कार्यनिष्पादन, सत्यनिष्ठा, 'उपयुक्त और माकूल' मानदंड, सकारात्मक गुणों और स्वतन्त्रता (यदि लागू हो) के आधार पर तथा स्वतंत्र निदेशकों सहित निदेशक मण्डल संबंधी कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर बोर्ड में निदेशक के रूप में किसी व्यक्ति की नियुक्ति/नियुक्ति को जारी रखने के लिए उपयुक्तता निर्धारित करने हेतु समुचित सावधानी की प्रक्रिया अपनाना तथा उसके संबंध में मानदंड तैयार करना;

  To undertake a process of due diligence to determine the suitability of any person for appointment / continuing to hold appointment as a director on the Board, based upon qualification, expertise, track record, integrity, 'fit and proper' criteria, positive attributes and independence (if applicable) and on the basis of the report of performance evaluation of directors including independent directors and formulate the criteria relating thereto;
- निदेशकों, मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक, आदि के लिए पारिश्रमिक नीति तैयार करना;

  Formulation of Remuneration Policy for Directors, KMPs, etc.
- बोर्ड से वरिष्ठ प्रबंधन को देय सभी पारिश्रमिक, चाहे जिस रूप में हो, की सिफारिश करना;

  Recommend to the Board, all remunerations, in whatever form, payable to the senior management;
- क्षतिपूर्ति और विवेकपूर्ण जोखिम के बीच प्रभावी सुसंगतीकरण के लिए जोखिम प्रबंधन समिति के साथ समन्वय के साथ कार्य करना;

  To work in close coordination with Risk Management Committee to achieve effective alignment between compensation and prudent risk-taking.
- क्षतिपूर्ति प्रणाली की रूपरेखा और परिचालनों का निरीक्षण करना ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रणाली अपेक्षानुसार कार्य करती है और यह वित्तीय स्थिरता बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट किए गए सिद्धांतों के अनुरूप है.

  To oversee the compensation system's design and operations to ensure that the system operates as intended and is also consistent with the principles outlined by the Financial Stability Board.
- क्षतिपूर्ति नीति के निर्धारण, समीक्षा और कार्यान्वयन की निगरानी करना और सीईओ/ डब्ल्यूटीडी/ एमआरटी के साथ-साथ जोखिम नियंत्रण और अनुपालन स्टाफ (बोर्ड द्वारा अनुसमर्थन के लिए) के लिए वार्षिक पारिश्रमिक निर्णय लेना;

  To oversee framing, review and implementation of compensation policy and make annual remuneration decisions for CEO/WTDs/MRTs plus risk control and compliance staff (for ratification by the Board).
- यह सुनिश्चित करना कि बैंक का लागत–आय अनुपात, ठोस पूंजी पर्याप्तता अनुपात बनाए रखते हुए मुआवजे में योगदान देता है;

  To ensure that the cost to income ratio of the Bank supports the compensation consistent with maintaining sound capital adequacy ratio.

वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Financial Statements

- बैंक की क्षतिपूर्ति प्रथाओं और नीतियों के कार्यान्वयन के संबंध में पर्यवेक्षी निरीक्षण करना. सामान्य रूप से बैंकिंग क्षेत्र और उद्योग से संबंधित विभिन्न विधियों द्वारा निर्धारित सभी प्रकटीकरण मानदंडों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करना.

  To have supervisory oversight regarding implementation of compensation practices and policies of the Bank. To ensure complete compliance with all disclosure norms as prescribed by the various statutes relevant to the banking sector and industry in general.
- मैलस एंड क्ला बैक के लिए हर साल विशिष्ट मानदंडों की समीक्षा करना.

  To review specific criteria for Malus and Claw back every year.
- हर साल नकद आधारित प्रोत्साहनों और शेयर-संबद्ध प्रोत्साहनों के लिए कार्य–निष्पादन मानदंड और अंतिम भुगतान तय करना.

  To fix performance parameters & final payout for Cash based incentives and share-linked incentives every year.
- तात्विक जोखिम लेने वालों (एमआरटी) की पहचान करना जिनके कार्यों का बैंक के जोखिम एक्सपोजर पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है और जो गुणात्मक और मात्रात्मक मानदंडों को पूरा करते हैं.

  To identify Material Risk Takers (MRTs) whose actions have a material impact on the risk exposure of the Bank, and who satisfy the qualitative and quantitative criteria.
- सेबी (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ और उद्यम इक्विटी) विनियमावली, 2021 के विनियम 5 के तहत निर्धारित क्षतिपूर्ति समिति के रूप में कार्य करना. सेबी (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ और उद्यम इक्विटी) विनियमावली, 2021 के तहत अनिवार्य कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना का प्रशासन और पर्यवेक्षण करना तथा अन्य बातों के साथ-साथ उन कर्मचारियों के ग्रेडों को अनुमोदित करना जिन्हें विकल्प दिए जा सकते थे और साथ ही विकल्प देने के लिए अपनाए जाने के लिए आवश्यक प्रदर्शन स्तर और/ या कोई अन्य मानदंड निर्धारित करना.

  To act as the Compensation Committee as prescribed under Regulation 5 of the SEBI (Share Based Employee Benefits and Sweat Equity) Regulations, 2021. To administer and supervise the Employee Stock Option Scheme as mandated under the SEBI (Share Based Employee Benefits and Sweat Equity) Regulations 2021 and to inter alia approve the grades of employees to whom options could be granted as well as determine the performance level and/or any other criteria required to be adopted for grant of options.
- बैंक की कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना (योजनाओं) को नियंत्रित करने वाले सभी नियमों और शर्तों को अनुमोदन की प्राप्ति के अधीन किसी भी बदलाव सहित निर्धारित करना और अंतिम रूप देना, यदि नियामक और/ या अन्य लागू कानूनों के तहत ऐसा आवश्यक हो.

  To determine and finalize all the terms and conditions governing the Employee Stock Option Scheme(s) of the Bank including any variation thereof subject to receipt of requisite approval, if required under regulatory and/or other applicable laws.
- किसी भी स्टॉक विकल्प योजना या प्रोत्साहन योजनाओं में संशोधन का सुझाव देना, बशर्ते कि ऐसी योजनाओं में सभी संशोधन बोर्ड के विचार और अनुमोदन के अधीन हों.

  To suggest amendments to any stock option plans or incentive plans, provided that all amendments to such plans shall be subject to consideration and approval of the Board.
- हर साल क्षतिपूर्ति नीति की समीक्षा करना और जब कभी नियामक दिशानिर्देशों/ अन्य कानूनों के तहत कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना की समीक्षा करना आवश्यक हो, उसकी समीक्षा करना.

  To review the Compensation Policy annually and to review the Employee Stock Option Scheme as and when required under regulatory guidelines/other laws.
- नियामक/ सांविधिक दिशा-निर्देशों के तहत समय-समय पर तय किए अनुसार कोई भी भूमिका निभाना.

  To carry out any other role as may be mandated to it under regulatory / statutory guidelines from time-to-time.

यथा 31 मार्च 2022 को एनआरसी के सात सदस्य थे जिसमें श्री ज्ञान प्रकाश जोशी (स्वतंत्र निदेशक) इसके अध्यक्ष तथा श्री अंशुमन शर्मा (सरकारी नामिती निदेशक), श्री मुकेश कुमार गुप्ता (एलआईसी नामिती निदेशक) और श्री भुवनचन्द्र बी. जोशी (स्वतंत्र निदेशक) और श्री दीपक सिंघल (स्वतंत्र निदेशक) अन्य सदस्यों के रूप में तथा श्री टी एन मनोहरन (स्वतंत्र श्रेणी में अतिरिक्त निदेशक) के रूप में शामिल थे.

As on March 31, 2022, the NRC comprised of seven members with Shri Gyan Prakash Joshi (Independent Director) as its Chairman, Shri Anshuman Sharma (Government Nominee Director), Shri Mukesh Kumar Gupta (LIC Nominee Director) and Shri Bhuwanchandra B Joshi (Independent Director), Shri N. Jambunathan (Independent Director) & Shri Deepak Singhal (Independent Director) as other members and Shri T. N. Manoharan, (Additional Director in Independent category).

बाह्य परामर्शदाता जिनसे परामर्श मांगे गए, संस्था जिनके द्वारा उन्हें नियुक्त किया गया था, और पारिश्रमिक प्रक्रिया के क्षेत्र

External consultants whose advice has been sought, the body by which they were commissioned, and in what areas of the remuneration process.

04 नवंबर 2019 को आरबीआई द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप एमडी एवं सीईओ/ डबल्यूटीडी की प्रतिकर संरचना को शामिल करने के लिए, आईडीबीआई बैंक ने बैंक के एमडी एवं सीईओ/ डबल्यूटीडी को उपलब्ध वर्तमान वेतन, भत्ते और लाभ का अध्ययन करने के लिए एक प्रमुख प्रतिकर परामर्श फर्म की सेवाएं ली हैं और उद्योग पद्धतियों को ध्यान में रखते हुए और आरबीआई दिशानिर्देशों का पालन करते हुए उचित प्रतिकर संरचना की सिफारिश की है. बैंक की संशोधित प्रतिकर नीति का मसौदा तैयार करने में परामर्शदाता की सिफारिशों पर विचार किया गया है.

In order to align the compensation structure of Managing Director & Chief Executive Officer (MD & CEO) / Whole Time Directors (WTDs) with the guidelines issued by RBI on November 4, 2019, IDBI Bank had engaged the services of a leading compensation consultancy firm, to study the pay, allowances and benefits available to MD & CEO / WTDs of the Bank and to recommend suitable compensation structure, keeping in view industry practices and compliance with the RBI guidelines. The recommendations of the consultant have been considered while formulating the Compensation Policy of the Bank.

विदेश स्थित सहायक संस्थाओं और शाखाओं पर लागू सीमा सहित बैंक की पारिश्रमिक नीति के कार्यक्षेत्र के संबंध में विवरण:

A description of the scope of the Bank's remuneration policy, including the extent to which it is applicable to foreign subsidiaries and branches:

समिति, बोर्ड की तरफ से बैंक की देशी शाखाओं के लिए क्षतिपूर्ति नीति की निगरानी करती है. तथापि, यह बैंक की सहायक संस्थाओं और विदेश में स्थित शाखाओं के लिए क्षतिपूर्ति नीति की निगरानी नहीं करती है.

The Committee monitors the Compensation Policy for domestic branches of the Bank on behalf of the Board. However, it does not oversee the compensation policy for subsidiaries of the Bank and foreign branches.

इसमें शामिल कर्मचारियों के प्रकार का विवरण और ऐसे कर्मचारियों की संख्या:

A description of the type of employees covered and number of such employees:

श्रेणी 1 / Category 1

एमडी एवं सीईओ तथा अन्य डब्ल्यूटीडी:

MD & CEO and Other WTDs:

इस श्रेणी में एमडी एवं सीईओ और दो उप प्रबंध निदेशक (डीएमडी) शामिल हैं. डब्ल्यूटीडी के लिए वर्तमान पारिश्रमिक संरचना में स्थाई वेतन व परिवर्तनीय वेतन शामिल है और इसे बोर्ड और आरबीआई द्वारा अनुमोदित किया गया है. परिवर्तनीय वेतन स्थाई वेतन के प्रतिशत के रूप में देय है तथा यह बैंक के कार्य–निष्पादन से सहबद्ध है.

This category includes MD & CEO and two Deputy Managing Directors (DMDs). The current remuneration structure for WTDs comprises of fixed and variable pay which is approved by the Board and RBI. Variable pay is payable as a percentage of fixed pay and is linked to the Bank's performance.

श्रेणी 2 / Category 2

तात्विक जोखिम लेने वाले (एमआरटी) एवं नियंत्रक स्टाफ के लिए पारिश्रमिक :

Material Risk Takers (MRTs) & Control Function Staff:

तात्विक जोखिम लेने वाले (एमआरटी) अधिकारियों के पद आईडीबीआई बैंक के कैडर अधिकारियों द्वारा धारित किए जाते हैं तथा उनकी वेतनमान और पारिश्रमिक संरचना आईडीबीआई बैंक द्वारा समानान्तर ग्रेड में अन्य अधिकारियों को ऑफर की जा रही वेतनमान और पारिश्रमिक संरचना के समतुल्य होती है. एमआरटी के लिए परिवर्तनीय वेतन स्थाई वेतन के प्रतिशत के रूप में देय है तथा यह बैंक के कार्य–निष्पादन से सहबद्ध है. नियंत्रक स्टाफ के लिए परिवर्तनीय वेतन मुख्यत: व्यक्तिगत कार्य–निष्पादन से सहबद्ध है; बैंक के समग्र कार्य–निष्पादन को प्राथमिक पात्रता तय करते समय ध्यान में रखा जाता है.

The positions of Material Risk Takers (MRTs) are held by cadre officers of IDBI Bank and their fixed pay structure comprising of pay scales and remuneration structure is equivalent to the pay scales and remuneration structure being offered by IDBI Bank to the other parallel grade officers. Variable pay is payable as a percentage of fixed pay and is linked to individual and Bank's performance for the MRTs. Variable Pay of Control Function Staff is majorly linked to their individual performance; overall business performance of the Bank is reckoned only for ascertaining primary eligibility.

वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Financial Statements

श्रेणी 3/ Category 3

अन्य अधिकारी और कर्मचारी: / Other Officers and Employees:

मौजूदा नीति के अनुसार वेतनमान और पारिश्रमिक संरचना एक निर्धारित संरचना है, जो भारतीय बैंक संघ (आईबीए) वेतनमान और संरचना के अनुसार तैयार की गई है तथा यह 5 वर्ष की अवधि के लिए उद्योग स्तरीय समझौते के साथ समाप्त होती है. इस श्रेणी के स्टाफ के लिए परिवर्तनीय वेतन स्थाई वेतन के प्रतिशत/ हिस्से के रूप में देय है तथा यह व्यक्तिगत और बैंक के कार्य–निषादन से सहबद्ध है.

As per the current policy, the fixed pay structure is drawn on the lines of the Indian Banks' Association (IBA) pay scales and structure, and runs co-terminus with the industry level settlements for a period of 5 years. Variable Pay as a percentage/proportion of fixed pay is payable to this category of employees and is linked to the individual and Bank's performance.

अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या निम्नानुसार है: Count of Officers and employees is given below:

ग्रेड / Grade	संख्या / Count
अधिकारी (ग्रेड ए से ईडी) / Officers (Gr A to ED)	15,474
एक्जीक्यूटिव / Executives	1,018
लिपिकीय / Clerical	437
सहायक / Subordinates	498
कुल योग / Grand Total	17,427

(ख)/(b) <u>Information relating to the design and structure of remuneration processes and the key features and objectives of remuneration policy:</u>

पारिश्रमिक प्रक्रियाओं के ढांचे और संरचना के संबंध में जानकारी तथा पारिश्रमिक नीति की मुख्य विशेषताएँ और उसके उद्देश्य:

An overview of the key features and objectives of remuneration policy:

पारिश्रमिक नीति की मुख्य विशेषताओं और उद्देश्यों के बारे में संक्षिप्त विवरण :

बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के 4 नवंबर 2019 के परिपत्र सं. डीओआर.नि.बीबीसी.सं.23/29.67.001/2019-20 के माध्यम से जारी दिशानिर्देशों के आधार पर अपनी क्षतिपूर्ति नीति तैयार की है.

The Bank has formulated its Compensation Policy based on the Reserve Bank of India guidelines issued vide Circular No.DOR.Appt.BC.No.23/29.67.001/2019-20 dated November 4, 2019.

बैंक के एमडी और सीईओ और अन्य पूर्णकालिक निदेशकों (डब्ल्यूटीडी) के लिए क्षतिपूर्ति संरचना एनआरसी / बोर्ड द्वारा तय की जाती है, जो बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35 बी के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमोदन के अधीन है. क्षतिपूर्ति के भुगतान के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 और बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 35बी (1) के साथ पठित बैंक के संस्था–अंतर्नियम के खंड 95 के अनुसार बैंक के शेयरधारकों की साधारण सभा में अनुमोदन की भी आवश्यकता होती है.

The compensation structure for MD & CEO and other Whole Time Directors (WTDs) of the Bank is fixed by NRC / Board and is subject to approval of Reserve Bank of India in terms of Section 35 B of the Banking Regulation Act, 1949. The payment of compensation also requires approval of the shareholders of the Bank in the General Meeting pursuant to clause 95 of Articles of Association of the Bank read with Section 197 of the Companies Act, 2013 and Section 35B (1) of Banking Regulation Act 1949.

अधीनस्थ कर्मचारियों, लिपिकीय कर्मचारियों और कार्यकारी निदेशक के ग्रेड तक के अधिकारियों का निश्चित पारिश्रमिक भारतीय बैंक संघ (आईबीए) पैटर्न के तहत उद्योग स्तर के वेतन समझौते द्वारा नियंत्रित होता है.

The fixed remuneration of subordinate staff, clerical staff and officer's upto the grade of Executive Director is governed by the industry level wage settlement under Indian Banks' Association (IBA) pattern.

पारिश्रमिक नीति का उद्देश्य / Objectives of the Remuneration Policy

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) और वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए, बैंक हर समय, क्षतिपूर्ति की आंतरिक रूप से न्यायसंगत और बाहरी रूप से प्रतिस्पर्धी नीति का पालन करेगा. क्षतिपूर्ति के स्तर को इस प्रकार डिज़ाइन किया जाएगा कि बैंक की व्यावसायिक योजनाओं को पूरा करने के लिए सबसे उपयुक्त प्रतिभा को आकर्षित किया जा सके व उन्हें रोके रखने में मदद मिल सके.

The Bank shall follow a compensation policy that is internally equitable and externally competitive, while complying, at all times, with the guidelines set forth by the Reserve Bank of India (RBI) and the Financial Stability Board (FSB). The compensation levels shall be designed to enable attraction & retention of the most suitable talent for delivering on the Bank's business plans.

क्या पारिश्रमिक समिति ने पिछले वर्ष के दौरान बैंक की पारिश्रमिक नीति की समीक्षा की और यदि हां, तो किए गए परिवर्तनों का सिंहावलोकन

Whether the remuneration committee reviewed the Bank's remuneration policy during the past year and if so, an overview of any changes that were made.

वर्ष के दौरान क्षतिपूर्ति नीति की समीक्षा की गई और नीति में स्पष्टता लाने के लिए आरबीआई के दिशानिर्देशों के साथ संरेखित करने के लिए निम्नलिखित परिवर्तन / संशोधन / परिवर्धन किए गए:

The Compensation Policy was reviewed during the year and following changes/modifications/additions were carried out to align with the RBI guidelines as also to bring in clarity in the policy.

परिवर्तनीय वेतन के नकद घटक के एक हिस्से के अग्रिम भुगतान का प्रावधान शामिल किया गया और परिवर्तनीय वेतन के नकद घटक के शेष हिस्से का आस्थगन पूर्ववर्ती 2 वर्ष से बढ़ाकर 3 वर्ष के लिए कर दिया गया.

• Provision for upfront payment of a part of the cash component of Variable Pay was incorporated and deferral of the balance portion of cash component of Variable Pay was spread over 3 years as against earlier provision of deferral for 2 years.

सेवानिवृत्ति के बाद शेयर आधारित प्रोत्साहन के भुगतान के प्रावधान को संशोधित किया गया ताकि बैंक के भविष्य के प्रदर्शन से इसके निहित को अलग किया जा सके. तदनुसार, सेवानिवृत्ति के मामले में, शेयर आधारित प्रोत्साहन केवल लक्ष्य तिथि पर निहित होगा और बैंक के भविष्य के प्रदर्शन के लिए किसी भी संबंध के बिना आनुपातिक आधार पर देय होगा.

• Provision for payment of share based incentive after retirement was modified to de-link its vesting from future performance of the Bank. Accordingly, in case of retirement, the share based incentive shall vest at target date only and shall be payable on pro-rata basis without any linkage to future performance of the Bank.

नए खंड का समावेश: सेवानिवृत्ति के मामले में, संबंधित वर्ष के लिए बैंक द्वारा परिभाषित अन्य पात्रता मानदंडों को पूरा करने और कार्य–निष्पादन मापदंडों की उपलब्धि के अधीन, सेवानिवृत्ति की तारीख तक आनुपातिक अवधि के लिए नकद आधारित परिवर्तनीय वेतन प्रदान किया जाएगा. हालांकि कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना में परिभाषित किए अनुसार सेवानिवृत्ति के बाद शेयर आधारित परिवर्तनीय वेतन नहीं दिया जा सकता है.

• New clause incorporated – In case of retirement, cash based Variable Pay shall be granted for the pro-rata period upto the date of retirement, subject to achievement of the performance parameters and meeting of other eligibility criteria as defined by the Bank for respective year. The share based Variable Pay may however not be granted after retirement as defined in Employee Stock Option Scheme.

• परिवर्तनीय वेतन के लिए पात्र होने के लिए आवश्यक न्यूनतम सेवा के प्रावधान में उन स्थितियों को शामिल करने के लिए संशोधित किया गया था जिनमें मृत्यु, विकलांगता और सेवानिवृत्ति के मामले में, कोई न्यूनतम सेवा की आवश्यकता नहीं होगी और वित्तीय वर्ष के दौरान काम की गई अवधि के लिए आनुपातिक भुगतान किया जाएगा.

• Provision regarding minimum service required for being eligible for Variable Pay was modified to include situations wherein in case of death, disability and retirement, no minimum service shall be required and pro-rata payment shall be made for the period worked during the financial year.

बैंक यह कैसे सुनिश्चित करता है कि जोखिम और अनुपालन कर्मचारियों को उनके द्वारा किए जाने वाले व्यवसायों से स्वतंत्र रूप से पारिश्रमिक दिया जाए, इस पर चर्चा

A discussion of how the Bank ensures that risk and compliances employees are remunerated independently of the businesses they oversee.

ईडी-सीआरओ, ईडी-सीसीओ, ईडी-सीएफओ और ईडी-ऑडिट, एफआरएमजी और आंतरिक लेखा परीक्षक के पद आईडीबीआई बैंक के कैडर अधिकारियों के पास हैं और उनके वेतनमान व पारिश्रमिक संरचना यानी निश्चित वेतन अन्य समानांतर ग्रेड अधिकारियों को पेश किए जा रहे वेतनमान और पारिश्रमिक संरचना के बराबर है तथा इसे बैंक द्वारा बोर्ड के अनुमोदन से अंतिम रूप दिया गया है. हालांकि परिवर्तनीय वेतन मुख्य रूप से उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन से जुड़ा हुआ है; बैंक के समग्र व्यावसायिक प्रदर्शन को केवल प्राथमिक पात्रता सुनिश्चित करने के लिए गिना जाता है.

The positions of ED-CRO, ED-CCO, ED-CFO and ED-Audit, FRMG & Internal Auditor are held by cadre officers of IDBI Bank and their pay scales and remuneration structure i.e. fixed pay is equivalent to the pay scales and remuneration structure being offered to other parallel grade officers and is finalized by the Bank with the approval of the Board. The Variable Pay is however majorly linked to their individual performance; overall business performance of the Bank is reckoned only for ascertaining primary eligibility.

वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Financial Statements

ग/(c) **<u>पारिश्रमिक प्रक्रियाओं में वर्तमान और भविष्य के जोखिमों को कम करने के तरीकों का विवरण. इसमें इन जोखिमों का ध्यान रखने के लिए उपयोग किए जाने वाले प्रमुख उपायों का स्वरूप और प्रकार शामिल होने चाहिए.</u>**

<u>Description of the ways in which current and future risks are taken into account in the remuneration processes. It includes the nature and type of the key measures used to take account of these risks.</u>

बैंक की क्षतिपूर्ति नीति बैंक के सभी कर्मचारियों के लिए पारिश्रमिक दिशानिर्देश प्रदान करती है.

The Compensation Policy of the Bank provides for remuneration guidelines for all employees of the Bank

कर्मचारियों के लिए निश्चित वेतन संरचना वर्तमान में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में प्रचलित संरचना के अनुरूप संरचित वेतनमान और भत्तों पर आधारित है. जोखिम और अनुपालन कर्मचारियों के लिए कोई स्वतंत्र पारिश्रमिक नहीं है. बैंक के बोर्ड ने अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और आईडीबीआई बैंक और कर्मचारी संघों/ संघों सहित निजी क्षेत्र के बैंकों की ओर से भारतीय बैंक संघ के बीच 11 नवंबर 2020 को हुए समझौते के आधार पर 2017-22 की निपटान अवधि के लिए सभी अधिकारियों के लिए वेतन संशोधन को मंजूरी दी थी. परिवर्तशील वेतन निश्चित वेतन के प्रतिशत/ अनुपात के रूप में देय है और कार्य–निष्पादन से जुड़ा हुआ है.

The fixed pay structure for employees is presently based on structured pay scales and allowances in alignment with the structure prevailing in Public Sector Banks. There is no independent remuneration for risk and compliance employees. The Board of the Bank had approved the wage revision for all officers for the settlement period of 2017-22 based on the settlement arrived between Indian Banks' Association on behalf of other Public Sector Banks & Private Sector Banks including IDBI Bank and employee unions/associations on November 11, 2020. Variable pay is payable as a percentage/proportion to fixed pay and is linked to performance.

बैंक के पूर्णकालिक निदेशकों की क्षतिपूर्ति संरचना इस प्रकार है:

The compensation structure of Whole-Time Directors of the Bank is under:

निश्चित वेतन और अनुलाभ

<u>Fixed Pay and Perquisites</u>

नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिशों के आधार पर, और भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमोदन (एमडी और सीईओ और उप प्रबंध निदेशकों के लिए) के अधीन, बोर्ड उचित देय क्षतिपूर्ति के निश्चित हिस्से को तय करेगा तथा इसमें वैधानिक आवश्यकताओं के अनुपालन और उद्योग में प्रचलित प्रथा को ध्यान में रखा जाएगा.

Based on the recommendations of the Nomination and Remuneration Committee, and subject to the approval of Reserve Bank of India (for MD & CEO and Deputy Managing Directors), Board shall fix the fixed portion of compensation payable which is reasonable, taking into account all relevant factors including adherence to statutory requirements and industry practice.

परिवर्तनीय वेतन / Variable Pay

यह भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए नकदी और शेयर से जुड़े घटकों के बीच उचित संतुलन के साथ नकदी और शेयर-लिंक्ड लिखतों का मिश्रण होगा. केवल उन मामलों में जहां क़ानून / विनियमों द्वारा शेयर-लिंक्ड लिखतों के माध्यम से क्षतिपूर्ति की अनुमति नहीं है, वहाँ संपूर्ण परिवर्तनीय वेतन नकद के रूप में हो सकता है.

It shall be a mix of cash and share-linked instruments with proper balance between cash and share linked components in keeping with the RBI guidelines. Only in cases where the compensation by way of share-linked instruments is not permitted by statute/regulations, the entire variable pay can be in the form of cash.

नामांकन और पारिश्रमिक समिति, जोखिम प्रबंधन समिति के साथ निकट समन्वय में, प्रतिकर और विवेकपूर्ण जोखिम लेने के बीच प्रभावी संरेखण की उपलब्धि की निगरानी करेगी. जोखिम परिणामों के साथ प्रतिकर की संरचना को प्रभावी ढंग से संरेखित करने के उद्देश्य से बैंक के पदाधिकारियों को निम्नलिखित श्रेणियों के तहत क्रमबद्ध किया जाएगा:

The Nomination & Remuneration Committee, in close co-ordination with Risk Management Committee, shall oversee the achievement of effective alignment between compensation and prudent risk-taking. For the purpose of effectively aligning the compensation structure with risk outcomes, the functionaries of the Bank are arranged under the following categories:

वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Financial Statements

(i) प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
Managing Director & CEO

(ii) अन्य पूर्णकालिक निदेशक
Other Whole Time Directors

(iii) तात्विक जोखिम लेने वाले (एमआरटी)
Material Risk Takers (MRTs)

(iv) जोखिम नियंत्रण और अनुपालन कार्यों के कर्मचारी
Employees in Risk Control & Compliance Functions

(v) बैंक के अन्य अधिकारी
Other Employees of the Bank

परिवर्तनीय वेतन की सीमा / **Limit on Variable Pay**

किसी अधिकारी को दिया जाने वाला बैंक/ व्यक्तिगत प्रदर्शन से जुड़ा परिवर्तनीय वेतन कुल निश्चित वेतन के 130% से अधिक नहीं होगा. परिवर्तनीय वेतन व्यक्तिगत कार्य–निष्पादन/ बैंक के वित्तीय कार्य–निष्पादन पर निर्भर करते हुए शून्य भी हो सकता है.

The variable pay linked with Bank/individual performance offered to an official would not exceed 130% of the total fixed pay. The amount of variable pay can even be reduced to zero depending on the individual performance/financial performance of the Bank.

विच्छेद वेतन/ गारंटीकृत वेतन

Severance Pay / Guaranteed Pay

सेवानिवृति लाभों (ग्रेच्युटी, पेंशन और पीएफ) के अलावा विच्छेद वेतन और उन मामलों को छोड़कर, जहां किसी भी संविधि के तहत यह अनिवार्य है, बैंक के किसी भी अधिकारी को देय नहीं होगा. केवल प्रथम वर्ष में कार्यग्रहण/साइन-ऑन बोनस के रूप में नए कर्मचारियों के अलावा बैंक द्वारा गारंटीड बोनस नहीं दिया जाएगा. ऐसा कोई गारंटीकृत बोनस, यदि आवश्यक हो, केवल शेयर-लिंक्ड लिखतों के रूप में होगा (अर्थात नकद में नहीं) और आरबीआई द्वारा निर्धारित वेतन और परिवर्तनीय वेतन गणना से बाहर होगा.

Severance pay other than superannuation benefits (Gratuity, Pension & PF) and leave encashment except in cases where it is mandatory under any statue will not be payable to any official of the Bank. Guaranteed bonus will not be awarded by the Bank other than for new hires as joining/sign-on bonus only in the first year. Any such guaranteed bonus, if required shall be in the form of share-linked instruments only (i.e. not in cash) and shall be excluded from RBI's fixed pay and variable pay calculations.

हेजिंग / **Hedging**

कर्मचारियों को उनके प्रतिकर ढांचे के बीमा या हेजिंग करने से प्रतिबंधित किया जाएगा जो उनके परिवर्तनीय वेतन में निहित नकारात्मक जोखिम का प्रतितुलन कर सकता है (उदाहरण के लिए लिस्टिंग के बाद बैंक के स्टॉक पर कोई शॉर्ट सेलिंग या पुट डेरिवेटिव की अनुमति नहीं है). यदि इस नीति का उल्लंघन किया जाता है, तो बोर्ड संबंधित कर्मचारी को किसी भी बकाया बीमा/ हेजिंग लेनदेन को रद्द करने लगाने के निर्देश दे सकता है और अपने विवेक के अनुसार उचित मौद्रिक या गैर–मौद्रिक जुर्माना लगा सकता हैं.

Employees shall be prohibited from insuring or hedging their compensation structure that may offset the downside risk embedded in their variable pay (e.g. no short selling or put derivatives allowed on the Bank's stock after listing etc.) If this policy is breached, the Board may direct the concerned employee to cancel any outstanding insurance/hedging transaction and also impose an appropriate monetary or non-monetary penalty as per its discretion.

वित्तीय पेनल्टी (मैलस)/ क्लाबैक / **Malus/ Clawback**

परिवर्तनीय वेतन (नकद आधारित और गैर–नकद आधारित) पर वित्तीय पेनल्टी और क्लाबैक प्रावधान कुछ स्थितियों अर्थात् एनपीए के लिए बैंक के प्रावधान में विचलन, कमजोर या नकारात्मक वित्तीय कार्यनिष्पादन, कदाचार या एनआरसी द्वारा उचित समझे जाने वाले किसी अन्य मापदंड में अनिहित अवार्ड को कम करने या रद्द करने और पहले भुगतान किए गए प्रतिकर की वसूली करने में एनआरसी को मदद करेगा. मैलस को सभी स्थितियों में लागू किया जा सकता है और कदाचार या एनआरसी द्वारा प्रासंगिक समझे जाने वाले किसी अन्य मानदंड के मामले में क्लॉबैक लागू किया जा सकता है. मैलस आह्वान यथा प्रयोज्य ट्रिगर की खोज की तारीख को आंशिक या पूर्ण आस्थगित वार्षिक नकद प्रोत्साहन और/ या गैर-निहित एलटीआई पुरस्कारों को रद्द करने पर लागू होगा. क्लाबैक व्यवस्था ट्रिगर के प्रारंभ होने की तारीख से पांच वर्षों में दिए गए वार्षिक नकद प्रोत्साहन और एलटीआई पुरस्कारों की वसूली पर लागू होगी.

वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Financial Statements

Malus & Clawback provisions on variable pay (cash based & non-cash based) would enable the NRC to reduce or cancel unvested awards and recover previously paid compensation in certain situations viz. divergence in Bank's provisioning for NPAs, subdued or negative financial performance, misconduct or any other parameter deemed relevant by the NRC. Malus can be invoked in all the situations and clawback can be invoked in case of misconduct or any other parameter deemed relevant by the NRC. The Malus invocation would imply cancellation of partial or full deferred annual cash incentive and/or unvested LTI awards as on the date of discovery of applicable trigger. The clawback arrangement would imply recovery of annual cash incentives paid and LTI awards vested over the last five years from the date of discovery of the applicable trigger.

(घ)/ (d) उन तरीकों का विवरण जिसमें बैंक कार्यनिष्पादन माप अवधि के दौरान कार्यनिष्पादन को पारिश्रमिक के स्तरों के साथ जोड़ना चाहता है:

Description of the ways in which the Bank seeks to link performance during a performance measurement period with levels of remuneration:

क) वार्षिक समीक्षा और परिवर्तनीय वेतन में संशोधन के लिए निम्न कारकों पर विचार किया जाता है:

a) The factors taken into account for the annual review and revision in the variable pay are:

- बैंक का कार्य–निष्पादन / The performance of the Bank
- कर्मचारी का व्यक्तिगत कार्य–निष्पादन/ भूमिका / Individual performance/role of the employee
- अन्य जोखिम धारणाएं और आर्थिक विचार / Other risk perceptions and economic considerations.

ख) एमआरटी की पहचान के लिए मानदंड निम्नलिखित के अधीन हैं:

b) The criteria for identification of MRTs are subject to the following:

स्टाफ सदस्य जो नीचे दिए गए विवरण के अनुसार गुणात्मक मानदंड और मात्रात्मक मानदंडों में से किसी एक को पूरा करते हैं:

The staff members who satisfy the qualitative criteria and any one of the quantitative criteria as detailed below:

(I) मानक गुणात्मक मानदंड: / Standard Qualitative Criteria:

- संयुक्त रूप से या व्यक्तिगत रूप से, जोखिम एक्सपोजर आदि के लिए महत्वपूर्ण रूप से प्रतिबद्ध होने वाले स्टाफ सदस्यों (जैसे महाप्रबंधक, प्रबंधन निकाय के सदस्य) की भूमिका और निर्णय लेने की शक्ति से संबंधित हैं.
- Relate to the role and decision-making power of staff members (e.g., General manager, member of management body) having jointly or individually, the authority to commit significantly to risk exposures, etc.

(II) मानक मात्रात्मक मानदंड: / Standard Quantitative Criteria:

- उनका कुल पारिश्रमिक एक निश्चित सीमा से अधिक है (एनआरसी द्वारा अनुमोदन के लिए बोर्ड को अनुशंसित); जिसका निर्धारण बैंक द्वारा विवेकपूर्ण ढंग से किया जा सकता है,
- Their total remuneration exceeds a certain threshold (to be recommended by NRC to the Board for approval); the determination of which may be done prudently by the bank,

अथवा / or

वे बैंक में उच्चतम पारिश्रमिक वाले 0.3% कर्मचारियों में शामिल हैं,

They are included among the 0.3% of staff with the highest remuneration in the bank,

अथवा / or

- उनका पारिश्रमिक वरिष्ठ प्रबंधन और अन्य जोखिम लेने वालों के न्यूनतम पारिश्रमिक के बराबर या उससे अधिक है.
- Their remuneration is equal to or greater than the lowest remuneration of senior management and other risk-takers.

बोर्ड, एनआरसी की सिफारिश पर, तात्विक जोखिम लेने वालों (एमआरटी) को निर्दिष्ट करेगा जिनके कार्यों का समय-समय पर बैंक के जोखिम एक्सपोजर पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है.

The Board, on recommendation of NRC, will specify Material Risk Takers (MRTs) whose actions have a material impact on the risk exposure of the bank from time to time

(ङ.)/(e) **परिवर्तनीय पारिश्रमिक के आस्थगन और निहित करने के संबंध में बैंक की नीति और निहित करने से पहले और निहित करने के बाद आस्थगित पारिश्रमिक का समायोजन करने के लिए बैंक की नीति और मानदंडों पर चर्चा:**

A discussion of the Bank's policy on deferral and vesting of variable remuneration and a discussion of the Bank's policy and criteria for adjusting deferred remuneration before vesting and after vesting:

• परिवर्तनीय वेतन / Variable Pay

परिवर्तनीय वेतन भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार नकदी और शेयर सहबद्ध घटकों के बीच उचित संतुलन के साथ नकद और शेयर-सहबद्ध लिखतों का मिश्रण होगा. केवल उन मामलों में जहां क़ानून/ विनियमों द्वारा शेयर-सहबद्ध लिखतों के माध्यम से क्षतिपूर्ति की अनुमति नहीं है, संपूर्ण परिवर्तनीय वेतन नकद के रूप में हो सकता है. शेयर-सहबद्ध लिखतों का उचित मूल्य निर्धारण बैंक द्वारा अनुदान की तिथि पर ब्लैक-स्कोल्स मॉडल का उपयोग करते हुए किया जाएगा.

The Variable Pay shall be a mix of cash and share-linked instruments with proper balance between cash and share linked components in keeping with the RBI guidelines. Only in cases where the compensation by way of share-linked instruments is not permitted by statute/ regulations, the entire variable pay can be in the form of cash. Share-linked instruments shall be fair valued on the date of grant by the bank using Black-Scholes model.

परिवर्तनीय वेतन का निर्धारण पूर्णकालिक निदेशकों और तात्विक जोखिम लेने वालों (एमआरटी) और अन्य कर्मचारियों के लिए व्यक्तिगत और साथ ही बैंक के व्यापक कार्य–निष्पादन मानकों की उपलब्धि पर आधारित होगा.

The assessment of the variable pay will be based on achievement of Bank wide performance parameters for Whole-Time Directors and for Material Risk Takers (MRTs) and other employees based on achievement of individual as well as Bank wide performance parameters.

क/a. परिवर्तनीय वेतन की सीमा: / Limit on Variable Pay:

अ/A. एमडी और सीईओ और अन्य पूर्णकालिक निदेशकों के लिए / For MD & CEO and Other Whole-Time Directors

i. आरबीआई दिशानिर्देशों और अन्य लागू नियमों और विनियमों के अनुपालन में कम से कम 50% परिवर्तनीय होना चाहिए तथा इसका भुगतान बैंक के व्यापक कार्य–निष्पादन के आधार पर किया जाना चाहिए. कुल परिवर्तनीय वेतन निश्चित वेतन के अधिकतम 300% तक सीमित होगा.

In compliance to the RBI Guidelines and other applicable rules and regulations at least 50%, should be variable and paid on the basis of Bank wide performance. The total variable pay shall be limited to a maximum of 300% of the fixed pay.

ii. यदि परिवर्ती वेतन निश्चित वेतन के 200% तक है, तो परिवर्तनीय वेतन का न्यूनतम 50% और यदि परिवर्तनीय वेतन 200% से अधिक है, तो परिवर्तनीय वेतन का न्यूनतम 67% गैर-नकद लिखतों के रूप में होना चाहिए.

In case variable pay is up to 200% of the fixed pay, a minimum of 50% of the variable pay; and in case variable pay is above 200%, a minimum of 67% of the variable pay should be in the form of non-cash instruments.

iii. किसी कार्यपालक को शेयर-सहबद्ध लिखत देने से क़ानून या विनियम द्वारा रोक लगने की स्थिति में उनका परिवर्तनीय वेतन न्यूनतम 50% से अधिकतम 150% की सीमा में होना चाहिए.

In the event that an executive is barred by statute or regulation from grant of share-linked instruments, his/ her variable pay should be in the range of minimum 50% to maximum 150%.

iv. बैंक के वित्तीय कार्य–निष्पादन के आधार पर परिवर्तनीय वेतन की राशि को शून्य तक भी घटाया जा सकता है.

The amount of variable pay can even be reduced to zero depending on the financial performance of the Bank.

आ/ B तात्विक जोखिम लेने वालों (एमआरटी) के लिए / For Material Risk Takers (MRTs)

i. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुपालन में सभी एमआरटी के लिए कुल वेतन का 50% परिवर्तनशील वेतन होना चाहिए और व्यक्तिगत और बैंक-व्यापी कार्य–निष्पादन मानकों के आधार पर इसका भुगतान किया जाना चाहिए.

In compliance to the RBI guidelines 50% of total pay for all MRTs should be variable pay and paid on the basis of individual and Bank-wide performance parameters.

ii.. परिवर्तनीय वेतन का 50% गैर-नकद लिखतों के रूप में होना चाहिए.

50% of the variable pay should be in the form of non-cash instruments.

iii.. बैंक के वित्तीय कार्य–निष्पादन के आधार पर परिवर्तनीय वेतन की राशि को शून्य तक भी घटाया जा सकता है.

The amount of variable pay can even be reduced to zero depending on the financial performance of the Bank.

वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Financial Statements

iv. बोर्ड समय-समय पर सामग्री जोखिम लेने वालों (एमआरटी) की पहचान करेगा.

The Board will from time-to-time identify the Material Risk Takers (MRTs).

ख/b. परिवर्तनीय वेतन का आस्थगन / Deferral of Variable Pay

(i) डब्ल्यूटीडी और एमआरटी के लिए, कुल परिवर्तनीय वेतन का न्यूनतम 60% अनिवार्य रूप से आस्थगित व्यवस्था के तहत होना चाहिए. इसके अलावा, यदि नकद घटक परिवर्तनीय वेतन का हिस्सा है, तो कम से कम 50% नकद घटक को भी आस्थगित कर दिया जाना चाहिए

For WTDs and MRTs, a minimum of 60% of the total variable pay must invariably be under deferral arrangements. Further, if cash component is part of variable pay, at least 50% of the cash component should also be deferred.

(ii) तथापि, उन मामलों में जहां परिवर्ती वेतन का नकदी घटक 25 लाख रुपये से कम है वहाँ आस्थगित अपेक्षा लागू नहीं है

However, in cases where the cash component of variable pay is under Rs.25 lakh, deferral requirement is not applicable.

ग/c. आस्थगन व्यवस्था की अवधि / Period of Deferral Arrangement

आस्थगन अवधि न्यूनतम 3 वर्ष होनी चाहिए. यह परिवर्ती वेतन के दोनों घटकों नकदी और गैर–नकदी दोनों पर लागू होगा.

The deferral period should be a minimum of 3 years. This would be applicable to both the cash and non-cash components of the variable pay.

घ/d. निहित करना: / Vesting:

ईशॉप को मंजूरी की तारीख से 3 वर्षों की अवधि के दौरान निहित किया जाएगा (मंजूरी की तारीख से पहले, दूसरे एवं तीसरे वर्ष की समाप्ति पर क्रमश: 25%, 25% एवं 50%) और इसकी प्रयोग अवधि निहित किए जाने की तारीख से 5 वर्ष तक होगी. ईशॉप कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना के निबंधनों एवं शर्तों से अभिशासित होंगे.

Vesting of the ESOPs shall be over a period of 3 years from the grant date (25%, 25% & 50% at the end of 1st, 2nd & 3rd year from date of grant respectively) and exercise period shall be upto 5 years from the date of vesting. ESOPs shall be governed by the terms & conditions of the Employee Stock Option Scheme.

• यदि आस्थगन अवधि तीन वर्ष है तो पहले वर्ष की समाप्ति पर कुल मंजूर किए गए ईशॉप के 33.33% से अधिक निहित नहीं किए जाने चाहिए. इसके अलावा दूसरे वर्ष की समाप्ति पर कुल मंजूर किए गए ईशॉप के 33.33% से अधिक निहित नहीं किए जाने चाहिए. इसी प्रकार से यदि आस्थगन व्यवस्था चार वर्षों की है तो पहले तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष में कुल मंजूर किए गए ईशॉप के 25% से अधिक निहित नहीं किए जाने चाहिए. इसके अलावा निहित किए जाने की प्रक्रिया वार्षिक आधार की आवधिकता से ज्यादा बार नहीं संपन्न की जानी चाहिए ताकि कार्योत्तर समायोजनों की प्रयोज्यता के पहले जोखिमों का उचित आकलन सुनिश्चित किया जा सके.

• If deferral period is three years, not more than 33.33 % of the total granted ESOPs should vest at the end of first year. Further, not more than 33.33 % of total granted ESOPs should vest at the end of second year. Similarly, in case deferral arrangement is four years, not more than 25% of total granted ESOPs should vest in each of the first three years. Additionally, vesting should not take place more frequently than on a yearly basis to ensure a proper assessment of risks before the application of ex post adjustments.

मैलस/ क्लाबैक / Malus/ Clawback

परिवर्तनीय वेतन (नकद आधारित और गैर–नकद आधारित) पर मैलस और क्लाबैक प्रावधान कुछ स्थितियों अर्थात् एनपीए के लिए बैंक के प्रावधान में विचलन, कमजोर या नकारात्मक वित्तीय कार्यनिष्पादन, कदाचार या एनआरसी द्वारा उचित समझे जाने वाले किसी अन्य मापदंड में अनिहित अवार्ड को कम करने या रद्द करने और पहले भुगतान किए गए प्रतिकर की वसूली करने में मदद करेगा. मैलस का अवलंब सभी परिस्थितियों में लिया जा सकता है और क्लाबैक का अवलंब कदाचार अथवा एनआरसी द्वारा उचित समझे जाने वाले किसी अन्य मानदंड के मामले में लिया जा सकता है. मैलस लागू किए जाने की प्रक्रिया में लागू ट्रिगर के ज्ञात होने की तारीख से आंशिक अथवा पूर्ण आस्थगित वार्षिक नकद प्रोत्साहन और/ अथवा अनिहित एलटीआई अवार्डों का निरसन अंतर्निहित होगा. क्लाबैक व्यवस्था में लागू ट्रिगर के प्रारंभ होने की तारीख से पिछले पांच वर्षों में दिए गए वार्षिक नकद प्रोत्साहन और एलटीआई पुरस्कारों की वसूली अंतर्निहित होगी.

Malus & Clawback provisions on variable pay (cash based & non-cash based) would enable the NRC to reduce or cancel unvested awards and recover previously paid compensation in certain situations viz. divergence in Bank's provisioning for NPAs, subdued or negative financial performance, misconduct or any other parameter deemed relevant by the NRC. Malus can be invoked in all the situations and clawback can be invoked in case of misconduct or any other parameter deemed relevant by the NRC. The Malus invocation would imply cancellation of partial or full deferred annual cash incentive and/or unvested LTI awards as on the date of discovery of applicable trigger. The clawback arrangement would imply recovery of annual cash incentives paid and LTI awards vested over the last five years from the date of discovery of the applicable trigger

(च)/ (f) **परिवर्ती पारिश्रमिक के विभिन्न प्रकारों (जैसे: नकद और शेयर सम्बद्ध लिखतों के प्रकार) जिन्हें बैंक प्रयोग करता है, के विवरण और इन विभिन्न प्रकारों के प्रयोग के लिए औचित्य:**

Description of the different forms of variable remuneration (i.e. cash and types of share-linked instruments) that the Bank utilizes and the rationale for using these different forms:

परिवर्ती वेतन नकदी एवं शेयर आधारित दीर्घावधि प्रोत्साहन (एलटीआई) का मिश्रण होगा. ईशॉप (सांविधिक/ विनियामकीय अनुमोदनों के अधीन जब भी लागू किए जाएंगे) ब्लैक स्कोल्स मॉडल का प्रयोग करते हुए मंजूरी की तारीख को उचित बाजार मूल्य पर परिवर्ती वेतन के भाग के रूप में शेयर आधारित एलटीआई के रूप में मंजूर किए जाएंगे. ईशॉप की निबंधन एवं शर्तें बैंक की कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना में परिभाषित किए अनुसार होंगी. वार्षिक नियत वेतन के प्रतिशत (विनियामक दिशा–निर्देशों के अधीन) के रूप में कर्मचारी–वार लक्ष्य परिवर्ती वेतन नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति द्वारा की गई सिफारिशों तथा बोर्ड द्वारा दिए गए अनुमोदन के अनुसार होगा.

The Variable Pay shall be a mix of Cash & Share based Long Term Incentive (LTI). ESOPs (whenever introduced subject to statutory/regulatory approvals) shall be granted as Share based LTI as part of Variable Pay at Fair Market Value on the date of grant by using Black-Scholes Model. The terms & conditions for ESOPs shall be as defined in the Employee Stock Option Scheme of the Bank. The employee category-wise Target Variable Pay as a percentage of Annual Fixed Pay (subject to regulatory guidelines) shall be as recommended by the Nomination and Remuneration Committee and approved by the Board.

मात्रात्मक प्रकटन :

Quantitative Disclosures:

(मात्रात्मक प्रकटन में केवल पूर्णकालिक निदेशक/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी/ अन्य जोखिम लेने वालों की जानकारी शामिल हैं)

(The quantitative disclosures includes only Whole Time Directors / Chief Executive Officer/ Material Risk Takers)

		वित्तीय वर्ष F.Y. 2021-22	वित्तीय वर्ष F.Y. 2020-21
(छ)/ (g)	वित्तीय वर्ष के दौरान पारिश्रमिक समिति (एनआरसी) द्वारा आयोजित बैठकों की संख्या और उन्हें प्रदत्त पारिश्रमिक. (₹ करोड़ में) Number of meetings held by the Nomination & Remuneration Committee (NRC) during the financial year and Remuneration paid to its members. (₹Crore)	9 0.14	4 0.03
(ज)/ (h)	(i) वित्तीय वर्ष के दौरान परिवर्ती पारिश्रमिक प्रोत्साहन प्राप्त करने वाले कर्मचारियों की संख्या (i) Number of employees having received a variable remuneration award during the financial year.	3	शून्य/ Nil
	(ii) वित्तीय वर्ष के दौरान प्रदान किए गए साइन ऑन / कार्यग्रहण बोनस पुरस्कारों की संख्या और कुल राशि (ii) Number and total amount of sign-on/ joining bonus made during the financial year.	शून्य/ Nil	शून्य/ Nil
	(iii) उपचित लाभों के अतिरिक्त सेवाविच्छेद भुगतान, यदि कोई हो, के विवरण. (iii) Details of severance pay, in addition to accrued benefits, if any.	शून्य/ Nil	शून्य/ Nil
आस्ति वर्गीकरण विवरण के अनुसार धारित विशिष्ट प्रावधानों के अतिरिक्त, अलग-अलग स्वदेश के एक्सपोजर के लिए भी प्रावधान किए गए हैं (स्वदेश के अलावा). देशों को सात जोखिम श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है, अर्थात्, महत्वहीन, निम्न, मध्यम, उच्च, बहुत उच्च, प्रतिबंधित और ऑफ-क्रेडिट तथा प्रावधान आरबीआई के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है. यदि प्रत्येक देश के संबंध में बैंक का कंट्री एक्सपोजर (नेट) कुल फंडेड आस्तियों के 1% से अधिक नहीं है, तो ऐसे कंट्री एक्सपोजर पर कोई प्रावधान नहीं रखा गया है. यह प्रावधान तुलन पत्र की अनुसूची 5 में ''अन्य देयताएं और प्रावधान - अन्य'' शीर्ष के तहत परिलक्षित होता है.

In addition to the specific provisions held according to the asset classification status, provisions are also made for individual country exposures (other than the home country). Countries are categorized into seven risk categories, namely, insignificant, low, moderate, high, very high, restricted and off-credit and provisioning is made as per extant RBI guidelines. If the country exposure (net) of the Bank in respect of each country does not exceed 1% of the total funded assets, no provision is maintained on such country exposures. The provision is reflected in Schedule 5 of the Balance Sheet under the head "Other Liabilities & Provisions – Others".

viii. **अरक्षित विदेशी मुद्रा एक्सपोजर:**
Unhedged Foreign Currency Exposure:

बैंक त्रैमासिक आधार पर आरबीआई के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अरक्षित विदेशी मुद्रा एक्सपोजर (यूएचएफसीई) वाली संस्थाओं के लिए वृद्धिशील पूंजी और प्रावधान रख रहा है. बैंक ने अपने उधारकर्ताओं के लिए विदेशी मुद्रा प्रेरित ऋण जोखिम के प्रबंधन के लिए प्रक्रिया निर्धारित की है जो बैंक की क्रेडिट नीति में शामिल है.

The Bank is keeping incremental capital and provisions for entities with un-hedged foreign currency exposure (UHFCE), in line with the RBI guidelines, on quarterly basis. Bank has a laid down a process for managing foreign currency induced credit risk for its borrowers which is covered in Bank's Credit Policy.

ix. **अस्थायी प्रावधान और प्रतिचक्रीय प्रावधान बफर:**
Floating Provisions and Countercyclical Provisioning Buffer:

बैंक के पास अच्छे समय में प्रतिचक्रीय प्रावधान बफर के सृजन और उपयोग के साथ-साथ अग्रिम, निवेश और सामान्य प्रयोजनों के लिए अलग से अस्थायी प्रावधान करने की नीति है. अस्थाई प्रावधानों की मात्रा और सृजित किए जाने वाले प्रतिचक्रीय प्रावधान बफर का आकलन वित्तीय वर्ष के अंत में किया जाता है. इन प्रावधानों का उपयोग केवल भारतीय रिज़र्व बैंक की पूर्व अनुमति से पॉलिसी में निर्दिष्ट असाधारण परिस्थितियों में आकस्मिकताओं के लिए किया जाता है.
The Bank has a policy for creation and utilization of Countercyclical Provisioning Buffer in good times as well as for floating provisions separately for advances, investments, and general purposes. The quantum of floating provisions and Countercyclical Provisioning Buffer to be created is assessed at the end of the financial year. These provisions are utilized only for contingencies under extraordinary circumstances specified in the policy with prior permission of Reserve Bank of India.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

6 निवेश: / Investments:

अ. आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के मामले में :
A. In case of IDBI Bank Limited :

I. वर्गीकरण: / Classification:

निवेश वर्गीकरण एवं मूल्यांकन के बारे में रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार संपूर्ण निवेश पोर्टफोलियो को निम्नानुसार वर्गीकृत किया जाता है:

In terms of extant guidelines of the RBI on Investment classification and Valuation, the entire investment portfolio is categorized as:

i. परिपक्वता तक धारित / Held To Maturity,
ii. बिक्री के लिए उपलब्ध तथा / Available For Sale and
iii. क्रय-विक्रय के लिए धारित / Held For Trading.

प्रत्येक श्रेणी के अतंर्गत निवेश को निम्नलिखित रूप में पुन: वर्गीकृत किया जाता है.
Investments under each category are further classified as:

i. सरकारी प्रतिभूतियां / Government Securities
ii. अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां / Other Approved Securities
iii. शेयर / Shares
iv. डिबेंचर तथा बांड / Debentures and Bonds
v. सहायक संस्थाएं/ संयुक्त उद्यम / Subsidiaries/ Joint Ventures
vi. अन्य (वाणिज्यिक पत्र, म्यूचुअल फंड यूनिट, प्रतिभूति रसीदें, वेंचर कैपिटल फंड, पास थ्रू प्रमाणपत्र)
Others (Commercial Paper, Certificate of Deposits, Mutual Fund Units, Security Receipts, Venture capital funds, Pass through Certificate).

II. वर्गीकरण का आधार:/ Basis of Classification:

(i) बैंक द्वारा परिपक्वता तक धारित रखने के उद्देश्य से किए गए निवेशों को 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है.

(i) Investments that the Bank intends to hold till maturity are classified as 'Held to Maturity'.

(ii) अल्पकालिक मूल्य/ ब्याज दर के उतार-चढ़ाव का लाभ उठाकर क्रय-विक्रय करने के इरादे से अर्जित निवेश को 'क्रय-विक्रय के लिए धारित (एचएफटी)' के तहत वर्गीकृत किया जाएगा. एचएफटी के तहत वर्गीकृत निवेश 90 दिनों के भीतर बेचे जाएंगे.

(ii) Investments acquired with the intention to trade by taking advantage of the short-term price/interest rate movements shall be classified under 'Held for Trading (HFT). The investments classified under HFT shall be sold within 90 days.

(iii) जिन निवेशों को उपर्युक्त श्रेणी में वर्गीकृत नहीं किया गया हैं, उन्हें 'बिक्री के लिए उपलब्ध' श्रेणी में रखा जाता है.

(iii) Investments, which are not classified in the above two categories, are classified as 'Available for Sale'.

(iv) किसी निवेश को क्रय करते समय 'परिपक्वता तक धारित', 'बिक्री के लिए उपलब्ध' अथवा 'क्रय - विक्रय के लिए धारित' श्रेणी में वर्गीकृत किया जाता है तथा आर बी आई के दिशा निर्देशों के अनुसार श्रेणियों में परस्पर परिवर्तन किया जाता है .

(iv) An investment is classified as 'Held To Maturity', 'Available For Sale' or 'Held For Trading' at the time of its purchase and subsequent shifting amongst categories and its valuation is done in conformity with RBI guidelines.

(v) सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों में किए गए निवेशों को सामान्यत: 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है, किन्तु इसमें ऐसे मामले शामिल नहीं हैं, जिनकी आवश्यकता आधारित समीक्षा कर आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार 'बिक्री के लिए उपलब्ध' श्रेणी में अंतरित किया जाता है. सहयोगी कंपनियों में निवेश का वर्गीकरण इसके अधिग्रहण के समय किया जाता है.

(v) Equity Investment in subsidiaries and joint venture are normally classified as 'Held To Maturity' except in case, on need based reviews, they are shifted to 'Available for Sale' category as per RBI guidelines. The classification of investments in associates is done at the time of its acquisition.

III. **मूल्यांकनः / Valuation:**

i) किसी निवेश की अर्जन लागत को निर्धारित करने में: / In determining the acquisition cost of an investment:

(क) सेकंडरी बाजार से खरीदे गए इक्विटी लिखतों के मामले में प्रदत्त दलाली, कमीशन, स्टांप ड्यूटी और अन्य करों को अर्जन लागत में शामिल किया जाता है जबकि ट्रेजरी निवेशों सहित अन्य निवेशों के मामले में ऐसे व्ययों को लाभ-हानि लेखे में प्रभारित किया जाता है.

(a) Brokerage, commission, stamp duty, and other taxes paid are included in cost of acquisition in respect of acquisition of equity instruments from the secondary market whereas in respect of other investments, including treasury investments, such expenses are charged to Profit and Loss Account.

(ख) खंडित अवधि के लिए प्रदत्त ब्याज / प्राप्त ब्याज को अर्जन लागत/ बिक्री में से घटाया जाता है और उसे ब्याज व्यय/ आय के रूप में माना जाता है.

(b) Broken period interest paid/ received is excluded from the cost of acquisition/ sale and treated as interest expense/ income.

(ग) लागत का निर्धारण भारित औसत लागत पद्धति के अनुसार किया जाता है.

(c) Cost is determined on the weighted average cost method.

ii) 'परिपक्वता तक धारित' निवेशों को जब तक यह अंकित मूल्य से अधिक न हों, अर्जन लागत के अनुसार हिसाब में लिया जाता है. ऐसे मामलों में प्रीमियम को परिपक्वता की शेष बची अवधि में सीधी रेखा पद्धति से परिशोधित किया जाता है. एचटीएम के अंतर्गत शामिल निवेशों के मूल्य में होने वाली अन्य कमी (अस्थायी स्वरूप की कमी के अलावा) के संबंध में प्रत्येक निवेश के लिए अलग-अलग प्रावधान किया जाएगा.

Investments in 'Held To Maturity' category are carried at acquisition cost unless it is more than the face value, in which case the premium is amortized on straight line basis over the remaining period of maturity. Any diminution (other than temporary) in the value of the investments, which are included under HTM, shall be recognized and provided individually for each investment.

iii) 'ट्रेडिंग के लिए धारित' तथा 'बिक्री के लिए उपलब्ध' निवेशों के स्क्रिप-वार बाजार मूल्य को बही में अंकित किया जाता है और प्रत्येक श्रेणी में हुए निवल मूल्यह्रास, यदि कोई हो, को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है जबकि किसी निवल वृद्धि, यदि कोई हो, को नहीं दर्शाया जाता है. हालांकि, उन निवेशों के संबंध में जिन्हें 'अनर्जक' के रूप में वर्गीकृत किया जाता है या निवेश जो ऋण के पुनर्गठन/ रूपांतरण से प्राप्त किए जाते हैं, अन्य अर्जक प्रतिभूतियों के संबंध में मूल्यह्रास/ प्रावधान को मूल्यवृद्धि के विरुद्ध समायोजित नहीं किया जाता है.

Investments in 'Held For Trading' and 'Available For Sale' are marked to market scrip-wise and the resultant net depreciation, if any, in each category is recognized in the Profit and Loss Account, while the net appreciation, if any, is ignored. However, In respect of investments which are classified as 'Non-Performing' or investments which are acquired out of restructuring/conversion of debt, the depreciation/provision is not set off against the appreciation in respect of other performing securities.

(क) ट्रेजरी बिलों, वाणिज्यिक पत्रों तथा जमा प्रमाणपत्रों का मूल्यांकन बट्टाकृत लिखत होने के कारण रखाव लागत पर किया जाता है.

(a) Treasury Bills, commercial papers and certificates of deposit being discounted instruments are valued at carrying cost.

(ख) क्रय-विक्रय/ उद्धृत किए गए निवेशों के संबंध में बाजार मूल्य स्टॉक एक्सचेंजों में उपलब्ध क्रय-विक्रय/ भाव-सूची से लिया जाता है.

(b) In respect of traded/ quoted investments, the market price is taken from the trades/ quotes available on the stock exchanges.

(ग) उद्धृत सरकारी प्रतिभूतियों को मूल्य बाजार कीमत पर मूल्यांकित किया जाता है तथा अनुद्धृत / क्रय-विक्रय न की जाने वाली सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन एफ आई एम डी ए / फाइनेंशियल बेंचमार्क इंडिया प्राइवेट लि. (एफबीआईएल) द्वारा घोषित कीमत पर किया जाता है. दोनों उद्धृत और गैर-उद्धृत प्रतिभूतियों के मूल्यांकन के लिए एफबीआईएल दरों पर विचार किया जाता है.

(c) Quoted Government Securities are valued at market prices and unquoted/non-traded government securities are valued at prices declared by FIMMDA/ Financial Benchmark India Pvt. Ltd (FBIL). For both quoted as well as unquoted securities valuation FBIL rates are considered.

(घ) गैर-उद्धृत इक्विटी शेयर अर्थात्, इक्विटी शेयर जिनके लिए वर्तमान कोटेशन उपलब्ध नहीं हैं या जहां शेयर एक्सचेंजों पर उद्धृत नहीं हैं, का मूल्यांकन ब्रेक-अप मूल्य पर किया जाएगा ('पुनर्मूल्यांकन रिजर्व', यदि कोई हो, पर विचार किए बिना) जिसका पता कंपनी की अद्यतित तुलन-पत्र से लगाया जाना है. जिस तारीख को नवीनतम तुलन-पत्र तैयार किया जाता है, वह मूल्यांकन की तारीख से पहले 18 महीने से अधिक नहीं होगी. यदि नवीनतम तुलन-पत्र उपलब्ध नहीं है, तो संबंधित आरबीआई मास्टर निर्देश के अनुसार शेयरों का मूल्य प्रति कंपनी 1 रुपये होगा.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

(d) The unquoted equity shares i.e., equity shares for which current quotations are not available or where the shares are not quoted on the exchanges, shall be valued at break-up value (without considering 'revaluation reserves', if any) which is to be ascertained from the company's latest balance sheet. The date as on which the latest balance sheet is drawn up shall not precede the date of valuation by more than 18 months. In case the latest balance sheet is not available, the shares shall be valued at Re.1 per company, as per the relevant RBI master direction.

(ङ) गैर-उद्धृत एमएफ इकाइयों में निवेश का मूल्यांकन प्रत्येक योजना के संबंध में एमएफ द्वारा घोषित नवीनतम पुनर्खरीद मूल्य के आधार पर किया जाएगा. लॉक-इन अवधि या किसी अन्य निधि के मामले में, जहां पुनर्खरीद मूल्य/बाजार भाव उपलब्ध नहीं है, इकाइयों का मूल्यांकन योजना के शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) पर किया जाएगा. यदि एनएवी उपलब्ध नहीं है, तो लॉक-इन अवधि के अंत तक इनका मूल्यन लागत पर किया जाएगा.

(e) Investment in un-quoted MF units shall be valued on the basis of the latest re-purchase price declared by the MF in respect of each scheme. In case of funds with a lock-in period or any other fund, where repurchase price/ market quote is not available, units shall be valued at Net Asset Value (NAV) of the scheme. If NAV is not available, these shall be valued at cost, till the end of the lock-in period.

(च) नियत आय वाली अनुद्धृत प्रतिभूतियों (सरकारी प्रतिभूतियों को छोड़कर) का मूल्य समान परिपक्वता अवधि वाली केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों की परिपक्वता पर प्रतिफल (वाईटीएम) दरों पर समुचित रूप से अधिक दर निर्धारित कर वाईटीएम आधार पर निकाला जाता है. ऐसे मूल्य वृद्धि अंतर व वाईटीएम दरों को भारतीय नियत आय मुद्रा बाजार और व्युत्पन्न संघ (एफआईएमएमडीए)/एफबीआईएल द्वारा प्रकाशित संबंधित दरों के आधार पर लागू किया जाता है.

(f) Unquoted fixed income securities (other than government securities) are valued on Yield to Maturity (YTM) basis with appropriate mark-up over the YTM rates for Central Government securities of equivalent maturity. Such mark-up and YTM rates applied are as per the relevant rates published by Fixed Income Money Market and Derivative Association of India (FIMMDA)/FBIL.

(छ) आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों द्वारा जारी प्रतिभूति रसीदों का मूल्यांकन रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गए तथा ऐसे लिखतों पर लागू दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है. तद्नुसार ऐसे मामलों में जहाँ आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों द्वारा जारी प्रतिभूति रसीदों से नकदी प्रवाह, संबंधित योजना में लिखतों को समनुदेशित वित्तीय आस्तियों की वास्तविक वसूली तक सीमित हो, वहाँ बैंक आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों से समय-समय पर प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि की समाप्ति पर इस प्रकार के निवेशों के मूल्यांकन के लिए निवल आस्ति मूल्य को हिसाब में लेता है.

(g) Security receipts issued by the asset reconstruction companies are valued in accordance with the guidelines applicable to such instruments subject to floor provision requirements as prescribed by RBI from time to time. Accordingly, in cases where the cash flows from security receipts issued by the asset reconstruction companies are limited to the actual realisation of the financial assets assigned to the instruments in the concerned scheme, the Bank reckons the net asset value obtained from the asset reconstruction company from time to time, for valuation of such investments at the end of each reporting period.

(ज) उद्धृत अधिमान्य शेयरों को बाजार दरों पर मूल्यांकित किया जाता है तथा अनुद्धृत / गैर-ट्रेडेड अधिमान्य शेयरों को परिपक्वता पर उचित प्रतिफल द्वारा मूल्यांकित किया जाता है जो रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार मोचन मूल्य से अधिक नहीं होगा.

(h) Quoted Preference shares are valued at market rates and unquoted/non-traded preference shares are valued at appropriate yield to maturity basis, not exceeding redemption value as per RBI guidelines.

(झ) दबावग्रस्त आस्ति स्थिरीकरण निधि (एसएएसएफ) में किए गए निवेश को परिपक्वता पर धारित श्रेणी में वर्गीकृत कर लागत पर मूल्यांकित किया जाता है.

(i) Investment in Stressed Assets Stabilisation Fund (SASF) is categorized as Held To Maturity and cost.

(ञ) गैर-उद्धृत वेंचर कैपिटल निधि (वीसीएफ) में निवेश, आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, तीन साल की प्रारंभिक अवधि के लिए एचटीएम श्रेणी के तहत, बैंक के विवेक पर वर्गीकृत किया गया है और इस अवधि के दौरान लागत पर मूल्यांकित किया गया है. इस तरह के निवेशों को संवितरण की तारीख से तीन साल की उक्त अवधि के पूरा होने के बाद एएफएस श्रेणी में स्थानांतरित कर दिया जाता है और वीसीएफ द्वारा अपने वित्तीय विवरणों में दिखाए गए एनएवी पर मूल्यांकित किया जाता है. वर्ष में कम से कम एक बार, यूनिटों का मूल्यांकन वीसीएफ के नवीनतम लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण के आधार पर किया जाता है, यदि उपलब्ध हो या आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रति वीसीएफ 1 रु. पर किया जाता है.

(j) Investments in unquoted Venture Capital Fund (VCF) are categorized, at the discretion of the Bank, under HTM category for an initial period of three years and valued at cost during this period, in accordance with the RBI guidelines. Such investments are transferred to the AFS category after completion of the said period of three years from the date of disbursement and valued at NAV shown by the VCF in its financial statements. At least once a year, the units are valued based on the latest audited financials of the VCF if available or at Re 1 per VCF as per the RBI guidelines.

(ट) पीटीसी निवेश वर्तमान में केवल एएफएस श्रेणी में धारित किए गए हैं तथा इनका मूल्यांकन परिपक्वता प्रतिफल (वाईटीएम) आधार पर केंद्र सरकार की समतुल्य परिपक्वता वाली प्रतिभूतियों की वाईटीएम दरों पर उचित कीमत-लागत अंतर प्रभावी कर एवं एनबीएफसी बॉन्ड पर लागू कीमत-लागत अंतर के साथ किया जाता है. इस प्रकार के कीमत-लागत अंतर तथा वाईटीएम दरें स्थिर आय मुद्रा बाजार तथा 'निर्धारित आय मुद्रा बाजार और व्युत्पन्न संघ' (एफआईएमएमडीए)/ एफबीआईएल द्वारा प्रकाशित प्रासंगिक दरों के आधार पर लागू की जाती हैं.

(k) PTC investments are presently held only under AFS category and are valued on Yield to Maturity (YTM) basis with appropriate mark-up over the YTM rates for Central Government securities of equivalent maturity and the spreads applicable are that of NBFC bonds. Such mark-up and YTM rates applied are as per the relevant rates published by Fixed Income Money Market and Derivative Association of India (FIMMDA)/FBIL.

निवेशों की बिक्री से प्राप्त लाभ या हानि को लाभ-हानि लेखे में जमा/ नामे किया जाता है. तथापि, 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी में निवेशों की बिक्री से लाभ को पहले लाभ-हानि लेखे में जमा किया जाता है और उसके बाद वर्ष/ अवधि की समाप्ति पर लागू करों को घटाकर पूंजी रिज़र्व खाते में समायोजित किया जाता है. बिक्री से हानि को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है. निवेशों की राशि प्रावधानों को घटाकर दर्शाई जाती है.

Profit or Loss on sale of investments is credited/ debited to Profit and Loss Account. However, profits on sale of investments in 'Held to Maturity' category is first credited to Profit and Loss Account and thereafter appropriated, net of applicable taxes and transfer to statutory reserves to the Capital Reserve Account at the year/period end. Loss on sale is recognized in the Profit and Loss Account. Investments are stated net of provisions.

अनर्जक निवेश: / Non-Performing Investments:

अनर्जक निवेशों की पहचान की जाती है और भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के आधार पर मूल्यह्रास प्रावधान किए जाते हैं. ऐसे अनर्जक निवेशों पर मूल्यह्रास/प्रावधान अन्य अनर्जक प्रतिभूतियों के संबंध में मूल्यवृद्धि के विरुद्ध समायोजित नहीं किए जाते हैं. अनर्जक निवेश पर ब्याज प्राप्त होने तक लाभ और हानि खाते में दर्शाया नहीं जाता है.

Non-performing investments are identified and depreciation provisions are made thereon based on the RBI guidelines. The depreciation / provision on such non-performing investments are not set off against the appreciation in respect of other performing securities. Interest on nonperforming investments is not recognised in the Profit and Loss Account until received.

IV. **रेपो एवं रिवर्स रेपो लेन-देन: / Repo and reverse repo transactions**

रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार सरकारी प्रतिभूतियों व कॉरपोरेट ऋण प्रतिभूतियों (चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) व सीमांत आपाती सुविधा (एमएसएफ) के अंतर्गत रिज़र्व बैंक से किए गए लेन-देनों सहित) रेपो व रिवर्स रेपो के लेन-देन क्रमश: ऋण लेने व ऋण देने वाले लेन-देन के रूप में दर्शाए जाते हैं. रेपो लेन-देन पर उधार लागत को ब्याज व्यय के रूप में तथा रिवर्स रेपो लेन-देन पर प्राप्त राजस्व को ब्याज आय के रूप में हिसाब में लिया जाता है. 14 दिनों से अधिक की मूल अवधि के रिवर्स रेपो को अग्रिम के तहत वर्गीकृत किया जाएगा.

In accordance with the RBI guidelines repo and reverse repo transactions in government securities and corporate debt securities (including transactions conducted under Liquidity Adjustment Facility ('LAF') and Marginal Standby Facility ('MSF') with RBI) are reflected as borrowing and lending transactions respectively. Borrowing cost on repo transactions is accounted as interest expense and revenue on reverse repo transactions is accounted as interest income. Reverse repo of original tenure more than 14 days shall be classified under Advances.

आ. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लिमिटेड के मामले में :
B. In case of IDBI Asset Management Limited :

ऐसे निवेश जो तत्काल वसूली योग्य हैं और ऐसे निवेश करने की तारीख से एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए धारित नहीं किए जाने हैं, उन्हें चालू निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. अन्य सभी निवेशों को दीर्घावधि निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. चालू निवेशों को लागत या उचित मूल्य, जो भी कम हो, पर दर्शाया जाता है. दीर्घावधि निवेशों को लागत पर दर्शाया जाता है. तथापि, निवेशों के मूल्य में कमी, अस्थायी कमी को छोड़कर, के संबंध में ह्रास के लिए प्रावधान किया जाता है. ऐसे घटाव का निर्धारण प्रत्येक निवेश के लिए किया जाता है. बांड की खरीद के दौरान भुगतान किए गए प्रीमियम को बांड की अवधि के दौरान परिशोधित नहीं किया जाता है और इसे खरीद की लागत के रूप में माना जाता है.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

Investments which are readily realizable and are intended to be held for not more than one year from the date, on which such investments are made, are classified as current investments. All other investments are classified as long term investments. Current investments are carried at cost or fair value, whichever is lower. Long-term investments are carried at cost. However, provision for diminution is made to recognize a decline, other than temporary, in the value of the investments, such reduction being determined and made for each investment individually.premium paid during purchase of bonds is not amortized during the tenure of bond and same is considered as cost of purchase.

इ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लिमिटेड के मामले में :
C. In case of IDBI Trusteeship Services Limited :

ऐसे सभी निवेश जो लंबे समय से धारित हैं, उन्हें गैर-चालू निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. दीर्घावधि निवेश लागत पर दर्शाए जाते हैं. दीर्घावधि निवेशों के मूल्य में अस्थायी स्वरूप से भिन्न कमी को दर्शाया जाता है.

All investments which are held, since a long period, same are classified as Non-Current Investments. Long term investments are stated at cost. Decline in value of long term investment is recognized, if considered other than temporary.

ई. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज लिमिटेड के मामले में :
D. In case of IDBI Capital Markets & Securities Limited :

(i) निवेशों को गैर-चालू और चालू निवेशों के रूप वर्गीकृत किया जाता है. लाभांश तथा ब्याज के जरिए आय अर्जित करने के लिए तथा पूंजीगत मूल्यवृद्धि के प्रयोजनार्थ अर्जित तथा धारित प्रतिभूतियों और अन्य वित्तीय आस्तियों को गैर चालू निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और उनका मूल्यांकन उनकी अर्जन लागत पर किया जाता है. उनके मूल्य में अस्थायी गिरावट से भिन्न गिरावट, यदि कोई हो, का निर्धारण किया जाता है. चालू निवेश कम लागत या बाजार मूल्य पर किया जाता है. मार्केट मेकर के रूप में बाजार निर्माण प्रक्रिया में अर्जित प्रतिभूतियों को धारिता-अवधि पर ध्यान दिये बिना चालू निवेशों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है.

(i) Investments are classified into non-current and current investments. Securities and other financial assets acquired and held for earning income by way of dividend and interest and for the purpose of capital appreciation are classified as non-current investments and are valued at their cost of acquisition. Decline in their value other than temporary, if any, is recognized. Current investments are carried at lower of cost or market value. Securities acquired in the market making process as market maker are classified as Current Investments irrespective of the period of holding.

(ii) अल्पावधि धारिता और ट्रेडिंग के उद्देश्य से अर्जित प्रतिभूतियों को विक्रेय माल समझा जाता है और उसे चालू आस्तियों के रूप में माना जाता है.

(ii) Securities acquired with the intention of short-term holding and trading are considered as stock-in-trade and regarded as current assets.

(iii) विक्रेय माल श्रेणीवार के रूप में धारित प्रतिभूतियों को कम लागत या बाजार/ उचित मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है. सिर्फ एकमुश्त लेन-देनों पर विचार करते हुए भारित औसत प्रणाली का अनुसरण कर लागत निकाली जाती है. बाजार मूल्य को वास्तविक क्रय-विक्रय के लिए बाजार भावों के आधार पर निर्धारित किया जाता है और जहां ऐसे भाव उपलब्ध नहीं हैं वहाँ उचित मूल्य निर्धारित किया जाता है, ऋण प्रतिभूतियों के मामले में, समान परिपक्वता और साख स्थिति की प्रतिभूतियों पर आय-प्राप्ति के संदर्भ में और इक्विटी के मामले में उपलब्ध अंतिम तुलन-पत्र के अनुसार विश्लेषित मूल्य के संदर्भ में निर्धारित किया जाता है. प्रत्येक प्रतिभूति को अलग-अलग मूल्यांकित किया जाता है. प्रत्येक प्रतिभूति के लिए मूल्यह्रास, यदि कोई हो, का प्रावधान किया जाता है और मूल्यवृद्धि, यदि कोई हो, तो उसे छोड़ दिया जाता है.

(iii) Securities held as stock-in-trade category wise are valued at lower of cost or market/fair value. Cost is derived by following the weighted average method considering only outright transactions. Market value is determined based on market quotes for actual trades and where such quotes are not available, fair value is determined, in the case of debt securities, with reference to yields on securities of similar maturity and credit standing, and in the case of equities, with reference to the break-up value as per the last available balance sheet. Each security is valued individually. The depreciation, if any, for each security is provided and the appreciation, if any, is ignored.

(iv) निवेश के रूप में धारित सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रदत्त प्रीमियम को लिखत की अवधि के दौरान परिशोधित किया जाता है .

(iv) Premium paid on government securities held as investment is amortized over the tenor of the instrument.

उ. एजिस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मामले में :
E. In case of Ageas Federal Life Insurance Company Limited :

i. बीमा संविधि (संशोधन) अधिनियम 2015 द्वारा यथासंशोधित बीमा अधिनियम, 1938,आईआरडीए (निवेश) विनियम, 2016 और आईआरडीए द्वारा इस संदर्भ में समय-समय पर जारी विभिन्न अन्य परिपत्रों/ अधिसूचनाओं और कंपनी की निवेश नीति और कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत अधिसूचित लेखा मानकों के अनुसार निवेश किए जाते हैं.

Investments are made in accordance with the Insurance Act, 1938 as amended by Insurance Law (Amendment) Act, 2015, the IRDAI (Investment) Regulations, 2016, and various other circulars / notifications and amendments issued by the IRDA in this context from time to time and investment policy of the company and in accordance with accounting standards notified under the Companies Act, 2013.

ii. निवेशों को खरीद की तारीख को लागत पर दर्ज किया जाता है जिसमें दलाली तथा कर, यदि कोई हों, शामिल किए जाते हैं और उपचित ब्याज शामिल नहीं किए जाते हैं.

Investments are recorded at cost on the date of purchase, which includes brokerage and taxes, if any, and excludes accrued interest.

वर्गीकरण: / Classification:

i. तुलन-पत्र की तारीख से बारह महीने के भीतर परिपक्व होने वाले निवेश और तुलन-पत्र की तारीख से बारह महीनों में निपटाने के विशेष अभिप्राय से किए गए निवेशों को अल्पकालिक निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है.

Investments maturing within twelve months from the balance sheet date and investments made with the specific intention to dispose them off within twelve months from the balance sheet date are classified as short term investments.

ii. अल्पकालिक निवेशों के अलावा अन्य निवेशों को दीर्घकालिक निवेशों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है.

Investments other than short-term investments are classified as long-term investments.

(क) मूल्यांकन - शेयरधारकों के निवेश और गैर-संबद्ध पॉलिसीधारकों के निवेश

(a) Valuation - shareholders' investments and non-linked policyholders' investments

i. सभी ऋण प्रतिभूतियों को 'परिपक्वता तक धारित' माना जाता है और वे तदनुसार परंपरागत लागत पर दर्शायी जाती हैं जो सीधी रेखा पद्धति के आधार पर परिपक्वता/ धारिता अवधि के दौरान प्रीमियम के परिशोधन अथवा छूट पर वृद्धि के अधीन हैं.

All debt securities are considered as 'held to maturity' and accordingly stated at historical cost, subject to amortization of premium or accretion of discount over the period of maturity/holding on a straight line basis.

ii. तुलन-पत्र की तारीख को सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों को उनके उचित मूल्य पर 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ('एनएसई')' – प्राथमिक एक्सचेंज पर अंतिम मूल्य पर अंकित किया जाता है. यदि इक्विटी शेयर प्राथमिक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध नहीं है या उसमें क्रय-विक्रय सौदा नहीं किया गया है तो उसे उसके उचित मूल्य पर 'बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ('बीएसई')' – द्वितीयक एक्सचेंज पर अंतिम मूल्य पर अंकित माना जाता है.

Listed equity shares as at the balance sheet date are stated at fair value being the quoted closing price on the Primary Exchange – 'National Stock Exchange ('NSE')'. In case the equity share is not listed/traded on the Primary Exchange the quoted closing price on the Secondary Exchange – 'Bombay Stock Exchange ('BSE')', is considered as fair value.

iii. म्यूचुअल फंड यूनिटों को तुलन-पत्र की तारीख को संबंधित निधि गृहों द्वारा पिछले दिन के निवल आस्ति मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है.

Mutual fund units as at the balance sheet date are valued at the previous day's net asset values declared by the respective fund houses.

iv. तुलन-पत्र की तारीख की वैकल्पिक निधि यूनिटों की मूल्यांकन निधि हाउस में उपलब्ध अंतिम एनएवी के आधार पर मूल्यांकित किया जाता है.

Alternative investment fund units as at the balance sheet date are valued at last NAV available from the fund house.

v. सूचीबद्धता की प्रतीक्षा में इक्विटी शेयरों को परंपरागत मूल्य पर अंकित किया जाता है जो इस तरह के निवेश मूल्य के प्रत्येक निवेश के लिए अलग से निर्धारित किया गया है और जो मूल्य में कमी, यदि कोई हो, के लिए प्रावधान के अधीन है.

Equity shares awaiting listing are stated at historical cost subject to provision for diminution, if any, in the value of such investment determined separately for each individual investment.

vi. सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों और म्यूचुअल फंड यूनिट के उचित मूल्य में हुए परिवर्तन के कारण न लिए गए लाभ/ हानि को ''उचित मूल्य परिवर्तन खाते'' में लिया जाता है और तुलन-पत्र में आगे ले जाया जाता है.

Unrealized gains/losses arising due to changes in the fair value of listed equity shares and mutual fund units are taken to "Fair Value Change Account" and carried forward in the balance sheet.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

vii. किसी भी ह्रास हानि को राजस्व या लाभ-हानि लेखे में उतना व्यय समझा जाता है, जितना कि प्रतिभूति या निवेश के पुनर्मूल्यांकित उचित मूल्य व राजस्व या लाभ-हानि खाते में व्यय के रूप में निर्धारित किसी भी पूर्व ह्रासित हानि द्वारा कम की गई इसकी अर्जन लागत के बीच का अंतर होता है. पूर्व में अभिनिर्धारित किसी भी ह्रासित हानि के प्रतिवर्तन को राजस्व या लाभ-हानि लेखों में दर्शाया जाता है.

Any impairment loss is recognized as an expense in Revenue or Profit and Loss Account to the extent of the difference between the re-measured fair value of the security or investment and its acquisition cost as reduced by any previous impairment loss recognized as expense in Revenue or Profit and Loss Account. Any reversal of previously recognized impairment loss is recognized in Revenue or Profit and Loss Account.

(ख) मूल्यांकन - संवद्ध कारोबार
(b) Valuation - linked business

i. सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन भारतीय नियत आय मुद्रा बाजार और व्युत्पन्नी संघ (एफआईएमएमडीए) से प्राप्त मूल्यों के आधार पर किया जाता है. सरकारी प्रतिभूतियों के अलावा ऋण प्रतिभूतियों का मूल्यांकन रेटिंग एजेंसी द्वारा दैनिक आधार पर बांडों के लिए जारी किए जाने वाले प्रतिफल मैट्रिक्स का उपयोग करते हुए उचित मूल्य आधार पर किया जाता है.

Government Securities are valued at prices obtained from Fixed Income Money Market and Derivative Association of India (FIMMDA). Debt Securities other than Government Securities are valued at Fair Value using Yield Matrix for Bonds released by Rating Agency, on a daily basis.

ii. मुद्रा बाजार लिखतों अर्थात् – जमा प्रमाणपत्र, संपार्श्विक उधार तथा उधार लेन-देन संबंधी दायित्व का मूल्यांकन लागत पर किया जाता है, जो धारिता/ परिपक्वता अवधि पर सीधी रेखा आधार पर बट्टे की अभिवृद्धि या प्रीमियम के परिशोधन के अधीन होता है. अन्य मुद्रा बाजार लिखतों जैसे – वाणिज्यिक पत्रों, ट्रेजरी बिलों का मूल्यांकन आईआरडीएआई दिशानिर्देशों के अनुरूप एफआईएमएमडीए से प्राप्त प्रतिफल वक्र मूल्यों पर किया जाता है.

Money Market Instruments i.e. Certificate of Deposit, Collateral Borrowing and Lending Obligation are valued at cost, subject to accretion of discount or amortization of premium over the holding/maturity period on a straight line basis. Other Money Market instruments like Commercial Papers, Treasury Bills are valued based on yield curve / prices obtained from FIMMDA in line with IRDAI guidelines.

iii. तुलन-पत्र की तारीख को सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों को उनके उचित मूल्य पर अंकित किया जाता है जो प्राथमिक एक्सचेंज - 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ('एनएसई')' पर उद्धत अंतिम भाव होता है. यदि इक्विटी शेयर प्राथमिक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध नहीं है या सौदा नहीं किया गया है तो सेकेन्डरी एक्सचेंज - 'बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ('बीएसई')' पर उद्धत बंद भाव को उचित मूल्य माना जाता है. म्यूचुअल फंड यूनिटों का मूल्यांकन पिछले दिन के निवल आस्ति मूल्य पर किया जाता है. सूचीबद्धता की प्रतीक्षा में इक्विटी शेयरों को परंपरागत मूल्य पर अंकित किया जाता है जो इस तरह के निवेश मूल्य के प्रत्येक निवेश के लिए अलग से निर्धारित किया गया है और जो मूल्य में कमी, यदि कोई हो, के लिए प्रावधान के अधीन है.

Listed equity shares as at the balance sheet date are stated at fair value being the quoted closing price on the Primary Exchange – 'National Stock Exchange ('NSE')'. In case the equity share is not listed/traded on the Primary Exchange the quoted closing price on the Secondary Exchange – 'Bombay Stock Exchange ('BSE')', is considered as fair value. Mutual fund units are valued at the previous day's net asset values. Equity shares awaiting listing are stated at historical cost subject to provision of diminution, if any, in the value of such investment determined separately for each individual investment.

iv. निवेश पर न लिए गए लाभ/ हानि को संबंधित निधि के राजस्व खाते में निर्धारित किया जाता है.

Unrealized gains/losses on investments are recognized in the respective fund's Revenue Account.

(ग) अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान:
(c) Provision for Non-Performing Assets

सभी आस्तियां जहां ब्याज और/या मूल चुकौती की किस्त तुलन-पत्र की तारीख में 90 दिनों से अधिक समय से अतिदेय रहती है, उन्हें अनर्जक आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और आईआरडीएआई विनियमों द्वारा अपेक्षित तरीके से पर्याप्त प्रावधान किए जाते हैं.

All assets where the interest and/or instalment of principal repayment remain overdue for more than 90 days at the Balance Sheet date are classified as non-performing assets and adequate provisions are made, in the manner required by the IRDAI regulations.

(घ) निवेशों का अंतरण:

(d) Transfer of investments

i. शेयरधारकों के फंड से पॉलिसीधारकों के फंड में निवेश के अंतरण की अनुमति केवल पॉलिसीधारकों के खाते में घाटे को पूरा करने के लिए दी जाती है, जिसे वहन लागत या बाजार मूल्य जो भी कम हो, पर किया जाना है; ऋण प्रतिभूतियों के मामले में, सभी अंतरण बाजार मूल्य और शुद्ध परिशोधन लागत के निचले स्तर पर किए जाने हैं.

Transfer of investment from shareholders' fund to Policyholders' fund is allowed only to meet deficit in Policyholders' account, which is to be carried out at carrying cost or market price whichever is lower; In case of Debt securities, all transfers are to be carried out at the lower of the market price and the net amortized cost.

ii. असंबद्ध व्यवसाय के तहत पॉलिसीधारकों के निधियों के बीच निवेश के अंतर-निधि अंतरण की अनुमति नहीं है.

Inter-fund transfer of investments is not allowed between policyholders funds under non-linked business.

iii. संबद्ध निधियों के बीच निवेश का अंतर निधि अंतरण बाजार मूल्य पर, बाजार समय के दौरान निम्नानुसार किया जाता है.

Inter fund transfer of investment between linked funds is done at market price, during market hours as below

क) इक्विटी, वरीयता शेयर, ईटीएफ और सरकारी प्रतिभूतियो के मामले में नवीनतम सौदे का बाजार मूल्य.

a) In case of equity, preference shares, ETFs and Government Securities market price of the latest trade.

ख) (क) में उल्लिखित प्रतिभूतियों के मामले में यदि अंतरण के दिन व्यापार नहीं हुआ है और अन्य सभी प्रतिभूतियों के लिए (क) पिछले दिन मूल्यांकन मूल्य का हिस्सा नहीं है.

b) In case of securities mentioned in (a) if the trade has not taken place on the day of transfer and for all other securities not part of (a) previous day valuation price.

ऊ. आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड के मामले में :

F. In case of IDBI MF Trustee Company Limited:

निवेश: / Investments:

निवेश को गैर-तात्कालिक और तात्कालिक निवेश में वर्गीकृत किया गया है. लाभांश और ब्याज के रूप में आय अर्जित करने के लिए तथा पूंजी मूल्यवृद्धि के प्रयोजन के लिए अर्जित और धारित प्रतिभूतियों और अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों को गैर-तात्कालिक निवेशों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और अधिग्रहण की उनकी लागत पर मूल्यांकित किया जाता है. अस्थायी के अलावा उनके मूल्य में गिरावट, यदि कोई हो, को चिन्हित किया जाता है. वर्तमान निवेश लागत या बाजार मूल्य से कम पर किया जाता है.

Investments are classified into non-current and current investments. Securities and other financial assets acquired and held for earning income by way of dividend and interest: and for the purpose of capital appreciation are classified as non-current investments and are valued at their cost of acquisition. Decline in their value other than temporary, if any, is recognized. Current investments arc carried at lower of cost or market value.

7 डेरिवेटिव लेन-देन: / Derivative Transactions:

'हेज' के रूप में नामित लेन-देनों में :

In Transactions designated as `Hedge':

क) डेरिवेटिव लेन-देन पर भुगतान योग्य/ प्राप्य निवल ब्याज की गणना उपचय आधार पर की जाती है.

a) Net interest payable/ receivable on derivative transactions is accounted on accrual basis.

ख) हेज स्वैपों के अवधिपूर्व समाप्त होने पर किसी लाभ/ हानि को स्वैप की शेष संविदात्मक अवधि या आस्ति/ देयता की शेष अवधि, जो भी कम हो, के आधार पर दर्शाया जाता है.

b) On premature termination of hedge swaps, any profits/ losses are recognised over the remaining contractual life of the swap or the residual life of the asset/ liability whichever is lesser.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ग) अंतर्निहित देयता में परिवर्तन से हेज स्वैपों को पुन: अभिनामित करने की गणना के लिए इसे एक हेज की समाप्ति और दूसरे का अर्जन माना जाता है.

c) Re-designation of hedge swaps by change of underlying liability is accounted as the termination of one hedge and acquisition of another.

घ) हेज संविदाओं की गणना तब तक बाजार मूल्य के अनुसार नहीं की जाती जब तक कि उसके अंतर्निहित मूल्य को भी बाजार मूल्य के अनुसार अंकित नहीं किया जाता. बाजार के लिए अंकित हेज करारों के संबंध में बाजार मूल्य में परिवर्तनों को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है.

d) Hedge contracts are not marked to market unless the underlying is also marked to market. In respect of hedge contracts that are marked to market, changes in the market value are recognized in the profit and loss account.

'ट्रेडिंग' के रूप में नामित लेन-देनों में:
In Transactions designated as 'Trading':

'ट्रेडिंग के लिए' नामित बकाया डेरिवेटिव लेन-देनों की गणना उनके उचित मूल्य पर की जाती है जिनमें ब्याज दर स्वैप,परस्पर मुद्रा स्वैप, परस्पर मुद्रा विकल्प एवं ऋण चूक स्वैप शामिल हैं. इसके फलस्वरूप हुए लाभ/ हानि को लाभ-हानि लेखे में शामिल किया जाता है. विकल्पों पर प्रीमियम को तुलन-पत्र की मद के रूप में दर्शाया जाता है और इसे परिपक्वता/ निरस्त होने पर लाभ-हानि लेखे में अंतरित कर दिया जाता है.

Outstanding derivative transactions designated as 'Trading', which includes interest rate swaps, cross currency swaps, cross currency options and credit default swaps, are measured at their fair value. The resulting profits/ losses are included in the profit and loss account. Premium on options is recorded as a balance sheet item and transferred to Profit and Loss Account on maturity/ cancellation.

एक्सचेंज ट्रेडेड करेंसी फ्यूचर्स (ईटीसीएफ़) खंड में ट्रेडिंग के लिए नामित डेरिवेटिव लेन-देनों मुद्रा फ्यूचर्स, मुद्रा ऑप्शन और ब्याज दर फ्यूचर्स शामिल हैं, जिनकी गणना उनके उचित मूल्य पर की जाती है और उनका नकदी निपटान टी+1 आधार पर किया जाता है. इन लेन-देनों से हुए लाभ/हानि को संबंधित एक्सचेंजों द्वारा निर्धारित की गई माह के अंत की निपटान तारीख को लाभ- हानि लेखे में अंतरित कर दिया जाता है.

Derivative Transactions in Exchange Traded Currency Futures (ETCF's) segments designated as trading includes Currency Futures, Currency Options and Interest Rate Futures which are measured at their fair value and are cash settled on T+1 basis. The resulting profits / losses on these transactions are transferred to Profit and Loss Account on the month end settlement date stipulated by Respective Exchanges.

आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज लिमिटेड के मामले में,
In case of IDBI Capital Markets & Securities Limited :

(क) वायदा सौदों एवं विकल्प संविदा में लेन-देन
(a) Transactions in Futures and Options

i. भावी संविदा करने / विकल्पों की बिक्री के समय देय प्रारंभिक मार्जिन को सावधि जमा, नकद जमा और प्रतिभूतियों के रूप में एक्सचेंजों के साथ जमा के साथ समायोजित किया जाता है.

Initial Margin payable at the time of entering into futures contract / sale of options is adjusted against the deposits with the exchanges in the form of fixed deposits, cash deposits and securities.

ii. भावी संविदा में लेन-देन को संविदा के कल्पित व्यापार मूल्य पर खरीद और बिक्री के रूप में माना जाता है. तुलन पत्र की तिथि के अनुसार फ्यूचर्स में अस्थिर ब्याज को इसके कल्पित मूल्य से घटाया जाता है.

Transactions in Future contracts are accounted as Purchase and Sales at the notional trade value of the contract. The open interest in futures as at the Balance Sheet date is netted by its notional value.

iii. पिछले दिन के निपटान मूल्य या एक्सचेंज क्लोजिंग मूल्य और बाद के दिन के एक्सचेंज क्लोजिंग मूल्य में एक्सचेंज को किए गए या प्राप्त भुगतान अंतर को मार्क टू मार्केट मार्जिन के रूप में माना जाता है. मार्क टू मार्केट मार्जिन खाते में शेष, तुलन पत्र की तारीख तक भावी संविदा में अस्थिर ब्याज की कीमतों में बदलाव के आधार पर भुगतान या प्राप्त की गई निवल राशि को दर्शाता है. मार्क टू मार्केट मार्जिन खाते में निवल नामे शेष को राजस्व से प्रभारित किया जाता है जबकि निवल जमा शेष को चालू देनदारियों के तहत दिखाया जाता है.

The difference in the settlement price or exchange closing price of the previous day and exchange closing price of the subsequent day, paid to or received from the exchange is treated as Mark to Market Margin. The balance in the Mark to Market Margin Account represents the net amount paid or received on the basis of movement in the prices of open interest in futures contracts till the balance sheet date. Net debit balance in the Mark to Market Margin Account is charged off to revenue whereas net credit balance is shown under current liabilities.

iv. विकल्पों की खरीद और बिक्री पर भुगतान या प्राप्त प्रीमियम और विकल्पों के प्रयोग पर भुगतान या प्राप्त अंतर को खरीद या बिक्री के रूप में गिना जाता है. तुलन पत्र की तारीख को बेचे गए विकल्पों में खुले ब्याज के मामले में, उस राशि के लिए प्रावधान किया जाता है जिसके द्वारा तुलन पत्र की तारीख पर प्रचलित प्रीमियम उन विकल्पों के लिए प्राप्त प्रीमियम से अधिक हो जाता है. तुलन पत्र की तारीख पर प्रचलित प्रीमियम से अधिक प्राप्त प्रीमियम को मान्यता नहीं दी जाती है. इसी तरह, खरीदे गए विकल्पों के मामले में, उस राशि के लिए प्रावधान किया जाता है जिसके द्वारा विकल्प के लिए भुगतान किया गया प्रीमियम तुलन पत्र की तारीख पर प्रचलित प्रीमियम से अधिक हो जाता है और भुगतान किए गए प्रीमियम पर तुलन पत्र की तारीख पर प्रचलित प्रीमियम की अधिकता को उपेक्षित कर दिया जाता है.विभिन्न खुली स्थितियों के मामले में, खरीद और बिक्री की स्थिति में शेष राशि को घटाने के बाद प्रावधान किया जाता है या अतिरिक्त प्रीमियम को उपेक्षित कर दिया जाता है.

Premium paid or received on purchase and sale of options and the difference paid or received on exercise of options is accounted as Purchases or Sales. In case of open interest in options sold as on the balance sheet date, provision is made for the amount by which premium prevailing on the Balance Sheet date exceeds the premium received for those options. The excess of premium received over the premium prevailing on the Balance Sheet date is not recognised. Similarly, in case of options bought, provision is made for the amount by which the premium paid for the option exceeds the premium prevailing on the Balance Sheet date and the excess of premium prevailing on the Balance Sheet date over the premium paid is ignored. In case of multiple open positions, provision is made or excess premiums are ignored after netting off the balances in buy as well as sell positions.

(ख) ब्याज दर स्वैप

(b) Interest Rate Swaps :

आस्ति और देयताओं में प्राथमिक डीलरशिप संचालन से संबंधित बंद किए गए परिचालनों के ब्याज दर स्वैप की कल्पित मूल राशि को घटाया जाता है. ब्याज दर स्वैप पर लाभ या हानि संविदा की शर्तों के अनुसार नियत तारीखों पर की जाती है.

Assets and Liabilities in respect of notional principal amount of Interest Rate Swaps of the discontinued operations pertaining to Primary Dealership operations are netted. Gain or loss on Interest Rate Swaps is accounted for on due dates as per the terms of the contract.

8 प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण प्रमाण पत्र: / Priority Sector Lending Certificates:

बैंक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण प्रमाणपत्र (पीएसएलसी) की बिक्री या खरीद के लिए लेनदेन करता है. बिक्री लेनदेन के मामले में, बैंक आरबीआई ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के दायित्वों की पूर्ति बेचता है और खरीद लेनदेन के मामले में बैंक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के दायित्व की पूर्ति खरीदता है. जोखिम या ऋण संपत्ति का कोई अंतरण नहीं है. पीएसएलसी की बिक्री के लिए प्राप्त शुल्क को विविध आय के रूप में दर्ज किया जाता है और पीएसएलसी की खरीद के लिए भुगतान किया गया शुल्क लाभ और हानि खाते में अन्य व्यय के रूप में दर्ज किया जाता है. इन्हें प्रमाणपत्र की अवधि में परिशोधित किया जाता है.

The Bank enters into transactions for the sale or purchase of Priority Sector Lending Certificates (PSLCs). In the case of a sale transaction, the Bank sells the fulfilment of priority sector obligation and in the case of a purchase transaction the Bank buys the fulfilment of priority sector obligation through RBI trading platform. There is no transfer of risks or loan assets. The fee received for the sale of PSLCs is recorded as miscellaneous income and the fee paid for purchase of the PSLCs is recorded as other expenditure in Profit and Loss Account. These are amortised over the period of the Certificate.

9 अचल आस्तियां एवं मूल्यह्रास: / Fixed Assets and Depreciation:

अ. आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के मामले में:
A. In case of IDBI Bank Limited:

i. अचल आस्तियों, परिसर को छोड़कर, को संचित मूल्यह्रास घटाकर लागत पर निर्दिष्ट किया जाता है. परिसर का मूल्यांकन बैंक की नीति तथा रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है और उसे संचित मूल्यह्रास घटाकर पुनर्मूल्यांकित राशि के रूप में दर्शाया जाता है.

Fixed assets other than Premises are stated at cost less accumulated depreciation. Premises are revalued in accordance with the Bank's policy and RBI guidelines and the same are stated at revalued amount less accumulated depreciation.

ii. लीज होल्ड परिसर में सुधार को लीज की शेष प्राथमिक अवधि में प्रभारित किया जाता है.

Improvements to lease hold premises are charged off over the remaining primary period of lease..

iii. आस्ति की लागत में क्रय लागत और उपयोग में लाने से पूर्व आस्ति पर उपगत सभी व्यय शामिल होते हैं. उपयोग में लाये जाने पर आस्तियों पर उपगत अनुवर्ती व्यय को तभी पूंजीकृत किया जाता है जब वह ऐसी आस्तियों से भावी लाभ या उनकी कार्यक्षमता बढ़ाता है.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

Cost of asset includes purchase cost and all expenditure incurred on the asset before put to use. Subsequent expenditure incurred on assets which have been put to use is capitalized only when it increases the future benefits from such assets or their functioning capability.

iv. पुनर्मूल्यन, यदि कोई हो, पर मूल्यह्रास पुनर्मूल्यन रिज़र्व में शामिल किया जाता है.

The appreciation on revaluation, if any, is credited to Revaluation Reserve.

v. अचल आस्तियों के संबंध में मूल्यह्रास की गणना लागत अथवा आस्तियों के पुनर्मूल्यांकन की स्थिति में पुनर्मूल्यांकित राशियों के संदर्भ में सीधी रेखा पद्धति पर की जाती है.

Depreciation in respect of fixed assets is calculated on Straight Line Method with reference to cost or revalued amounts, in case of assets revalued.

vi. पुनर्मूल्यांकित आस्तियों के संबंध में, पुनर्मूल्यन के फलस्वरूप अतिरिक्त मूल्यह्रास को तुलन-पत्र में पुनर्मूल्यन रिज़र्व से सामान्य रिज़र्व में अंतरित किया जाता है.

In respect of revalued assets, the additional depreciation consequent to revaluation is transferred from revaluation reserve to general reserve in the balance sheet.

vii. ₹5000/- से कम लागत की अलग-अलग अचल आस्तियों को उनके अर्जन के वर्ष में ही पूर्णत: मूल्यह्रासित किया जाता है.

Fixed assets individually costing less than ₹ 5,000/- are fully depreciated in the year of addition.

viii. मूर्त आस्तियों पर मूल्यह्रास का प्रावधान कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II के भाग इ में उपबंधित अनुसार आस्ति के उपयोगी जीवनकाल के आधार पर किया जाता है. उपयोगी जीवन और शेष मूल्यों की आवधिक समीक्षा की जाती है. यदि प्रबंधन के अनुमान के अनुसार किसी अचल आस्ति को अर्जित करते समय उस अचल अस्ति के अनुमानित जीवनकाल या बाद में समीक्षा करने पर उसका शेष उपयोगी जीवनकाल कम हो जाता है तो प्रबंधन द्वारा उपयोगी जीवनकाल/शेष उपयोगी जीवनकाल के अनुमान के आधार पर मूल्यह्रास की ऊंची दर लगायी जाती है.

Depreciation on tangible assets is allocated over useful life of the asset as prescribed under Part C of Schedule II of the Companies Act 2013. The useful lives and residual values are reviewed periodically. If the management estimate of the useful life of an asset at the time of acquisition of the asset or of remaining useful life on subsequent review is shorter, depreciation is provided at a higher rate based on the management's estimate of useful life / remaining useful life.

ix. वर्ष के दौरान अचल आस्तियों के परिवर्धन / बिक्री पर मूल्यह्रास आस्तियों के वास्तव में धारित करने की अविध के लिए लगाया जाता है.

Depreciation on additions/ sale of fixed assets during the year is provided for the period for which assets are actually held.

x. अचल आस्तियों का उपयोगी जीवनकाल निम्नानुसार है:

The useful lives of Fixed assets are as follows:

आस्ति Asset	उपयोगी जीवनकाल(वर्ष में) Useful Life (in Years)
स्वामित्व वाले परिसर / Owned Premises	60
फर्नीचर एवं फिक्सचर्स / Furniture and fixtures	10
बिजली संस्थापना एवं मशीनरी / Electrical installation and machinery	10
मोटर वाहन / Motor vehicles	8
कंप्यूटर / Computers	3
स्वचालित टेलर मशीन / Automated Teller Machines	8
वी-सैट उपकरण / VSAT equipment	6
कर्मचारियों के पास टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं / Consumer durables with employees	
क) फर्नीचर और फिक्सचर्स a) Furniture and fixtures	10
ख) पर्सनल कंप्यूटर b) Personal Computers	3

xi. अचल लीज वाली भूमि को लीज की अवधि में परिशोधित किया जाता है. लीजहोल्ड सुधारों को उसी परिसंपत्ति श्रेणी में पूंजीकृत किया जाता है और पट्टे की अवधि में परिशोधित किया जाता है.

Leasehold land is amortized over the period of lease. Leasehold improvements are capitalized in the same asset category and amortized over period of lease.

xii. ₹2.50 लाख से अधिक राशि वाले कंप्यूटर सॉफ्टवेयर (नॉन-इंटिग्रल) को पूंजीकृत किया जाता है और इसे इसके उपयोगी जीवनकाल में मूल्यह्रासित किया जाता है जिसकी अवधि अधिकतम 6 वर्ष होती है.

Computer Software individually costing more than ₹ 2.50 Lacs is capitalised and depreciated over its useful life, not exceeding 6 years.

आ. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लिमिटेड के मामले में :

B. In case of IDBI Asset Management Limited :

i. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण को संचित मूल्यह्रास और ह्रास, यदि कोई है तो, को घटाकर अर्जन/स्थापना लागत पर दर्शाया जाता है. लागत में खरीद मूल्य, पूंजीकरण मानदंड पूरा होने पर उधार लेने की लागत और इच्छित उपयोग के लिए परिसंपत्ति को उसकी कार्यशील स्थिति में लाने की प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार लागत शामिल है. प्रयोग में लाई जा रही आस्तियों पर उपगत अनुवर्ती व्यय को तभी पूंजीकृत किया जाता है जब इन आस्तियों से/की भविष्य में भावी लाभ/ कार्य निष्पादन क्षमता में वृद्धि करता है. मौजूदा अचल आस्तियों की मरम्मत एवं रखरखाव और कलपुर्ज़ों के बदलाव की लागत सहित कुल खर्च को जिस अवधि में वे उपगत होते हैं उस अवधि में राजस्व के रूप में प्रभारित किया जाता है.

Property, plant and equipment are stated at cost of acquisition / installation and less accumulated depreciation and impairment loss, if any. Cost comprises purchase price, borrowing costs if capitalisation criteria are met and directly attributable cost of bringing the asset to its working condition for the intended use. Subsequent expenditure incurred on assets put to use is capitalized only when it increases the future benefit/functioning capability from/of such assets. All expenses on existing assets, including repairs and maintenance and cost of replacement of parts are charged as revenue in the period in which they are incurred.

ii. मूल्यह्रास का प्रावधान कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II में निर्धारित रूप में सीधी रेखा पद्धति (एसएलएम) द्वारा किया जाता है. आस्तियों के मूल्यह्रास की दरें कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II के अनुसार आस्ति के उपयोगी जीवनकाल को विचार में लेने के बाद तय की गई हैं. प्रबंधन के अनुमान के अनुसार यदि आस्तियों के अर्जन के समय अचल आस्तियों का उपयोगी जीवनकाल या इसके बाद की जाने वाली समीक्षा के आधार पर शेष उपयोगी जीवनकाल कम है तो मूल्यह्रास का निर्धारण उपयोगी जीवनकाल/ शेष जीवनकाल पर प्रबंधन के अनुमान के आधार पर उच्च दर पर किया जाता है. इस नीति के अनुसरण में निम्नलिखित दरों के अनुसार मूल्यह्रास का प्रावधान किया गया है.

Depreciation is provided on Straight Line Method (SLM) as prescribed in Schedule II to the Companies Act, 2013. The rates of depreciation of assets have been arrived at after considering the useful life of the asset as per schedule II of the Companies Act 2013. If the management's estimate of the useful life of a fixed asset, at the time of acquisition of the asset or of the remaining useful life on a subsequent review is shorter, depreciation is provided at a higher rate based on management's estimates of the useful life/remaining useful life. Pursuant to this policy, depreciation has been provided using the following rates:

अचल आस्तियों की श्रेणी **Description**	उपयोगी जीवन (वर्षों में) **Useful life (in years)**	मूल्यह्रास की दर (%) अवशिष्ट मूल्य को छोडकर **Percentage of depreciation excluding salvage value (%)**
फर्नीचर एवं फिक्सचर्स / Furniture & Fixtures	10.00	9.50
कार्यालय उपकरण / Office Equipment	5.00	19.00
कंप्यूटर हार्डवेयर / Computer Hardware	3.00	33.33
संचार उपकरण Communication Equipments	3.00	33.33

iii. एकल रूप से ₹ 2.50 लाख से अधिक की लागत वाले कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर को 5 वर्ष की अवधि के दौरान पूंजीकृत तथा मूल्यह्रासित किया जाता है, एकल रूप से ₹ 2.50 लाख से कम की लागत वाले कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर को क्रय / अर्जन के वर्ष में पूर्णत: मूल्यह्रासित किया जाता है.

Computer software individually costing more than ₹ 2.50 lakhs is capitalized and depreciated over a period of 5 years, Computer software individually costing less than ₹ 2.50 lakhs is fully depreciated in the year of purchase/acquisition.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

iv. कंपनी आस्ति के उपयोग में लाये जाने की तारीख से तथा बेची गई किसी आस्ति के लिए उसकी बिक्री तारीख तक आनुपातिक आधार पर मूल्यह्रास का प्रावधान करती है.

The Company provides pro-rata depreciation from the date the asset is put to use and for any asset sold until the date of sale.

v. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण, सॉफ्टवेयर के अलावा, व्यक्तिगत रूप से ₹ 5,000/- या उससे कम लागत की खरीद / अधिग्रहण के वर्ष में पूरी तरह से मूल्यह्रास किया जाता है.

Property, plant and equipment, other than software, individually costing ₹ 5,000 or less are fully depreciated in the year of purchase / acquisition.

इ. आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड के मामले में :
C. In case of IDBI Intech Limited :

i. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण को उनकी संचित मूल्यह्रास/ परिशोधन और ह्रासित हानि, यदि कोई हो, को घटाकर अधिग्रहण की लागत को दर्शाया जाता है. लागत में लक्षित प्रयोग के लिए कार्यशील परिस्थितियों में लाने हेतु आस्ति के अधिग्रहण में हुए सभी व्यय शामिल होते हैं.

Property, Plant and Equipment's are stated at cost of acquisition less accumulated depreciation / amortisation and impairment loss, if any. Cost includes all expenses incurred for acquisition of assets to bring them to working conditions for intended use.

ii. जिन अचल संपत्तियों की लागत रिपोर्टिंग तिथि पर उनके इच्छित उपयोग के लिए अभी तक तैयार नहीं हैं, उन्हें पूंजीगत कार्य-प्रगति के रूप में दिखाया जाता है.

The cost of the fixed assets that are not yet ready for their intended use at the reporting date are shown as capital work-in progress.

iii. अचल संपत्तियों पर मूल्यह्रास और परिशोधन अधिनियम की अनुसूची II की विशेषज्ञ तकनीकी सलाह / शर्तों के आधार पर प्रबंधन द्वारा निर्धारित परिसंपत्तियों के अनुमानित उपयोगी जीवन के आधार पर सीधी-रेखा पद्धति पर प्रदान किया जाता है. व्यक्तिगत रूप से ₹ 5,000/- से कम लागत वाली संपत्तियों को जोड़ने के वर्ष में पूरी तरह से मूल्यह्रास किया जाता है. एक अवधि के दौरान खरीदी/निपटान की गई संपत्ति पर मूल्यह्रास आनुपातिक रूप से वसूला जाता है.

Depreciation and amortisation on fixed assets is provided on straight-line method based on the estimated useful lives of the assets as determined by the management based on the expert technical advice/stipulations of schedule II to the Act. Assets individually costing less than ₹ 5,000/- are fully depreciated in the year of addition. Depreciation on assets purchased / disposed of during a period is proportionately charged.

iv. निर्माण और स्थापना पूर्ण होने तक और परिसंपत्ति के अपने इच्छित उपयोग के लिए तैयार होने तक मूल्यह्रास को पूंजीगत कार्य-प्रगति पर दर्ज नहीं किया जाता है.

Depreciation is not recorded on capital work-in-progress until construction and installation are complete and the asset is ready for its intended use.

v. मूल्यह्रास या परिशोधन विधियों, उपयोगी जीवन और अवशिष्ट मूल्यों की समीक्षा प्रत्येक वर्ष के अंत में आवधिक रूप से की जाती है.

Depreciation or amortisation methods, useful lives and residual values are reviewed periodically at each year end.

आस्ति वर्ग Asset class	अनुमानित उपयोगी जीवन Estimated Useful life
कंप्यूटर एवं सहायक उपकरण / Computers & accessories	
सर्वर एवं नेटवर्क / Servers & networks	6 वर्ष / 6 years
डेस्कटॉप एवं लैपटॉप / Desktops & laptops	3 वर्ष / 3 years
कार्यालय के उपकरण / Office equipment's	
मोबाइल हैंडसेट / Mobile handsets	3 वर्ष / 3 years
अन्य उपकरण / Other equipments	5 वर्ष / 5 years
बिजली उपकरण / Power equipments	10 वर्ष / 10 years
फर्नीचर एवं फिक्सचर्स / Furniture and fixtures	10 वर्ष / 10 years
मोटर कार / Motor car	8 वर्ष / 8 years
विद्युत संस्थापनाएँ / Electrical installations	10 वर्ष / 10 years
अमूर्त आस्तियां / Intangible assets	5 वर्ष / 5 years

ई. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लिमिटेड के मामले में :
D. In case of IDBI Trusteeship Services Limited :

अचल आस्तियों को अर्जन की मूल लागत तथा उनके अर्जन के संबंध में उपगत संस्थापना प्रभार पर दर्शाया जाता है. लागत में खरीद मूल्य और आस्तियों को उनके आशयित उपयोग के लिए कार्य करने लायक स्थिति में लाने से संबंधित लागत शामिल है. कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अंतर्गत निर्धारित किए गए अनुसार मूल्यह्रास निर्धारित दर पर अवलिखित आधार पर प्रभारित किया जाता है. आस्ति के परिवर्धन पर मूल्यह्रास का प्रावधान ऐसे परिवर्धन की तारीख से और निपटान के लिए ऐसे निपटानों की तारीख तक किया जाता है. कम लागत वाली अलग-अलग आस्तियों (₹5000/- से कम राशि में अर्जित) को उनके अर्जन के वर्ष में मूल्यह्रासित किया जाता है.

Fixed assets are stated at original cost of acquisition plus installation charges incurred in connection with the acquisition. Cost comprises of purchase price and attributable cost of bringing the assets to its working condition for its intended use. The depreciation is charged on Written down Value basis as prescribed in schedule II of the Companies Act 2013. The depreciation on the addition of the asset is provided from the date of such addition and for disposals up to the date of such disposals. Individual low cost assets (acquired for less than ₹5,000/-) are depreciated in the year of acquisition.

उ. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज लिमिटेड के मामले में :
E. In case of IDBI Capital Markets & Securities Limited :

i. संपत्ति की मदें, संयंत्र और उपकरण की पहचान आरंभ में लागत पर की जाती है और तत्पश्चात संचित मूल्यह्रास तथा हानि को घटाकर मूल लागत पर की जाती है. संपत्ति की मदों, संयंत्र और उपकरणों के मूल्यह्रास की गणना कंपनी अधिनियम की अनुसूची छ में निर्दिष्ट किए अनुसार उनके आकलित उपयोगी जीवनकाल पर मूल्य ह्रासित राशि पर सीधी रेखा पद्धति के द्वारा निम्नानुसार की जाती है.

Items of property, plant and equipment are initially recognised at cost and subsequently carried at cost less accumulated depreciation and accumulated impairment losses. Depreciation on items of property, plant and equipment is calculated using the straight-line method to allocate their depreciable amounts over their estimated useful lives as specified in Schedule II to the Companies Act as follows:

आस्ति वर्ग Asset class	अनुमानित उपयोगी जीवन काल Estimated Useful life
भवन / Buildings	60 वर्ष / 60 years
कम्प्यूटर / Computers	3 वर्ष / 3 years
फर्नीचर एवं फिक्सचर / Furniture and fixtures	10 वर्ष / 10 years
कार्यालय उपकरण / Office Equipments	5 वर्ष / 5 years
वाहन / Vehicles	5 वर्ष / 5 years

ii. सभी सभी मूर्त आस्तियों को अधिग्रहण के वर्ष में ₹ 5,000/- से कम मूल्य की एकल आस्तियों तथा सक्रिय रूप से उपयोग में न आ रही आस्तियों को पूर्णत: मूल्यह्रासित कर दिया जाता है.

All Tangible Assets having individual value of less than ₹ 5,000/- in the year of acquisition and assets retired from active use are fully depreciated.

iii. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण, जिनकी एकल लागत ₹ 5,000 अथवा कम हो, को खरीदी/ अधिग्रहण वर्ष में पूर्णत: मूल्यह्रासित कर दिया जाता है.

Property, Plant and Equipment, individually costing ₹ 5000/- or less are fully depreciated in the year of purchase/acquisition.

iv. संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों के अवशिष्ट और अनुमानित उपयोगी जीवन काल की समीक्षा और समायोजन यथा उपयुक्त रूप से प्रत्येक तुलन-पत्र की तारीख को की जाती है. किसी भी संशोधन के प्रभाव को परिवर्तन होने पर लाभ या हानि में दर्शाया जाता है.

The residual values and estimated useful lives of property, plant and equipment are reviewed, and adjusted as appropriate, at each balance sheet date. The effects of any revision are recognized in profit or loss when the changes arise.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ऊ. आईडीबीआई फ़ेडरल लाइफ इंश्योरेस कंपनी लिमिटेड के मामले में :
F. In case of Ageas Federal Life Insurance Company Limited :

संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण को संचित मूल्यह्रास घटाकर लागत पर दर्शाया जाता है .लागत में खरीद मूल्य और उस आस्ति को उसके उपयोग के लिए कार्य करने लायक स्थिति में लाने के लिए प्रत्यक्ष रूप से उपगत कोई भी लागत शामिल हैं. मूल्यह्रास को कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II में निर्धारित रूप में आस्ति की प्रत्येक श्रेणी के न्यूनतम उपयोगी जीवनकाल के आधार पर अर्जन की तारीख से / बिक्री की तारीख तक आनुपातिक रूप में सीधी रेखा पद्धति (एसएलएम) का प्रयोग करते हुए मूल्यह्रास का प्रावधान किया जाता है, जो नीचे दर्शाया गया है :

Property, Plant & Equipment is stated at cost less accumulated depreciation. Cost includes the purchase price and any cost directly attributable to bringing the asset to its working condition for its intended use. The Depreciation is provided using Straight Line Method ('SLM') prorated from the date of acquisition/up to the date of sale, based on estimated useful life for each class of asset in the manner specified in Schedule II of the Companies Act, 2013, as stated below:

आस्ति Asset	उपयोगी जीवनकाल (वर्ष में) Useful Life (in Years)
भवन / Buildings	60 वर्ष / 60 years
पट्टाधृत उन्नयन / Leasehold improvements	3 वर्ष / 3 years
संचार नेटवर्क व सर्वर Communication networks and servers	6 वर्ष / 6 years
कंप्यूटर तथा पेरिफेरल उपकरण Computers and peripheral equipment's	3 वर्ष / 3 years
कार्यालय उपकरण / Office Equipments	5 वर्ष / 5 years
फर्नीचर एवं फिटिंग / Furniture and fittings	10 वर्ष / 10 years
मोटर वाहन / Motor Vehicles	8 वर्ष / 8 years
बिजली स्थापन व उपकरण Electrical Installations and Equipment's	10 वर्ष / 10 years

ए. आईडीबीआई म्यूचुअल फ़ंड ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड के मामले में :
G. In case of IDBI Mutual Fund Trustee Company Limited :

i. **स्वामित्व वाली आस्ति: / Owned Asset:**

स्वयं के उपयोग के लिए ली गई आस्ति पर उनके संचित मूल्यह्रास और ह्रासित हानि, यदि कोई हो, को घटाकर मूल लागत को दर्शाया जाता है. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की लागत में क्रय मूल्य, शुल्क, कर और आस्तियों को उनके आशयित उपयोग के लिए कार्य करने की स्थिति में लाने से संबंधित अन्य प्रत्यक्ष लागत शामिल है.

Assets held for own uses are stated at original cost less accumulated depreciation and impairment loss, if any. Cost of Property, plant and equipment comprises Purchase price, duties, levies and any directly attributable costs of bringing the assets to its working condition of the intended use.

आस्ति हेतु मूल्यह्रास राशि आस्ति की लागत या लागत के लिए प्रतिस्थापित अन्य राशि, आकलित अवशिष्ट मूल्य घटाकर है.

Depreciable amount for asset is the cost of an asset, or other amount substituted for cost, less its estimated residual value.

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण अनुमानित उपयोगी जीवनकाल जो कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II के अनुरूप है और मूल्यह्रास की पद्धति निम्नानुसार उल्लिखित की गई है:

The estimated useful life of Property, plant and equipment which except as stated hereunder is in line with schedule II to the Companies Act 2013 and the method of depreciation is set out here in below:

मोबाइल फोन के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत 5 साल का उपयोगी जीवन निर्धारित है, जबकि कंपनी द्वारा आंतरिक रूप से प्राप्त तकनीकी सलाह के आधार पर इसे 3 साल की अवधि के लिए मूल्यह्रासित किया जाता है.

For mobile phone the useful life is prescribed of 5 years under Companies Act, 2013, whereas it is depreciated for a period of 3 years based on the technical advice internally obtained by the company

आस्ति Assets	उपयोगी जीवनकाल Useful Life	मूल्यह्रास की पद्धति Method of Depreciation
संयंत्र एवं उपकरण Plant & Equipment's	15 वर्ष 15 Years	सीधी रेखा पद्धति Straight Line Method
फर्नीचर एवं फिक्सचर Furniture & Fittings	10 वर्ष 10 Years	सीधी रेखा पद्धति Straight Line Method
विद्युत उपकरण Electrical Equipment's	10 वर्ष 10 Years	सीधी रेखा पद्धति Straight Line Method
वाहन Vehicles	8 वर्ष 8 Years	सीधी रेखा पद्धति Straight Line Method
कार्यालय उपकरण Office Equipment's	5 वर्ष 5 Years	सीधी रेखा पद्धति Straight Line Method
कम्प्यूटर Computers	3 वर्ष 3 Years	सीधी रेखा पद्धति Straight Line Method
मोबाइल फोन Mobile Phones	3 वर्ष 3 Years	सीधी रेखा पद्धति Straight Line Method

10 प्रतिभूतीकरण लेन-देन:
Securitization Transactions:

विभिन्न ऋणों के प्रतिभूतीकरण से इन आस्तियों की विशेष प्रयोजन वाली संस्थाओं (एसपीवी) को बिक्री की जाती है, जो इसके बदले में निवेशकों को प्रतिभूतियां जारी करती हैं . प्रतिभूतिकृत आस्तियों वाले अनुबंधित अधिकारों पर जब नियंत्रण नहीं रहता है तो ऐसी वित्तीय आस्तियों को आंशिक अथवा पूर्णत: अमान्य कर दिया जाता है. बैंक खातों को बिक्री के समय ही होने वाली किसी भी हानि के लिए और बिक्री से होने वाले लाभ/प्रीमियम को एसपीवी द्वारा, जिन्हें आस्तियां बेची गयी हैं, जारी की गयी या जारी की जाने वाली प्रतिभूतियों के जीवन काल में परिशोधित किया जाता है.

Securitization of various loans results in sale of these assets to Special Purpose Vehicles ('SPVs'), which, in turn issue securities to investors. Financial assets are partially or wholly derecognized when the control over the contractual rights in the securitized assets is lost. The Bank accounts for any loss arising on sale immediately at the time of sale and the profit/ premium arising on account of sale is amortized over the life of the securities issued/ to be issued by the SPV to which the assets are sold.

11 प्रतिभूतीकरण कंपनियों/पुनर्संरचना कंपनियों को वित्तीय आस्तियों की बिक्री:
Sale of financial assets to Securitization Companies/Reconstruction Companies:

प्रतिभूतीकरण कंपनी (एससी)/ पुनर्संरचना कंपनी (आरसी) को वित्तीय आस्तियों की बिक्री की गणना प्रतिभूति रसीद (एसआर)/ प्रभाव अंतरण प्रमाणपत्र (पीटीसी) के भुनाई मूल्य और वित्तीय आस्ति के निवल बही मूल्य में से निम्नतर आधार पर की जाती है.

Sale of financial assets to Securitization Companies (SCs) / Reconstruction Companies (RCs) is reckoned at the lower of the redemption value of Security Receipts (SRs)/ Pass through Certificates (PTCs) received and the net book value of the financial asset.

पूरी तरह से प्रावधान की गई आस्तियों अर्थात् संदिग्ध आस्तियों की बिक्री और तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गए मामलों में प्रतिभूति रसीदों (एसआर) की बैंक की निवेश बही में एक रुपए के रूप में गणना की जाती है.

In case of sale of assets which are fully provided and Technically Written off, the Security Receipts (SRs) are reckoned at Rupee one in the investment book of the Bank.

यदि विक्रय मूल्य निवल बही मूल्य (एनबीवी) (अर्थात् बही मूल्य धारित प्रावधान हटाकर) से कम मूल्य पर किया जाता है तो कमी को उस वर्ष के लाभ-हानि खाते में डेबिट किया जाता है. बैंक अनर्जक आस्तियों की बिक्री में किसी भी कमी अर्थात् जब बिक्री एनबीवी से कम हो, को पूरा करने के लिए रिज़र्व बैंक की अनुमति से प्रतिचक्रीय प्रावधानों का भी प्रयोग करता है.

In case the sale value is at a price below the Net Book Value (NBV) (i.e., book value less provision held), the shortfall is be debited to the profit and loss account of that year. The Bank also uses, with permission of RBI, countercyclical provision for meeting any shortfall on sale of NPAs i.e. when the sale is at a price below the NBV.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

यदि विक्रय मूल्य निवल बही मूल्य से अधिक होता हैं तो अतिरिक्त प्रावधान को राशि के प्राप्त होने वाले वर्ष में ही प्रत्यावर्तित कर दिया जाता है. तथापि, आधिक्य प्रावधान का ऐसा प्रत्यावर्तन आस्ति के एनबीवी से अधिक प्राप्त नकद राशि तक सीमित है.

In case, sale value is higher than the NBV, the excess provision is reversed to the profit and loss account in the year in which cash amounts are received. However, such reversal of excess provision is limited to the extent to which cash received exceeds the NBV of the asset.

12 विदेशी मुद्रा लेन-देन: / Foreign Currency Transactions:

अ. आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के मामले में:

A. In case of IDBI Bank Limited:

i. विदेशी मुद्रा लेन-देन को आरंभिक अभिनिर्धारण होने पर लेन-देन की तारीख के प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया जाता है. मौद्रिक विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं को भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापार संघ (फेडाई) द्वारा निर्धारित बंद दरों पर रूपांतरित किया जाता है और इसके फलस्वरूप होने वाले लाभ या हानि को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है. मौद्रिक मदों के निपटान से उत्पन्न होने वाले विनिमय अंतरों को उस अवधि की आय या व्यय के रूप में माना जाता है जिसमें वे उत्पन्न होते हैं.

Foreign currency transactions, on initial recognition are recorded at the exchange rate prevailing on the date of transaction. Monetary foreign currency assets and liabilities are translated at the closing rates prescribed by Foreign Exchange Dealers Association of India (FEDAI) and the resultant gain or loss is recognized in the Profit and Loss account. Exchange differences arising on the settlement of monetary items are recognized as income or expense in the period in which they arise.

ii. ऐसी वायदा विनिमय संविदाओं, जो व्यापार के लिए नहीं की गई हैं, की शुरुआत में प्राप्त प्रीमियम या बट्टे को संविदा के जीवनकाल में व्यय या आय के रूप में परिशोधित किया जाता है. अन्य वायदा विनिमय संविदाओं पर प्रीमियम या छूट को हिसाब में नहीं लिया जाता है.

Premium or discount arising at the inception of Forward Exchange Contracts which are not intended for trading is amortized as expense or income over the life of the contract. Premium or discount on other Forward Exchange Contracts is not recognized.

iii. ऐसी बकाया वायदा विनिमय संविदाओं, जो व्यापार के लिए नहीं हैं, का अंतिम फेडाई दरों पर पुनर्मूल्यन किया जाता है. अन्य बकाया वायदा विनिमय संविदाओं का पुनर्मूल्यन फेडाई द्वारा विर्निदिष्ट परिपक्वताओं के लिए अधिसूचित विनिमय दरों या बीच की परिपक्वताओं की अंतर्वेशित दरों पर किया जाता है. इससे होने वाले लाभ/हानि को लाभ-हानि लेखे में शामिल किया जाता है.

Outstanding Forward Exchange Contracts which are not intended for trading are revalued at closing FEDAI rates. Other outstanding Forward Exchange Contracts are valued at rates of exchange notified by FEDAI for specified maturities or at interpolated rates for in-between maturities. The resultant profits/ losses are recognized in the Profit and Loss Account.

iv. वायदा विनिमय संविदाओं के समय से पहले समाप्त होने पर होने वाले लाभ/ हानि, बिना परिशोधित प्रीमियम या छूट, यदि कोई हो, को समाप्ति की तिथि पर लाभ और हानि के विवरण में दर्शाया जाता है.

Profits/ losses arising on premature termination of Forward Exchange Contracts, together with unamortized premium or discount, if any, are recognized in the statement of profit & loss on the date of termination.

v. बकाया वायदा विनिमय संविदाओं के संबंध में आकस्मिक देयताओं की गणना विनिमय की अनुबंधित दरों पर की जाती है और गारंटियों, स्वीकृतियों, पृष्ठांकनों एवं अन्य दायित्वों की गणना फेडाई की अंतिम दरों पर की जाती है.

Contingent liabilities in respect of outstanding forward exchange contracts are calculated at the contracted rates of exchange and those in respect of guarantees, acceptances, endorsements and other obligations are calculated at the closing FEDAI rates.

vi. विदेशी शाखा के परिचालनों को 'एकीकृत विदेशी परिचालनों' के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. मौद्रिक और गैर-मौद्रिक दोनों विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां और गैर-अभिन्न विदेशी परिचालनों की देनदारियों को बैलेंस शीट की तारीख में फेडाई द्वारा अधिसूचित अंतिम विनिमय दरों पर रूपांतरित किया जाता है, आय और व्यय मदों का त्रैमासिक औसत दरों पर रूपांतरित किया जाता है और विनिमय अंतरों के परिणामस्वरुपं उत्पन्न लाभ / हानि से उत्पन्न होता है. विनिमय अंतर को विदेशी मुद्रा विनिमय खाते में तब तक जमा किया जाता है जब तक कि एएस-11, विदेशी मुद्रा दरों में रूपांतरण के प्रभाव और आरबीआई के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार गैर-एकीकृत विदेशी परिचालनों का निपटान नहीं किया जाता है.
Operations of foreign branch are classified as `Non-Integral Foreign Operations'. Both monetary and non-monetary foreign currency assets and liabilities of non-integral foreign operations are translated at closing exchange rates notified by FEDAI at the Balance Sheet date, Income and Expenditure items are translated at quarterly average rates and the resulting profit / loss arising from exchange differences are accumulated in the Foreign Currency Translation Account until disposal of the non-integral foreign operations in accordance with AS-11, *The Effects of Changes in Foreign Exchange Rates and the extant RBI guidelines*.

आ. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मामले में:
B. In case of IDBI Asset Management Limited :

विदेशी मुद्रा लेनदेन को लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया जाता है. वर्ष के दौरान निपटान किए गए विदेशी मुद्रा लेनदेन के कारण होने वाले विनिमय अंतर, यदि कोई हो, को लाभ-हानि विवरण में दर्शाया जाता है.

Foreign currency transactions are recorded at the rates of exchange prevailing on the date of the transactions. Exchange difference, if any, arising out of the foreign exchange transactions settled during the year are recognized in the statement of Profit and Loss.

इ. एजिस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मामले में :
C. In case of Ageas Federal Life Insurance Company Limited :

विदेशी मुद्राओं में लेनदेन को लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया किया जाता है .विदेशी मुद्रा में मौद्रिक आस्तियों और देयताओं, यदि कोई हों, का रूपान्तरण वर्ष के अंत में समाप्त दर पर किया जाता है. निपटान/रूपान्तरण पर होने वाले परिणामी विनिमय लाभ या हानि को राजस्व या लाभ-हानि लेखे, जैसा लागू हो, में दर्शाया जाता है.

Transactions in foreign currencies are recorded at the exchange rates prevailing at the date of the transaction. Monetary assets and liabilities in foreign currency, if any, are translated at the year-end closing rates. The resultant exchange gain or loss arising on settlement/translation is recognized in the Revenue or Profit and Loss Account as applicable.

ई. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज लिमिटेड के मामले में :
D. In case of IDBI Capital Markets & Securities Limited :

विदेशी मुद्रा लेनदेन को लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया जाते है. वर्ष के अंत में, विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गित मौद्रिक मदों की रिपोर्टिंग अंतिम विनिमय दर का प्रयोग करते हुए की जाती है. उन पर उत्पन्न होने वाले तथा विदेशी मुद्रा वसूली/भुगतान पर होने वाले विनिमय अंतर को सम्बद्ध वर्ष के दौरान आय या व्यय के रुप में हिसाब में लिया जाता है.

Foreign currency transactions are recorded at the rates of exchange prevailing on the date of the transaction. At the year end, monetary items denominated in foreign currency are reported using the closing rate of exchange. Exchange difference arising thereon and on realization / payments of foreign exchange are accounted as income or expenses in the relevant year.

उ. आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड के मामले में :
E. In case of IDBI Intech Limited :

विदेशी मुद्रा में संव्यवहार, संव्यवहार के समय प्रभावी विनिमय की मूल दर पर दर्ज किए जाते हैं. विदेशी मुद्रा संव्यवहार के निपटान से उत्पन्न विनिमय अंतर को लाभ और हानि के विवरण में शामिल किया जाता है. विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गित मौद्रिक वस्तुएं तुलन पत्र की तारीख को प्रचलित विनिमय दर का प्रयोग कर पुन:स्थापित की जाती हैं और इसके परिणामस्वरूप होने वाले निवल विनिमय अंतर को लाभ और हानि विवरण में दर्शाया जाता है.

Transactions in foreign currency are recorded at the original rate of exchange in force at the time transactions are effected. Exchange differences arising on settlement of foreign currency transactions are recognized in the Statement of Profit and Loss. Monetary items denominated in foreign currency are restated using the exchange rate prevailing at the date of the Balance Sheet and the resulting net exchange difference is recognized in the Statement of Profit and Loss.

मुद्रा दरों में उतार-चढ़ाव से उत्पन्न होने वाली अस्थिरता को कम करने की दृष्टि से, कंपनी विदेशी मुद्रा वायदा संविदाएं निष्पादित करती है. वायदा विनिमय संविदाओं और अन्य समान लिखत जो पूर्वानुमानित लेनदेन के संबंध में नहीं हैं, उन्हें लेखांकन मानक ('एएस') 11 यथा 'विदेशी विनिमय दरों में परिवर्तन के प्रभाव' में के दिशानिर्देशों का उपयोग करते हुए लेखांकित किया गया है. इन वायदा विनिमय संविदाओं और एएस-11 द्वारा कवर किए गए अन्य समान लिखतों के संबंध में संविदा की प्रकृति और उद्देश्य के आधार पर या तो संविदाओं को रिपोर्टिंग तिथि पर अग्रिम दर/उचित मूल्य के आधार पर दर्ज किया जाता है, या रिपोर्टिंग तिथि पर स्पॉट विनिमय दर के आधार पर दर्ज किया जाता है.

With a view to minimize the volatility arising from fluctuations in currency rates, the Company enters into foreign exchange forward contracts. Forward exchange contracts and other similar instruments that are not in respect of forecasted transactions are accounted for using the guidance in Accounting Standard ('AS') 11, 'The effects of changes in foreign exchange rates'. For such forward exchange contracts and other similar instruments covered by AS-11, based on the nature and purpose of the contract, either the contracts are recorded based on the forward rate/fair value at the reporting date, or based on the spot exchange rate on the reporting date.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ऊ. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लिमिटेड के मामले में :
F. In case of IDBI Trusteeship Services Limited :

विदेशी मुद्रा में लेनदेन को लेनदेन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर बहियों में दर्ज किया जाता है. विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं में मूल्यवर्गित सभी मौद्रिक मदों को वर्ष के अंत में प्रचलित विनिमय दर पर पुन: दर्शाया जाता है. निपटान या लेनदेन पर विनिमय अंतर के कारण आय या व्यय को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है.

Transactions in foreign currencies are recorded in the books by applying the exchange rates prevailing on the date of the transaction. All monetary items denominated in foreign currency assets and liabilities are restated at the exchange rate prevailing at the year end. Any income or expense on account of the exchange difference either on settlement or on transaction is recognized in the profit & loss account.

ए. आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड के मामले में :
G. In case of IDBI MF Trustee Company Limited :

विदेशी मुद्रा लेनदेन: / Foreign currency transactions:

विदेशी मुद्राओं में लेन-देन का हिसाब लेन-देन की तारीख को विनिमय की प्रचलित दरों पर किया जाता है. विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं में अंकित सभी मौद्रिक मदों को वर्षांत की तिथि के अनुसार विनिमय की प्रचलित दरों पर पुनर्कथित किया जाता है.निपटान या लेनदेन पर विनिमय अंतर के कारण आय या व्यय को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है.

Transactions in foreign currencies are accounted for at the prevailing rates of exchange on the date of the transaction. Foreign currency monetary items are restated at the prevailing rates of exchange as at the Balance sheet date. All gains and losses arising out of fluctuations in exchange rates are accounted for in the statement of Profit and Loss.

13 कर्मचारी लाभ: / Employee Benefits:

अ. आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के मामले में:
A. In case of IDBI Bank Limited:

पेंशन: / Pension:

परिभाषित लाभ योजना के तहत पेंशन के लिए पात्र कर्मचारियों के समूह को देय पेंशन के संबंध में, बैंक अपने द्वारा स्थापित और न्यासी बोर्ड द्वारा प्रशासित पेंशन फंड ट्रस्ट को वेतन का 10% योगदान देता है. बैंक प्रत्येक तुलन पत्र तिथि पर पेंशन देयता के एक स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर देयता की कमी के लिए अतिरिक्त राशि का योगदान देता है, जिसकी गणना जनसांख्यिकी, वेतन वृद्धि, मृत्यु दर और छूट दर के बारे में कुछ मान्यताओं के आधार पर की जाती है. प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट मेथड का उपयोग करके देयता / परिभाषित लाभ निर्धारित किया जाता है. बीमांकिक लाभ या हानि को लाभ और हानि खाते में उस अवधि के लिए हिसाब में लिया जाता है जिसमें वे होते हैं.

In respect of Pension payable to the group of employees who are eligible for Pension under Defined Benefit Scheme, Bank contributes 10% of pay to Pension Fund Trust set up by the Bank and administered by the Board of Trustees. Bank further contributes for an additional amount towards the liability shortfall, based on an independent Actuarial valuation of Pension liability at each Balance Sheet date which is calculated based on certain assumptions about demographics, salary increase, attrition rate, mortality rate and discounting rate. The liability / defined benefit is determined using the Projected Unit Credit Method. Actuarial gains or losses are recognized in the profit and loss account for the period in which they occur.

नई पेंशन योजना (एनपीएस): / New Pension Scheme (NPS):

नई पेंशन योजना (एनपीएस) के तहत कवर किए गए कर्मचारियों के संबंध में, बैंक परिभाषित योगदान योजना में कर्मचारियों के वेतन का एक निश्चित प्रतिशत योगदान देता है,जिसे पेंशन फंड कंपनियों द्वारा प्रबंधित और प्रशासित किया जाता है. बैंक के पास इसके योगदान के अलावा कोई दायित्व नहीं है और इस तरह के योगदान को वर्ष में किए गए खर्च के रूप में मान्यता देता है.

In respect of the employees covered under New Pension Scheme (NPS), Bank contributes a certain percentage of the Salary of employees to the defined scheme, a defined contribution plan, which is managed and administered by Pension Fund companies. Bank has no liability other that its contribution and recognizes such contribution as an expense in the year incurred.

छुट्टी नकदीकरण: / Leave Encashment:

बैंक की एक निश्चित शेष दिनों तक बैंक से बाहर निकलने के बाद सभी कर्मचारियों के लिए सामान्य छुट्टी/ विशेषाधिकार छुट्टी के नकदीकरण की नीति है. बैंक इस तरह के छुट्टी नकदीकरण के लिए प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख पर उस तारीख को छुट्टी शेष के लिए एक स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रावधान करता है. इस तरह की देनदारी की गणना जनसांख्यिकी, वेतन वृद्धि, नौकरी छोड़ने की दर, मृत्यु दर और छूट दर के बारे में कुछ मान्यताओं के आधार पर की जाती है.

The Bank has a policy of encashment of Ordinary Leave/ Privileged Leave for all employees after their exit from the Bank upto a certain balance number of days. The Bank provides for such leave encashment based on an independent actuarial valuation at each Balance Sheet date for the leave balances as on that date. Such liability is calculated based on certain assumptions about demographics, salary increase, attrition rate, mortality rate and discounting rate.

स्वैच्छिक स्वास्थ्य योजना (वीएचएस): / Voluntary Health Scheme (VHS):

यह योजना बैंक की स्वैच्छिक स्वास्थ्य योजना (वीएचएस) है जो विभिन्न ग्रेड के कर्मचारियों के लिए निर्धारित सीमा (घरेलू और अस्पताल में भर्ती) के अनुसार कर्मचारियों और उनके पति या पत्नी और आश्रित बच्चों (जैसा लागू हो) की सेवानिवृत्ति के बाद की चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करती है. यह योजना वैकल्पिक थी और सदस्यता के लिए बंद कर दी गई है. इसके अलावा, बैंक तुलन पत्र की तारीख के अनुसार इस योजना के लिए एक स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर कमी राशि के लिए अतिरिक्त राशि के लिए योगदान देता है, जिसकी गणना अवधि के लिए फंड के वास्तविक उपयोग और उन लोगों के लिए शेष सीमा के आधार पर की जाती है जिन्होंने सदस्यता ली है.

The Bank has a Voluntary Health Scheme (VHS) which caters to the post-retirement medical needs of the employees and their spouse & dependent children (as applicable) as per the limits (domiciliary and hospitalization) set for various Grades of employees. This scheme was optional and has been closed for subscription. Further, Bank contributes for an additional amount towards the shortfall amount based on an independent actuarial valuation for this scheme as on Balance Sheet date which is calculated based on the actual utilization of the fund for the period and the balance limits for those who have subscribed to the scheme.

ग्रेच्युटी: / Gratuity:

ग्रेच्युटी के प्रति बैंक का दायित्व है. यह एक परिभाषित सेवानिवृत्ति लाभ योजना है जिसमें सभी पात्र कर्मचारियों को इस्तीफा, सेवानिवृत्ति, रोजगार के दौरान मृत्यु या रोजगार की समाप्ति पर शामिल किया गया है. बैंक आईडीबीआई बैंक कर्मचारी ग्रेच्युटी फंड ट्रस्ट में योगदान देता है, जिसे ट्रस्टियों द्वारा प्रशासित किया जाता है. जिन कर्मचारियों ने 5 साल की सेवा पूरी कर ली है लेकिन 10 साल से कम हो, उन्हें ग्रेच्युटी अधिनियम के अनुसार ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाता है. ग्रेच्युटी के भुगतान के लिए ग्रेच्युटी अधिनियम के नियमों के अलावा बैंक के पास ग्रेच्युटी नियम, 2004 का एक अलग सेट है. ग्रेच्युटी नियम, 2004 उन कर्मचारियों पर लागू होते हैं जिन्होंने 10 साल की सेवा अवधि पूरी कर ली है और उनके लिए ग्रेच्युटी की गणना के लिए एक अलग पद्धति है. ऐसे कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी की गणना ग्रेच्युटी अधिनियम और ग्रेच्युटी नियम दोनों के अनुसार की जाती है और जो भी कर्मचारी के लिए फायदेमंद हो, उसका भुगतान किया जाता है.

The bank has an obligation towards gratuity, a defined benefit retirement plan covering all eligible employees on resignation, retirement, death while in employment or on termination of employment. The Bank makes contributions to IDBI Bank Employees' Gratuity Fund Trust, administered by the Trustees. The employees who have completed 5 years of service but less than 10 years, Gratuity is paid as per Gratuity Act. Bank has a separate set of Gratuity Rules, 2004 apart from the rules as per Gratuity Act for payment of Gratuity. The Gratuity Rules, 2004 are applicable to those employees who have completed 10 years of service period and have a separate methodology for calculation of Gratuity. For such employees gratuity is calculated as per both Gratuity Act and Gratuity Rules and are paid the amount whichever is beneficial to employee.

बैंक त्रैमासिक आधार पर ग्रेच्युटी देयता के स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर देयता की कमी के लिए योगदान देता है, जिसकी गणना जनसांख्यिकी, वेतन वृद्धि, मृत्यु दर, मृत्यु दर और छूट दर के बारे में कुछ मान्यताओं के आधार पर की जाती है. प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट मेथड का उपयोग करके देयता / परिभाषित लाभ निर्धारित किया जाता है. बीमांकिक लाभ या हानि को लाभ और हानि खाते में उस अवधि के लिए हिसाब में लिया जाता है जिसमें वे होते हैं.
Bank contributes towards the liability shortfall, based on an independent Actuarial Valuation of Gratuity liability on a quarterly basis which is calculated based on certain assumptions about demographics, salary increase, attrition rate, mortality rate and discounting rate. The liability / defined benefit is determined using the Projected Unit Credit Method. Actuarial gains or losses are recognized in the profit and loss account for the period in which they occur.

भविष्य निधि: / Provident Fund:

बैंक कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1925 के अंतर्गत कवर है. पात्र कर्मचारियों के अनिवार्य योगदान एवं बैंक के योगदान (पीएफ का विकल्प चुनने वालों के लिए से कोष बना है. अगस्त 2018 से आईडीबीआई बैंक कर्मचारी भविष्य निधि कोष का प्रबन्धन आईडीबीआई बैंक कर्मचारी भविष्य निधि ट्रस्ट द्वारा किया जाता है, जिसका गठन भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 के तहत आईडीबीआई बैंक के कर्मचारी के हितों के लिए किया गया है. यह ट्रस्ट जरूरी एवं आकस्मिक कार्यों की प्राप्ति के लिए कार्य करेगा.

The Bank is covered under the Employee Provident Fund Act, 1925. The corpus is built from the mandatory contribution from eligible employees and further contribution from the Bank (for PF optees) Since August 2018 the corpus of IDBI Bank Employee Provident Fund is managed by a trust viz., IDBI Bank Employees Provident Fund Trust formed under the provisions of Indian Trust Act, 1882 for the benefit of employees of IDBI Bank Ltd., who subscribed to IDBI Bank Employees Provident Fund and the said trust shall carry out all such activities necessary and incidental for the attainment thereto

i. परिभाषित अंशदान योजनाओं का भुगतान उस वर्ष के लाभ और हानि खाते में किया जाता, है जब अंशदान देय होता है.
   Payments to defined contribution schemes are charged to Profit and Loss Account of the year when contribution are due.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ii. परिभाषित लाभ योजनाओं के लिए, लाभ प्रदान करने की लागत अनुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति का उपयोग करके निर्धारित की जाती है और प्रत्येक तुलन पत्र तिथि पर बीमांकिक मूल्यांकन किया जाता है. बीमांकिक लाभ या हानि को लाभ और हानि खाते में उस अवधि के लिए पहचाना जाता है जिसमें वे होते हैं.
For defined benefit schemes, the cost of providing benefits is determined using the Projected Unit Credit Method, with actuarial valuations being carried out at each Balance Sheet date. Actuarial gains or losses are recognized in the profit and loss account for the period in which they occur.

iii. कर्मचारियों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बदले भुगतान किए जाने वाले अल्पकालिक कर्मचारी लाभों की बिना छूट वाली राशि को उस अवधि के दौरान मान्यता दी जाती है जब कर्मचारी सेवा प्रदान करता है.
The undiscounted amount of short-term employee benefits expected to be paid in exchange for the services rendered by employees is recognized during the period when the employee renders the service.

आ. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज लिमिटेड के मामले में:
B. In case of IDBI Capital Market & Securities Limited :

परिभाषित योगदान योजनाएं: / Defined contribution plans:

कंपनी के पास भारत में भविष्य निधि और सेवानिवृत्ति निधि के रूप में रोजगार के बाद के लाभों के लिए परिभाषित योगदान योजनाएं हैं जो भारत सरकार और/या भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के माध्यम से प्रशासित हैं. उस वर्ष के लाभ और हानि खाते में योगदान को प्रभारित किया जाता है जब संबंधित निधियों में योगदान देय होता है.

The Company has defined contribution plans for post-employment benefits in the form of provident fund and superannuation fund in India which are administered through Government of India and/or Life Insurance Corporation of India (LIC). Contributions are charged to the Profit & Loss Account of the year when the contributions to the respective funds are due.

परिभाषित लाभ योजनाएं: / Defined benefit plans:

i. **ग्रेच्युटी: / Gratuity:**

कंपनी के पास भारत में अपने कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी के रूप में रोजगार के बाद के लाभों के लिए परिभाषित लाभ योजनाएं हैं. कंपनी की ग्रेच्युटी योजना भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के माध्यम से प्रशासित है. परिभाषित लाभ योजनाएं देयता बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर तुलन पत्र की तारीख को प्रदान की जाती हैं, जैसा कि स्वतंत्र बीमांकक द्वारा मूल्यांकन किया जाता है. देयता को मापने के लिए स्वतंत्र बीमांकक द्वारा उपयोग की जाने वाली बीमांकिक मूल्यांकन पद्धति अनुमानित इकाई ऋण पद्धति हैं. बीमांकिक लाभ / हानि को तुरंत लाभ और हानि खाते में ले जाया जाता है और आस्थगित नहीं किया जाता है.

The Company has defined benefit plans for post-employment benefits in the form of gratuity for its employees in India. The gratuity scheme of the Company is administered through Life Insurance Corporation of India (LIC). Liability for defined benefit plans is provided on the basis of actuarial valuations, as at the Balance Sheet date, carried out by an independent actuary. The actuarial valuation method used by independent actuary for measuring the liability is the projected unit credit method. Actuarial gains/losses are immediately taken to the profit and loss account and are not deferred.

ii. **अनुपस्थिति क्षतिपूर्ति : / Compensated absences:**

कंपनी के कर्मचारी कंपनी की नीति के अनुसार क्षतिपूर्ति की अनुपस्थिति के रूप में अन्य दीर्घकालिक लाभ के भी हकदार हैं. कंपनी की नीति के अनुसार ऊपरी सीमा से अधिक के छुट्टी शेष के लिए वार्षिक आधार पर कर्मचारियों को छुट्टी नकदीकरण दिया जाता है. सेवानिवृत्ति के समय, रोजगार के दौरान मृत्यु या रोजगार की समाप्ति पर छुट्टी नकदीकरण कंपनी की नीति के अनुसार एक ऊपरी सीमा के अधीन संचित छुट्टी शेष के दिनों की संख्या के लिए देय वेतन के बराबर निहित है. इस तरह के लाभ के लिए देयता बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रदान की जाती है, जिसका निर्धारण यथा तुलन पत्र की तारीख को स्वतंत्र बीमांकक द्वारा किया जाता है. कंपनी की छुट्टी नकदीकरण योजना को जीवन बीमा कंपनी (एलआईसी) के माध्यम से प्रशासित किया जाता है. देयता को मापने के लिए स्वतंत्र बीमांकक द्वारा उपयोग की जाने वाली बीमांकिक मूल्यांकन पद्धति अनुमानित इकाई ऋण पद्धति है. बीमांकिक लाभ / हानि को तुरंत लाभ और हानि खाते में ले जाया जाता है और आस्थगित नहीं किया जाता है.

The employees of the Company are also entitled for other long-term benefit in the form of compensated absences as per the policy of the Company. Leave encashment vests to employees on an annual basis for leave balance above the upper limit as per the Company's policy. At the time of retirement, death while in employment or on termination of employment leave encashment vests equivalent to salary payable for number of days of accumulated leave balance subject to an upper limit as per the Company's policy. Liability for such benefit is provided on the basis of actuarial valuations, as at the Balance Sheet date, carried out by an independent actuary. The leave encashment scheme of the company is administered through Life Insurance Company (LIC). The actuarial valuation method used by independent actuary for measuring the liability is the projected unit credit method. Actuarial gains/losses are immediately taken to the profit and loss account and are not deferred.

iii. **अल्पकालिक कर्मचारी दायित्व: / Short Term Employee Obligations:**

अल्पकालिक कर्मचारी लाभ को उस वर्ष के लाभ और हानि के विवरण में व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है जिसमें कर्मचारी ने सेवाएं प्रदान की हैं.
Short-term employee benefits are recognized as an expense in the statement of profit & loss of the year in which the employee rendered the services.

इ. आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड के मामले में:
C. In case of IDBI Intech Limited :

(क) रोजगार के बाद के लाभ:

(a) Post-employment benefits :

कंपनी विभिन्न कर्मचारी लाभ योजनाओं में भाग लेती है. पेंशन और अन्य रोजगार के बाद के लाभों को परिभाषित योगदान योजनाओं या परिभाषित लाभ योजनाओं के रूप में वर्गीकृत किया गया है.

The Company participates in various employee benefit plans. Pensions and other post-employment benefits are classified as either defined contribution plans or defined benefit plans.

परिभाषित योगदान योजना के तहत, कंपनी का एकमात्र दायित्व निश्चित राशि का भुगतान करना है तथा यदि फंड में सभी कर्मचारी लाभों का भुगतान करने के लिए पर्याप्त संपत्ति नहीं है तो आगे योगदान का भुगतान करने की कोई बाध्यता नहीं है. संबंधित बीमांकिक और निवेश जोखिम कर्मचारी द्वारा वहन किए जाते हैं. परिभाषित योगदान योजनाओं के व्यय को उस अवधि के दौरान व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है जिसमें कर्मचारी सेवा प्रदान करता है.

Under a defined contribution plan, the Company's only obligation is to pay a fixed amount with no obligation to pay further contributions if the fund does not hold sufficient assets to pay all employee benefits. The related actuarial and investment risks are borne by the employee. The expenditure for defined contribution plans is recognized as an expense during the period when the employee provides service.

परिभाषित लाभ योजना के तहत, कर्मचारियों को सहमत लाभ प्रदान करना कंपनी का दायित्व है. संबंधित बीमांकिक और निवेश जोखिम कंपनी द्वारा वहन किए जाते हैं. परिभाषित लाभ दायित्वों के वर्तमान मूल्य की गणना स्वतंत्र बीमांकक द्वारा अनुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति का उपयोग करके की जाती है. बीमांकिक लाभ और हानि को उस अवधि के लिए लाभ और हानि के विवरण में पूर्ण रूप से पहचाना जाता है जिसमें वे होते हैं.
Under a defined benefit plan, it is the Company's obligation to provide agreed benefits to the employees. The related actuarial and investment risks are borne by the Company. The present value of the defined benefit obligations is calculated by an independent actuary using the projected unit credit method. Actuarial gains and losses are recognized in full in the Statement of Profit and Loss for the period in which they occur.

पिछली सेवा लागत को तुरंत उस सीमा तक मान्यता दी जाती है जब तक कि लाभ पहले से ही निहित हैं, और अन्यथा एक सीधी रेखा के आधार पर औसत अवधि में परिशोधन किया जाता है जब तक कि लाभ निहित नहीं हो जाते.

Past service cost is recognized immediately to the extent that the benefits are already vested, and otherwise is amortized on a straight line basis over the average period until the benefits become vested.

तुलन पत्र में मान्यता प्राप्त सेवानिवृत्ति लाभ देयता वस्तुत: परिभाषित लाभ दायित्व के वर्तमान मूल्य को दर्शाती है तथा इसे योजना की संपत्ति के उचित मूल्य से घटा कर गैर-मान्यता प्राप्त पिछली सेवा लागत से समायोजित किया जाता है. इस गणना के परिणामस्वरूप होने वाली कोई भी संपत्ति परिभाषित लाभ देयता के रूप में निर्धारित राशि के न्यूनतम अंश और उपलब्ध रिफंड के वर्तमान मूल्य और / या योजना में भविष्य के योगदान में कमी तक सीमित है.

The retirement benefit liability recognized in the balance sheet represents the present value of the defined benefit obligation as adjusted for unrecognized past service cost, as reduced by the fair value of scheme assets. Any asset resulting from this calculation is limited to the lower of the amount determined as the defined benefit liability and the present value of available refunds and /or reduction in future contributions to the scheme.

(ख) अल्पकालिक कर्मचारी लाभ:

(b) Short term employee benefits:

कर्मचारियों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बदले भुगतान की जाने वाली अल्पकालिक कर्मचारी लाभों की बिना छूट वाली राशि को उस वर्ष के दौरान व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है जब कर्मचारी उन सेवाओं को प्रदान करता है. इन लाभों में क्षतिपूर्ति की अनुपस्थिति जैसे कि एक वर्ष के भीतर मिलने वाली छुट्टी और देय बोनस शामिल हैं. अल्पकालिक नकद बोनस या लाभ-साझाकरण योजनाओं के तहत भुगतान की जाने वाली

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

अपेक्षित राशि के लिए एक देयता को उस स्थिति में मान्यता दी जाती है, जब यदि कंपनी के पास कर्मचारी द्वारा प्रदान की गई पिछली सेवा और दायित्व के परिणामस्वरूप इस राशि का भुगतान करने का वर्तमान कानूनी या सुनिर्मित दायित्व हो तथा इस दायित्व का विश्वसनीयतापूर्वक अनुमान लगाया जा सकता है.

The undiscounted amount of short term employee benefits expected to be paid in exchange for the services rendered by employees is recognized as an expense during the year when the employee renders those services. These benefits include compensated absences such as leave expected to be availed within a year and bonus payable. A liability is recognized for the amount expected to be paid under short-term cash bonus or profit-sharing plans, if the Company has a present legal or constructive obligation to pay this amount as a result of past service provided by the employee and the obligation can be estimated reliably.

(ग) लाभ योजनाएं:

(c) Benefit plans:

कंपनी की निम्नलिखित कर्मचारी लाभ योजनाएं हैं: / The Company has the following employee benefit plans:

i. भविष्य निधि: / Provident fund:

कर्मचारी भविष्य निधि से लाभ प्राप्त करते हैं, जो एक परिभाषित लाभ योजना है. नियोक्ता और कर्मचारी प्रत्येक कवर किए गए कर्मचारी के वेतन के निर्दिष्ट प्रतिशत के बराबर भविष्य निधि योजना में मासिक योगदान करते हैं. अंशदान का एक हिस्सा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ('ईपीएफ़ओ') को दिया जाता है और शेष अंशदान सरकार द्वारा प्रशासित पेंशन कोष में किया जाता है.

Employees receive benefits from a provident fund, which is a defined benefit plan. The employer and employees each make monthly contributions to the Provident Fund Plan equal to a specified percentage of the covered employee's salary. A portion of the contribution is made to the Employees' Provident Fund Organisation ('EPFO') and the remainder of the contribution is made to the government administered pension fund.

ii. ग्रेच्युटी: / Gratuity:

